समयसा

मूल प्राकृतग्रंथ रचयिता

श्री कुन्दकुन्दाचार्यदेव

संस्कृत टीका-तात्पर्यवृत्ति रचयिता

श्री जयसेनाचार्य जी

हिन्दी रूपान्तर

मुनिवर श्री वीरसागरजी

सम्पादक व प्रस्तावना लेखक

मन्नूलाल जैन वकील, सागर

प्रकाशक

चंकेश्वरा परिवार पंढरपुर, अकलूज, फलटण, पुणे, सोलापुर (महाराष्ट्र)

अद्वैत नमस्कार

स्वज्ञानानदस्वभाव को ज्ञान का विषय बनाकर प्रमाणात्मक मति-श्रुतज्ञान से जानना, अतीन्द्रिय आनद लूटना ही 'अद्वैत नमस्कार' है। यहाँ वद्य-वदक भाव है ही नही स्व को जानने की शुद्धदशा/शुद्धोपयोग है।

प्राप्ति स्थान

वीतराग स्वाध्याय मडल,
द्वारा-अजित मशिनर्स,
अकलूज, जि सोलापूर
महाराष्ट्र पिन ४१३ १०१
फोन-२२११९(०२१८५)

स्वाध्याय मडल(पढरपूर),
द्वारा- चकेश्वरा ऑटो पार्टस्,
पढरपूर, जि सोलापूर
महाराष्ट्र पिन ४१३ ३०४
फोन २३४१८,२२५१८(०२१८६)

मन्नूलाल जैन वकील,
द्वारा- अनिल ॲन्ड क ,
कटरा बाजार, सागर
मध्य प्रदेश, पिन-४७० ००२
फोन-२४३२१(०७५८२)

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मदिर,
शुक्रवार पेठ,
सोलापूर, महाराष्ट्र
पिन-४१३ ००२

तृतीय आवृत्ति	द्वितीय आवृत्ति	प्रथम आवृत्ति
ई स २०००	१९८७	१९८३
वीर निर्वाण स २५२६	२५१३	२५०९

मूल्य २५ रूपये (लागत कीमत का चौथाई)

लेजर कम्पोजिग, सैटिग

एक्टिव कम्प्यूटर्स

कटरा, नमक मडी, सागर (म प्र) 470002

✆ (07582) 25445

मुद्रक

विनंद आफसेट प्रिंटर्स

१०८, शुक्रवार पेठ, सोलापुर 413002

✆ (0217) 724468

प. पू. १०८ अध्यात्मयोगी वीरसागरजी महाराज

अद्वैत नमस्कार

स्वज्ञानानंदस्वभाव को ज्ञान का विषय बनाकर प्रमाणात्मक मति-श्रुतज्ञान से जानना, अतींद्रिय आनंद लूटना ही 'अद्वैत नमस्कार' है। यहाँ वंद्य-वंदक भाव है ही नहीं स्व को जानने की शुद्धदशा/शुद्धोपयोग है।

प्राप्ति स्थान

वीतराग स्वाध्याय मडल,	स्वाध्याय मडल(पढरपूर),	मन्नूलाल जैन वकील,	श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मदिर,
द्वारा-अजित मशिनर्स,	द्वारा- चंकेश्वरा ऑटो पार्टस्,	द्वारा- अनिल ॲन्ड क ,	शुक्रवार पेठ,
अकलूज, जि सोलापूर	पढरपूर, जि सोलापूर	कटरा बाजार, सागर	सोलापूर, महाराष्ट्र
महाराष्ट्र पिन ४१३ १०१	महाराष्ट्र पिन ४१३ ३०४	मध्य प्रदेश, पिन-४७० ००२	पिन-४१३ ००२
फोन-२२११९(०२१८५)	फोन २३४१८,२२५१८(०२१८६)	फोन-२४३२१(०७५८२)	

तृतीय आवृत्ति	द्वितीय आवृत्ति	प्रथम आवृत्ति
ई स २०००	१९८७	१९८३
वीर निर्वाण स २५२६	२५१३	२५०९

मूल्य २५ रूपये (लागत कीमत का चौथाई)

लेजर कम्पोजिग, सेटिग

एक्टिव कम्प्यूटर्स

कटरा, नमक मडी, सागर (म प्र) 470002

✆ (07582) 25445

मुद्रक

विनंद आफसेट प्रिंटर्स

१०८ शुक्रवार पेठ, सोलापुर 413002

✆ (0217) 724468

प. पू. १०८ अध्यात्मयोगी वीरसागरजी महाराज

शुद्धात्मानुभव का प्रयोग (PRACTICAL)

हम जो विचार (ज्ञान) करते हैं, वह हम जानते हैं। याने प्रत्येक जीव खुद (स्वय) कौन सा विचार कर रहा है याने प्रत्यक्षज्ञान से अथवा परोक्षज्ञान से जान रहा है, यह भी खुद (स्वय) जानता है।

इसलिये मैंने किस विषय का-ज्ञेय का विचार किया, यह अपने आप को समझ में आता है। और मैंने उस विषय को प्रत्यक्ष जाना अथवा परोक्ष जाना, यह भी अपने आपको समझ में आता है। तथा अपने को सशयादिरूप ज्ञान हुआ अथवा निणयरूप सच्चा ज्ञान हुआ, यह भी अपने आपको समझ में आता है। अर्थात् अपनी ज्ञानपर्याय सम्यग्ज्ञान पर्याय है अथवा मिथ्याज्ञान पर्याय है, यह निर्णय भी अपने आपको हो सकता है।

तथा ज्ञान-विचार ही ध्यान है। इसलिये प्रशस्त ध्यान (शुद्ध ध्यान) अथवा अप्रशस्त ध्यान (अशुद्ध ध्यान) मैंने किया, यह भी अपने आपको समझ में आता है। इसलिये शुद्धात्मानुभव करना सुलभ हो गया। इन सभी कारणों से तथा एक अपेक्षा से ज्ञानपर्याय को द्रव्यानुयोग में महत्व दिया गया है।

- अध्यात्म न्यायदीपिका पृ १६५

मेरे जीव का निर्दोष लक्षण-भेद विज्ञान की विधि

'ज्ञानदर्शनानन्द' यह जीव द्रव्य का लक्षण है। इस लक्षण को जानने से अन्य द्रव्यों से जीव भिन्न किये।

उसके पश्चात **निजज्ञानदर्शनानन्द-निजज्ञानदर्शनानन्द** यह मुझ जीवद्रव्य का लक्षण है, इस प्रकार कहने से अनन्त जीवों में से अपना जीव अलग किया।

प्रत्येक जीवद्रव्य ध्रुवपर्याययुक्त, गुणपर्याययुक्त है। तब **'निजध्रुवशुद्धात्मा'** यह लक्षण करने से अपनी भूतपर्याय, वर्तमानपर्याय और भाविपर्याय इनसे निजात्मा को अलग याने व्यावृत्य किया।

याने अन्यक्षणवर्ती अशुद्धपर्याय, एकदेश शुद्धपर्याय तथा पूर्णशुद्धपर्याय इनसे निज ध्रुवात्मा को अलग याने व्यावृत्य किया।

याने विचार (ज्ञान) में निज ध्रुवात्मा का विषय लिया। इसलिये निजध्रुव शुद्ध ज्ञानदर्शनानन्दात्मा का भोग किया। वह सम्यक् भोग है, वह सम्यक् आननद है। - अ न्या दी पृ १८३। वही नियमसार गाथा १०२ में कहा है - **एगो मे सासदो अप्पा णाणदसण लक्खणो। सेसा में बाहिरा भावा सव्वे सजोग लक्खणा।।**

सम्यग्ज्ञान के द्वारा सम्यग्दर्शन का निर्णय

एक अपेक्षा से सम्यक्त्व सीधे अपने अस्तित्व को नहीं सूचित करता, लेकिन ज्ञान के द्वारा उसका अस्तित्व अवश्य जाना जाता है, क्योंकि जीव को **यह मैं शाश्वत ज्ञानानन्दात्मा** हूँ, ऐसा प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान होता है, अर्थात ज्ञान से अपने सम्यग्ज्ञान के अस्तित्व का निर्णय हो जाता है। यह खुद के (अपने) समझ में आता है। यही कारण है कि यहाँ स्वानुभव और सम्यग्दर्शन की व्याप्ति बतलाई है। सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति के समय स्वात्मानुभव प्रत्यक्षज्ञान नियम से होता है। - अध्यात्म न्यायदीपिका पृ १६७

दो शब्द

- सम्पादकीय

श्री समयसार ग्रन्थाधिराज की आचार्य श्री जयसेन की तात्पर्यवृत्ति टीका का हिन्दी भाषानुवाद मुनिवर श्री वीरसागर जी ने किया हे। यह प्रस्तुत ग्रन्थ उसी का **अद्यतन सस्करण** पाठकों के समक्ष उपस्थित है। पूर्व सस्करण के आधार मे ही यह सस्करण तैयार किया गया हे। ग्रन्थ की अधिक माग होने से यह पुन प्रकाशन किया जा रहा है।

इस सस्करण के सम्पादन का मुझे अवसर प्रदान करने का श्रेय **चकेश्वरा परिवार** अकलूज-पढरपुर-सोलापुर-फलटण-वारामती-पुणे को है। इस ग्रन्थ के सपादन से मुझे ग्रन्थ एव टीका का अत्यधिक सूक्ष्मता से अध्ययन करने का अवसर प्राप्त हुआ हे, जिसे मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूँ।

समयसार ग्रन्थ आचार्यवर **कुन्दकुन्ददेव** की जैन अध्यात्म की सर्वोत्तम रचना मानी जाती है। इसकी आचार्य **अमृतचन्द्र** रचित आत्मख्याति टीका सस्कृत वाङ्मय की सर्वश्रेष्ठ कृति है जो अध्यात्म पिपासुओं को अत्यन्त प्रिय है, जिसे भरतक्षेत्र का **अजोड चक्षु** भी कहा जाता है।

इस आचाय **जयसेन** रचित तात्पर्यवृत्ति टीका एव समयसार ग्रन्थ के विषय में आगे **समयसार के साथ न्याय** नाम के आलेख मे विस्तार से विचार किया गया है। यहॉ पर प्रस्तुत सस्करण के **सम्पादन** के सवध में कुछ कहा जा रहा है।

समयसार ग्रन्थ मूलरूप से आचार्य **कुन्दकुन्द** द्वारा प्राकृत भाषा में रचा गया है। प्राकृत भाषा के भी शोरसेनी, महाराष्ट्री, पेशाची, मागधी, अर्न्द्रमागधी, आर्ष, चूलिका, अपभ्रश आदि भेद हैं। अत स्वाभाविक रूप से ही प्रश्न उठता हे कि मूलग्रन्थ वास्तव में किस प्राकृत में है ? शोधों के आधार पर दिगम्बर जैन समाज के प्राकृत भापा के विद्वानों ने यह घोपित किया हे कि दिगम्वर जैन आगम ग्रन्थों की भाषा **शौरसेनी** प्राकृत ही हे।

फलत इस ग्रन्थ के अनेक स्थानों से प्रकाशित अनेक सस्करणों के अवलोकन से यह निर्णीत हुआ कि आचार्य श्री विद्यानन्द मुनिराज के निर्देशन में **श्री कुन्कुन्दभारती,** नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित समयसार की गाथाओं को मूल गाथाओं के अधिकतम निकट माना जाना चाहिये। चूकि मैं हस्तलिखित या ताडपत्रीय प्रतियों मे स्वय गाथाओं का मिलान नहीं कर पाया हूँ, अत अतिम निर्णय शोधकर्ताओं के ऊपर छोडता हूँ।

सर्वप्रथम मेंने सपादन में मूल गाथाओं को लिया और उन्हें ७ प्रतियों - **कुन्दकुन्दभारती, सोनगढ, सोलापुर, अगास, मेरठ, जबलपुर, दिल्ली दरियागज**-से मिलान कर यथासभव अपनी भापागत योग्यता के आधार पर सशोधित किया हे, अर्थात् उक्त सभी प्रतियों में कुन्दकुन्द भारती और सोनगढ से प्रकाशित प्रति के अनुसार प्राकृत गाथा का चुनाव कर इस सस्करण में स्थान दिया गया है।

गाथाओं में प्राय उ को दु, य को द, ओ को गो, इ को दि, इ को ए मानकर ध्यान दिया गया है। जैसे-णायव्वो को णादव्वो, अकारओ को अकारगो, उप्पज्जइ को उप्पज्जदि, अहमिक्को को अहमेक्को, घित्तव्वो को घेत्तव्वो, चेया को चेदा, भणइ को भणदि, भणिय को भणिद, सुइकेवली को सुदकेवली, गइ को गदि मानकर गाथा में सशोधन रखा गया है। पूर्वोक्त सभी सस्करणों में से किसी में भी एक दूसरे से समस्त गाथाओं में समानता नहीं दिखाई देती है। विद्वत्जगत को इस सबध में अवश्य कुछ सर्वमान्य निर्णय लेना चाहिये। पाठान्तर को फुटनोटों में स्थान दिया गया है।

इसी प्रकार गाथाओं की सख्या के विषय में भी एकरूपता नहीं है। आत्मख्याति टीका मे तो सभी प्रतियों में ४१५ गाथायें प्राप्त होती हैं। किन्तु तात्पर्यवृत्ति टीका में सर्वत्र सख्यायें अन्य-अन्य है। आचार्य जयसेन ने पातनिका में ग्रन्थ के अत में लिखा हे कि इस ग्रन्थ में ४३९ गाथायें हैं, किन्तु सोलापुर (नातेपुते) सस्करण मे ४३७ तथा जबलपुर सस्करण में ४३९ गाथायें हैं। दोनों ही सस्करणों में बीच में कुछ गाथाये और सम्मिलित हैं किन्तु उन पर क्रमाक नहीं डाले गये हैं। मैंने आगे लिखे आलेख में इस पर कुछ विचार किया है और उक्त सभी गाथाओं को इस सस्करण में समाहित किया गया है।

सोलापुर (नातेपुते) तथा अगास सस्करण में गाथा ४१२ से ४२६ तक की १५ गाथाओं की समुदाय रूप टीका में आत्मख्याति टीका तथा दो कलश २३५,२३६ को शामिलकर तथा आगे तपश्चरण के बाद शेष आशिक तात्पर्यवृत्ति को शामिल किया गया है। किन्तु जबलपुर प्रति में पूर्ण तात्पर्यवृत्ति टीका प्राप्त होती है। अत इस सस्करण में आत्मख्याति टीका, दोनों कलश, एव पूर्ण तात्पर्यवृत्ति टीका को शामिल कर लिया गया है।

पूर्व सस्करण में जिन आत्मख्याति की ५ गाथाओं पर क्रमाक दिये बिना दो गाथाओं को कर्ताकर्म अधिकार में तथा तीन गाथाओं को बध अधिकार में शामिल किया था उन पर यहाँ अलग से क्रमाक दिये जा रहे हैं, तथा मोक्ष अधिकार की तीन गाथायें जबलपुर सस्करण के आधार पर इस सस्करण में शामिल कर उन पर भी अलग से क्रमाक दिये जा रहे हैं। इस प्रकार इस सस्करण में कुल ४३७+५+३=४४५ गाथायें प्राप्त हो रही हैं।

मुनिवर वीरसागर का अनुवाद गाथाओं की सस्कृत टीका के अनुसार ही है। विशेप स्पष्टीकरण कोष्टक में तथा भावार्थ रूप से दिया गया है। भावार्थ तथा स्पष्टीकरण गाथाओं के अधिक अनुरूप है , किसी पूर्वाग्रह से रहित और वीतरागता का पोषक ही है। अनेक जगह स्पष्टीकरण तो आचार्य जयसेन ने स्वय ही किच कहकर किये हैं। आचार्य जयसेन अनेक स्थानों पर प्राकृतभाषा की विशेषतायें भी स्पष्ट करते जाते हैं। जेसे-कारक व्यभिचार, लिग व्यभिचार, वचन व्यभिचार आदि प्राकृत में होते हैं।

आचार्य जयसेन ने न्यायस्थल-अन्वय व्यतिरेक, पक्ष-हेतु-साध्य, अन्यथाअनुपत्ति हेतु आदि का अच्छा दिग्दर्शन कराया हे। नयों का भी अनेक स्थानों पर स्पष्टीकरण किया गया हे। जैसे-गाथा में लिखा है शुद्धनय से, तो आचार्य जयसेन ने स्पष्ट किया कि अशुद्ध निश्चयनय से, एकदेशशुद्ध निश्चयनय से, पूर्ण शुद्ध निश्चयनय से किस प्रकार अर्थ होता है।

गाथाओं का क्रम भी अनेक स्थानों पर अलग-अलग दिखाई देता है। गाथा ३०५ आ ख्या में मोक्ष अधिकार में है, तो तात्पर्यवृत्ति में वह सर्व विशुद्ध ज्ञान अधिकार मे ३३७ नवर पर आई हे। इसी प्रकार अनेक गाथाओं में क्रमाक में अतर है। इसीलिये प्रत्येक्र गाथा की **प्रथम पक्ति के अत में आत्मख्याति का क्रमाक और दूसरी पक्ति के अत में तात्पर्यवृत्ति का क्रमाक** दिया गया हे। ग्रन्थ के अत में सभी गाथाओं की दोनों टीकाओं के अनुसार **गाथा क्रमाक मिलान सूची** भी दी गई है।

इस हिन्दी अनुवाद में भापा की शुद्धि तथा भावों के स्पष्टीकरण के प्रयोजन से यत्किंचित् सशोधन किये गये हैं, मुनिवर वीरसागर के सभी अभिप्राय कोष्टकों के अतर्गत कर दिये हें, जिससे मूल विषय मूल टीकाकार का ही स्पष्ट जानने में आवे।

अनेक सिद्धान्त वाक्यों, महत्वपूर्ण वाक्यों, प्रयोजनसाधक वाक्यों को उभारकर स्पष्ट दिखाने का प्रयास भी किया गया है। आचार्य जयसेन ने अनेक स्थानों पर **अनुभूति, ध्यान** आदि का वहुत ही स्पष्ट विवेचन किया हे।

ग्रन्थ के प्रारभ में तथा प्रत्येक अधिकार के अत मे मुनिवरश्री वीरसागरजी द्वारा सपादित-अनुवादित तथा विश्लेशित **अध्यात्म न्यायदीपिका** (टीका) के आधार से तथा आत्मानुभूति करने में सहायक जानकर कुछ **न्याय के प्रकरण एव चार्ट** इस ग्रन्थ में परिशिष्ट रूप से दे दिये गये हें जिससे पाठको को न्याय के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों की आवश्यक प्रारभिक जानकारी प्राप्त हो जाय ओर समयसार ग्रन्थाधिगज का मर्म ग्रहण हो सके।

विषयसूची भी विशिष्ट पद्धति से बनाई गई हे। जिसमें आचार्य जयसेन की **वैज्ञानकि सूझ-बूझ** से लिखी गई पातनिकाओ, गाथाओं के शीर्पक, स्थल और स्थल में गाथाओं का समूह को ध्यान मे रखा गया है। कोई भी पाठक केवल इस विपयसूची को पढकर ही समयसार ग्रन्थ की प्राथमिक-प्रारभिक जानकारी प्राप्त कर सकता है ओर इस ग्रन्थ की विपयवस्तु से परिचित हो सकता है।

इसी प्रकार परिशिष्टों के रूप में दिये गये न्याय के (४५) प्रकरणो को पढकर एव विभिन्न (३०) चार्ट देखकर न्यायग्रन्थों को पढे विना ही समस्त न्याय के प्रकरणों का परिचय प्राप्त कर सकता है जो इस ग्रन्थ के स्वाध्याय में अत्यन्त उपयोगी होगा।

इस सपादन के पूर्व मुझे समयसार ग्रन्थ अत्यन्त कठिन ओर श्रमसाध्य जान पडता था। किन्तु सपादन के अनुभव से समयसार ग्रन्थ का पूर्ण मर्म स्पष्ट हो गया है तथा गाथा का भाव व्यक्त करना विलकुल ही सरल और वोधगम्य हो गया है। यह मुझे अपूर्व लाभ प्राप्त हुआ है, अत प्रकाशक परिवार का आभारी हूँ। इस सस्करण के सम्पादन में मुझसे जो भी त्रुटियॉ हुई हों, विद्वान पाठक मुझे सूचितकर अनुगृहीत करेंगे।

महावीर सास्कृतिक भवन,
सोलापुर (महाराष्ट्र)
२६ ०१ २०००

मन्नूलाल जैन, वकील
सागर (म प्र)

समयसार प्रकाशन का वक्तव्य

- द्वितीय आवृत्ति से, श्री समयसार प्रकाशन समिति, नातेपुते (महाराष्ट्र)

अध्यात्मयोगी प पू श्री १०८ वीरसागरजी महराज

"परम पुरुष प्रभु सद्गुरु परम ज्ञान सुखधाम। जेणे आप्यु मान निज, तेने सदा प्रणाम।।
जे स्वरूप समज्या विना, पाम्यो दु ख अनत। समजाव्यु ते पद नमु, श्री सद्गुरु भगवत।।"

अध्यात्म योगी परम पूज्य १०८ श्री वीरसागरजी महाराज की भवतापनाशक वाणी के प्रताप से अनेक जीवों को दिगबर जिनधर्म का वास्तविक रहस्य उद्घाटित हुआ। वहुत लोगों को शास्त्र स्वाध्याय की रुचि उत्पन्न हुई। जब तक हम हमें प्राप्त हुई सापत्तिक वारसा (इस्टेट) प्रत्यक्ष नही देखते तब तक हमें हमारी वास्तविक इस्टेट की कल्पना नहीं हो सकती, उसी प्रकार पूर्वाचार्यों द्वारा लिखित ग्रथों का अवलोकन, वाचन, मनन जब तक हम स्वय नहीं करते तब तक हमें अपना निज वैभव क्या है ? दिगबर जिनधर्म क्या चीज है? यह हमारी समझ में नहीं आ सकता। बस प पू महाराजजी की एक ही लगन, एक ही धुन है कि हर एक को शास्त्र स्वाध्याय करना चाहिये। अगर प्रत्येक व्यक्ति शास्त्र स्वाध्याय करेगा, मनन-विचार करेगा तो अपना सुख अपना आनद अपने पास ही है।

स्वाध्याय कहो या धर्म वह तो वर्तमान जीवन आनदमय जीने की कला है ।

प पू महाराजजी के प्रवचन के प्रभाव से समाज में स्वाध्याय की प्रवृत्ति को यथार्थ दिशा मिल रही है। नय विवक्षापूर्वक जिनवाणी का भावार्थ ग्रहण करने वाली स्वाध्याय परपरा का विकास हो रहा है। न्याय, व्याकरण ओर अध्यात्म के गूढ रहस्यों का सागोपाग विवेचन, यह उनके प्रवचन की विशेषता है। अध्यात्म के विना, आत्मानुभूति के विना, अपने ध्रुव स्वभाव की पहिचान और अवलवन के विना ससार ताप मिटनेवाला नहीं है। आत्मा को पहिचाने बिना धर्म कहाँ से होगा ? उन्होंने हमारी आँखें खोल दी हैं। किसी भी अनुयोग का स्वाध्याय करो प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग अथवा द्रव्यानुयोग-चारों ही अनुयोगों के स्वाध्याय का प्रयोजन एक ही है - आत्मानुभूति ओर आत्मरमणता।

प पू वीरसागरजी महाराज का हम नातेपुते वासियों पर अनत-अनत उपकार है। जिन्होंने साक्षात् उनके मुख द्वारा समयसार सुना, प्रवचन सुने, उन्हें उनके वचन के वारे में यत्किंचित् भी शका उत्पन्न होने वाली नहीं है। हर एक गाथा और उस पर लिखी दोनो सस्कृत टीकाओं का शब्दश भाषातर करके प्रवचन करनेवाला वक्ता ढूँढकर भी मिलना अशक्य है। प पू महाराजजी एक-एक शब्द का अर्थ खोलकर वताते हैं। निश्चय के प्रतिपादन के साथ-साथ व्यवहार का प्रतिपादन करने की अलौकिक शेली महाराजजी के पास है। जिन्होंने निश्चय का सार जाना उनका लोकिक जीवन भी केसा आनदमय होता है, यह प पू महाराजजी अनेक उदाहरणों के माध्यम से समझा देते हैं।

वास्तव में देखा जाय तो M B B S (डॉक्टर) यह वाह्य लौकिक पदवी लेकर के **परभणी** में अपनी प्रॅक्टीस करने वाले गृहस्थ को लाखों रुपये कमाकर ऐश-आराम से रहना यह कोई कठिन वात नहीं थी। परतु जिस व्यक्ति को इस ससार की क्षणभगुरता ध्यान में आयी, सुख अथवा आनद पर (वाह्य) वस्तु में नही, पर वस्तु में आनद मिलना ही अशक्य है। एक ध्रुवधाम की आराधना ही शाश्वत सुख का कारण है, धन्य उस आत्मा को। उम्र की ऐन तारुण्य ऐन जवानी अवस्था में जिसके ज्ञान में वास्तविक सच्चे सुख का मार्ग भासित हुआ। ससार की और सयोग की दु खरूपता भासित हुई। धन्य है उस ज्ञान को, धन्य है वह जीवात्मा - **''चद्रकात''**।

चद्रकात यह उनका जन्म नाम था। श्री **चद्रकात** का जन्म भावुर्डी गाव में (तालुका मालशिरस) (जि - सोलापूर) भद्रेश्वर गोत्र में धर्मवत्सल श्री गुलावचद खेमचद दोशी जी के यहॉ हुआ। उनकी माता का नाम चचला वाई है।

५ मई १९४०, शके १८६२ चेत्र वद्य १३, रविवार के दिन उनका जन्म हुआ। लौकिक शिक्षण प्राथमिक और माध्यमिक शाला, अकलूज में होने के वाद उच्च शिक्षण पूना में हुआ। वी जे मेडीकल कालेज, पूना से M B B S यह वेद्यकीय ज्ञान की उच्च पदवी पाने के वाद उन्होंने अपनी प्रॅक्टीस परभणी से शुरु की। उनकी पत्नी का नाम **'अनघा'** था।

प्रॅक्टीस करते-करते अनेक ग्रथों का शास्त्रोक्त अध्ययन उन्होंने शुरु किया। रुचि वढती गयी। अध्ययन में साथ देने वाली और रुचि रखने वाली सुयोग्य पत्नी के कारण धार्मिक अभ्यास से उनका उत्साह वढता गया, वाचन-मनन-चितन से ज्ञानशक्ति के साथ-साथ वैराग्यशक्ति का भी विकास होने लगा।

एक दिन कुथलगिरि आने का प्रसग आया। वहॉ श्री १०८ भव्यसागर जी महाराज मिले, उनके पास चद्रकात जी ने प्रथम व्रत **'रात्रि भोजन त्याग'** व्रत लिया। उस वक्त श्री चद्रकान्त जी को अल्सर के कारण भस्मक रोग जैसी व्याधि होने से आधे-आधे घटे में खाना लगता था। रात में भी खाना पडता था। लेकिन दृढ निश्चय के साथ दस दिन का रात्रिभोजनत्याग व्रत लिया ओर वह आजन्म बन गया, वह इतना ही नहीं महाव्रत में पलट गया।

एक दिन आनद की खवर मिली। श्री चद्रकात जी और सो अनघा दोनों को दीक्षा का दिन निश्चित हुआ। अक्षय तृतीया वीर सवत २५०१, १४ मई, १९७५ अकलूज में स्व गुरुवर्य आदिसागरजी महाराज के सानिध्य में श्री चद्रकात जी निर्ग्रन्थ मुनि और सौ अनघा क्षुल्लिकारूप में गृहस्थ दशा का त्याग करके दीक्षित हुए।

प्रथम चातुर्मास शिरड शहापुर में होने के वाद सोलापुर, कुथलगिरि, अक्कलकोट, करमाळा, पढरपुर के चातुर्मास होने के वाद ध्यान-अध्ययन में मग्न तपस्वी मुनिराज वीरसागरजी का अध्ययन अध्यापन करते सन् १९८६ में - समयसार की अद्भुत महिमा आज वताऊँ भली-भली, सुन लो सच्चे सुख के वाच्छक इस सुमधुर गीत के निनाद में यहॉ नातेपुते में स्वागत हुआ।

जिनअध्यात्म के प्रतिष्ठापक आचार्य कुन्दकुन्द का स्थान अध्यात्म जगत मे सर्वोपरि है। आचार्य कुन्दकुन्द के ग्रथों पर उनके रहस्य को उदघाटित करने वाली अद्भुत टीकाए आचार्य अमृतचन्द्र और आचार्य जयसेन ने आज से लगभग एक हजार वर्ष पहले सस्कृत भाषा मे लिखी थी। तथापि इन ग्रथों का इस युग में प्रचार और प्रसार नगण्य ही था। आज नातेपुते (जि सोलापुर) नगरी में प पू १०८ वीरसागर जी महाराज ने "समयसार" जन-जन की वस्तु बना दी है। प पू कुन्दकुन्द आचार्य देव का समयसार और उस पर लिखी दोनो टीकाओं का सरल भाषा में गभीर और सूक्ष्म प्रवचन का लाभ सैकडों लोगो को प्राप्त हो रहा है।

"हे जीवो ! यदि वास्तविक सुख-आनद प्राप्त करना चाहते हो तो आत्मानुभव करके सम्यग्दर्शन प्रगट करने के लिये सर्व प्रकार से परिपूर्ण राग रहित, ज्ञायक स्वभावी अपनी आत्मा का निर्णय करना चाहिये। वस्तु स्वरूप का विचार करके अपने आत्मस्वरूप की पहिचान करने से प्रत्येक जीव अपने जीवन का वर्तमान क्षण सुख और आनदपूर्वक विता सकता है। इसके लिए परम औषधि है प्रसिद्ध ज्ञानादि गुणों का धारक अनादि अनिधन वस्तु आप जो ध्रुव तत्त्व है उसकी पहिचान करना"। यही है भवलिंगी मुनिराज के प्रवचन का सार।

ऊँचा उदार पावन, सुख शातिपूर्ण प्यारा। यह धर्म वृक्ष सवका, निज का नहीं तुम्हारा।।

रोको न तुम किसी को, छाया में बैठने दो। कुल जाति कोई भी हो, सताप मेटने दो।।

अर्हन्त के दर्शन करते समय ज्ञानी का विचार और ध्यान

भो अर्हन्त प्रभु ! आप महान हैं, आपको नमस्कार ! आपकी जय हो।

भो अनतज्ञान, अनतदर्शन, अनतअतीन्द्रियानद, अनन्तवीर्यवाले अर्हन्तप्रभु ! त्रिवार नमोस्तु ! नमोस्तु !! नमोस्तु !!! आप एक जीव द्रव्य है, आपके पास ज्ञानगुण है और ज्ञानगुण की सर्वज्ञ अवस्था है। आपके पास दर्शनगुण है और दर्शनगुण की अनतदर्शन अवस्था है। आपके पास श्रद्धागुण है और श्रद्धागुण की क्षायिक सम्यग्दर्शन अवस्था है। आपके पास आनदगुण है और आनदगुण की अनत अतीन्द्रिय आनद अवस्था है। आपके पास चारित्रगुण है और चारित्रगुण की वीतरागचारित्र अवस्था है। परमौदारिक शरीर है। आपके जीव द्रव्य में अन्य जीव नही हें तथा आकाशद्रव्य धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, कालद्रव्य, पुद्गलद्रव्य नहीं हैं। आप अकेले हें।

मेरे पास यह औदारिक शरीर हे, मेरी अशुद्ध अवस्था है। मैं भी आपके जैसा जीव द्रव्य हूँ। मेरे पास आपके जैसे श्रद्धागुण, ज्ञानगुण, दर्शनगुण, आनदगुण, चारित्रगुण आदि अनतगुणों का पिडवाला जीवद्रव्य है। भविष्यकाल में में अहन्त, सिद्र वनूगा। अभी मैं अर्हन्त नहीं हू, में कार्य-सिद्र नही हूं। व्यवहारनय से ससारी हूँ। निश्चयनय से मैं अभी ससारी नहीं हूँ तथा मोक्ष-पर्यायवाला नही हूँ, प्रमत्त नहीं हूं, अप्रमत्त नहीं हूँ, अन्य द्रव्यरूप नहीं हूँ, पर्यायभेदरूप नहीं हूँ, गुणभेदरूप नही हूँ। मैं ध्रुवशुद्धात्मा हूं। मैं एक हूँ। मैं अन्य जीव तथा आकाशादि द्रव्यरूप नहीं हूँ। मे पहले भी था, अभी भी हूँ, आगे भविष्यकाल में भी रहूँगा। भो प्रभु ! आपका जैसा ध्रुवशुद्धचिदानदात्मा है, वैसा ही मेरा ध्रुवशुद्धचिदानदात्मा है।

यह मैं ध्रुवशुद्धज्ञान आनद आत्मा हूँ।

भो अर्हन्त प्रभु ! आप महान हैं , आपको नमस्कार ! आपकी जय हो।

समयसार के मुखपृष्ठ के बारे में कुछ सकेत

– पूर्व सस्करण से

समयसार के मुखपृष्ठ को जानने के लिए पूरी जिनवाणी पढना चाहिये, तो भी आग्रहवश लिखते हैं। यह मुखपृष्ठ जिनवाणी का हार्द वताता है, तथा समयसार तात्पर्यवृत्ति का भी हार्द वताता है।

यहॉ यह सकेत सर्व अवस्थाओं में रहनेवाला जीव का शुद्ध पारिणामिकस्वभाव (शाश्वत शुन्द्र ध्रुव स्वभाव) के लिये है।

एयत्तणिच्छयगदो समओ सव्वत्थ सुदरो लोए। वधकहा एयत्ते तेण विसवादिणी होदि।।३।।
णवि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो जाणगो दु जो भावो। एव भणति सुद्धा णादा जो सो दु सो चेव।।६।।
जो पस्सदि अप्पाण अबद्धपुट्ठ अणण्णमविसेस। अपदेससुत्तमज्झ पस्सदि जिण सासण सव्व।।१७।।

" ------ सर्वत्रैकेंद्रियाद्यवस्थासु शुद्धनिश्चयनयेन सुन्दर उपादेय इति। ता वृ गाथा ३

– शुद्धजीवत्व शक्तिलक्षण यत्पारिणामिकत्व ।" ता वृ गाथा ३४१

"ण वि उप्पज्जइ ण वि मरइ वधु ण मोक्खु करेइ। जिउ परमत्थे जोइया जिणवरु एउँ भणेइ।। प प्र ६८

"सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया" ता वृ गा ३७०, द्रव्यसग्रह गाथा १३

यहॉ लाल वर्ण का सकेत सम्यग्दृष्टि, सम्यग्ज्ञानी शुद्धात्मानुभूति लेनेवाला आनदी जीव है, ऐसा वताता हे।

जीवो चरित्तदसणणाणट्ठिद त हि ससमय जाण। पुग्गलकम्मपदेसट्ठिद च त जाण परसमय।।२।। स ता वृ
सुद्ध तु वियाणतो सुद्धमेवप्पय लहदि जीवो। जाणतो दु असुद्ध असुद्धमेवप्पय लहदि।।१९४।। स ता वृ

प्रथमोपशम सम्यक्त्वसहित अव्रती से लेकर कार्य सिद्ध परमात्मा तक के सभी जीव शुद्धात्मानुभव वाले हैं।

व्यवहारोऽभूदत्थो भूदत्थो देसिदो दु सुद्धणओ। भूदत्थमस्सिदो खलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो।।१३।।

यहॉ नीला वर्ण का सकेत-मिथ्यादृष्टि-मिथ्याज्ञानी दु खी जीव है, यह वताने के लिये है।

असंयम और संयमाभास – मिथ्यात्वी, ससारी, दुःखी

(१) और (२) "एकेंद्रियविकलेंद्रियपचेंन्द्रियसज्ञि पर्याप्त मनुष्य " ता वृ गा २५२। निगोद से शुरु करके सज्ञी पचेंद्रिय अवस्था तक की प्रगति का सकेत है।

(३) "इद्रियपटुत्व निर्व्याध्यायुष्कवरवुद्धि " आगे चलकर यदि वह क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि प्राप्त करता है। ता वृ गाथा २५२ ।

(४) 'तत्व समझने के लिये उत्सुक जीव' यह सकेत वताता है कि –

(अ) कोई **अव्रती मिथ्यादृष्टि** क्षयोपशमलव्धि, विशुद्धिलव्धि, देशनालव्धि, प्रायोग्यलव्धि प्राप्त करता है।

(ब) कोई **देशव्रती मिथ्यादृष्टि अथवा महाव्रती मिथ्यादृष्टि** क्षयोपशमलव्धि, विशुद्धिलव्धि, देशनालव्धि, प्रायोग्यलब्धि प्राप्त करता है।

(४) "सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि [illegible]" ऐसे अव्रती मिथ्यादृष्टि अथवा देशव्रती मिथ्यादृष्टि अथवा महाव्रती मिथ्यादृष्टि जीव [illegible] है। [illegible]

समयसार गाथा नं. २१२, २१८ और २७५ [illegible]

(५) देशसयमी आभासी - [illegible] मिथ्यादृष्टि [illegible] करता है लेकिन ऐसा मानता है कि पुण्य से मोक्षमार्ग (सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र) [illegible] आत्मा [illegible] अभिनिवेश [illegible]। वह मिथ्यात्वी, दुःखी, संसारी है। समयसार गाथा - १६०, [illegible], १६६, २७४, ४३५ [illegible]।

(६) आगमी [illegible] मोक्षमार्ग [illegible] - [illegible] मिथ्यादृष्टि सकल संयम धारण करता है, लेकिन पुण्य से [illegible] (अर्थात सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र) होता है ऐसा मानता है। इसलिये वह मिथ्यात्वी दुःखी संसारी है।

समयसार की अद्भुत महिमा

समयसार की अद्भुत महिमा, आज बताऊँ गली-गली।
सुन लो सच्चे सुख के वाँछक, धूम मचाऊँ गली-गली।। टेक।।
समयसार ही तीन लोक में, परम तत्त्व बताया है।
सुखी हुए हैं [illegible] जिन-जिन ने, समयसार निज-ध्याया है।।
समयसार बिन दुःख न मिटेगा, चाहे [illegible] गली-गली।
सुन लो सच्चे सुख के वाँछक, धूम मचाऊँ गली-गली।।१।।
सर्व छन्द साहित्य पढ़े अरु, बहु आगम अभ्यास किया।
पंडित भी कहलाये पर नहीं, समयसार का ध्यान किया।।
समयसार पहिचान किये बिन, घूमे जग की गली-गली।
सुन लो सच्चे सुख के वाँछक, धूम मचाऊँ गली-गली।।२।।
तन, कर्मों से न्यारा जाना, रागादि में अटक गया।
रागादि भी भिन्न कहे, पर्याय भेद में अटक गया।।
समयसार में भेदों से भी, भिन्न आत्मा शुद्ध कही।
सुन लो सच्चे सुख के वाँछक, धूम मचाऊँ गली-गली।।३।।
ज्ञानमात्र ध्रुवधाम शुद्ध, सुखमय चिन्मूरत आतमराम।
समयसार कारणपरमातम, शक्ति अनंतों का गुणधाम।।
उपादेय आश्रय करने योग्य, कही आतमा शुद्ध यही।
सुन लो सच्चे सुख के वाँछक, धूम मचाऊँ गली-गली।।४।।

जीवन की सबसे श्रेष्ठ निधि

- स्व श्री १०५ क्षु चन्द्रमती माताजी

कोई भी जीव हो वह सुख शांति से ही जीवन जीना चाहता है। **सम्यक् आनद** का मतलब ही निराकुल आनद है और जो नित्य/हमेशा/सदैव आनदरूप ही रहे, आकुलता जिसका फल कभी भी न हो, यही सच्चे आनद की पहचान/लक्षण है।

अतींद्रिय आनद और **वैषयिक आनद** इन दोनो में यहाँ जमीन-आसमान का मूलभूत भेद अत्यत प्रखरता से है। वैषयिक सुख सदैव अनाकुलता याने सच्ची सुख-शाति देने मे नियम से असमर्थ है। पूरे के पूरे पचेंद्रिय भोगों का फल नियम से थकान ही मिलता है। सच्चा निराकुल सदैव सुखशाति देनेवाला अतींद्रिय सुख का फल सदैव एकमात्र आनद ही है। अत अपना कल्याण चाहनेवाले जीव को वैषयिक और अतींद्रिय आनद इन दोनों की परीक्षारूप पहचान अवश्य करनी चाहिये।

उसी तरह से अतींद्रिय आनद से जीने का निर्णय करने पर भी शुद्धात्मानुभव का **विषय** सच है या झूट, इसकी परीक्षा करनी होगी और अपना यह शुद्ध अनुभव का हुआ **ध्यान** सच है या झूट, इसकी भी परीक्षा करनी होगी।

यदि परीक्षा न की जाय तो आनदाभास अर्थात् असत्य आनद में और असत्य ध्यान में ही उलझना होगा, और जीवन की बरबादी मात्र हाथ आयेगी। लौकिक व्यवहार में भी हम देखते हैं कि, जब सत्य-असत्य की परीक्षा नहीं करते तो घाटे से नहीं बचते। अगर परीक्षा के बगैर भी कभी अनायास ही सत्य का पक्ष भी लिया गया हो तो भी सुनिश्चित **साध्य-साधन के अविनाभाव का यथार्थ/सच्चा ज्ञान** न होने से हमेशा के लिए घाटे से नहीं बच पाते। दूसरी बार तो गलती हो ही सकती है। अत जब अनायास सत्य का पक्ष भी लेना हुआ हो तो भी सुनिश्चित **गम्य-गमक भाव का ज्ञान** न होने से शाति/सुख का तो लाभ नियम से नहीं होता और इसी वजह से मात्र अपने अज्ञान से दुनिया में अशाति का साम्राज्य फैला है। अत सम्यक् शाति/सुख का तो एकमात्र यही उपाय है कि सुनिश्चित **कार्य-कारणभाव का ज्ञान** अवश्य करना चाहिये।

यह सुनिश्चित कार्य-कारणभाव का (अविनाभाव का) बोध कराने में न्यायदीपिका पूरी तोर से समर्थ है, जिससे सम्यक् आनद का भोग हरेक जीव अवश्य लूट सकता है। इसमें शका की कोई गुजाईश ही नहीं रहती। न्यायदीपिका के इस कार्यकारणभाव की कुजी से लौकिक तथा आध्यात्मिक जीवन शाति/सुख से आपूर्ण हो ही जाता है, इस विधान की सत्यता का निणय **प्रत्यक्ष अपने अनुभव के बल से** ही करना योग्य होगा। किसी के कहने से क्या मतलब !

सम्यक् आनद से, पूर्ण शाति से जीवन बिताना हो तो निम्नोक्त ३ बातों का ज्ञान होना परम आवश्यक है -

(१) सम्यक् आनद का योग्य भोग्य **विषय**

(२) सम्यक् आनद लूटने का योग्य **साधन** (उपाय)

(३) सम्यक् आनद के ही फल की प्राप्ति होने का **सुनिश्चित व्याप्तिज्ञान**

सम्यक् आनद का भोग्य **विषय तो** अनत चतुष्टय की नित्य सामर्थ्य रखने वाला स्वाधीन **निजध्रुवभगवान** आत्मा-यह एकमेव है।

सम्यक् आनद लूटने का एकमात्र **साधन तो** हर एक जीव की अपनी-अपनी आत्मसन्मुख होनेवाली **शुद्धोपयोगरूप स्वाधीन ज्ञानपर्याय** है।

और उपरोक्त साध्य-साधन का **फल** नियम से **सम्यक् आनद** की प्राप्ति होना ही है। इसमें शका के लिये कोई गुजाईश ही नही है।

अपनी **ज्ञानपर्याय** ही तो **ध्यान** है। इससे अलग कोई ध्यान ही नही है। देखो इसके लिये प्रमाण **श्लोकवार्तिक अ ९, सूत्र २७, कारिका ४ की टीका "सर्वस्य ध्यानस्य ज्ञानात्मकत्वप्रसिद्धे ।"**

अत यह सिद्ध हुआ कि ज्ञान के ही एकार्थक नाम ध्यान, प्रमाण, विचार है। ज्ञान विषयी है। ध्येय के या ध्यानयोग्य विषय के एकार्थक नाम ही तो प्रमेय, ज्ञेय है। विषयरूप आत्मतत्त्व है।

अत शुद्धात्मा के ध्यान का मतलव ही शुद्धात्मा का ज्ञान है, और शुद्ध ज्ञान से **शुद्ध आत्मा की प्राप्ति, सम्यक् आनद की प्राप्ति नियम से होती है,** ऐसा तो **समयसार - १८६** गाथा में भी साक्षात् कुन्दकुन्द जैसे शुद्धात्म-अनुभवी जेन जगत के सर्वमान्य भावलिगी मुनि ने वताया है, और वैसी ही वास्तव में **अविनाभावी कार्य-कारणभाव की** व्यवस्था होने से आरातीय सर्व न्याय (परीक्षक) मर्मज्ञों ने एक मुख से मान्य भी किया है, इसके लिए पूरा जैनआगम प्रमाण है। उसी में जैन न्यायग्रथों की शाखा तो एकमात्र इसी **प्रमेय-प्रमाण-प्रमिति** को उजागर करने मात्र के लिये है।

अत **सम्यक् आनद का जीवन में प्रतिसमय भोग लेना अत्यत स्वाधीन तथा आसान वात है।** सम्यक् आनद में ज्ञानानद, निर्विकल्प, शाश्वत शुद्ध विषय को ज्ञानपर्याय **अनुभवशील** होने से आत्मसिद्धिस्वरूप मोक्षफल की अवश्यमेव प्राप्ति होती है। निर्विकल्पदशा होने से मोहरागद्वेष परिणति वहाँ रहती ही नहीं है, अत मोहरागद्वेष मिट जाते हैं, उन्हें मिटाने का अलग पुरुषार्थ नही करना पडता।

आनद याने हित की प्राप्ति और अहित का/मोहरागद्वेष का अभाव युगपत् ही होता है। मोहरागद्वेष मिटाने के लिए कोई स्वतत्र परिश्रम नहीं करने पडते। अत सम्यक् आनद लूटने की कला कष्ट/परिश्रम से एकदम परे है और प्रतिसमय में करने के लिए शक्य है।

अगर सम्यक् आनद इतना आसान और नियम से फलदायी ही है, तो इस मौके को गमाना कोई वुद्धिमानी तो है नहीं। अत न्यायदीपिका दिखने में भले ही छोटी हो परतु सम्यक् आनद का प्रति पल प्रकाश उजागर करने में पूर्ण समर्थ है। अत सम्यक् आनद का तत्र उस न्यायदीपिका से सीखने के लिये उसका अवश्य लगन से अभ्यास करना ही चाहिये और यह अपूर्व अवसर हाथ से नहीं खोना चाहिये। इतना ही क्यों? यदि ऐसा कहा जाय तो भी कोई अत्युक्ति नहीं होगी कि **तद् ज्ञान यत् प्रतिसमये सम्यक् आनन्दायते।** अर्थात् ज्ञान वही है जो जीवन को प्रतिपल सम्यक् आनद की वरसात से तृप्त करे, इससे रहित ज्ञान, ज्ञान ही नहीं हे।

इति अलम् विस्तरेण।

❖❖❖

ग्रथाधिराज श्रीसमयसार

नृत्यकुतूहल तत्त्वका, मर्ग्पिचि देखो धाय।
निजानन्दरस को छको, आन सवे छिटकाय।।

- श्री १०५ क्षु सुशीलमती माताजी

अध्यात्म-प्रतिष्ठापक, आचार्य परपरा में शिरोमणी माने गये **आचार्य कुन्दकुन्ददेव और जिनवाड्मय में शिरमौरस्वरूप, शुद्धात्मा का प्रतिपादक ग्रथाधिराज समयसार जगत का अद्वितीय, अनुपम, अनुत्तर, अक्षयचक्षु है।** यह सहज, सुलभ, सत्य अतींद्रिय आनद की दिव्यकला, सजीवनी विद्या-सम्यक् जीवन की विद्या सिखानेवाला परमागम हे। **परमागम** = पर+म+आ+गम = उत्कृष्ट+ज्ञानलक्ष्मी को+चहुँ ओर से+जानना निश्चय परमागम हे। समयसार को कामधेनु कल्पवृक्ष की उपमा देना अनुचित है। उपमा = उप+मा = जिसकी तुलना के लिए निकट की वस्तु हो वह उपमा। ओर जिस का महत्त्व आका ही नहीं जा सकता ऐसी यह अनुपम रचना छटे-सातवें गुणस्थान में झूलने वाले आत्मानुभवी मुनिराज की विकल्प की भूमिका का ही परिपाक है।

समयप्राभृत का व्युत्पत्ति अर्थ देखिए। **समय = समयते एकत्वेन युगपत् जानाति गच्छति च।** याने जो पदार्थ को एकसाथ जाने, गुण-पर्यायरूप परिणमे वह समय हे। छ द्रव्यों को समय कहा जाता है लेकिन यहाँ प्रकरणवश आत्मा अर्थ लिया हे। **समय याने जीव नामक पदार्थ** और **प्राभृत = (प्रकर्षेण आ समन्तात् भृतम् इति प्राभृतम्) प्र+आ+भृत = प्रकृष्टरूपसे + चहुँ ओर से+भरा हुआ परिपूर्ण स्वभाव।** अनतगुणस्वरूपी वेभव से युक्त आत्मस्वभाव ही प्राभृत हे।

प्राभृत का दूसरा अर्थ भेट, नजराणा, उपहार कहा जाता है। जैसे राजा की भेट लेते समय लोग उन्हें उत्तम वस्तु भेट देते हें, उसी तरह आ कुन्दकुन्ददेव ने भव्य जीवों को शाश्वत आनद की कला वतानेवाला शात रस से **सराबोर** यह **समयसार** भेट दिया हे, जिससे वस्तुनिष्ठ विज्ञान समझकर जीव परमानद, पूर्णानद को प्राप्त हो सके। यह **द्वितीय श्रुतस्कन्ध** में समाविष्ट ग्रथ **ज्ञानप्रधान कथन** करनेवाला है। प्रथम श्रुतस्कध में समाविष्ट धवलादि जीव ओर कर्म के सयोगज ससार-पर्याय के विस्तार का, गुणस्थानादि, मार्गणास्थानादि का सक्षेप में वर्णन करते हैं। अस्तु।

समयसार की रचना नाटकरूप में करने में आचार्यदेव उत्तम मानसशास्त्रज्ञ (PSYCHOLOGIST) थे, यह सहज ही निर्विवाद सिद्ध होता है। ससारी प्राणी का २४ घटे नाटक चल रहा है। ओर नाटक की तीव्र रुचि होने से नाटकरूप से रचना हो गयी हे। नाटक शब्द ही बताता है, **नाटक = न+अटक = इसमें** मत अटकना और मत भटकना, क्योंकि, कहा भी है - अटके सो भटके। अनादिकाल से हम पर में अटकने से भटक रहे हें। यह ससार का नाटक सत्य नहीं है, क्षणिक स्वाग है, सत्यस्वरूप ज्ञानानदस्वभाव को जानने से यह अटकना, दु खरूप चतुर्गति में भटकना सहज ही नष्ट हो जाता है।

यह ग्रथ अलकार द्वारा नाटकरूप में वर्णन किया है। सो नाटक में रगभूमि की रचना, देखनेवाले, नायक, सभा और नृत्य करने वाले होते हैं जो अनेक स्वाग रचते हैं तथा शृगारादिक आठ रसों का रूप दिखलाते हैं। लौकिक नाटक में शृगार, हास्य, रौद्र, करुण, वीर, भयानक, वीभत्स, अद्भुत इन आठ लौकिक रसों का अधिकार रहता है। लोकोत्तर नवमा शातरस का नृत्य में अधिकार नहीं है। ज्ञान में आये ज्ञेय से ज्ञान तदाकार होना, याने ज्ञेयार्थ परिणमन करना, पुरुप का भाव उसमें लीन होकर अन्य ज्ञेयों की इच्छा न रहे, वह 'रस' कहलाता है।

यहाँ रगभूमि स्थल कहा है, देखनेवाला प्रेक्षक सम्यग्दृष्टि है और अन्य मिथ्यादृष्टि पुरुपों की सभा है। (प्रेक्षक = प्र+ईक्ष+क = प्रकर्प से देखनेवाला, स्वभाव को जाननेवाला, और **सभा = स+भा = ज्ञान तेज सहित हरेक जीव है** और उनका समूह यह आध्यात्मिक अर्थ हुआ।) नृत्य करनेवाले जीव-अजीव पदार्थ हैं और दोनों की एकरूपता से ही कर्तृकर्मत्व आदि अनेक स्वाग हैं। उनमें वे परस्पर अनेकरूप होते हैं, आठ रसरूप होकर परिणमित होना ही नृत्य है। वहाँ भेदविज्ञानी सम्यग्दृष्टि प्रेक्षक जीव-अजीव का भिन्न-भिन्न स्वरूप जानता है, उसे स्वभाव की महिमा होने से सयोगजनित स्वाग में अटकता नहीं है और शातरस में परिणत होता है। लेकिन अज्ञानी भेदज्ञान न होने से स्वाग को ही सच्चा मानकर उसमें ही फॅस जाता है। ज्ञानी उस अज्ञानी के भ्रम को नष्ट करके आत्म महिमा वताता है।

अभेदवृत्ति के विषयरूप निजज्ञानानद अखड स्वभाव को विषय वनाकर प्रमाणात्मक मति-श्रुत-ज्ञान साधन से स्वय को जानने से ही अतींद्रिय आनद/मोक्षमार्ग प्राप्त हो जाता है। नवरत्नों के हार की तरह शोभायमान नवाधिकार सपन्न यह समयसार जिन-अध्यात्म का अद्वितीय प्रतिष्ठापक आगम ४१५ प्राकृत गाथाओं में निवद्ध है। इस का मूल प्रतिपाद्य नवतत्त्वों के निरूपण के माध्यम से नवतत्त्वों में छिपी परमशुद्धनिश्चयनय की विपयभूत, एकत्वस्वरूपी आत्मज्योति को दिखाकर उसके आश्रय से ही अभेदरत्नत्रय की प्राप्ति होती है, और एकत्व-विभक्त आत्मवैभव की महिमा जागृत हो जाती है। कहा भी है -

नवतत्त्वों में छुपी हुई जो ज्योति उसे वतलाती।
चिदानद ध्रुव ज्ञायक घन का दर्शन सदा कराती।
माता तेरे दर्शन से, निजातम दर्शन होता है, कि सम्यग्दर्शन होता है।।
धन्य धन्य जिनवाणी माता शरण तुम्हारी आए।
परमागम का मथन करके, शिवपुर पथ पर धाए।
माता दर्शन तेरा रे, भविक को आनद देता है, हमारी नैया खेता है।।

इसलिए हरेक आनदार्थी को इसका योग्य अध्ययन पद्धति से A to Z स्वाध्याय करना ही चाहिए। इस तरह शुद्ध ज्ञानमार्ग और शिथिलाचार के विरुद्ध कथन डके की चोट पर कहकर के परमसत्य का उद्घाटन करने वाले कुदकुदाचार्य के प्रति आ देवसेन ने तो 'दर्शनसार' में जो यह कहा है, वह सार्थक ही है। देखिये-

जइ पउमणदिणाहो सीमधरसामिदिव्वणाणेण।
ण विबोहइ तो समणा कह सुमग्ग पयाणति।।४३।।

अर्थ - यदि पद्मनदिनाथ, सीमधरस्वामी द्वारा प्राप्त दिव्यज्ञान से बोध न देते तो श्रमण-मुनिजन सच्चे मार्ग को कैसे जानते ?

इस तरह समयसार दृष्टिप्रधान ग्रथ होने पर भी द्रव्यानुयोग की शैली के अनुसार इस में ज्ञानप्रधान कथन किया है। **'प्रतिभातविषयाव्यभिचारी'** याने प्रतिभासित होनेवाला जैसा विषय है, वैसा जानने से ज्ञान प्रमाण/समीचीन कहा जाता है, ऐसा न्यायदीपिका के कहे हुए सिद्धान्तानुसार प्रामाण्य व अप्रामाण्य की व्यवस्था ज्ञान में ही है। इस तरह निर्णय करनेवाला ज्ञान ही होने से द्रव्यानुयोग ज्ञानप्रधान शैली से कथन करता है। ज्ञान का विषय निज ज्ञानानद ध्रुवस्वभाव होने पर ही दर्शन की समीचीनता का याने सम्यग्दर्शन का निर्णय हो जाता है।

निजात्मा की अनतगुण स्वरूप अक्षय निधि बतानेवाला यह समयसार ज्ञान का अक्षयकोष है। इसलिए समयसार की स्तुति में कहा हुआ निम्न कथन सार्थक ही है -

बनाऊँ पत्र कुदनना, रत्नोना अक्षरो लखी।
तथापि कुदसूत्रोना अकाये मूल्य ना कदी।।

इस तरह पचमकाल में तीर्थंकरों के विरह को भुला देनेवाले कुन्दकुन्ददेव को कलिकाल सर्वज्ञ कहना अत्युक्ति नहीं होगी।

समयसार के अधिकारों की रचना का क्रम भी सौष्ठवपूर्ण है। प्रथम **जीवाजीवाधिकार** में अज्ञानी जीव-अजीव में एकत्वबुद्धि, ममत्वबुद्धि करके रगभूमि पर प्रविष्ट होता है और अत में भेदविज्ञान होने पर दोनों भिन्न-भिन्न होकर निकल जाते हैं। इसके बाद **कर्तृकर्माधिकार** में जीव और अजीव दोनों एक कर्ता-कर्म का वेष धारण करके प्रवेश करते हैं। भेदविज्ञानी ज्ञान से दोनों का लक्षण भिन्न-भिन्न है ऐसा जानता है, तब वे वेष छोडकर रगभूमि से बाहर निकल गये। ज्ञानी जानता है, मोह नाचे तो नाचो परतु वस्तु का स्वरूप जैसा है वैसा ही है। जीवाजीवाधिकार के वाद प्रथम ही कर्ताकर्माधिकार क्यों लिया है ? ऐसा सवाल खडा हो जायेगा तो इसका समाधान यह है कि अनादि से जीव कर्तृत्व और भोक्तृत्व बुद्धि में फॅसा है।

करिष्यामि करिष्यामि करिष्यामि इति चितया।
मरिष्यामि मरिष्यामि मरिष्यामि इति विस्मृतम्।।

करुँ-करुँ की बुद्धि में मरुँ-मरुँ का स्मरण नहीं रहता है। मैंने किया, मैंने किया, ऐसा कर्तृत्व का भूत सवार होने से मैं-मैं करके अज्ञानी **'जैसी मति वैसी गति'** इस न्याय से बकरी हो जाता है। जैसे कोई स्वयसेवक रेल से गाँव को जाते समय रेल का डिव्वा खाली होने पर भी सामान का बोझ सिर पर लेकर के बैठा है और

में मेरी ड्यूटी अच्छी तरह निभा रहा हूँ ऐसा मानता है। उसे तो हम झट कह देते हैं 'मूरखचद'। लेकिन उससे सौ गुना बढकर २४ घटे हम हमारे ऊपर कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि चिंताओं का बोझा लेकर बैठे हैं। इसलिए वस्तुव्यवस्था दिखलाकर टेंशनलेस/भार रहित होने के लिए प्रथम ही कर्तृत्वबुद्धि और भोक्तृत्वबुद्धि छुडायी है।

इस के बाद अज्ञान से अच्छे माने हुए पुण्य का आकर्षण और अज्ञान से बुरे माने हुए पाप का विकर्षण करने की विषम बुद्धि से छुटकारा पाने के लिए **पुण्यपापाधिकार** कहा है। पुण्यपाप दोनों ही स्वभाव, हेतु, आश्रय, और अनुभव की अपेक्षा से समान होने से ससार के कारण हैं, कुशील हैं। पुण्य सोने की बेडी है और पाप लोहे की बेडी है। है तो बेडी ही ! पारतन्त्र्य ही है ! **शुद्धोपयोग ही मोक्षमार्ग है।**

इसके बाद आस्रवाधिकार लिया है। **आस्रव = आ+स्रव = चहुँ ओर से+स्रवना/झरना।** उसके आगे आस्रव का विरोधी **सवराधिकार** लिया है। **सवर = स+वर = ध्रुव निजनाथ का सम्यक् वरण करना है। सवरपूर्वक निर्जरा मोक्षमार्ग के लिए कार्यकारी है इसलिए निर्जराधिकार लिया है। निर्जरा = निर्+जरा = नि शेषत कर्म जीर्ण - शीर्ण होते हैं।** इसके आगे **बधाधिकार** और बध का विरोधी **मोक्षाधिकार** लिया है। जैसे लौकिक में अपराधी निरतर सशक होता है और निरपराधी पूर्ण नि शक होता है, वैसे ही अज्ञानी स्वात्मा की आराधना न करने से निरतर कर्मबध की शका से ग्रस्त होता है और आत्मा की आराधना करनेवाले निरपराधी ज्ञानी को कर्मबधन की शका नहीं होती है। यह ही सार है **मोक्षाधिकार** का। अत में उक्त-अनुक्त का समुच्चय करनेवाला **चूलिकास्वरूप सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार** लिया है। यहाँ शुद्ध ज्ञान का विशेषरूप से वर्णन किया है।

धीर, उदात्त, अनाकुल ये तीन विशेषण शातरूप नृत्य के आभूषण जानना चाहिए।

इस तरह पाँचवी गाथा में आचार्यदेव कहते हैं कि एकत्वविभक्त आत्मा को मैं आत्मा के निजवैभव द्वारा दिखाऊँ तो उसे प्रमाण/स्वीकार करना और कहीं पर चूक जाऊँ तो छल नहीं ग्रहण करना। इसमें सरलता का दिग्दर्शन होता है। इसकी टीका में अमृत बरसानेवाले अमृतचद्राचार्य देव कहते हैं - **'स्वानुभवप्रत्यक्षेण परीक्ष्य प्रमाणीकर्तव्यम्'।** स्वानुभवप्रत्यक्ष से परीक्षा करके प्रमाण करना याने स्वय प्रयोग करके निजानद रस चखकर देखना। इससे **परीक्षाप्रधानी शिष्य ही मोक्षमार्गस्थ होता है,** यह दिखलाया है। ज्ञानी के पास प्रज्ञाछैनी है, जिससे आत्मा और बध भिन्न-भिन्न जाने जाते हैं। समयसार नाटक, मोक्षद्वार, छंद ४ में कहा भी है -

जैसे छैनी लोह की, करै एकसौ दोइ।
जड चेतन की भिन्नता, त्यौं सुबुद्धिसौं होइ।।

इस तरह प्रज्ञा से भेदज्ञान करके प्रज्ञा के द्वारा ही निजात्मवैभव को ग्रहण भी किया जाता है। तीसरी गाथा में **ध्रुव स्वभाव की सुदरता** कही है। स्वसमय और परसमय पर्यायरूप होने से सुदर नहीं है।

सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार का सार यह है कि, जिस प्रकार आँख परपदार्थों को मात्र देखती ही है, उन्हें करती या भोगती नहीं, उसी प्रकार ज्ञान भी पुण्यपापरूप अनेक कर्मो को, उनके बध, उदय, फल, निर्जरा, मोक्ष को केवल जानता ही है, करता नहीं। वस्तुस्थिति बतानेवाले अमृतचद्रदेव कलश ६२ में कहते हैं -

आत्मा ज्ञान स्वय ज्ञान ज्ञानादन्यत्करोति किम्।
परभावस्य कर्तात्मा मोहोऽय व्यवहारिणाम्।।

आत्मा ज्ञानस्वरूप ही है, स्वय ज्ञान ही करता है, वह ज्ञान के अतिरिक्त ओर क्या कर सकता है ? आत्मा परभावों का कर्ता है ऐसा मानना, कहना व्यवहारविमुग्धो का मोह ही है, अज्ञान ही है। भेदविज्ञान उदित होते ही कर्ताकर्म बुद्धि छूट जाती हे। कलश २०० में कहा हे - **नास्ति सर्वोऽपि सबध परद्रव्यात्मतत्त्वयो ।** परद्रव्यों के साथ सवध न रखनेवाला आत्मा परपदार्थो का कर्ता-भोक्ता केसे हो सकता है ? जहॉ एक ही द्रव्य में अतर्व्याप्य-व्यापक सवध हो वहॉ ही कर्ता-कर्म सवध होता हे, न कि दो द्रव्यों में।

पचेंद्रियों के विपयभूत स्पर्शरसादि से परिणमित पुद्गल आत्मा से यह नही कहते हे कि **'तुम हमें जानो'** और आत्मा भी अपने स्थान को छोडकर उन्हे जानने के लिए कहीं नहीं जाता हे। दोनों अपने-अपने स्वभावानुसार स्वतत्रता से परिणमित होते हैं। इस तरह वस्तुव्यवस्था होने पर भी अज्ञानी उन्हें इष्ट-अनिष्ट मानकर मोही, रागी, द्वेपी होकर आकुलित, दु खी होता है। लेकिन स्वतत्र, स्वाधीन वस्तुव्यवस्था जानकर ज्ञानी सच्चे धर्म को प्राप्त होकर स्वावलवी हो जाता है। कहा भी हे -

पराधीनतामा सपनेहु सुख नथी - पराधीनता में सपने में भी सुख नहीं हे। पर के ऊपर निर्भर रहने से सव कार्य का नाश हो जाता हे। शास्त्र में ज्ञान नहीं है, क्योंकि शास्त्र कुछ जानते नहीं हैं, इसलिए ज्ञान अन्य है, शास्त्र अन्य है। इसी प्रकार अचेतनरूप शव्दादि से लेकर अध्यवसानादि भाव ज्ञान से भिन्न हैं। परपदार्थ एव अध्यवसानभावों से निजात्मवैभव का भेदविज्ञान कराया है।

अत में आचार्यदेव कहते हें, लिग/वाह्यभेप मोक्षमार्ग है ही नहीं। मोक्षमार्ग तो अभेदरत्नत्रय की प्राप्ति है। इसके लिए आत्मा की आराधना करनी चाहिए। ४१२ गाथा में करुणा से आप्लावित आचार्य कहते हैं -

मोक्खपहे अप्पाण ठवेहि त चेव झाहि त चेय।
तत्थेव विहर णिच्च मा विहरसु अण्णदव्वेसु।।४१२।।

हे आत्मन्। तू स्वय को निजात्मा के अनुभवरूप मोक्षमार्ग में स्थापित कर, निजात्मा का ही ध्यान धर, निजात्मा में ही चेत्, निजात्मा का ही अनुभव कर एव निजात्मा के अनुभवरूप मोक्षमार्ग में ही नित्य विहार कर, अन्य द्रव्यों में विहार मत कर, उपयोग को अन्यत्र मत भटका। सपूर्ण समयसार का यही सार है, और यही शास्त्र का तात्पर्य है।

अत में अमृतचद्राचार्य ने अनत शक्तियों से परिपूर्ण, समृद्ध आत्मा की ४७ शक्तियॉ नमूनारूप से SAMPLE रूप से कही हें। एक शक्ति की महत्ता जानने से महिमावत अनत शक्तियों के पिडस्वरूप निजकारणपरमात्मा की महिमा-वहुमान अपने आप प्रकट हो जाता है, रत्नत्रय की प्राप्तिरूप आराधना प्रकट हो जाती है। मधुर अमृतमयरस से ओतप्रोत वाणी से कहनेवाले अमृतचन्द्राचार्य किसी जगह **आत्मपसन् ! रे दुरात्मन ! पशु !** ऐसा सवोधन करते हुए भी उसमें उनकी कटुता प्रदर्शित नहीं होती है। प्रत्युत सरल भाषा से नहीं समझनेवाले का भी कल्याण हो जाय, ऐसा करुणाभाव ही प्रगट होता है।

ख्याति, कीर्ति, प्रसिद्धि के अभिलाषी जीव को आत्मा की सच्ची ख्याति याने निजवैभव का पर्याय में प्रगटीकरण करो, न कि जड की ख्याति, ऐसा आशय बतानेवाली अमृतचद्राचार्य की समयप्राभृत की आत्मख्याति टीका में जो बेजोड सिद्धात कहे हैं, उनसे ज्ञानचक्षु उद्बोधित हो जाते हैं। उदाहरण के लिए देखिये -

(१) **न हि स्वतो असति शक्ति कर्तुम् अन्येन पार्यते।** जिस वस्तु में जो शक्ति नहीं है वह अन्य के द्वारा नहीं की जा सकती है।

(२) **कारणानुविधायीनि कार्याणि** - जैसा कारण हो वैसा ही कार्य होता है।

(३) **न हि वस्तुशक्तय परमपेक्षन्ते।** वस्तु की शक्तियॉ पर की अपेक्षा नहीं करती हैं।

(४) वस्तुव्यवस्था बताते हुए १८४, १८५ गाथा की टीका में बताया है कि, **'कारणसहस्रेणापि स्वभावस्यापोढुमशक्यत्वात्, तदपोहे तन्मात्रस्य वस्तुन एवोच्छेदात्। न चास्ति वस्तूच्छेद सतो नाशासभवात्।'** हजारों कारणों के इकट्ठे होने पर भी स्वभाव को छोडना शक्य नहीं है, स्वभाव को छोड देने पर स्वभावमात्र वस्तु का ही उच्छेद हो जायेगा और वस्तु का उच्छेद तो होता नहीं है क्योंकि सत् का नाश होना असभव है।

इसी तरह सरल भाषा में तत्त्व का जीवन में कैसे लाभ होता है ? तत्त्व की केवल पंक्ति मत पढना, तो READ BETWEEN THE LINES, तत्त्व पढकर जीवन में सत्यानद के लिए उपयोग / APPLICATION करना चाहिए, ऐसा भावार्थ/तात्पर्य बताने वाली समयसार की जयसेनाचार्यकृत तात्पर्यवृत्ति भी अपने में वैशिष्ट्यपूर्ण, बेजोड है। स्वच्छदादि की झूठी दोषकल्पना करके अध्यात्मशास्त्रों को पढने का निषेध नहीं करना चाहिए। कोई चारपाई पर मर जाता है या मिश्री खाकर मर जाता है तो हम उनका प्रयोग करना नहीं छोडते हैं। मोक्षमार्ग का मूल उपदेश तो यहॉ भरा हुआ है। तो A to Z याने इसका आद्योपान्त अध्ययन अध्ययनपद्धति से जरूर करना चाहिए।

हरेक जीव का लक्ष्य अतींदिय आनद प्राप्ति का है, तो इसकी कुजी बतानेवाली गाथा २०६ देखिए -

एदम्हि रदो णिच्च सतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि
एदेण होहि तित्तो होहदि तुह उत्तम सोक्ख।।

हे भव्य प्राणी ! तू इस ज्ञानानद स्वभाव में नित्य रत अर्थात् प्रीतिवाला हो, इसमें नित्य सतुष्ट हो, और इससे तृप्त हो, ऐसा करने से तुझे उत्तम सुख होगा। इस तरह निजध्रुवज्ञानानद स्वभाव को ज्ञान का विषय बनाकर प्रमाणात्मक मतिज्ञान, श्रुतज्ञान से जानने पर हम सहजता से अतींद्रियानद को प्राप्त हो सकते हैं। इसका प्रयोग कर के ही देखें, इस पवित्र भावना के साथ **इति अलम् विज्ञेषु।**

शुद्धोऽह शुद्धोऽह शुद्धोऽह। ॐ शाति शांति शांति ।

❖❖❖

समयसार के साथ न्याय

- मन्नूलाल जैन वकील, सागर

जो जानकर शुद्धात्म को, ध्यावे परम निज आत्मा।
सागार या अनगार हो, क्षय करे वह मिथ्यात्व का।। प्रव गाथा १९४

ग्रन्थाधिराज समयसार जैन साहित्य की **अनुपम निधि** है, आचार्यवर श्री **कुन्दकुन्द** का **श्रेष्ठ परमागम** है, जैनदर्शन की **अमूल्य धरोहर** है, मुक्ति का मार्ग दिखलानेवाला **सर्वोच्च वाड्मय** है, द्रव्यानुयोग का **उत्कृष्ट ग्रन्थ** है, परमशुद्ध निश्चयनय याने अभेदवृत्तिनय का विषय निजध्रुव परमपारिणामिकभावरूप कारणपरमात्मा याने शुद्ध-अखण्ड-अभेद-नित्य निजपरमात्म तत्त्व का दिग्दर्शन करानेवाला **अद्‌भुत शास्त्र** है।

महिमा जीवों को अपने आत्मस्वरूप का अनुभव, प्रतीति, और अतीन्द्रिय आनन्द का साक्षात् अमृतपान कराकर अर्हन्त-सर्वज्ञ-केवली, अशरीरी-सिद्धदशा प्राप्त कराने में उत्कृष्ट निमित्तभूत यह ग्रन्थराज श्री समयसार **अलौकिक शास्त्र** है।

भवतापनाशक जिन-अध्यात्म का सार आचार्यवर श्री कुन्दकुन्ददेव ने आज से २००० वर्ष पहिले श्री समयसार शास्त्र में भरकर हम सभी जीवों पर महान उपकार किया है। यह ग्रन्थराज ऐसा **अपूर्व ग्रन्थ** है जिस पर अनेक टीकायें, प्रवचन, कलश, वचनिका, पद्यानुवाद आदि लिखे गये हैं फिर भी लेखकों को सतोष नहीं हो पा रहा है, फलस्वरूप आज भी अनुशीलनरूप से यह क्रम चल रहा है।

सर्वप्रथम **श्री अमृतचन्द्र आचार्य** ने **आत्मख्याति** नामवाली टीका लिखी, जिसमें २७८ सरस सस्कृत पद्य-कलश भी समाहित हैं। इस टीका में श्री आचार्य कुन्दकुन्ददेव का हार्द समयसार की रचना होने के लगभग एक हजार वर्ष पश्चात् विद्वत् जगत के सामने उजागर हुआ और इस ग्रन्थराज की महिमा अपनी विशेषता के साथ प्रसिद्ध होने लगी। ऐसा अनुमान होता है जैसे कि एक हजार वर्ष तक यह ग्रन्थ **आत्मख्याति** टीका के अभाव के कारण ही प्रसिद्धि से वचित रहा हो। उद्‌भट् आचार्य श्री अकलकदेव, प्रभाचन्द्र, माणिक्यनन्दि, विद्यानन्दि आदि के लेखन का विषय भी समयसार साक्षात् नहीं बन सका।

प्रसिद्धि **श्री आचार्य जयसेन** की **तात्पर्यवृत्ति** टीका ने तो जैसे इस ग्रन्थराज को सरल सस्कृत भाषा में स्पष्टतया जन-जन तक पहुचाने का सफल-सार्थक प्रयास समुचित और समीचीन ही कर दिया। फलत हम देखते हैं कि राजमलजी पाण्डे की **कलशटीका** (प हेमराज की प्रवचनसार की वालबोधिनी), पण्डित वनारसीदासजी का **नाटक समयसार**, भट्टारक शुभचन्द्रजी की परम **अध्यात्म तरगिणी**, पण्डित जयचन्द्रजी की **भाषा वचनिका** आदि अनेक रचनायें आने लगीं। इसी क्रम में **क्षुल्लक श्री गणेशप्रसादजी वर्णी, क्षु सहजानदजी वर्णी, ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजी, आध्यात्मिक सत्पुरुष पण्डित श्री कहानजी, मुनिवर श्री ज्ञानसागरजी, मुनिवर श्री वीरसागरजी,** आदि ने भी अपनी लेखनी और वाणी द्वारा इस ग्रथराज को जन सामान्य के स्वाध्याय की विषय वस्तु बनाने में अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य किया है। **डॉ हुकमचन्द भारिल्ल** की

अनुशीलन को भी इसी क्रम में शामिल करना चाहिए। यहॉ पर यह तो शोध का विपय है कि अपने-अपने व्याख्यान में कौन कहॉ तक ग्रन्थाधिराज के मर्म को खोलने में सफल हुआ हे। प्रामाणिक सदर्भ, स्पप्टता, आगम परपरा, विस्तार और स्वाध्याय के सफलीकरण की दृष्टि से **प्रवचन रत्नाकर** सर्वाधिक प्रसिन्द्र हुआ हे।

स्पष्टीकरण **समयसार** शव्द के अर्थ पर जव हम विचार करते हैं तो देखते हैं कि समयसार का अर्थ जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, काल द्रव्य तो हे ही, साथ ही इसका अर्थ शुन्द्रात्मा, द्रव्य, गुण, पर्याय, शास्त्र, समय, शव्द, अर्थ, ज्ञान, शास्त्र का सक्षेप, जीव का ध्रुव अश, पदार्थ का सारभूत अश, जिनवाणी का सार आदि और भी अनेक अर्थ होते हैं। आत्मानुभूति, अतीन्द्रिय सुख, शुन्द्र, शुद्धि, द्रव्य की शुद्धता, पर्याय की शुद्धता, मत, धर्म, सफलता, मोक्ष, उपदेश, पॉचों परमेष्ठी, रत्नत्रय इत्यादि भी समयसार का अर्थ होता है।

न्याय शव्द का अर्थ उचित निर्णय, तर्क युक्त कथन, युक्ति शास्त्र, आत्मानुभूति, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र, ईमानदारी, सत्य पर आधारित आत्मा को वास्तव में जानना (अनुभव करना) तो होते ही हैं किन्तु, न्यायालय का आदेश, वस्तुस्वरूप, पदार्थों की भिन्नता और स्वाधीनता, स्वरूप की प्राप्ति, दूध का दूध और पानी का पानी कर देना, सत्य कथन, योग्य कथन, समीचीन कथन, उत्तम कार्य, योग्यता, युक्ति, तर्क, सिद्धात इत्यादि अन्य अनेक अर्थ भी होते हैं। न्याय = नि+अय = निश्चय से स्वभाव में आना, जाना, जानना।

इसी प्रकार **समयसार के साथ न्याय** इस वाक्य के भी निम्न अर्थ किये जा सकते हैं -

(१) समयसार शास्त्र के साथ न्यायशास्त्र पढना चाहिए,

(२) शुद्धात्मा का अनुभव अवश्य करना चाहिए,

(३) समयसार शास्त्र के शव्दों का अर्थ करते समय योग्य कथन ही करना चाहिए,

(४) समयसार शास्त्र के शव्दों, गाथा-वाक्यों और टीका-वाक्यों का अर्थ करते समय न्यायशास्त्र की युक्तियों को ध्यान में रखते हुए ही अर्थ करना चाहिए,

(५) शुद्धात्मा का अनुभव करने के पहिले न्यायशास्त्र का ज्ञान अवश्य होना चाहिए,

(६) शुद्धात्मा का अनुभव करने के पहिले अन्य मतों का स्वरूप जानना चाहिए,

(७) समयसार शास्त्र का अध्ययन करने के पहिले अन्य मतों का स्वरूप अवश्य जान लेना चाहिए,

(८) द्रव्यानुयोग की दृष्टिपूर्वक न्यायशास्त्र एव करणानुयोग के प्रमुख शास्त्र, व नयज्ञान विषयक ग्रन्थ पढकर फिर समयसार पढने पर ही समयसार का अध्ययन न्यायपूर्ण कहलाता है,

(९) लोक में समयसार शास्त्र के शव्दों का अर्थ मनमाना-अन्यायपूर्ण किया जा रहा है, वह अब नहीं किया जाना चाहिए,

(१०) समयसार शास्त्र के अध्ययन का निषेध करना ही उसके साथ अन्याय करना है जो नहीं किया जाना चाहिए, इसी प्रकार अनेक अन्य भी अर्थ किये जा सकते हैं।

उपरोक्त तीनों - **समयसार, न्याय, समयसार के साथ न्याय** - शब्दो - वाक्यों के उपरोक्त में से कुछ अर्थो के सदर्भ में इस आलेख में विचार किया जावेगा।

श्री आचार्य जयसेन ने प्रारभ में मगलाचरण में तात्पर्यवृत्ति कहने की प्रतिज्ञा की है, तथा अतिम मगलाचरण में कहा है - ''जिन **महाऋषि पद्मनन्दि** (कुन्दकुन्द आचार्य) ने अपनी बुद्धिरूपी सिर से महातत्त्वपाहुड (समयसार) रूप पर्वत को उठाकर भव्य जीवों के लिए अर्पण कर दिया वे पद्मनन्दि महर्षि जयवत हों।

जिसका आश्रय लेकर भव्यजीव अनतससार सागर से पार हो जाते हैं वह सभी जीवों को शरणभूत होनेवाला जिनशासन चिरकाल तक जयवत रहे।

आत्मरस के रसिक पुरुषों द्वारा यह प्राभृतशास्त्र तात्पर्य नाम से वर्णन किया गया हे। जो कोई इसको आदरपूर्वक अभ्यास करता है, सुनता हे, पढता है, व्याख्यान करता है, प्रभावना करता है वह जीव शाश्वतरूप अमल, अद्भुत, सकल ज्ञानात्मक केवलज्ञान प्राप्त करके सदा के लिए मुक्ति ललना में लीन रहेगा।

इस प्रकार **श्री कुन्दकुन्द आचार्यदेव** विरचित समयसार प्राभृत नाम के ग्रन्थ सवधी **श्री जयसेन** आचार्य द्वारा दश अधिकारों (एव चूलिका) में ४३९ गाथाओं द्वारा की गई तात्पर्यवृत्ति समाप्त हुई।''

प्रत्येक अधिकार के अत में अधिकार की समाप्ति की सूचना देते समय श्री जयसेनाचार्य यह शब्द अवश्य लगाते गये हैं "शुद्धात्मानुभूतिलक्षणाया तात्पर्यवृत्तो अधिकार समाप्त।" अर्थ है - **"शुद्धात्मानुभूति लक्षणवाली तात्पर्यवृत्ति में यह अधिकार समाप्त हुआ।"**

इसी प्रकार प्रत्येक अधिकार और अतराधिकार के प्रारभ में पातनिका लिखते समय श्री जयसेनाचार्य यह अवश्य लिखते जाते हैं कि इस अधिकार में -

(१) कितनी गाथायें हैं,

(२) कितने अतराधिकार या स्थल हैं,

(३) प्रत्येक स्थल या अतराधिकार किस गाथा से प्रारभ होता है,

(४) प्रत्येक अतराधिकार में कितनी गाथायें हें,

(५) प्रत्येक अतराधिकार या स्थल में किस विषय का वर्णन किया गया है।

इस प्रकार गाथाओं की सख्या, अधिकार, स्थल, अधिकार प्रारभ और विषय सुनिश्चित करते हुए टीका करते गये हैं।

उनके द्वारा यही सव वातें प्रत्येक अधिकार के समाप्त होने पर पुन लिखित भी प्राप्त होती हैं। इससे यह वोध हो जाता हे कि उन्हें यह भलीभाति ज्ञात हो गया था कि समयसार में आचार्य कुन्दकुन्ददेव ने ४३९ या ४४१ या ४४५ या कुछ ओर अधिक गाथायें लिखी हैं, ४१५ मात्र नहीं, जैसा कि आचार्य अमृतचन्द्र की

आत्मख्याति टीका से ज्ञात होता है। कोई व्यक्ति भविष्य में गाथाओं की सख्या को कम या अधिक नहीं कर दे, इसलिए आचार्य जयसेन ने प्रत्येक अधिकार की पातनिका में प्रारभ में एव अधिकार के अत में दो वार गाथाओं की सख्या आदि उपरोक्त पॉचों वातें लिखी हैं। प्रवचनसार की गाथा २३५ के पश्चात् लिखी गई दूसरे अतराधिकार की समुदाय पातनिका में ये शव्द भी लिखे हें - "और वे गाथायें अमृतचन्द्र की टीका में नहीं हैं"।

इस ग्रन्थ में अधिकार, स्थल व गाथा सख्या इस प्रकार प्राप्त होती है

क्रम	अधिकार का नाम	कहाँ से कहाँ तक	कुल गाथायें	स्थल सख्या
१	(१) पीठिका	१ से १४ तक	१४	५
	(२) अधिकार गाथा	१५	१	१
	(३) जीव अधिकार	१६ से ४२ तक	२७	७
	(४) उपसहार गाथा	१	१	१
२	अजीव अधिकार	४४ से ७३ तक	३०	३
३	कर्त्ता-कर्म अधिकार	७४ से १५२ तक	८१	९
	दो गाथाओं पर गाथा १२५ के वादक्रम सख्या ही नहीं है। पातनिका के अनुसार ७८ गाथायें हैं।			
४	(१) पुण्य अधिकार	१५३ से १६२ तक	१०	२
	(२) पाप अधिकार	१६३ से १७१ तक	९	१
५	आस्रव अधिकार	१७२ से १८८ तक	१७	५
६	सवर अधिकार	१८९ से २०२ तक	१४	६
७	निर्जरा अधिकार	२०३ से २५२ तक	५०	६
८	वध अधिकार	२५३ से ३०८ तक	५९	८
	गाथा २६४ के वाद **दो** तथा गाथा २६५ के वाद **एक** गाथा पर क्रम सख्या नहीं है।			
९	मोक्ष अधिकार	३०९ से ३२७ तक	१९(+३)	४
	गाथा ३१३ के वाद **दो** तथा गाथा ३२० के वाद **एक** गाथा पर क्रम सख्या नहीं है।			
१०	सर्व विशुद्धज्ञान अधिकार	३२८ से ३४१ तक	१४	३
११	चूलिका	३४२ से ४३७ तक	९६	१३
		जोड	४८५	७४

गाथा सख्या आगे कुछ ओर विषयों पर विचार करने के पूर्व हमें सक्षेप में समग्ररूप से श्री समयसार जी ग्रन्थाधिराज की **विषयवस्तु** पर एक विहगम दृष्टि डाल लेना अपेक्षित है। यह ग्रन्थ श्रेष्ठ दिगम्बर आचार्य **श्री कुन्दकुन्ददेव** की आध्यात्मिक श्रेष्ठतम रचना है। इसमें विभिन्न टीकाकारों तथा प्रकाशकों और सम्पादकों के अनुसार ४१५ से ४४५ गाथायें हें। आचार्य अमृतचद्र के अनुसार ४१५ गाथायें हैं, किन्तु आचार्य जयसेन के अनुसार ४३९ गाथायें हैं। कुछ प्रकाशकों या सम्पादकों के अनुसार ४४५ गाथायें भी मानी गई हैं। **श्री आचार्य अमृतचन्द्र** ने तो अपनी टीका पूर्ण करते समय इसके सवध में कुछ भी नहीं लिखा है। उन्होंने तो अतिम कलश क्रमाक २७८ में अपनी निरभिमानता दिखलाते हुए कहा है कि इस समय (सार) की व्याख्या वस्तुतत्त्व को कहनेवाले शब्दों ने की है, स्वरूप में गुप्त (लीन) रहनेवाले अमृतचन्द्रसूरि द्वारा इसमें कुछ भी कार्य नहीं किया गया है। प्रस्तुत सस्करण में ४४५ गाथायें सम्मिलित की गई हैं। क्रम सख्या ४३७ ही रखी है। ८ गाथाओं पर अलग 1 से 8 तक क्रम सख्या लिखी है।

इस सस्करण में प्रत्येक गाथा पर प्रथम पक्ति के अत में आचार्य अमृतचद्र की आत्मख्याति के अनुसार क्रम सख्या लिखी है तथा द्वितीय पंक्ति के अत में आचार्य जयसेन की तात्पर्यवृत्ति के अनुसार क्रम सख्या लिखी है।

अधिकार तथा स्थलों के अनुसार विपय को ग्रन्थ की विस्तृत विपय सूची में देखें।

सावधानी यहॉ पर हम आत्मख्याति टीका की पण्डित जयचन्द्रजी छाबडा द्वारा लिखित **प्रस्तावना** में से कुछ वाक्यों का उल्लेख करना अति आवश्यक समझकर उन्हें नीचे उद्धृत कर रहे हैं जिससे पाठकों को इस समयसार ग्रन्थ को पढने में किसी प्रकार का मतिभ्रम उत्पन्न नहीं हो। पण्डित जयचन्द्र जी लिखते हैं -

"१ **इस जीव को जब तक पर्यायबुद्धि रहती है, तव तक ससार रहता है।** जव इसे शुद्धनय का उपदेश पाकर द्रव्यवुद्धि होती है तथा अपने आत्मा को अनादि-अनन्त, एक, सर्व परद्रव्यों, परभाव व परभावों के निमित्त से उत्पन्न हुए अपने भावों से भिन्न जानता हे और अपने शुद्धस्वरूप का अनुभव करके शुद्धोपयोग में लीन होता है, तव यह जीव कर्मो का अभाव करके निर्वाण को प्राप्त करता है।

२ कालदोप से जीवों की वुद्धि मद होती जा रही है, उसके निमित्त से प्राकृत, सस्कृत के जाननेवाले भी विरले रह गये हैं, तथा गुरुओं की परपरा का उपदेश भी विरल हो गया है।

३ जो भव्यजीव इस ग्रन्थ का वाचन करेंगे, पढेंगे, सुनेंगे तथा उसका तात्पर्य हृदय में धारण करेंगे, उनके मिथ्यात्व का अभाव होगा तथा सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होगी - ऐसा अभिप्राय है, अन्य पण्डिताई तथा मान-लोभादि का अभिप्राय नहीं है।

४ जो आपने कहा कि इसमें शुद्धनय का ही कथन है - सो सत्य है। परन्तु इसमें जहॉ-तहॉ अशुद्धनयरूप व्यवहारनय की गौणता का भी कथन है। वहॉ पर आचार्य यह भी कहते हैं कि यह व्यवहारनय पहली अवस्था (पूर्व भूमिका) में हस्तावलम्बनरूप है, ऊपर चढने के लिए (उच्च भूमिका प्राप्त करने के लिए) सीढी के समान है, अत कथचित् कार्यकारी है।

५ इस (व्यवहारनय) को गौण करने से ऐसा मत मानना कि आचार्य व्यवहार को सर्वथा ही छुडाते हैं। आचार्यदेव तो ऊपर चढने के लिए नीचे की सींढी छुडाते हैं, और **जब अपने स्वरूप की प्राप्ति हो जावेगी तब तो शुद्ध व अशुद्ध दोनों नयों का ही अवलम्बन छूट जायेगा।** नय का अवलम्बन तो साधक (विकल्पात्मक) अवस्था में हे। ऐसे कथन इस ग्रन्थ में यत्र-तत्र विद्यमान हें, उनको यथार्थ समझने से विपर्यय नहीं होगा। जो यथार्थ समझेंगे उन्हें व्यवहार चारित्र से अरुचि नहीं आवेगी, और जिनकी होनहार ही खोटी होगी वे तो शुद्धनय सुनकर या अशुद्धनय सुनकर विपर्यय ही समझेंगे, उन्हें तो सर्व ही उपदेश निष्फल (अकार्यकारी) है।

६ स्वरूप की प्राप्ति दो प्रकार से होती हे।

(१) प्रथम तो, यथार्थ ज्ञान होकर (अनुभव होकर) श्रद्धानरूप सम्यग्दर्शन होना-

सो यह तो अविरत सम्यग्दृष्टि चतुर्थ गुणस्थानवाले के भी होता है। वहॉ वाह्य व्यवहार तो अविरतरूप ही हे, वहॉ व्यवहार का आलम्वन भी है ही, और अन्तरग में सब नयों के पक्षपात रहित अनेकान्त तत्त्वार्थ की श्रद्धा होती है। तथा -

(२) दूसरे, जव सयम धारण करके प्रमत्ताप्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनि होता है, वहॉ भी जव तक **साक्षात् शुद्धोपयोग** की प्राप्ति न हो, श्रेणी न चढे तब तक शुभरूप व्यवहार का वाह्य आलम्वन रहता है।

७ दूसरी वात यह है कि **साक्षात् शुद्धोपयोगरूप वीतराग चारित्र** होना, सो **अनुभव में साक्षात् शुद्धोपयोग की प्राप्ति होती है,** उसमें (विषय शुद्धनयात्मक है और साधन में) व्यवहार का भी आलम्वन नहीं रहता है और शुद्धनय का भी आलम्बन नहीं रहता।

जब स्वय शुद्धोपयोगरूप हुआ, तब नय का आलम्बन क्यों ? नय का आलवन तो जव तक राग अश था, तव तक ही था। इस प्रकार अपने स्वरूप की प्राप्ति होने के वाद सर्वप्रथम तो श्रद्धा सबधी नयपक्ष मिटता है, तत्पश्चात् साक्षात् वीतराग होने पर चारित्र सवधी पक्षपात भी मिटता हे। ऐसा नहीं है कि साक्षात् वीतराग तो हुआ नहीं, ओर शुभरूप व्यवहार को छोडकर स्वच्छन्द प्रमादी होकर प्रवर्तन करे। यदि स्वच्छद होकर प्रवर्तन करे तो नय विभाग तो समझा नहीं, उल्टा मिथ्यात्व ही दृढ हुआ।"

समयसार ग्रन्थ के सवध में **जैन समाज** में जेसी उसकी महिमा और महत्व के वारे में प्रतिष्ठा है, उसी प्रकार उसकी विषय वस्तु का नयों के द्वारा प्रतिपादन करने की शैली के सवध में एव उसका अध्ययन कौन-कव-कैसे करे, इसके सवध में भी अनेक-विभिन्न मान्यतायें प्रचलित हैं।

यदि हम व्याकरण, न्याय, करणानुयोग और नयों का प्राथमिक ज्ञान करने के पश्चात् **मूल गाथाओं** और **मूल टीकाओं** का आधार लेकर अन्य विद्वानों-लेखकों के अनुवाद, व्याख्यान, चिन्तन, अनुशीलन आदि को पढते हैं - अध्ययन, मनन, स्वाध्याय करते हैं तो समयसार ग्रन्थ के द्वारा दिखाये गये शुद्धात्म तत्त्व का

प्रत्यक्ष अनुभव करने में पूर्णरूप से सफल हो सकते हैं, ओर यदि हम उपरोक्त क्रम से विपरीत पद्धति से अध्ययनादि करते हें तो आत्मानुभवरूपी सफलता प्राप्त करने में शकित ही रहेंगे।

सात तत्वों ओर नो पदार्थो का व्याख्यान करना तो द्रव्यानुयोग के सभी ग्रन्थों का प्रयोजन है, किन्तु समयसार ग्रन्थ में इन्ही नो पदार्थो या नौ तत्त्वों के व्याख्यान करने की पद्धति विशिष्ट है, जो अन्य ग्रन्थों में नहीं प्राप्त होती है। यहॉ पर न्यायग्रन्थों में प्रतिपादित **विषय, साधन** और **फल** की **परीक्षा पद्धति** अपनाई गई है। सम्यग्दर्शन का **विषय**[1] निज त्रिकाली ध्रुव है। सम्यग्दर्शन का **साधन**[2] (उपाय) वर्तमान प्रमाणात्मक मति-श्रुत ज्ञानपर्याय है। सम्यग्दर्शन का **फल**[3] अतीन्द्रिय-निराकुल आनन्द का प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित अनुभव करना-वेदन करना है। शास्त्र तात्पर्य वीतरागता की प्रगट प्राप्ति करना हे।

प्रासगिकता विभिन्न विद्वान समयसार की कुछ विशिष्ट गाथाओं पर ही अनेक प्रकार से व्याख्यान करते दिखाई देते हैं, किन्तु निम्न ७ प्रश्नों के सबध में कोई स्पष्ट समाधानकारक उत्तर नहीं मिलता है।

१ आचार्य कुन्दकुन्ददेव ने वह कोई विशिष्ट गाथा, किसी विशिष्ट अधिकार के किसी विशिष्ट अन्तराधिकार में, विशिष्ट स्थल पर ही क्यों रखी है ?

२ उसे समझने से हमें कौन सी विशिष्ट जानकारी प्राप्त होती है जो किसी अन्य गाथा या अन्य किसी शास्त्र से नहीं मिलती हे?

३ उस गाथा का पॉच प्रकार से केसे शब्दार्थ, नयार्थ, मतार्थ, आगमार्थ, भावार्थ रूपं अर्थ किया जाता है ?

४ उस गाथा द्वारा किस **मत** विशेष की किस मिथ्या मान्यता का खण्डन होता है और जैनदर्शन की किस विशेष मान्यता का मण्डन होता है ?

५ उस गाथा को समझने से हमें अपने वर्तमान जीवन में क्या लाभ है ?

६ उस गाथा को समझ लेने से हमें शुद्धात्मानुभव ओर सम्यग्दर्शन की प्राप्ति कैसे हो सकती है ?

७ उस गाथा का अभिप्राय जान लेने से हमें अतींद्रिय आनद और वीतरागता कैसे प्रकट हो सकती है ?

आचार्य जयसेन तो प्रत्येक गाथा के पहले तथा पातनिकाओं में भी गाथाओं के प्रयोजन और भावार्थ, मतार्थ आदि को **शीर्षक** आदि के रूप में कहते हुए ही आगे वढते हैं। आचार्य अमृतचद्र जी ने भी उपरोक्त प्रश्नों के समाधान के लिये ही प्रत्येक गाथा को **शीर्षक** लगाकर टीका लिखी है। **इन बातों का कथन करना ही पातनिका का लक्षण**[4] है।

भेद विज्ञान इसी प्रकार समयसार शास्त्र के स्वाध्याय का फल भेदविज्ञान और वीतरागता आना चाहिए, किन्तु लगातार ५०-६० वर्षो तक श्रवग ओर अध्ययन के वाद भी वह फल नहीं मिल रहा है, फिर भी पाठक विचार नहीं करता हे कि इसका क्या कारण हे ?

---

[1] गाथा ६   [2] गाथा १०, १५२   [3] गाथा १२   [4] गाथा २ की टीका

समयसार में तो निम्न प्रकार से **भेदविज्ञान** और भिन्नता करना कहा है -

१ छह द्रव्यों से **निज** द्रव्य की चतुष्टयरूप भिन्नता।

२ छह द्रव्यों के गुणों से **निज द्रव्य** के गुणों की भिन्नता।

३ छह द्रव्यों की पर्यायों से **निज द्रव्य-गुण-पर्याय** की भिन्नता।

४ **निज द्रव्य** में ही कथचित् द्रव्य-गुण-पर्याय की अतद्भावरूप भिन्नता।

५ **निजध्रुव** अभेद अखण्ड तत्त्व की पर्यायमात्र से प्रयोजनवश कथचित् भिन्नता।

६ **निजध्रुवतत्त्व** की द्रव्यकर्मो से और उनके समस्त १४८ प्रकृति भेदों से भिन्नता।

७ **निजध्रुवतत्त्व** की नोकर्म-शरीर से और उसकी समरत अवस्थाओं से भिन्नता।

८ **निजध्रुवतत्त्व** की समस्त भावकर्मो-रागादि विकारी भावों से भिन्नता।

९ **निजध्रुवतत्त्व** की शरीर की समस्त क्रियाओं से भिन्नता।

१० **निजध्रुवतत्त्व** की समस्त औदयिक-ओपाधिक-सोपाधिक-आस्रव भावों से भिन्नता।

११ **निजध्रुवतत्त्व** की समस्त उदयरूप वधक भावों से भिन्नता।

१२ **निजध्रुवतत्त्व** की सवररूप उपशमभावरूप एकदेश शुद्धपर्याय से कथचित् भिन्नता।

१३ **निजध्रुवतत्त्व** की निर्जरारूप क्षायोपशमिकभाव/वृद्धिगत शुद्धपर्याय से कथचित् भिन्नता।

१४ **निजध्रुवतत्त्व** की क्षायिकभावरूप पूर्ण शुद्धपर्याय से कथचित् भिन्नता।

१५ **निजध्रुवतत्त्व** की साधकदशा के पूर्व स्थिरता प्राप्त करते समय होनेवाले विकल्पों से भिन्नता।

१६ **निजध्रुवतत्त्व** की निर्णय करते समय होने वाले गुणभेद के विकल्पों से भिन्नता।

१७ **निजध्रुवतत्त्व** की प्रमाण-नय-निक्षेप के विकल्पों से भिन्नता।

१८ **निजध्रुवतत्त्व** की गुणस्थान, मार्गणास्थान, जीवसमास आदि २० प्ररूपणाओं के विषय से भिन्नता।

१९ **निजध्रुवतत्त्व** की अन्य समस्त नयों और उनके विषयों से-नौ तत्त्वों आदि से भिन्नता।

२० **निजध्रुवतत्त्व** की बद्धस्पृष्टादि पॉच भावों से भिन्नता।

२१ **निजध्रुवतत्त्व** की समरत प्रत्याख्यान आदि १४७ भावों से भिन्नता।

२२ **निजध्रुवतत्त्व** की अध्यवसानादि आठ भावों से भिन्नता।

२४ **निजध्रुवतत्त्व** की वर्णादि आठ भावों से भिन्नता।

२४ **निजध्रुवतत्त्व** की रागादि से गुणस्थानान्त २१ भावो से भिन्नता।

२५ **निजध्रुवतत्त्व** की मिथ्यात्व, कषाय, अविरति, प्रमाद, योगादि विभावभावों से ओर उनके भेद-प्रभेदों से भिन्नता।

२६ निजध्रुवतत्त्व की समस्त शुभ, अशुभ और शुद्ध भावों से भिन्नता।

२७ निजध्रुवतत्त्व की रत्नत्रय, केवलज्ञान और मोक्ष पर्याय से कथंचित् भिन्नता।

२८ निजध्रुवतत्त्व की अनुभूतिरूप प्रमाणज्ञान पर्याय से भिन्नता।

२९ निजध्रुवतत्त्व की द्रव्यश्रुतज्ञान और भावश्रुतज्ञान से भिन्नता।

३० निजध्रुवतत्त्व की प्रत्येक पर्याय के समस्त अविभागी प्रतिच्छेदों से भिन्नता।

३१ निजध्रुवतत्त्व से मोक्षमार्ग पर्याय और मोक्ष पर्याय की भिन्नता।

३२ ज्ञानपर्याय और निजध्रुवतत्त्व की भिन्नता।

(मैं)	(यह निज ध्रुव शुद्धात्मा हूँ)

३३ प्रमाणज्ञानरूप मति-श्रुतज्ञान की पर्याय के तीन प्रकार के अविभागी प्रतिच्छेद हो जाना याने वह पर्याय एक प्रकार के अविभागी प्रतिच्छेदों से स्वय का भाव प्रमेयरूप से, तथा दूसरे प्रकार के अविभागी प्रतिच्छेदों द्वारा निजध्रुवतत्व का बाह्य/अर्थ/ पर प्रमेयरूप से, अनुभव करनेरूप पारमार्थिक भेदविज्ञान करना, और तीसरे प्रकार के अविभागी प्रतिच्छेदों द्वारा प्रामाण्य करना।

(मैं)	(यह निज ध्रुव शुद्धात्मा हूँ)	(यह मेरा ज्ञान सत्य ही है)

३४ ज्ञानपर्याय और समस्तज्ञेयों की भिन्नता।

३५ ज्ञानपर्याय ओर राग पर्याय की भिन्नता।

३६ ज्ञानपर्याय और अन्य सभी पर्यायों की भिन्नता।

३७ ज्ञानपर्याय की प्रत्यक्षता और परोक्षतारूप भिन्नता।

३८ ज्ञानपर्याय की प्रमाण और प्रामाण्यरूप भिन्नता।

३९ ज्ञानपर्याय की इद्रियजन्यता और अतींद्रियजन्यतारूप भिन्नता।

४० ज्ञानपर्याय की पारमार्थिक और अपारमार्थिकरूप भिन्नता।

४१ ज्ञानपर्याय की आत्मानुभूति के काल में निजध्रुवतत्त्व को जाननेवाले अविभागी प्रतिच्छेद, और अतींद्रिय आनद, सम्यक्प्रतीति, वीतरागता, निराकुलता को जाननेवाले इत्यादि प्रकार के अविभागी प्रतिच्छेदों से कथंचित् भिन्नता।

पूर्व भूमिकारूप अध्ययन ·

समयसार ग्रन्थ का स्वाध्याय उस जीव को ही लाभदायक (शुद्धात्मानुभूति के प्राप्त होने में निमित्त कारण) हो सकता है जिसने द्रव्य-गुण-पर्याय तथा विषय-साधन-फल समझकर ससार, शरीर और भोगों से अरुचि लाकर चारों गतियों के दुखों से छूटने का दृढ निर्णय किया हो।

व्याकरण शास्त्र का ज्ञान किये विना समयसार ग्रन्थ की गाथाओं और टीकाओं में प्रयुक्त व्युत्पत्ति, वाक्यों, शब्दों, समासों, विभक्तियों आदि का यथार्थ-सम्यक् (उचित) अर्थ का ज्ञान नहीं हो सकेगा।

न्यायशास्त्र का ज्ञान किये विना समयसार ग्रन्थ में आये **प्रत्यक्ष, अनुमान और परोक्ष ज्ञान** सवधी, लक्षण और परीक्षा सबधी, साध्य और साधन सवधी, पक्ष, साध्य और हेतु सवधी, अन्यथाऽनुपपत्तिरूप अविनाभाव सबधी, व्याप्यव्यापक सबधी, अन्यमतों में साख्य, वैशेषिक, नैयायिक, मीमासक, बौद्ध, योग, सदाशिव, माडलिक, भाट्ट, प्रभाकर, जैमिनी, चार्वाक, नास्तिक आदि सबधी, विधि-निषेध सवधी, **प्रमाण और प्रामाण्य** सबधी, कार्य-कारण भाव सवधी, **साधकतम-यथार्थ साधन** और साधनाभास सवधी, युक्तियॉ और उदाहरण सबधी, अनैकान्तिक दोष, अकिचित्कर दोष, अव्याप्ति दोष, अतिव्याप्ति दोष, असभव दोष, असिद्ध दोष, विरुद्ध दोष इ सबधी, प्रकरणसमदोष, कालात्ययापदिष्ट दोष, सकर, व्यतिकर, अनवस्था, अभाव, अदृष्ट कल्पना, दृष्ट हानि, वैयधिकरण, विरोध दोष, चार प्रकार के अभाव सवधी, **प्रतिभात विषय निर्दोष होना**, सर्वज्ञ की सिद्धि आदि अनेक प्रकार से कथन किये गये हैं, उनका सम्यक् अर्थज्ञान नहीं हो सकेगा।

करणानुयोग का ज्ञान किये विना तीन लोक, कृत्रिम-अकृत्रिम रचना, छह द्रव्यों की अनादि-अनतता, आठ कर्म और उनकी १४८ प्रकृतियों की दस प्रकार की वध-उदय आदि करणों-अवस्थाओं का जीव के भावों के साथ निमित्त-नैमित्तक सबधरूप वस्तु व्यवस्था, कर्मों के साथ जीव के वध और मोक्ष का सवध, जीव के भावों की स्वाधीनता और पराधीनता, **पुरुषार्थ का स्वरूप** और उसकी उपादेयता, **क्रमनियमित पर्याय** और वस्तु व्यवस्था, **वीतरागता और सर्वज्ञता,** दो द्रव्यों की पारमार्थिक भिन्नता, अशुभ शुभ और शुद्ध भावों का स्वरूप और उनकी हेय-उपादेयता, **वस्तुमात्र की स्वतत्रता और पर्यायगत योग्यता,** गुणस्थानादि २० प्ररूपणाओं का स्वरूप, ऊर्ध्व-मध्य-अधोलोक की व्यवस्था, तीन काल का निर्णय, द्रव्य-गुण-पर्याय का स्वरूप, **विषय-साधन-फल का निर्णय** इत्यादि को नहीं समझ सकने के कारण समयसार ग्रन्थ का मर्म ज्ञान में ग्रहण नहीं हो सकेगा।

नयों का यथोचित ज्ञान किये बिना **अभेदवृत्तिनय,** अभेद उपचारनय, भेद उपचारनय, **भेदवृत्तिनय,** परमशुद्ध निश्चयनय, शुद्धनिश्चयनय, एकदेश शुद्धनिश्चयनय, अशुद्धनिश्चयनय, शुद्धद्रव्यार्थिकनय, अशुद्ध द्रव्यर्थिकनय, शुद्ध पर्यायार्थिकनय, अशुद्ध पर्यायार्थिकनय, व्यवहार नय, उपचरितनय, अनुपचरित नय, सद्भूत व्यवहारनय, असद्भूत व्यवहारनय, इत्यादि नयों का तथा **प्रमाण-नय-निक्षेप** का यथार्थ अर्थ भावभासित हुए बिना समयसार ग्रन्थ के स्वध्याय से विशेष ज्ञान अर्जित नहीं हो सकेगा।

श्रोताओं द्वारा वक्ता या लेखक के स्तर तक का ज्ञान स्वयं प्राप्त किये बिना उसके यथार्थ अभिप्राय को ग्रहण नहीं किया जा सकता है। अतएव समयसार ग्रन्थराज का गभीर शुद्धात्मानुभूति प्रयोजक भाव ग्रहण करने के लिए हमें प्राथमिक जिनागम का व्याकरण, न्याय, करणानुयोग और नयज्ञान पूर्वक **वस्तुनिष्ठ विज्ञान पद्धति** से ज्ञान होना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है। आगम भाषा और आध्यात्म भाषा, **अग बाह्य पद्धति** और **अग प्रविष्ट पद्धति,** स्वपर के भेदविज्ञान और निज **आत्महित ज्ञापक पद्धति** का स्वरूप समझकर समयसार

ग्रन्थ का स्वाध्याय, पठन, श्रवण और मनन विशेष कार्यकारी होता है। **लौकिक ख्याति-लाभ आदि प्रयोजन रखने से कोई भी उद्देश्य प्राप्त नहीं होता है।**

समयसार ग्रन्थधिराज के अध्ययन का **प्रयोजन** तो अभेदवृत्तिनय-परमशुद्ध निश्चयनय के विषयरूप चैतन्य **निजध्रुवतत्त्व पूर्ण** ज्ञानानद अखण्ड एक शुद्ध टकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभाव को **ज्ञेय-विषय** बनाकर अपने मति-श्रुत-प्रमाणात्मक **ज्ञान साधन** के द्वारा **प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित** स्वसवेदन पूर्वक वीतरागता सहित परम आल्हादरूप फल-अतींद्रिय आनद का निर्विकल्प अनुभव करना है।

समयसार ग्रन्थ में विषय के रूप में तो नौ पदार्थ मुख्य रूप से हैं ही। प्रत्येक अधिकार की प्रत्येक गाथा और उसकी टीका हमें किसी न किसी प्रकार से स्व-पर का भेदविज्ञान करने और मिथ्यात्व की मान्यता छोडने की प्रेरणा देती ही दिखाई देती है। श्री जयसेनाचार्य जी तो इसीलिए प्रत्येक गाथा की टीका के अन्त में **तात्पर्य** या भावार्थ या अर्थ के रूप में हमें निज शुद्धात्मानुभूति प्राप्त करने की प्रेरणा देते हैं। वे अनेक जगह लिखते हैं कि ससार से भयभीत मोक्षार्थियों को समस्त रागादि विभाव भावों से रहित **शुद्ध द्रव्य-गुण-पर्याय** स्वरूप अभेद निज परमात्मा की भावना, ध्यान, अनुभूति, दर्शन, अवलोकन, उपलब्धि, सवित्ति, प्रतीति, ख्याति, सवेदन, निर्विकल्प सामायिक, अनुभव, वीतराग सम्यक्त्व, निश्चय सम्यक्त्व, शुद्धात्म का सम्यक् श्रद्धान-ज्ञान-अनुचरण करना चाहिए। अभेद रत्नत्रयात्मक स्वसवेदन, परमसमाधि, शुद्धात्मोपलब्धि, धर्मलब्धि, शुद्धात्मानुभव, निश्चय प्रत्याख्यान, वीतराग स्वसवेदन, सम्यग्ज्ञान, भेदज्ञान, शुद्धात्मा की भावना आदि और भी अनेक शब्दों द्वारा एक निज भगवान आत्मा का अनुभव करने की ही बार-बार प्रेरणा देते हैं।

प्रत्येक अधिकार की समाप्ति पर वे लिखते हैं - "समयसार की व्याख्या करने वाली **शुद्धात्मानुभूति लक्षणवाली तात्पर्यवृत्ति टीका** में यह   अधिकार समाप्त हुआ।"

इसी प्रकार प्रत्येक अधिकार में पग-पग पर भेदविज्ञान कराना ही उनका प्रयोजन है। शुद्धात्मानुभवी धर्मात्मा सम्यग्ज्ञानी जीव की सदा यही भावना रहती है कि जिस प्रकार **मैंने प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित** निज ध्रुव चेतन्य शुद्ध ज्ञायकभगवान कारणपरमात्मा, परमपारिणामिक भाव स्वरूप ज्ञानानद **स्वभाव** का अपनी **प्रमाणात्मक ज्ञान पर्याय में अनुभव कर लिया है,** उसी प्रकार तीनों लोकों के समस्त जीव अपने **स्वभाव** का अवलम्बन लेकर अतींद्रिय आनद के रस का आस्वादन कर पर्याय में पूर्ण सुखी होने का ज्ञानात्मक पुरुषार्थ प्रारम्भ करके, सदाकाल के लिये सिद्ध वनकर अनन्त **सुखी** हो जावें। **वे सभी जीवों को सदा द्रव्यदृष्टि से ही देखते हैं,**-इसी प्रकार उनकी पर्याय में राग की उत्पत्ति क्रमश कम होती हुई समाप्त हो जाती है और वे भी अल्पकाल में मुक्त होकर लोकाग्र में विराजमान हो जाते हैं।

विषय वस्तु   **जीव अधिकार** में व्यावहारिक नौ तत्त्वों से भिन्न निज ध्रुवशुद्ध ज्ञानानद **स्वभाव** प्रत्यक्ष दिखाकर, **परसमयपना** छोडकर **स्वसमयपना** प्रकट करने की पावन प्रेरणा दी है। यह ध्रुव स्वभाव अपने अनत गुणों से एकरूप अभेद है, और द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म से रहित है। वह निज ध्रुवस्वभाव पर्यायों और

गुणभेदों से रहित हे। ध्रुवस्वभाव का अनुभवन करनेवाला **निश्चयश्रुतकेवली**[1] कहलाता है। अभेदवृत्ति-शुद्धनिश्चयनय का विषय ही अनुभूति का विपय हे। **आत्मानुभूति कर लेना ही सम्पूर्ण जिनशासन का उपदेश-सार है।**[2] **आत्मानुभूति का पुरुषार्थ ज्ञानात्मक ही होता है।** जव तक इस जीव की द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्म आदि परद्रव्यों में कर्तृत्त्ववुन्द्रि, भोक्तृत्त्ववुद्धि, एकत्ववुद्धि और ममत्व वुद्धि रहती है तव तक वह अज्ञानी हे, आत्मानुभूति रहित है। शुद्धात्मानुभूति को स्वसवेदन ज्ञान, भेदज्ञान, भावना या ज्ञान शव्द से ही बार-वार कहा गया है।

गाथा क्रमाक ४१ (आत्मख्याति - ३६) के शीर्षक में आचार्य जयसेन इस प्रकार प्रश्नोत्तररूप में लिखते हें कि -

प्रश्न - "शुद्धत्मानुभूति (कारणपरमात्मा) का अनुभव किस प्रकार होता है ?"(भावक-भाव विवेक की विधि)

उत्तर - मोहादि का परित्याग इस प्रकार होता है", **"मोह मेरा कोई भी नहीं है। मैं तो एक उपयोग ही हूँ।"** उसे मोह से निर्ममत्व कहते हैं।

अजीव अधिकार में रागादि भावों को अजीव कहते हैं। अध्यवसान को, कर्म को, अध्यवसानों में तीव्र-मद अनुभाग को, नोकर्म को, कर्म के उदय को, तीव्रता-मदतारूप कर्म के अनुभाग (अनुभव) को, आत्मा ओर कर्म दोनों के मिलने से हुई अवस्था को, और कर्म के सयोग को - इन्हें ही मोही (अज्ञानी) लोग जीव कहते हैं - ऐसा मूल ग्रन्थकार कहते हैं, किन्तु ये सभी भाव तथा वर्णादि आठ भाव और रागादि इक्कीस भाव में ज्ञान नहीं होने से पुद्गल स्वभाव कहे गये हैं। उन्हें तो जहॉ पर जिनवाणी में जीव कहा गया है, वहॉ तो वह व्यवहारनय दिखाया हे। **वास्तव में तो जीव अरस, अवर्ण, अगन्ध, अव्यक्त, अलिगग्राह्य, अनिर्दिष्ट सस्थान, अशब्द और चेतनागुणवाला है।** वहॉ पर शुद्धात्मा को **अनुभूति**[3] कहा गया है।

कर्त्ता-कर्म अधिकार में कहते हें कि जव तक यह जीव अपने को क्रोधादि आस्रवभावों से भिन्न अनुभवरूप भेदविज्ञान (स्वसवेदन) नहीं कर लेता है तव तक वह अज्ञानी आत्मानुभव रहित होने से क्रोधादि भावों में कर्तृत्व-भोक्तृत्व-एकत्व-ममत्ववुद्धि सहित प्रवर्तता है और कर्मो का बध करता हुआ ससार में परिभ्रमण करता हे। जव इस जीव को **प्रत्यक्ष स्वानुभूतिरूप धर्मलब्धि**[4] प्राप्त हो जाती है, तब आत्मा और आस्रवभावों का भिन्न लक्षणरूप भेदज्ञान हो जाने से सम्यग्ज्ञानी हो जाता है, फलस्वरूप वध का निरोध हो जाता है और ससार सीमित रह जाता है। इस प्रकार आत्मज्ञान कर लेने से वध होना रुक जाता है। यहाँ **साख्यमत** में प्रवेश (निश्चयाभासी) होने का प्रसग नहीं आता है। इस अधिकार में तथा आगे भी **ज्ञान करना** का अर्थ **शुद्धात्मानुभूति** करना हे।

---

१ गाथा १० प्रवचनसार गाथा ३३ आ ख्या २ गाथा १७ ३ गाथा ५५-६० ४ गाथा ७६

यह आत्मा जव अपने को **प्रत्यक्ष** शुद्धात्मानुभूति रूप स्वसवेदन ज्ञान में शुद्धचिन्मात्र ज्योतिस्वरूप एक निर्मोह ज्ञान-दर्शनमय जानकर लीन होता है तो कर्मो का क्षय प्रारम्भ हो जाता है। ऐसे कर्म और नोकर्म के परिणाम को नहीं करनेवाले, अकर्ता स्वभाव का अनुभव करनेवाले जीव को **ज्ञानी** (आत्मानुभवी) कहा जाता है।

जीव के परिणाम और पुद्गल कर्म के परिणाम में परस्पर में निमित्त-नैमित्तिक भाव है, कर्ता-कर्मभाव नहीं है और भोक्ता-भोग्यभाव नहीं है। यदि जीव अपने भावों का कर्ता-भोक्ता है और पुद्गल कर्मो का भी कर्ता-भोक्ता है तो ऐसा मानने पर **द्विक्रियावादिता**[१] का प्रसग आता है जो जिनेन्द्रदेव को स्वीकार नहीं है। शुद्धात्मानुभव करते समय नये कर्म नहीं बधते हैं और पुराने बधे हुए कर्म निर्जरा को प्राप्त होते हैं। **कर्मबध का निमित्त कारण तो जीव का अशुद्ध उपयोग है।**

कार्य का होना तीन प्रकार से कहा है - परिणमित होना, ग्रहण करना और उत्पन्न होना।[२] इस प्रकार से कार्यरूप तो स्वय उपादान द्रव्य ही परिणमित होता है, निमित्त नहीं। अत उपादान ही कार्य का वास्तविक कर्ता है। निमित्त को तो व्यवहारनय से कर्ता **केवल कहा जाता है**। कर्मबध के प्रसग में कर्मो का उपादान कर्ता कर्म द्रव्य ही है, जीव के मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग भाव तो निमित्तमात्र हैं। इसी प्रकार जीव के रागादि भाव होने में उपादान कर्ता तो जीव द्रव्य ही है, कर्मो का उदयादि तो निमित्तमात्र है। शुद्धनय से देखा जाये तो ससार के सभी जीव शुद्ध हैं। कर्मो का बधन तो मात्र पर्याय में है, ध्रुव में वधन है ही नहीं। इसीलिये उपदेश भी पर्याय को ही दिया जाता है, पुरुषार्थ भी पर्याय द्वारा पर्याय में ही किया-कराया जाता है, और मोक्ष भी पर्याय में होता है। द्रव्य तो मुक्त ही है।

यहॉ यह सावधानी अवश्य रखनी चाहिए कि पर्याय अपने जीव द्रव्य से सर्वथा भिन्न नहीं है। जब भी पर्याय की भिन्नता (अतद्भावरूप) कही जाये तो कथचित् भिन्नता ही जानना-मानना चाहिए, सर्वथा नहीं। द्रव्य के बिना पर्याय और पर्याय के विना द्रव्य कभी नहीं रहता। द्रव्य को पर्याय से सर्वथा रहित अपरिणामी माननेवाले जीव को आचार्य ने साख्यमतानुसारी शिष्य कहकर पुद्गल तथा जीव द्रव्य का कथचित् परिणामित्व भी सिद्ध किया है[३]।

इसी प्रसग में टीकाकार आचार्य अमृतचन्द्र जी भी कुछ अत्यत महत्वपूर्ण कथन भी कर रहे हैं -

१ **कारणानुविधायिनी कार्याणि**[४] - जैसा कारण होता है वैसा ही कार्य होता है।

२ **न हि वस्तुशक्त्य परमपेक्षन्ते**[५] - वस्तु की शक्तियॉ पर की अपेक्षा नहीं रखती हैं।

३ **न हि स्वतोऽसति शक्ति कर्तुमन्येन पार्यते**[५] - जिस वस्तु में जो शक्ति नहीं होती है, वह शक्ति किसी अन्य के द्वारा उस वस्तु में नहीं की जा सकती है।

इसी प्रकार आत्मख्याति में **कलश ६२** और **कलश २००** भी अति महत्वपूर्ण होने से दृष्टव्य हैं।

---

१ गाथा ९१ से ११५ २ गाथा ८२ से ८५ ३ गाथा १२३ से १३० ४ आ ख्या गाथा ६८ ५ आ ख्या गाथा १२०, १२५

४ आत्मा ज्ञान स्वय ज्ञान, ज्ञानादन्यत्करोति किम्।
परभावस्य कर्तात्मा, मोहोऽय व्यवहारिणाम्।।६२।।

अर्थ - आत्मा ज्ञान स्वरूप है, स्वय ज्ञान करता है। ज्ञान करने के सिवाय वह और क्या करता है ? आत्मा पर भाव (द्रव्य) का कार्य करता है-ऐसा मानना व्यवहारी (अज्ञानी) जीवों का मोह (अज्ञान) है।

५ नास्ति सर्वोऽपि सबध परद्रव्यात्मतत्त्वयो ।
कर्तृकर्मत्वसबधाभावे तत्कर्तृता कुत ।।२००।।

अर्थ - परद्रव्य और आत्मतत्त्व में सभी सबध (कोई भी सबध) नहीं हैं। इस प्रकार कर्तृत्व-कर्मत्व सबध का अभाव होने से आत्मा को परद्रव्य का कर्तृत्व कहाँ से हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता है।

६ आचार्य अमृतचद्रजी ने लिखा है कि **व्याप्य-व्यापकता तत्स्वरूप में ही होती है,**[1] अतत्स्वरूप में नहीं होती है। और व्याप्य-व्यापक भाव के हुए बिना कर्ता-कर्म की स्थिति कैसी? अर्थात् वहाँ कर्ता-कर्म की स्थिति होती ही नहीं।

मिथ्यात्वादि पुराने कर्मों का उदय होना, नवीन पुद्गलों का कर्मरूप परिणमना व बधना, और जीव का अपने अतत्त्व श्रद्धानादि भावरूप परिणमना-यह तीनों ही कार्य एक समय में अपने-अपने में ही होते हैं। सब द्रव्य स्वतत्रतया अपने आप ही परिणमते हैं, कोई किसी का परिणमन नहीं कराता है।

७ जैसे अग्नि और उष्णता का तादात्म्य सबध है, उसी तरह **जीव और ज्ञानदर्शन उपयोग का तादात्म्य सबध है। यह अभिन्नता प्रत्यक्ष अनुभव में आती है।** किन्तु इस प्रकार का तादात्म्य क्रोध का जीव के साथ नहीं है। क्रोध का जीव के साथ एकान्त से तादात्म्य मानने पर जीव (सहज शुद्ध अखण्ड एक ज्ञान दर्शन उपयोगमय) और अजीव (विकारीभाव क्रोध) को एकत्व प्राप्त होता है।

जैसे - "क्रोध जीव से भिन्न है, विशुद्ध ज्ञान दर्शनमय जीव क्रोध से भिन्न है", यह शुद्ध निश्चयनय का कथन सम्मत है। उसी तरह व्यवहारनय से किया गया यह कथन भी सम्मत है कि "जीव क्रोध का कर्ता-भोक्ता है, जीव क्रोध से अभिन्न है"।

प्रश्न- यह दोनों बातें कैसे सम्मत हो सकती हैं ?

उत्तर - निश्चयनय का कथन और व्यवहारनय का कथन परस्पर सापेक्ष होने से।[2] जैसे - किसी ने कहा कि "देवदत्त अपनी दाहिनी ऑख से देखता है।" तब नहीं कहते हुए भी यह सिद्ध होता है कि देवदत्त बायी आख से नहीं देखता है। (याने बायी आख है किन्तु अभी उससे देख नहीं रहा है। उसी तरह ये दोनों नयों के कथन परस्पर सापेक्ष हैं, एकान्त नहीं)।

---

[1] कलश ४९ ● [2] गाथा १२० से १२२

इसी तरह जीव और क्रोध में भिन्नत्व तथा कर्तृत्व-भोक्तृत्व की विवक्षा ध्यान में रहना चाहिए। **जो इस परस्पर-सापेक्ष नय विभाग को नहीं मानते हैं** उनकी मान्यता में जीव को ससार और मोक्ष दोनों ही नहीं बनते हैं, क्योंकि जो सदा भिन्न और सर्वथा अकर्त्ता-अभोक्ता हे उसे कर्मबध का अभाव, ससार का अभाव ओर मोक्ष होने का अभाव का प्रसग आता है। ऐसा सदामुक्त जीव तो **साख्य** और **सदाशिवमत** में माना गया है, जिनमत में नहीं। जीव को कथचित् परिणामी और कथचित् अपरिणामी मानने में ही जिनमत के स्याद्वाद, अनेकात, वस्तु स्वातन्त्र्य, कर्म सिद्धात, ससार, पुरुषार्थ और मोक्ष की सिद्धि होती हे।

इसलिए पुद्गल द्रव्य से भिन्न शुद्ध परमात्म भावना में परिणत अभेद रत्नत्रय लक्षणवाले भेदज्ञान से प्रत्यक्ष अनुभव में आनेवाला चिदानद एक स्वभाव निज शुद्धात्मा ही शुद्ध निश्चयनय से उपादेय है, किन्तु भेद रत्नत्रय स्वरूप को अभेदरत्नत्रय का साधक होने से व्यवहारनय से उपादेय कहा जाता है। इस प्रकार शब्दार्थ, मतार्थ, नयार्थ, आगमार्थ और भावार्थ सभी स्थानों पर जानना चाहिए'।

प्रश्न : जो परमनिरसग साधु वाह्य-अभ्यतर परिग्रह को छोडकर वीतराग चारित्र के अविनाभूत भेदज्ञान से अपने आत्मा को अनुभवता है, उसका अनुभव में आनेवाला आत्मा कैसा है ?

उत्तर · विशुद्ध ज्ञान-दर्शन उपयोगवाला आत्मा है। ऐसे उपयोग स्वभाववाले नोकर्म-द्रव्यकर्म-भावकर्म रहित शुद्ध स्वभाववाले आत्मा को निस्सग साधु अनुभव करते हैं। ऐसे आत्मा का अनुभव करने के कारण उन्हें जितमोह, जितराग, जितद्वेष, जितक्रोध, जितमान, जितमाया, जितलोभ, जितकर्म, जितनोकर्म, जितमन, जितवचन, जितकाय, जितवुद्धि, जितउदय, जित शुभाशुभ परिणाम, जितश्रोत्र, जितचक्षु, जितघ्राण, जितरसना, जितस्पर्शन, जितपरिग्रह आदि कहते हैं[१]।

श्री जयसेनाचार्यजी इस ग्रन्थ की टीका में अनेक स्थानों पर लिखते हैं कि "उपादानकारणसदृश कार्यं" **"उपादान कारण के समान ही कार्य होता है, ऐसा शास्त्र का वचन है।"** इसीलिए अज्ञानी के सभी भाव अज्ञानमय होते हैं, और ज्ञानी आत्मानुभवी जीव के सभी भाव ज्ञानमय होते हैं। जैसे स्वर्ण में से स्वर्ण के आभूषण और लोहे में से लोहे के वर्तन ही होते हैं। ज्वार का वीज वोने से बासमती चावल पैदा नहीं हो सकते हैं।

अज्ञानी शिष्य को सबोधन करने की पद्धति -

वे मिथ्यादृष्टि-अज्ञानी-वहिरात्मा-अप्रतिवुद्ध- शुद्धात्मानुभूति शून्य जीव के सवध में जव कथन करते हैं तो उसे प्राय इस प्रकार से सबोधन करते हें -

१ **शुद्धात्मा ही उपादेय है - इस प्रकार की रुचि नहीं रखनेवाला[१]।**

२ अपनी शुद्धात्मा को **स्वसवेदनज्ञान के द्वारा नहीं जाननेवाला।[१]**

३ अपनी शुद्धात्मा को **परमसमाधि से नहीं अनुभव करनेवाला।[१]**

---

[१] गाथा १२३ से १२५ की टीका ● २ गाथा १३१ ● ३ गाथा १३९

४ अनत ज्ञानादि चतुष्टयरूप शुद्धात्मतत्त्व उपादेय है, उसे छोडकर जिसकी अन्यत्र रुचिरूप उपादेय बुद्धि है।

५ आत्मोत्थ सुखसवेदन का अभाव होने से जो विषय-कषायों से दूर नहीं हुआ है।

६ निश्चय रत्नत्रय लक्षणवाले शुद्धात्मतत्त्व को नहीं जाननेवाला।

७ शुद्धात्मतत्त्व के सम्यक्श्रद्धान, सम्यग्ज्ञान ओर शुद्धात्मानुभूति लक्षणवाले अभेद रत्नत्रय की भावना के विषय में जो अज्ञानी है।

८ सहजानद एक स्वभावरूप निजात्मा में रति नहीं करनेवाला।

९ शुद्धात्मा के प्रतिपक्षभूत मिथ्यात्व रागादि के साथ परिणमन करनेवाला।

१० निर्विकार चैतन्य चमत्कारमात्र निज परमात्मतत्त्व परमपारिणामिक भाव स्वभावसिद्ध में भावभासना नहीं करनेवाला।

१० एक शुद्धात्मा ही अपना स्वभाव है, ये मिथ्यात्व रागादि विभाव भाव अपना स्वभाव नहीं हैं - ऐसा नहीं माननेवाला।

१२ परमसामायिक भावना परिणत अभेद रत्नत्रय लक्षणवाले निर्विकल्प समाधि से समुत्पन्न परमानद सुख समरसी भाव से परिणत शुद्ध जीव ही उपादेय है - ऐसा नहीं माननेवाला।

१३ निर्विकल्प निर्मोह निरजन निज शुद्धात्म समाधि से प्रगट होनेवाले सुखामृत रसानुभूति लक्षणवाले शुद्धात्मा को जानकर शुद्धात्मा का अनुभव करने के लिए ध्यान नही करनेवाला।

१४ निर्मल आत्मानुभूति लक्षणवाले निज शुद्धात्म स्वभाव से भिन्नस्वरूप क्रोधादि भावों में भी मैं ही क्रोध हू, ऐसा अभेदरूप से परिणमन करनेवाला[1]।

१५ स्वसवेदनज्ञान के वल से क्रोधादि आस्रवभावों से भिन्न शुद्धात्म स्वभाव को नहीं जाननेवाला[2]।

१६ श्री धर्मलब्धि के काल में प्रत्यक्ष स्वानुभूति के द्वारा अपने शुद्धात्मा के स्वभाव का और काम क्रोधादि आस्रव का लक्षणरूप भेदविज्ञान का अनुभव नहीं करनेवाला[3]।

१७ चिदानद एक स्वभाववाले शुद्धात्मा को छोडकर कदाचित् विषय-कषायरूप अशुभोपयोग परिणाम को करनेवाला ओर कदाचित् भोगाकाक्षा निदान स्वरूप शुभोपयोग परिणाम को करनेवाला।

१८ निर्विकार चिच्चमत्कारमात्र परिणति रहित जीव उदयागत कर्म पुद्गलों का निमित्त पाकर मिथ्यात्व रागादि भावों से परिणमित होनेवाला।

१९ निर्विकल्प स्वशुद्धात्मा की उपलब्धि से प्राप्त होनेवाले सुखामृत रसास्वाद से रहित जीव।

---

१ गाथा ७४ ● २ गाथा ७५ ● ३ गाथा ७६

२०	स्वशुद्धात्मा की उपादेय रुचिरूप निर्विकार चिच्चमत्कारमात्र लक्षणरूप शुद्ध उपादान कारण से उत्पन्न होनेवाले **निश्चय सम्यक्त्व को प्राप्त नहीं होनेवाला**[१]।

२१	स्वशुद्धात्मानुभव से उत्पन्न **वास्तविक सुखास्वाद की अनुभूति से रहित** आत्मा।

२२	समस्त रागादि विकल्प रहित **स्वसवेदनज्ञान के अभाव से परमार्थिक भेद को न जाननेवाला।**

इस अधिकार की समाप्ति के पूर्व **गाथा १४० से १४४** तक **श्री कुदकुद** आचार्य द्वारा **मिथ्यात्वादि बध के प्रत्ययों की जो परिभाषायें दी हैं** वे भी स्मरणीय हें, वे आचार्य जयसेन की भाषा में देखिए -

१	अनतज्ञानादि चतुष्टयरूप शुद्धात्मतत्व उपादेय है, उसे छोडकर जीवों की जो **अन्यत्र रुचिरूप उपादेय बुद्धि** होती है वह श्रद्धान **मिथ्यात्व का उदय** है।

२	भेदज्ञान को छोडकर जीवों का जो विपरीत अभिनिवेशरूप से **परद्रव्य के साथ एकत्व** की प्रतीति है, वह **अज्ञान का उदय** है।

३	आत्मोत्थ सुखसवेदन के अभाव होने पर जो **विषय-कषायों से दूर नहीं होना** हे वह ससारी जीवों के **असयम का उदय** है।

४	प्रशात निर्विकल्प आत्मानुभूति लक्षणवाले शुद्धोपयोग को छोडकर जो **क्रोधादि कषायरूप उपयोग परिणाम** है, वह जीवों के **कषाय का उदय** है।

५	जीवों के मन-वचन-काय की वर्गणा के आधार से वीर्यान्तराय के क्षयोपशमजनित कर्मों के आने में हेतुभूत जो **आत्म प्रदेशों का परिस्पदन** लक्षणवाले प्रयत्नरूप से जो व्यापार-उत्साह (चेष्टोत्साह) है वह **योग का उदय** है।

यहॉ पर श्री आचार्य जयसेन भावार्थरूप में लिखते हैं कि उदयागत द्रव्य प्रत्ययों के निमित्त होने पर यदि जीव स्व-स्वभाव को छोडकर **रागादिरूप भावप्रत्ययरूप से परिणमन करता है तब बध होता है, केवल उदयमात्र होने से बध नहीं होता है,** जैसे घोर उपसर्ग होने पर भी पाण्डवों को स्वभाव से चलायमान नहीं होने से बध नहीं हुआ।

यदि उदय होने मात्र से वध होता हो तव तो सदाकाल ही ससार रहेगा, कोई भी जीव मुक्त नहीं होगा, क्योंकि ससारी जीवों को सदा कर्मों का उदय रहता है। तात्पर्य यह है कि उदयागत द्रव्यप्रत्यय के निमित्त से जव मिथ्यात्वादि भावप्रत्ययरूप जीव परिणमन करता है तब वह उदय नये कर्मो का बध का कारण होता है।

वास्तव में प्रत्येक द्रव्य अपनी-अपनी अवस्था का स्वय ही कर्ता है, कोई भी परद्रव्य किसी दूसरे द्रव्य की अवस्था का कर्ता नहीं है। जीव के रागादि परिणामों का कर्ता जीव है, पुद्गल की कर्म आदि अवस्था का कर्ता पुद्गल है।

---

[१] गाथा ९१

व्यवहारनय कहता है जीव कर्मो से वद्ध-स्पृष्ट है, शुन्द्रनय कहता है जीव कर्मो से अवद्ध-अस्पृष्ट है। शुन्द्र पारिणामिक परमभावग्राहक शुद्ध द्रव्यार्थिकनय से जीव ऊपर कथित दोनों नयों के विकल्पों से ही रहित है। विकल्प जीव का स्वरूप नहीं है। जीव का स्वरूप नयपक्षपातरहित स्वसवेदन ज्ञानी जीव के अभिप्राय के अनुसार तो वद्ध-अवन्द्र मूढ-अमूढादि नय विकल्परहित चिदानद एक स्वभावरूप है। छद्मस्थ जीव की अपेक्षा से व्यवहारनय से जो जीव का स्वरूप कहा जाता है, केवलज्ञान की अपेक्षा से वह शुन्द्रजीव का स्वरूप नहीं है।

श्री आचार्य अमृतचन्द्र ने आत्मख्याति टीका में **कलश ६९ और ७०** में यह वात वहुत ही स्पष्ट करते हुए कहा है कि-जो पुरुप नयों का पक्षपात छोडकर अपने स्वरूप में गुप्त होकर नित्य रहते हैं, वे विकल्प-जाल छोडकर शान्तचित्त होकर **साक्षात्** अमृत का पान करते हैं। एक नय का पक्ष तो ऐसा है कि यह चिन्मात्र जीव कर्मो से वधा है, और दूसरे नय का पक्ष ऐसा है कि जीव में वध नहीं है। ये दो नय पक्ष हैं, पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेदी स्वात्मानुभवी पक्षपात रहित है उसे **निरतर** चित्वरूप जीव चित्वरूप से ही अनुभव में आता है।

सार जो यह नयपक्षपात रहित स्वसवेदन ज्ञानी है वह दोनों नयों के वन्द्र-अवद्ध मूढ-अमृढादि नय विकल्प रहित चिदानद एक स्वभाव को इस प्रकार जानता है **जैसे भगवान केवली** निश्चयनय और व्यवहारनय के द्वारा कहे हुए पदार्थ को द्रव्य-पर्यायरूप जानते हैं, और उसी प्रकार गणधरदेव आदि छद्मस्थ भी दोनों नयों द्वारा कहा हुआ वस्तुस्वरूप जानते हैं तथापि निर्विकार समाधिकाल में शुन्द्रात्मा के स्वभावरूप से साधन में किसी भी विकल्प को नहीं ग्रहण करते हैं'[1]।

आत्मा निर्विकल्प समाधि में स्थित शुद्धात्मानुभवी पुरुपों द्वारा इद्रिय-अनिद्रिय जनित वाह्य विषयों सवधी समस्त मतिज्ञान के विकल्पों से रहित होकर और (श्रुतज्ञान सवधी) वन्द्र-अवद्धादि विकल्परूप नयपक्षपात से भी रहित होकर समयसार का अनुभव करता हुआ ही देखा और जाना जाता है, इसलिए केवल सकल विमल ज्ञान दर्शन नाम पाता है, वद्ध या अवद्ध नाम नहीं पाता है[2]।

आचार्य अमृतचन्द्र का आत्मख्याति टीका में भी इन्हीं गाथाओं का भाव देखिये - **जैसे भगवान केवली** केवलज्ञान के द्वारा किसी भी नयपक्ष को ग्रहण नहीं करते, इसी प्रकार श्रुतज्ञानी आत्मा अनुभव के समय समस्त नयपक्ष के ग्रहण से दूर हुए होने से वास्तव में समस्त विकल्पों से **अति पर, परमात्मा, ज्ञानात्मा, प्रत्यग्ज्योति, आत्मख्यातिरूप, अनुभूतिमात्र समयसार है**[3]।

इसी के आगे भावार्थ में पण्डित जयचन्द्रजी छावडा लिखते हैं - **जैसे केवली भगवान** सदा नयपक्ष के स्वरूप के साक्षी (ज्ञाताद्रष्टा) हैं, उसी प्रकार श्रुतज्ञानी भी जव समस्त नयपक्षों से रहित होकर शुद्ध चेतन्यमात्र भाव का अनुभवन करते हैं, तव वे नयपक्ष के स्वरूप के ज्ञाता ही हैं। और जव नयपक्ष को छोडकर वस्तुस्वरूप को मात्र जानते ही हैं तव उस समय **श्रुतज्ञानी भी केवली की भाति वीतराग जैसे ही होते हैं,**

---

१ गाथा १५१ ● २ गाथा १५२ ● ३ गाथा १४३ आ ख्या

ऐसा जानना। "जैसे भगवान केवलज्ञान के द्वारा . . आत्मा को आत्मा से आत्मा में अनुभव करने के कारण केवली हैं, उसी प्रकार हम भी ..श्रुतज्ञान के द्वारा आत्मा को आत्मा से आत्मा में अनुभव करने के कारण श्रुतकेवली हैं'।"

जिसका समस्त विकल्पों का व्यापार रुक गया है, ऐसा जो समयसार है इस एक को ही वास्तव में केवल सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान नाम प्राप्त होता है। जिसने मतिज्ञान तत्त्व को आत्म सन्मुख किया है, तथा श्रुतज्ञान तत्त्व को भी आत्मसन्मुख करता हुआ अत्यन्त विकल्प रहित होकर . . अनाकुल, केवल, एक, सम्पूर्ण विश्व पर ही मानों तैरता हो, ऐसे अखण्ड प्रतिभासमय, अनन्त विज्ञानघन परमात्मरूप समयसार का जब आत्मा अनुभव करता है तब उसी समय आत्मा सम्यकृतया दिखाई देता है और ज्ञात होता है।[२]

हार्द . इस प्रकार प्रत्यक्ष स्वशुद्धात्मा की अनुभूति दिखलाने की प्रक्रिया से भरपूर, कर्ताकर्म की प्रवृत्ति का प्रारभ कैसे होता है और उसका अभाव स्वस्वरूप को जानने से कैसे हो जाता है - इत्यादि प्रमेय बहुल, सिद्धात बहुल, जिनवाणी के सभी अनुयोगों के सभी शास्त्रों में अनुपम और आगे के सभी अधिकारों की पीठिका रूप अनूठा यह कर्ताकर्म अधिकार समयसार का हार्द है। राग और ज्ञान की भिन्नता तथा जीव और कर्म की अनेक प्रकार से भिन्नता तथा एक दूसरे का अकर्तृत्त्व का बोध करानेवाला भेदज्ञान से ओतप्रोत आत्मानुभूति के आनद का आस्वादन करानेवाला यह अधिकार पुण्य-पाप अधिकार के पहिले समाप्त होता है।

इसके स्थान क्रम से यह भी ज्ञात होता है कि पुण्य-पापरूप भावों और तज्जनक बाह्य क्रियाओं का परिवर्तन मात्र या आचरण न तो सम्यग्दर्शन की अनिवार्य भूमिका ही हो सकती है और न ही कर्ताबुद्धिरूप अगृहीत-गृहीत मिथ्यात्व के अभाव का प्रधान कारण हो सकता है। **रागभाव का ज्ञानभाव से भेद जाने बिना न कर्ताबुद्धि मिट सकती है और न राग का अभाव किया जा सकता है।**

पुण्य-पाप अधिकार की आचार्य जयसेन ने **प्रथम १० गाथाओं** को पुण्य अधिकार और **शेष ९ गाथाओं** को पाप अधिकार नाम दिया है। इस अधिकार में आचार्य कहते हैं कि **सभी ८ कर्म हैं, उनमें से कोई भी कर्म धर्म रूप नहीं है।** कर्म से बध ही होता है, मुक्ति नहीं होती। घातिया कर्म तो सभी पापरूप ही हैं, उनमें से मोहनीयकर्म जो सभी का नेता है, बध करने में जिस की सर्वाधिक बलवान और प्रधान भूमिका है, उसका एक भेद चारित्रमोह नाम का कर्म ही पुण्य के रूप में अज्ञानी जीवों को भ्रम से अपने को धर्म के रूप में प्रस्तुत करके ससार में ही घुमाने का कार्य करता है। **मिथ्यात्व के प्रभाव से अज्ञानी जीव इस चारित्रमोह नाम के पुण्य कर्म को धर्म मानकर ठगाये जाते हैं।** प्रवचनसार में तो कहा है कि पुण्य और पाप में अतर नहीं है। जो ऐसा नहीं मानता वह मोहाच्छादित होता हुआ घोर अपार ससार में परिभ्रमण करता है[३]।

---

१ प्रवचनसार गाथा ३३ • २ आ ख्या गाथा १४३ • ३ प्रव गाथा ७७

यहॉ पर हेतु, स्वभाव, अनुभव और आश्रय का दो प्रकार से विचार करके वहुत ही सशक्त युक्तियों के वल से पुण्य और पाप में वधमार्गरूप समानता सिद्ध करके जीवों को पुण्य के तथा पाप के भ्रमजाल में से निकालने के लिये निज शुन्द्रात्मानुभूति को ही यथार्थ मोक्षमार्ग वतलाया हे।[2] एक वहु प्रचलित **सोने की** वेडी ओर लोहे की वेडी का उदाहरण भी इसी अधिकार में आया हे जो शुभभावों ओर अशुभभावों दोनों को वेडियों के समान वधनकारक सिन्द्र करके उनका सग छुडाकर स्वाधीन शुन्द्रात्मा का आश्रय लेने की प्रेरणा देता हे।

एक अन्य **उदाहरण में** आचार्य अमृतचन्द्र ने पुण्य ओर पाप कर्म को अज्ञानरूप **शूद्रा के दो पुत्र** कहकर एक ब्राह्मणी के यहॉ और एक शूद्रा के यहॉ ही पलकर वढना वताया है।[3] किन्तु आचार्य जयसेन ने क्रियाकाण्ड में धर्म माननेवालों को समझाने के लिये इस उदाहरण में एक ही **ब्राह्मणी के दो पुत्र** वतलाकर एक का उपनयन सस्कार हो जाने से ब्राह्मण हो जाना तथा दूसरे का उपनयन सस्कार न हो पाने से शूद्र ही रहना कहा और पुण्य पाप में समानता सिद्ध की है।[4]

आचार्य जयसेन अनेक स्थानों पर प्राकृत भाषा के नियम और अर्थ करने की पद्धति के बारे में भी स्पष्टता करते जाते हैं। वहाँ लिग व्यभिचार, वचन व्यभिचार और कारक व्यभिचार को दोष नहीं माना जाता है।

इसी प्रकार उन्होंने सासारिक सुख, सोभाग्य, ख्याति, पूजा, लाभ आदि के प्रयोजन से किये जाने वाले व्रत, तपश्चरण, दान-पूजादि को उसी प्रकार व्यर्थ कहा है जैसे कि कोई छाछ पाने के लिये रत्न वेचता हे, भस्म पाने के लिये रत्नराशि जलाता है, धागा पाने के लिये मोतियों के हार को तोडता है या कोदों अनाज पाने के लिये चदन के वृक्षों के वन को काट डालता है। परमात्म प्रकाश में कहा हे - किले के लिए मदिर जलाने जेसा विषयभोग भोगना हे।

आचार्य कहते हैं कि पुण्य और पाप दोनों ही कर्म शुद्ध निश्चयनय से केवल वध के कारण हें और निषेध किये जाने योग्य हैं। वे कहते हैं कि जिनेन्द्र भगवान का उपदेश है कि किसी भी कर्म से राग-प्रीति नहीं करो। यद्यपि अनुपचरित असद्भूत व्यवहारनय से द्रव्य-पुण्य-पापों में भेद है, अशुद्ध निश्चयनय से उन दोनों-पुण्य और पाप कर्मो से उत्पन्न सुख-दुख में भेद है, तथापि शुद्ध निश्चयनय से उनमें भेद नहीं है। रागी वधता है और वैरागी छूटता है। शुभ छोडकर अशुभ में जाने का भी निषेध ही किया है।

वास्तव में स्वसवेदनज्ञान ही मोक्ष का कारण है, और अज्ञान तथा अज्ञानपूर्वक की गई समस्त क्रिया मोक्ष का कारण नहीं है। पुण्य का **चाहनेवाला तो** अज्ञानी है, वही उस पुण्य को मोक्ष का कारण मानता है। मोक्ष का मार्ग तो सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूप रत्नत्रय है। मोक्षमार्ग का कारण शुन्द्रात्मा का स्वसवेदन ज्ञानरूप अनुभव ही है। इस प्रकार पुण्य की चाह का और अज्ञानपूर्वक किये जाने वाले आचरण का निषेध करके शुद्धात्मानुभूति प्रकट करने की पावन प्रेरणा दी है।[6]

---

१ गाथा १५३ २ गाथा १५६ ३ आ ख्या कलश १०१ ४ गाथा १५३ ५ गाथा १५८ ६ गाथा १६२

आस्रव अधिकार मे मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगो को चेतन और अचेतन दो प्रकार के कहकर दोनों को एक दूसरे का निमित्त भी वतलाया है। किन्तु एक दूसरे को परस्पर में कर्ता नहीं वतलाया है। मोहोदय को अज्ञानी के लिये ही वध का निमित्त कारण कहा है, ज्ञानी के लिये नहीं। वास्तविक वध का कारण तो जीव का अज्ञान-राग भाव ही हे। पुन कहा है कि यदि द्रव्य कर्मो के उदयमात्र से वध होगा तो सर्वदा ससार ही वना रहेगा, क्योंकि ससारी जीवों को सर्वदा ही कर्मो का उदय विद्यमान है।

जहॉ सवर नहीं है वहॉ आस्रव होता है। वे लिखते हैं कि **निश्चय चारित्र और वीतराग सम्यक्त्व में अविनाभाव सबध है**[1]। शुद्धात्मस्वरूप से च्युतजीवों को आठों कर्मों का आस्रव होता है, तथा उस आस्रव का कारण उदयागत द्रव्यकर्म होते हैं। और उन द्रव्यकर्मो के उदय का कारण राग द्वेषादि भाव परिणत जीव है। व्यवहारनय से मोहसहित कर्मोदय को नवीन वध का कारण कहते हैं। अशुद्ध निश्चयनय से जीव के रागादि अज्ञानभावों को वध का कारण (निमित्त) कहा जाता है।

वीतराग स्वसवेदन ज्ञानी जीवो को (स्वानुभवी जीवों को) रागद्वेष-मोहरूप भावास्रवों का अभाव है[2]। आगे गोम्मटसार कर्मकाण्ड की गाथा ९४ का सदर्भ देने के पूर्व वे लिखते हैं कि सराग और वीतराग के भेद मे दो प्रकार के सम्यग्दृष्टि होते हैं। ४ थे से ५ वे गुणस्थान तक के जीव जव स्वानुभूति नहीं ले रहे होते हैं तव उन्हें सरागसम्यक्त्वी ओर जव वे अनुभूति ले रहे होते हें तव उन्हें वीतराग सम्यक्त्वी कहते हैं।

सत्ता में रहे हुए कर्म सम्यग्ज्ञानी जीव को वध के कारण उसी प्रकार नहीं होते हैं जैसे मुट्ठी में रखा हुआ विप जीव को कुछ भी वाधा नहीं पहुचाता है। आचार्य कुदकुद ने सत्ता में रहनेवाले कर्मो की तुलना बाला स्त्री से तथा उदयागत कर्मो की तुलना तरुणी स्त्री से की हे।

सवर अधिकार मे आचार्य कहते हैं जहॉ मिथ्यात्व-रागादि परिणत वहिरात्मभावनामय आस्रव नहीं है वहॉ सवर है। उपयोग शब्द के तीन अर्थ होते हैं- शुद्ध आत्मा, अनुभूति स्वरूप ज्ञानपर्याय और शुद्ध **चारित्रपर्याय**। जिस काल में ज्ञानपर्याय अपने निजध्रुव की अनुभूति करती है उसी काल में चारित्रपर्याय आशिक **लीनता** भी कर लेती है। ऐसी प्रथम अवस्था को सवर कहते हैं। उस अनुभूति के काल में ज्ञानपर्याय तथा श्रद्धापर्याय और चारित्र पर्याय का विपय शुद्धात्मा ही रहता हे अतएव अतींद्रिय आनद प्रकट होता है। तभी सभी गुणों का झुकाव आत्मा की ओर हो जाता है। उपयोगरूप ज्ञानपर्याय उपयोग स्वरूप शुद्धात्मा को विषय वनाती है तो आशिक स्थिरतारूप शुद्धोपयोग भी हो जाता हे। ज्ञानगुण तथा चारित्रगुण की पर्याय स्वसन्मुखतापूर्वक अपना-अपना कार्य अपने-अपने में रहते हुए स्वय ही करती हें।

ज्ञानपर्याय यह जानती है कि यह **मेरा निजध्रुव शुद्ध बुद्ध एक स्वभाव वाला शुद्धात्मा है**। उसे जानने का नाम वास्तव में भेदविज्ञान हे। उस काल में कोई रागादि भाव उत्पन्न ही नहीं होते हैं, तो उनका भिन्नत्व भी भासित हो जाता हे। शुद्धात्मस्वभाव का अनुभव करनेवाले ज्ञानी जीव को ध्यान करने से-अनुभव करने से

---

१ गाथा १७४ १७५ • २ गाथा १७८

शुद्धात्मा की प्राप्ति होती है, सवर होता है। जो आत्मा अपने आत्मा को अपने दर्शन-ज्ञानमय नि सग स्वभाव में रोककर, इच्छारहित व पुण्य-पाप के भावों से रहित योगरूप होकर, अपने आत्मा का ध्यान करता है और कर्म नोकर्म का अनुभव नहीं करता है वह जीव अपने आत्मा का ध्यान करता हुआ शीघ्र ही आत्मा को प्राप्त कर लेता है, अर्थात् निजशुद्धात्मस्वभाव का ध्यान करने से-अनुभव करने से निजात्मा प्राप्त होता है, यही भेदविज्ञान है, यही सवर है, यही स्वसवेदन है, यही शुद्धात्मानुभवन है।

यहाँ पर आचार्य श्री जयसेन प्रश्न करते हैं कि-परोक्ष आत्मा का ध्यान कैसे होता है? क्योंकि ध्यान में तो इष्टोपदेश के **श्लोक २७** के अनुसार आत्मा अपने को ऐसा ध्याता हे कि **"मैं एक हूँ, निर्मम हूँ, शुद्ध हूँ, ज्ञानमय हूँ, योगीन्द्रगोचर हूँ, अन्य सभी सयोगज भाव मुझसे बाह्य (भिन्न) हैं, मैं समस्त सयोगों से रहित हूँ।"** वहाँ आचार्य उत्तर देते हैं कि-जैसे उपदेश में देवता का स्वरूप परोक्ष कहा जाने पर भी कोई देवदत्त उस देवता को प्रत्यक्ष जान लेता है, उसी प्रकार शास्त्र में शब्दों द्वारा आत्मा का स्वरूप कहा गया है उससे कोई जीव उसी आत्मा को अपने चित्त में प्रत्यक्ष ग्रहण कर लेता है-प्रत्यक्ष भासित कर लेता है[१]। यही कथन इष्टोपदेश में **श्लोक ३३** में भी किया है कि-जो गुरु के उपदेश से, शास्त्र के अभ्यास से और स्वसवेदन से स्व और पर का भेद प्रत्यक्ष अनुभव में जान लेता है वह निरन्तर मोक्षसुख का अनुभव करता है।

कोई ज्ञानी साधु ही इस वर्तमान पचमकाल में परोक्षज्ञान (मतिश्रुतरूप क्षयोपशमज्ञान) में प्रवर्तता हुआ यह कहेगा कि मुझे प्रत्यक्ष ही आत्मा दिख गया। आचार्य जयसेन प्रश्नोत्तर करते हैं कि-"परोक्षज्ञान में प्रत्यक्ष आत्मा दिखाई देता है।" जो ऐसा मानता है-कहता हे, उसके पास जाकर हम पूँछते हें-कि "ऐसा नहीं है" अर्थात् आत्मा प्रत्यक्ष दिखाई नहीं देता है? यहाँ वास्तव में इस प्रकार से प्रश्न किया है[२] -

प्र "क्या कोई ज्ञानी साधु वर्तमानकाल में ऐसा कहता है कि-आत्मा प्रत्यक्ष दिखाई नहीं देता है"?

उ "कोई भी ऐसा नहीं कहता है।"

प्र "क्या कहा ?"

उ. "कोई भी ऐसा नहीं कहता है, (कि आत्मा प्रत्यक्ष दिखाई नहीं देता है)।"

"किन्तु कोई ऐसा भी तो नहीं कहता है कि यह आत्मा का स्वरूप मैंने चतुर्थकाल के केवलज्ञानी की तरह प्रत्यक्ष ही देख लिया है।"

प्र "तो फिर आपने किस प्रकार यह आत्मस्वरूप प्रत्यक्ष देखा है ?"

उ "केवलज्ञान की अपेक्षा से परोक्ष कहे जाने वाले (किन्तु अपने) श्रुतज्ञान में प्रवर्तमान आत्मस्वरूप को मैंने प्रत्यक्ष देखा है।"

---

१ गाथा १९८, १५९ ● २ गाथा १९९

"इसी का कुछ और विस्तार करते हैं-यद्यपि केवलज्ञान की अपेक्षा से रागादि विकल्परहित स्वसंवेदनरूप भावश्रुतज्ञान को शुद्ध निश्चयनय से परोक्ष कहते हैं, तथापि इंद्रियमनोजनित सविकल्पज्ञान की अपेक्षा से (उसी भाव श्रुतज्ञान को) प्रत्यक्ष कहते हैं। इसी कारण से आत्मा स्वसंवेदन ज्ञान की अपेक्षा से प्रत्यक्ष है, और केवलज्ञान की अपेक्षा से वही आत्मा (जो श्रुतज्ञान में जाना गया है) परोक्ष भी है। किन्तु वह आत्मा सर्वथा परोक्ष ही है, ऐसा नहीं कहा जाता है।

किन्तु चतुर्थकाल में भी क्या केवली आत्मा को हथेली पर रखकर दिखाते हैं ? वे केवली भगवान भी दिव्यध्वनि से कहकर चले जाते हैं। तथापि सुनते समय श्रोताओं का आत्मा परोक्ष ही है, और पश्चात् परमसमाधि के समय में (अनुभूति में) यह आत्मा प्रत्यक्ष ज्ञात होता है।

उसी प्रकार इस वर्तमान काल में भी है अर्थात् उपदेश सुनते समय या आगम से जानते समय आत्मा परोक्ष है, परमसमाधि याने ध्यान मे स्वानुभूति के काल में आत्मा स्वयं को प्रत्यक्ष है। यह भावार्थ है।

इस प्रकार परोक्ष आत्मा का ध्यान कैसे किया जाता है? इस प्रश्न के परिहाररूप से दो गाथायें हुई' ।"

सर्वज्ञदेवों ने मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति भाव और योग-इन चार अध्यवसानों को रागादि विभावों के आस्रव का कारण कहा है। ज्ञानी के मिथ्यात्वादि अध्यवसानरूप हेतुओं का अभाव होने से नियम से आस्रव का निरोध होता है, आस्रवों के न होने से कर्म का निरोध होता है, कर्म का निरोध होने से नोकर्मो का भी निरोध हो जाता है, और नोकर्म का निरोध होने से संसार का निरोध हो जाता है[२]।

भावकर्म का स्वरूप जीवगत और पुद्गलगत-ऐसा दो प्रकार का जानना चाहिए।

निर्जरा अधिकार में आचार्य जयसेन ने संवरपूर्वक होनेवाली निर्जरा का लक्षण वीतराग निर्विकल्प समाधिरूप शुद्धोपयोग कहा है। इस अधिकार में चतुर्थ-पंचम गुणस्थानवर्ती जीव को सराग सम्यग्दृष्टि कहा है[३], तथा उससे ऊपर के गुणस्थानवर्ती जीवों को वीतराग सम्यग्दृष्टि कहा है। यहाँ निर्जरा के प्रकरण में जब पहले से तीसरे गुणस्थानवाले जीव को बंधक कहते हैं तो ऊपर के गुणस्थान-चतुर्थादि गुणस्थान के जीव को अबंधक कहते हैं। इसी प्रकार जब चतुर्थ गुणस्थानवाले जीव को बंधक कहते हैं तो आगे के पंचमादि गुणस्थानवाले जीव को अबंधक कहते हैं। और इसी प्रकार जब पंचम गुणस्थानवाले जीव को बंधक कहते हैं तो आगे के छठवें आदि गुणस्थानवाले जीव को अबंधक कहते हैं। छठवें गुणस्थानवाले जीव को जब बंधक कहते हैं तो आगे के १२ वें गुणस्थान तक के जीव को अबंधक कहते हैं। जब उपशम श्रेणीवाले को बंधक कहते हैं तो क्षपक श्रेणीवाले को अबंधक कहते हैं। जब क्षपक श्रेणीवाले जीव को बंधक कहते हैं तब केवली १३ वें १४ वें गुणस्थानवर्ती जीव को अबंधक कहते हैं। जब केवली को बंधक कहते हैं तब सिद्धों को अबंधक कहते हैं। जब कर्म को बंधक कहते हैं तो जीवमात्र को अबंधक कहते हैं। इसी प्रकार ७ से १२ वें गुणस्थान संबंधी और भी अनेक कथन हो सकते हैं।

---

१ गाथा १९८ १९९ ● २ गाथा २०० २०१ २०२ ● ३ गाथा १९३

सिद्धांत का कथन और विवक्षा का कथन - इन दो कथनों का ज्ञान अवश्य होना चाहिए, नहीं तो जीव एकान्त को ग्रहण करके मिथ्यात्व का पोषण कर लेता है और सर्वज्ञ के यथार्थ अभिप्राय के ग्रहण से दूर ही रह जाता है[१]। यहाँ आचार्य ने भेदज्ञानी की तुलना गारूडी विद्या (विष उतारने की विद्या) के जानकार तथा मद्य का मादकपना दूर करने वाली औषधि के जानकार पुरुष से की है। वे कहते हैं कि-भेदविज्ञानी परमतत्त्वज्ञानी सम्यग्ज्ञानी चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती जीव को पारमार्थिक आत्मोत्थ अतींद्रिय निरुपराग सुख का अनुभव होने के कारण कर्मों के उदय में इंद्रियों के विषयभूत पदार्थों के उपभोग करने से बंध नहीं होता है, किन्तु निर्जरा ही होती है। यह भेदविज्ञानी की ज्ञान और वैराग्य शक्ति की सामर्थ्य का प्रभाव है।

यहाँ पर आगमसम्मत **सामान्य** शब्द की परिभाषा भी कही है-**विवक्षा के अभाव को सामान्य कहते हैं।** यहाँ तक वैराग्यशक्ति का सामान्य कथन हुआ। यहीं पर आचार्यदेव वैराग्य की शक्तियों का विशेष विवरण देनेवाली १० गाथायें लिखते हैं[२]। इन गाथाओं में आचार्य ने वैराग्य पर बहुत अधिक बल दिया है, और वे यहाँ यह लिखकर प्रारभ करते हैं कि-**रागी सम्यग्दृष्टि नहीं होता है।** यहाँ पर यह भी विशेष ध्यान देकर समझने की आवश्यकता है कि आचार्य जयसेन ने आचार्य अमृतचंद्र की इसी अधिकार की गाथाओं के क्रम में भारी उलटफेर कर दिया है जो बहुत ही वैज्ञानिक और प्रकरण के अनुकूल प्रतीत होता है। इन १० गाथाओं का आचार्य जयसेन के अनुसार लगातार क्रमाक २१२ से २२१ है, किन्तु यह क्रम आचार्य अमृतचन्द्र के अनुसार २०१, २०२,२१६, २१७, २०८, २०३, २०७, २०९, २०६, २०४ है।

आचार्य कहते हैं कि जो ध्रुव में परमाणुमात्र भी रागादि है, ऐसा मानता है वह जीव भले ही सर्व आगमों का ज्ञाता हो गया हो तो भी उसे आत्मा का अनुभव नहीं है, और जिसे निजात्मा का ही ज्ञान नहीं है उसे पर द्रव्यों का भी ज्ञान नहीं है। जिसे स्व-पर, आत्मा-अनात्मा का ज्ञान नहीं है वह सम्यग्दृष्टि नहीं होता है।

विषय	साधन	फल
ध्रुवस्वभाव में अणुमात्र राग है	ध्रुव स्वभाव में अणुमात्र राग है	मिथ्यात्व
ध्रुव स्वभाव में अणुमात्र राग नहीं है	ध्रुव स्वभाव में अणुमात्र राग नहीं है	सम्यक्त्व

सम्यग्ज्ञानी जीव को आगामी भोगों की चाह नहीं होती है। आचार्य लिखते हैं कि-हे भव्य ! अपने नियत, स्थिर, एक, प्रत्यक्षीभूत, उपलभ्यमान, अनुभूयमान आत्मस्वभाव को ग्रहण कर-अनुभव कर क्योंकि उपादानकारण सदृश ही कार्य होता है।

इसके पश्चात् आठ गाथाओं में **२२२ से २२९** तक ज्ञानगुण का सामान्य विवरण कहते हैं और फिर आगे १४ गाथाओं में **२३० से २४३** तक ज्ञानगुण का विशेष व्याख्यान करते हैं।

जो स्वसंवेदनज्ञानी जीव उदय से प्राप्त सामग्री में वियोगबुद्धि, हेयबुद्धि और निरीहवृत्ति से प्रवर्तता है वह तो अपने चैतन्य स्वभाव को ही अनुभवता है। अतः वह कर्मों से लिप्त नहीं होता है। कीचड में लोहे को ही जंग लगती है, सोने को नहीं।

---

१ गाथा ३७१ से ३७६ ● २ गाथा २१२ से २२१ ● ३ गाथा २१७

गाथा २३२ के पहले प्रश्न किया है कि "**समस्त कर्मो की जिसके निर्जरा नहीं हुई है उसे मोक्ष कैसे होगा ?**" उत्तर मे गाथा २३२ मे स्वर्ण वनाने का नुस्खा का उदाहरण देकर २३३-२३४ गाथा में दार्ष्टान्त कहते है। वे लिखते हे कि-जेसे नागफनी की जड (नागफनी मूल), हथिनी का मूत्र (नागिनी तोय), सिदूर द्रव्य-गर्भनाग (नागगर्भ) और नागधातु (लोहा या सीसा) इनको धोंकनी से धोंकते हुए अग्नि में तपाने पर **पुण्य का उदय होने पर** स्वर्ण वन जाता हे, उसी प्रकार द्रव्यकर्म (किट्ट), रागादि विभाव परिणाम (कालिमा), जीव (लोहा धातु) को तपश्चरणरूपी धोंकनी के द्वारा ध्यानरूपी अग्नि में परमयोगियों द्वारा धोंकने पर सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूप परम ओषधि तेयार हो जाती हे, वही मोक्ष है।

आगे आचार्य कहते हैं कि सराग परिणाम से वध ओर वीतराग परिणाम से मोक्ष होता है।

फिर ९ गाथाओं मे सम्यग्दृष्टि के नि शकित आदि आठ गुणों का सद्भाव का ओर सात भयों का अभाव का वर्णन करते हैं। सम्यग्दृष्टि सप्तभयों से रहित होने से घोर उपसर्ग, परिषह आदि आने पर भी नि शक होने से अपने शुद्धात्मस्वभाव में निष्कप होकर शुद्धात्मानुभव से उत्पन्न हुए वीतराग सुखानद में तृप्त रहते हुए परमात्मस्वरूप से पाण्डवो के समान च्युत नहीं होते हैं।

गाथा २४५ के पहले आचार्य जयसेन लिखते हैं कि वीतराग सम्यग्दृष्टि के नि शकित आदि आठ गुण नवीन कर्मो का वध निवारण करते हें, इसलिए उसे वध नहीं होता है किन्तु सवरपूर्वक होने वाली निर्जरा ही होती है। इस प्रकार आचार्य जयसेन चतुर्थ गुणस्थानवर्ती आठ गुणों सहित सम्यग्दृष्टि जीव को कभी तो **सराग सम्यग्दृष्टि** ओर कभी **वीतराग सम्यग्दृष्टि** कह देते हे। इसी प्रकार प्रथम गुणस्थानवर्ती सम्यक्त्व के सम्मुख होनेवाले प्रायोग्यलब्धि तक पहुचे जीव को कभी **मिथ्यादृष्टि** ओर कभी **सरागसम्यग्दृष्टि** भी कह देते हैं। यह तो कथन की विवक्षायें हैं, जिन्हें विद्वानों को यथार्थ प्रसग प्राप्त कथन में नयों का प्रयोग समझकर निर्णय अवश्य करना चाहिए। कोई कथन भूत एव भावी नैगमनय की अपेक्षा से और कोई कथन उपचरितनय से किया गया समझना चाहिए।

आचार्य अमृतचन्द्र ने **आत्मख्याति में १२ वीं गाथा** की टीका में जो एक प्राचीन गाथा **जइ जिणमय पवज्जइ** इत्यादि लिखी हे, वह गाथा आचार्य जयसेन की इस तात्पर्यवृत्ति मे गाथा २५२ की टीका में कुछ परिवर्तित रूप में **जइ जिण समइ पउजह** इत्यादि रूप से आई हे। उसका अर्थ इस प्रकार होता हे-यदि तुम जिन शास्त्रो में प्रवेश करना चाहते हो तो व्यवहारनय और निश्चयनय दोनों को ही नहीं छोडो। निश्चयनय को छोड देने पर तीर्थ (उपदेश, मोक्षमार्ग) का नाश हो जायेगा, व्यवहारनय छोड देने पर तत्त्व (शुद्धात्मानुभव, स्वशुद्धात्मा) का नाश हो जायेगा-प्राप्त नहीं होगा। दोनों नयों मे परस्पर में उपचार से साध्य-साधक सवध हे।

यहॉ पर जो सवरपूर्वक निर्जरा का कथन किया हे, वह निर्जरा मुख्यरूप से तो सम्यग्दृष्टि जीव को शुद्धात्मा के सम्यक् श्रद्धान-ज्ञान-अनुष्ठानरूप निश्चयरत्नत्रय याने स्वानुभव से ही होती है, और वह स्वानुभव ही निश्चय रत्नत्रय की प्राप्ति हे, वह स्वानुभव वीतराग धर्मध्यान-शुक्लध्यान में शुभाशुभ वहिर्द्रव्य के आलवन से रहित निर्विकल्प समाधि में होता है। यहीं पर टीका में वारसाणुपेक्खा की गाथा ६४ को उद्‌धृत किया है जिसमें कहा गया है कि **ध्यान** सवर का कारण है-**तम्हा सवरहेदूझाणो त्ति विचितये णिच्च**। ऐसा निरतर विचार करना चाहिए।

वह स्वानुभवरूप समाधि कैसे अति दुर्लभ है? इस प्रश्न के उत्तर में श्री जयसेनाचार्य जी लिखते हैं- क्योंकि एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, पचेन्द्रिय, सज्ञी, पर्याप्त, मनुष्य, देश, कुल, रूप, इद्रियपटुत्व, निरोगता, दीर्घायु श्रेष्ठबुद्धि, सत्धर्म का श्रवण, सत्धर्म का ग्रहण, सत्धर्म की धारणा, सत्धर्म की श्रद्धा, सयमभाव, विषयसुख से निवृत्ति, क्रोधादि कषायों से निवर्तन, तपकी भावना और समाधिमरण-ये क्रम-क्रम से दुर्लभतर हैं। और इन सवके प्रतिपक्षभूत मिथ्यात्व, विषय, कषाय, ख्याति, पूजा, लाभ, भोगाकाक्षारूप निदानवध के भाव सुलभ हैं। इन सव बातों की दुर्लभ परपरा को जानकर स्वानुभूति प्राप्त करके उसमें प्रमादी नहीं होना चाहिए, वारम्वार समाधि-ध्यान-स्वानुभव का अभ्यास करते रहना चाहिए। **एक स्वानुभव ही श्रेष्ठतम है**[1]।

बध अधिकार में मिथ्याज्ञान को वध का कारणभूत कहा गया है। अपने उपयोग को मिथ्यात्व रागादि परिणामरूप करना ही मिथ्याज्ञान है।

इस बध अधिकार में निम्न बिन्दुओं पर विशेष विचार करना योग्य है -

१ आस्रव अधिकार लिख देने के पश्चात् अव वध अधिकार लिखने की क्यों आवश्यकता हुई ? जवकि सवर और निर्जरा अधिकार भी लिखे जा चुके हैं। अव तो मोक्ष अधिकार ही प्रसग प्राप्त है।

२ जो आस्रव के कारण हैं वे ही तो वध के कारण हैं, कोई अन्य नवीन प्रत्यय तो वध का कारण नहीं हो सकता है ?

३ आस्रव होने पर, केवली को छोडकर सभी ससारी जीवों को वध होता ही है, फिर बध को अलग से क्यों कहा है ?

इसी प्रकार वध अधिकार अवश्य लिखना चाहिए-इस कथन पर निम्न विन्दुओं के आधार पर विशेष विचार करना योग्य है -

१ यदि बध को अलग से नहीं कहेंगे तो साख्यमत और वौद्धमत माननेवाले लोगों के एकान्त का निराकरण नहीं हो सकेगा।

२ वध को मानने से ही जीव को कथचित् परिणामी और कथचित् अशुद्ध कहना वन सकेगा।

३ बध को मानने से ही ससार की सिद्धि और मोक्ष तथा मोक्ष के उपाय की सिद्धि वन सकेगी। अन्यथा सदाशिव मत का प्रसग आने से आत्मा सदैव मुक्त ही माना जाएगा।

---

[1] गाथा २५२

४ वध को मानने पर ही सर्वथा नित्य एकान्त ओर सर्वथा अनित्य एकान्त का खण्डन होकर सर्वज्ञ के स्याद्वादमत की सिद्धि होकर वस्तु के अनेकान्त स्वरूप का कथन वन सकेगा।

यह वध अधिकार आचार्य ने तेल लगाकर आये धूल भरे स्थान पर अनेक प्रकार के शस्त्रों से युक्त होकर व्यायामादि करनेवाले व्यक्ति को धूल किस कारण से चिपकती है - इस प्रश्नात्मक उदाहरण से प्रारम्भ किया है। उत्तर स्वरूप आचार्य स्वय ही कहते हैं कि धूलभरा स्थान, शस्त्रों से युक्त होकर किया गया व्यायाम, अनेक प्रकार के करण और सचित्त-अचित्त वस्तुओं का किया गया घात-उपघात उस व्यक्ति को धूल चिपकने का कारण नहीं हैं, किन्तु उसके द्वारा शरीर में लगाया हुआ **तेल ही धूल चिपकने का कारण है**। यदि वह व्यक्ति तेल लगाये बिना ही वहॉ पर वे सभी कार्य करता है तो उसे धूल नहीं चिपकती है। अत तेल ही धूल चिपकने का कारण है।

इसी प्रकार कोई मिथ्यादृष्टि जीव अपने उपयोग में रागादि भावों को करता हुआ अनेक प्रकार की मन-वचन-काय की चेष्टाओं में प्रवर्तता है तो उसे कर्मवध होता है। आचार्य कहते हें कि उस जीव को कर्मबध होने का कारण उसकी शरीर आदि की चेष्टायें मात्र नहीं हें किन्तु **उपयोग में मिथ्यात्व रागादि परिणाम करना ही उसको कर्मबध का कारण है**। यहॉ पर आचार्य अमृतचन्द्रजी ने भी लिखा हे कि **न्यायबल से यह फलित होता है कि उपयोग में रागादिक करना ही बध का कारण है।**

यहीं पर श्री जयसेनाचार्य कहते हैं कि भेदज्ञान जो **वीतराग सम्यक्त्व** का अविनाभावी है वह मिथ्याज्ञान का प्रतिपेध करनेवाला है। वे यह भी कथन करते हैं कि वीतराग सम्यग्दृष्टि जीव को वध का अभाव है। **श्री मुनिवर वीरसागरजी** ने भी यहॉ गाथा २५८ के पहिले वीतराग सम्यग्दृष्टि को स्वानुभूतिवाला चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती जीव कहा है।

इस अधिकार के प्रारम्भ में पण्डित वनारसीदासजी ने नाटक समयसार में समकित सूर को पहिचानने का चिन्ह अतीन्द्रिय आनन्द का अकुर वताया है। वे एक सवेया में कहते हैं -

सो है समकित सूर आनन्द अकूर ताहि, निरखि बनारसी नमो नमो कहतु है।

वहीं पर पण्डित जयचन्दजी छावडा ने गाथा २३७ से २४१ के भावार्थ में निश्चय नय के साथ कहे जानेवाले **निश्चय** शव्द का अर्थ इस प्रकार किया है - **जहाँ निर्बाध हेतु से सिद्धि होती है वही निश्चय है।**

यहॉ पर आचार्य जयसेन कहते हैं कि हिस्य-हिसक भावरूप से परिणमन करना अज्ञानी जीव का लक्षण हे, और ऐसा परिणमन नही करना ज्ञानी जीव का लक्षण हे[1]।

ससार में जीवों का मरण, जीवन, सुखी-दुखी होना आदि सभी कार्य कर्मोदय के निमित्त से होते हें- ऐसा जिनेन्द्रदेव ने कहा है। यदि कोई जीव ऐसा मानता हे कि मैं दूसरे जीवों को मारता हूँ, जिलाता हूँ, सुखी-दुखी करता हूँ, तथा दूसरे जीव मुझे मारते हैं, जिलाते हें, सुखी-दुखी करते हें तो वह जीव अज्ञानी है,

---

[1] गाथा २६३

क्योंकि वह जीव न तो किसी का आयु कर्म ले सकता है, न किसी को आयुकर्म दे सकता है, न किसी का शुभाशुभकर्म ले सकता है, न किसी को शुभाशुभ कर्म दे सकता है। **इस अज्ञानी जीव की मान्यता जिनेन्द्रदेव के मत से विपरीत तथा वस्तुस्वरूप से विपरीत होने से मिथ्या है, वही मिथ्या अध्यवसान है, अज्ञान है, राग है, हिसा है, बध का कारण है।**

जीवों को मारो या नहीं मारों, कर्मबध तो जीवों को अध्यवसान से होता है - यह निश्चयनय से वध का सक्षेप में कथन किया[1]।

जैसे हिसा और अहिसा में अध्यवसान वताया है उसी प्रकार सत्य-असत्य, अचोर्य-चोर्य, व्रह्मचर्य-कुशील, अपरिग्रह-परिग्रह में भी जो अध्यवसान भाव है वही पुण्य ओर पाप वध का ही कारण है।

यहॉ पर कोई प्रश्न करता है कि **क्या बाह्य वस्तु से बध नहीं होता है ?** तो आचार्य उत्तर में कहते हैं कि बाह्य वस्तु के लक्ष्य से जीव को अध्यवसान होता है, और उस अध्यवसान भाव से वध होता है। वाह्य वस्तु साक्षात् बध का कारण नहीं है, परपरा कारण या उपचरित कारण हे[2]।

फिर प्रश्न हे - **बाह्य वस्तु से बध क्यों नहीं होता है।** श्री जयसेनाचार्य उत्तर में कहते हैं -- वाह्य वस्तु और वध में **अन्वय-व्यतिरेक सबध** का अभाव (व्यभिचार) होने से वाह्य वस्तु से वध नहीं होता हे। जैसे-वाह्य वस्तु का सद्‌भाव होने पर नियम से बध होता है, ऐसा **अन्वय नहीं है,** ओर वाह्य वस्तु के अभाव में नियम से बध नहीं होता है, ऐसा **व्यतिरेक नहीं है**[3]।

फिर प्रश्न है - **यदि बाह्य वस्तु बध का कारण नहीं है तो उसके त्याग का उपदेश क्यों दिया जाता है ?** इसका उत्तर इस प्रकार है - अध्यवसान का निपेध करने के लिये वाह्य वस्तु का त्याग कराया जाता है क्योंकि अध्यवसान होने में वाह्य वस्तु आश्रयभूत (निमित्त) है। वाह्य वस्तु वध का साक्षात् कारण नहीं किन्तु **कारण का कारण अवश्य है।** यदि वाह्य वस्तु को बध का कारण मान लें तो वह कारण **अनैकातिक हेत्वाभास दोष** से दूषित (व्यभिचारी) कारण ठहरता है जो न्यायग्रन्थों में **अन्यथा अनुपपत्तिरूप हेतु** मानने से विरुद्ध पडता है। इस प्रकार निश्चय से वाह्य वस्तु को बध का कारणपना निर्वाधतया सिद्ध नहीं होता है[4]।

आगे कहा गया है कि अध्यवसानभाव अपनी अर्थक्रिया (जैसा मानता हे वैसा कार्य कर देना) इष्टक्रिया करने में असमर्थ होने से मिथ्या है, असत्य है, व्यर्थ है, क्योंकि अध्यवसानभाव करनेवाला जीव दूसरे जीवों के कर्म के उदय को नहीं वदल सकता है। इसलिए एक जीव का अध्यवसानभाव दूसरे द्रव्य में कुछ भी करने में **अकिचित्कर हेतु** हे। सभी जीव अपने-अपने कर्मोदय से अपनी-अपनी योग्यता से ही सुखी-दुखी होते हें, जीवन-मरण को प्राप्त करते हें[5]।

अध्यवसानभाव तीन प्रकार के हैं - १ परद्रव्य और परद्रव्य की पर्यायों में **कर्तृत्वबुद्धि।** जैसे-में जीवों को मारता हूँ, वचाता हूँ, सुखी-दुखी करता हूँ, इत्यादि।

---

१ गाथा २७५ ● २ गाथा २७८ ● ३ गाथा २७८ ● ४ गाथा २७८ ● ५ गाथा २८०

२ कर्मोदयजनित पर्यायों में **एकत्वबुद्धि**। जैसे- मैं मनुष्य हूँ, गोरा हूँ, गर्गी हूँ, इत्यादि।

३ परद्रव्यों में **ज्ञातृत्वबुद्धि**। जैसे-मैं धर्मास्तिकाय को जानता हूँ, आदि।

भेदज्ञान के अभाव के कारण ये तीनों ही प्रकार के अध्यवसान मिथ्याज्ञानरूप, मिथ्यादर्शनरूप और मिथ्याचारित्र रूप हैं। जिन्हें ये अध्यवसान नहीं हैं वे तपोधन ही मुनि हैं[1]।

जब तक यह जीव सकल्प-विकल्प करता है तब तक स्वानुभूति-आत्मस्वरूप की ऋद्धि प्रगट नहीं होती है और जब तक स्वानुभूति प्रगट नहीं होती है तब तक शुभाशुभ भावजनक कर्म करता है[2]।

आगे कहते हैं कि परद्रव्य के लक्ष्य से राग, विकल्प, अध्यवसान, व्यवहार होता है जो व्यवहारनय का विषय है। अत व्यवहारनय का निश्चयनय के द्वारा निषेध किया गया है, और निश्चयनय के विषय को जानकर सुखी होने के लिये **ध्यान करने की प्रेरणा दी है**[3]।

आहार लेने के विषय में सरस-विरस, मान-अपमान आदि चितारूप रागद्वेष के कारणों का अभाव होने से आहार ग्रहण करते हुए भी सम्यग्ज्ञानियों को बध नहीं होता है - ऐसा कहते हैं। यहाँ अध कर्म और औद्देशिक आहार के दृष्टात से परद्रव्य के ग्रहण करने और रागादि भावों के होने की निमित्त-नैमित्तिकता भी दृढ की है।

पॉच स्थावर और त्रस-इन छ काय की हिसारूप आरभादि पाप कर्म को **अध कर्म** कहते हैं, उस अध कर्म से उत्पन्न आहार को भी **अध कर्म** कहते हैं, उपदेश द्वारा दूसरे को कहकर, कराकर, अनुमोदनाकर, स्वय बनाकर सपन्न हुए आहार को भी **अध कर्म** कहते हैं।[4]

उद्दिष्ट आहार के सबध में जगत में भारी भूल चलती है। प्राय लोग **साधु के निमित्त बनाये गये भोजन को ही उद्दिष्ट आहार मान लेते हैं**। यह कथन दातार-श्रावक की अपेक्षा से तो ठीक है, किन्तु साधु की अपेक्षा यह कथन सर्वथा ठीक नहीं है। क्योंकि **एक जीव के भावों का फल दूसरे जीव को नही लगता है**। यदि एक जीव के भावों का फल दूसरे जीव को लगने लगे तो कभी भी किसी भी जीव को मोक्ष नहीं होगा। श्रावक-दातार के भावों का फल साधु-पात्र को नहीं लगता है।

साधु के कहने से साधु के लिये गृहस्थ आदि द्वारा बनाये गये आहार को औद्देशिक आहार कहते हैं, साधु के निमित्त से बनाये गये आहार का, यदि साधु को यह ज्ञात हो जाये कि यह आहार मेरे उद्देश्य से बनाया गया है, तो वह आहार ग्रहण कर लेने पर उसके **औद्देशिक आहार** हुआ कहते हैं। ये दोनों ही आहार के दोष हैं, और वे पुद्गल द्रव्य के दोष हैं, उनको सम्यग्ज्ञानी जीव कैसे कर सकता है ? क्योंकि ये तो सदा ही परद्रव्य-पुद्गल द्रव्य के गुण हैं। इसलिए वे दोनों सदा ही अचेतन होने से जीव के द्वारा कैसे किये, कराये या अनुमोदनारूप हो सकते हैं ? अर्थात् उन्हें जीव नहीं कर सकता है।[5]

---

[1] गाथा २८८ [2] गाथा २८९ [3] गाथा २९१ [4] गाथा २९७, २९८ [5] गाथा २९९, ३००, प्रव रत्ना भाग ८, पृ १९२

इसका अभिप्राय यह है कि पूर्व, पश्चात या वर्तमान काल में निर्दोष-योग्य आहार आदि के विषय में मन, वचन काय, कृत, कारित और अनुमोदना इनके ९ प्रकार के विकल्पों से रहित आहारादि के लेने में सम्यग्ज्ञानी जीवों को बंध नहीं होता, क्योंकि **यदि परकीय परिणामों से बंध होने लगे तो किसी भी काल में किसी भी जीव का निर्वाण नहीं हो सकेगा।**

यहाँ यह बात भी विशेषरूप से ध्यान में रखने की है कि **अध कर्म से बना और ज्ञात औद्देशिक आहार** मुनि के योग्य नहीं है। यदि मुनि ऐसे आहार को ग्रहण करते हैं तो उन्हें पापबंध होने से कोई भी नहीं रोक सकेगा।

तात्पर्य यह है कि **तत्त्वज्ञानी (आत्मज्ञानी-सम्यग्ज्ञानी) जीव स्फटिक मणि के समान शुद्ध रहता हुआ, उपाधि रहित चैतन्य चमत्कार स्वभाव के कारण, रागादि विभावोंरूप परिणमन नहीं करता है।** रागादि भाव कर्मोदय जनित हैं, जीवजनित नहीं हैं। इसलिए जीव कर्मों तथा रागादि का कर्ता नहीं है, कर्म तो पुद्गलमय होने से नित्य अचेतन हैं। उनका कर्ता जीव कदापि नहीं हो सकता है। जो जीव अपने को कर्ममय या रागमय मानता है वह अवश्य उन कर्मों का और रागादि का कर्ता कहलाता है। उसे कर्मों का बंध व उदय भी होता है।

यहाँ पर श्री जयसेनाचार्य गाथा ३०५ की टीका में प्रवचनसार और पंचास्तिकाय की टीकाओं की तरह ही लिखते हैं कि **मोह शब्द से दर्शनमोह-मिथ्यात्व और राग-द्वेष शब्द से चारित्रमोह** कहे जाते हैं।

सम्यग्ज्ञानी जीव रागादि भावों का अकर्ता कैसे है? इस प्रश्न के उत्तर में आचार्य कहते हैं कि आत्मा तो रागादि का अकारक ही है क्योंकि अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान द्रव्यरूप और भावरूप ऐसे दो-दो प्रकार के उपदेशित किये गये हैं[1]। द्रव्यरूप अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान के निमित्त से भाव अप्रतिक्रमण और भाव अप्रत्याख्यानरूप नैमित्तिक भाव होते है-ऐसी निमित्त-नैमित्तिक संबंध की अन्यथा अनुपपत्ति होने से आत्मा रागादि भावों का अकारक ही सिद्ध होता है। इसलिए यह निश्चित हुआ कि परद्रव्य निमित्त और आत्मा के रागादि भाव नैमित्तिक हैं।

यदि कोई इस निमित्त-नैमित्तिक संबंध को मानने से अस्वीकार करता है तो जिनवाणी में यह निमित्त-नैमित्तिक संबंध का कथन व्यर्थ ठहरेगा और अकेला आत्मा ही रागादि भावों का निमित्त होने से उसे रागादि भाव करने का नित्य-कर्तृत्व का प्रसंग उपस्थित होगा तथा रागादि भावों को जीव के स्वभाव भाव माना जायेगा और फलत मोक्ष का अभाव ही सिद्ध होगा। आत्मा कभी भी रागरहित नहीं हो सकेगा और उसे नित्यकर्तृत्व भी आ जायेगा।

दूसरा तर्क और भी है। जब तक जीव निमित्तभूत परद्रव्य का प्रतिक्रमण और प्रत्याख्यान नहीं करता है तब तक रागादि भाव उत्पन्न होते रहते हैं तथा जीव उन भावों का कर्ता भी रहेगा। जब जीव परद्रव्यों का प्रतिक्रमण तथा प्रत्याख्यान कर देता है तो प्रतिक्रमण और प्रत्याख्यान भाव उत्पन्न ही नहीं होते हैं और जीव रागादि भावों का अकर्ता सिद्ध हो जाता है।

---

[1] गाथा ३०६, ३०७, ३०८

मोक्ष अधिकार का प्रारम्भ आचार्य मोक्ष की परिभाषा कहकर करते हैं। वे कहते हैं कि **विशिष्ट भेदज्ञान के अवलम्बन से बध और आत्मा को भिन्न करना सो मोक्ष है।** ऐसा मोक्ष केवल वधनों को जान लेने से नहीं हो जाता है, मोक्ष तो स्वानुभूति द्वारा बधनों को काटने से होता है। वध के स्वभाव और आत्मा के स्वभाव को जानकर स्वानुभूति द्वारा वध से विरक्त होनेवाले को मोक्ष होता है। **जीव का लक्षण शुद्ध चैतन्य है,** और **बध का लक्षण मिथ्यात्व-रागादि है।** उनको भिन्न करने का साधन प्रज्ञा छैनी अर्थात् शुद्धात्मानुभूति लक्षणवाला भेदज्ञान है। इसलिए भेदज्ञानरूप बुद्धि के द्वारा शुद्धात्मा को ग्रहण करने से वध भिन्न हो जाता है। शुद्धात्मा को ग्रहण करने का उपाय यह है कि ज्ञान में ऐसा सचेतन करे कि यह **चैतन्यमय शुद्ध आत्मा मैं हूँ,** और अन्य सव भाव मुझसे भिन्न हैं। जो देखने-जानने वाला आत्मा है वह मैं हूॅ। मैं, मुझे, मेरे द्वारा, मेरे लिये, मुझसे, मुझमें ही ग्रहण करता हूॅ। मैं द्रव्यकर्म,भावकर्म, नोकर्म रहित शुद्ध हूॅ। ऐसे निज चैतन्य स्वभाव को स्वीकार करने से - ग्रहण करने से कर्मो से मुक्त हो जाता है[1]।

जो पुरुष अपराध नहीं करता है वह नि शक घूमता है, उसे वध जाने की चिन्ता ही नहीं होती है। अपराधी नि शक नहीं घूमता है, उसे हमेशा बध जाने की चिन्ता रहती है। जो जीव निजशुद्धात्मा की आराधना से रहित है वह अपराधी है-सापराध है, उसे वध की चिन्ता होती है, वह वधन में पडता ही है।

यहॉ पर प्रश्न है कि **शुद्धात्मा की आराधना (स्वानुभूति) करने की क्या आवश्यकता है?** क्योंकि प्रायश्चित शास्त्र में लिखा है कि "अप्रतिक्रमण अशुद्धि आदि से लगे हुए दोषों का प्रायश्चित नहीं करना विषकुभ है और उक्त प्रकार से लगे हुए दोषों का प्रायश्चित कर लेना अमृतकुभ है[2]।"

उत्तर में आचार्य कहते हैं कि दोष लगाना तो अशुभ भावरूप विषकुभ है, और दोपों का प्रायश्चित कर लेना शुभभावरूप प्रतिक्रमण आदि विकल्परूप शुभोपयोग है वह वधरूप ही है। अशुभोपयोग को जब विषकुभ कहते हैं तो इस शुभोपयोग को अमृतकुभ कह देते हैं, किन्तु चिदानन्द एक स्वभाव विशुद्ध आत्मा के आलम्वनरूप शुद्धोपयोग की अपेक्षा इसे भी विषकुभ कहते हैं। वास्तविक अप्रतिक्रमण आदि तो वीतराग चारित्ररूप निश्चय प्रतिक्रमण-स्वानुभव है, वही सच्चा अमृतकुभ है। इस शुद्धात्मानुभूतिरूप तृतीय भूमिकारूप अप्रतिक्रमण में समस्त शुभाशुभ आस्रवरूप दोषों का अभाव हो जाता है। इसलिए यह ही यथार्थ अमृतकुभ है, शेष **सभी विभावभाव विषकुभ ही हैं**[3]।

सर्वविशुद्ध ज्ञान अधिकार में प्रथम १४ गाथाओं में - गाथा ३२८ से ३४१ तक - तो मोक्ष अधिकार की ही चूलिका है। उसके आगे ९६ गाथाओं में समयसार की **चूलिका** है। चूलिका का अर्थ है अभी तक शास्त्र में जो नहीं कहा गया हे उसका विशेष व्याख्यान करना, जो कुछ कहा गया है और कुछ नहा कहा गया है उसका व्याख्यान करना और जो कुछ कहा गया है उसी का विशेप व्याख्यान करना[4]।

---

[1] गाथा ३०९ से ३२१ • [2] गाथा ३२५ • [3] गाथा ३२६, ३२७ • [4] द्रव्य सग्रह गाथा २८ की टीका

आत्मा कर्मों का कर्ता नहीं है। जो द्रव्य जिन पर्यायोंरूप परिणमन करता है वह द्रव्य उन पर्यायों से अनन्य-अभिन्न रहता है। जीव अपनी क्रमनियमित पर्यायों से अभिन्न रहता है और अजीव अपनी क्रम नियमित पर्यायों से अभिन्न रहता है। आत्मा किसी से उत्पन्न नहीं हुआ है इसलिए वह किसी का कार्य नहीं है, और आत्मा किसी को उत्पन्न नहीं करता है इसलिए वह किसी का कारण भी नहीं है। पर्यायरूप कर्म को देखकर द्रव्य को कर्ता कहते हैं, और द्रव्यरूप कर्ता को देखकर पर्याय को कर्म कहते हैं। कर्ता-कर्म के कथन की सिद्धि इसी प्रकार है, अन्य प्रकार से नहीं। सभी द्रव्यों का अपनी-अपनी पर्यायों के साथ अनित्य तादात्म्य सबध है, तथा सभी द्रव्यों का अन्य द्रव्यों के साथ व अन्य द्रव्यों की पर्यायों के साथ उत्पाद्य-उत्पादक सबध (कर्ता-कर्म सबध) का अभाव है। इस प्रकार **जीव दूसरे द्रव्यों की पर्यायों का अकर्ता है।**

आत्मा तो शुद्ध ही है, किन्तु उसे जो ज्ञानावरणादि कर्म प्रकृतियों के द्वारा वध होता है वह **अज्ञान का माहात्म्य** है। अज्ञान के कारण अपने आप का ज्ञान न होने से यह जीव शरीर और रागादि भावों में एकत्व और कर्तृत्व का मिथ्याभाव करता हुआ कर्म प्रकृतियों के निमित्त से उत्पत्ति-विनाश को प्राप्त होता है, और आत्मा के परिणामों के निमित्त से कर्म प्रकृतियाँ भी उत्पत्ति-विनाश को प्राप्त होती रहती हैं। इस प्रकार जीव और कर्म प्रकृतियों में परस्पर में कर्ता-कर्म सबध का अभाव है किन्तु निमित्त-नैमित्तिक सबध होने से दोनों में वध देखा जाता है-यही ससार है[1]।

जब तक यह आत्मा शुद्धानुभूति नहीं होने से रागादि को नहीं छोडता है तब तक अज्ञानी रहता है[1]।

आत्मा कर्मों का भोक्ता नहीं है। अज्ञानी जीव शुद्धात्मानुभूति नहीं होने से स्व-पर के एकत्व की भ्रान्ति के कारण कर्मोदय से प्राप्त परद्रव्यरूप सामग्री और अपने विकारी भावों को आत्मा के जानकर उन्हें भोगने का भाव करके उनका भोक्ता बनता है। वास्तव में तो द्रव्यों का चतुष्टय भिन्न होने से जीव उनका भोक्ता हो ही नहीं सकता है क्योंकि दो द्रव्यों में परस्पर में व्याप्यव्यापक सबध न होने से वास्तव में अनुप्रवेश करने का अभाव है। ज्ञानी जीव तो **"मैं शुद्धात्मा हूँ।"** ऐसे अनुभव में स्थित रहता हुआ कर्मोदय को मात्र जानता ही है, भोगता नहीं है।

यहाँ पर प्रश्न है कि **पाँच भावों में से किस भाव से मोक्ष होता है[1]** ?

उत्तर- चार भाव - औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक और औदयिक, तो पर्यायरूप हैं, शुद्ध पारिणामिक भाव द्रव्यरूप है। उन **परस्पर सापेक्ष द्रव्यपर्यायद्वय रूप आत्मा पदार्थ है।** शुद्धजीवत्वशक्ति लक्षणरूप जो पारिणामिकभाव है वह निरावरण है तथा वध व मोक्ष पर्याय से रहित है। **शुद्धपारिणामिक भाव अपरिणामी और निष्क्रिय होने से मोक्ष का कारण नहीं है।** शुद्धपारिणामिक भाव के सबध में जो भावना-स्वानुभूति होती है वह पर्याय समस्त रागादि रहित होने से तथा शुद्ध उपादानरूप कारण होने से मोक्ष की कारण है अर्थात् जो औपशमिक सम्यक्त्व या क्षायोपशमिक सम्यक्त्व या क्षायिक सम्यक्त्व भाव है वह भाव मोक्ष का कारण है।

---

[1] गाथा ३२८ से ३३३ ● २ गाथा ११, ७८, ३३४ ● ३ गाथा ३८[1]

शुद्ध पारिणामिक भाव **ध्येयरूप ध्यान का विषय है, ध्यानरूप नहीं है।** ध्याता पुरुष इस प्रकार स्वानुभूति करता है-"**जो सकल निरावरण अखण्ड एक प्रत्यक्ष प्रतिभासमय अविनश्वर शुद्ध पारिणामिक परमभाव लक्षणवाला निज परमात्म द्रव्य है वही मैं हूँ**" खण्डज्ञानरूप मैं नहीं हूँ।

समयसार चूलिका में आचार्य जयसेन लिखते हैं-असख्यात अवसर्पिणी कालों के बीत जाने पर एक हुण्डावसर्पिणी काल आता है जिसमें जैनेतर मतों की उत्पत्ति होती है, ऐसा जिनेन्द्रदेव कहते हैं[1]।

जैसे **ईश्वर को कर्ता माननेवाले अन्य लौकिक मनुष्यों को मोक्ष नहीं होता है,** उसी प्रकार आत्मा को छ काय के जीवों का कर्ता माननेवाले श्रमणों को भी मोक्ष नहीं होता है। **राग-द्वेष-मोहमय परिणमन करना ही कर्तृत्व कहलाता है।** कर्तृत्वबुद्धिवाला जीव रत्नत्रयात्मक मोक्षमार्ग से च्युत होता है, अत उसे मोक्ष नहीं होता है[2]।

परमाणुमात्र भी कोई मेरा नहीं है- यह आत्मा मोह से परद्रव्यों को **हमारा है,** कहता है। ऐसा परद्रव्य को अपना माननेवाला जीव नि सदेह मिथ्यादृष्टि है[3]।

यहाँ पर गाथा ३५२ और ३७० के पश्चात् टीकाओं में आचार्य जयसेन ने प्रश्न किये हैं कि **अन्यमत को माननेवाला और जैनमत को नहीं माननेवाला मिथ्यादृष्टि क्यों है ?** तथा **अन्यमतों की मान्यतायें मिथ्याभाव क्यों हैं?** समाधान में वे कहते हैं कि **अन्यमती नय विभाग नहीं जानने से व एकान्ती होने से मिथ्यादृष्टि हैं, तथा उनकी मान्यताओं से कर्ताबुद्धि का पोषण होता है अतएव वे मान्यतायें मिथ्याभाव हैं।**

वे जहाँ ज्ञानी जीव की मुख्यता से कथन करते हैं वहाँ उसे रागादि का नहीं करनेवाला कहते हैं, और जहाँ अज्ञानी जीव की मुख्यता से कथन करते हैं वहाँ उसे रागादि भावों का कर्ता कहते हैं।

चेतना के दो भेद कहे हैं -१ ज्ञान चेतना २ अज्ञान चेतना। अज्ञान चेतना के भी दो भेद हैं- १ कर्म चेतना, २ कर्मफल चेतना। **ज्ञान चेतना में शुद्धात्मानुभव होने से उसे मुक्ति का कारण** और अज्ञान चेतना का नाश करनेवाला कहा गया है। **कर्म चेतना कर्ताबुद्धिरूप होने से तथा कर्मफल चेतना भोक्ता बुद्धिरूप** होने से दोनों को बध का कारण तथा त्याज्य कहा गया है।

आत्मा को आत्मरूप से अनुभव करने पर समस्त छोडने योग्य छोड दिया और ग्रहण करने योग्य ग्रहण कर लिया। **सर्वप्रकार से उपादेयभूत शुद्धात्मतत्त्वरूप ज्ञानस्वभाव है। वही श्रद्धा करने योग्य, वही जानने योग्य, वही ध्यान करने योग्य है।**

शुद्धबुद्ध एक स्वभाववाले परमात्मतत्त्व को देह ही नहीं है तो उसको आहार-कर्माहार, नोकर्माहार, कवलाहार, लेपाहार, ओज-आहार, मानस-आहार, सचित्त-आहार, अचित्त-आहार, सदोष-आहार, निर्दोष-आहार- कैसे हो सकता है? नहीं हो सकता है।

इसी प्रकार शरीरमय द्रव्यलिग भी शुद्धजीव का स्वरूप नहीं है। जब शरीर ही नहीं है तो शरीर का भेष-लिग मोक्ष का कारण कैसे होगा? नहीं होगा। मोक्ष का कारण स्वानुभवरूप श्रद्धान-ज्ञान-अनुभूतिवाला सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र रूप मोक्षमार्ग है-ऐसा जिनेन्द्रदेव कहते हैं[4]।

---

१ गाथा ३४८ ● २ गाथा ३४४ ● ३ गाथा ३८, ३४१ ● ४ गाथा ४३२

अतिम शिक्षा के रूप में आचार्य कहते हैं कि द्रव्यलिग और बाह्य क्रिया का पक्ष छोडकर, शुभाशुभ सकल्प-विकल्पों से रहित होकर अपने आत्मा को मोक्षमार्ग में स्थापित कर, उसी का अनुभव कर, उसी का ध्यान कर, उसी में विहार कर। आत्मा पूर्ण कलश के समान परम समरसीभाव से भरितावस्थ है। निज शुद्धात्म तत्त्व को निर्विकार स्वसवेदन प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा अनुभव करनेवाला आत्मा परम अतींद्रिय सुख को प्राप्त करता है। अत इस समयसार शास्त्र को पढकर उस परम सुख को प्राप्त कर उसी में रहो'।

यह समयसार ऐसा शास्त्र हे जहाँ शब्दों को नया अर्थ मिला है, अध्यात्म को नई ऊचाई मिली है, प्राणी को जीवनदायिनी सजीवनी मिली हे, ससारी को मोक्ष मिला है, भटकनेवाले को मजिल मिली है, दुखी को सुख मिला है, मिथ्यादृष्टि को सम्यक्त्व मिला है, दरिद्री को वैभव मिला है, भक्त को भगवान मिला है, दाता को दान मिला है, दानव को इन्सान मिला है, कीचड को स्वर्ण मिला है, नारकी को स्वर्ग मिला हे, अनपढ को सम्यग्ज्ञान मिला है, अनाचारी को आचरण मिला है, कपायी को धर्म मिला है, पापी को पवित्रता मिली है, जैनी को जैनत्व मिला है, ज्ञानी को ज्ञानत्व मिला है, पढनेवाले को पाठ मिला है, अविद्या वाले को सजीवनी विद्या मिली है। **सा विद्या या प्रतिसमये सम्यक् आनदायते।**

इस ग्रन्थराज में **राग** शब्द का अर्थ दुख, अज्ञान, विकल्प, ससार, पुद्गल, कषाय, मिथ्यात्व, अधर्म, पाप, जडत्व आदि किया है। इसी प्रकार **ज्ञानी** शब्द का अर्थ जीव, सम्यग्दृष्टि, साधक, केवली आदि किया है। **अन्यमतों की मान्यताओं को न्याय की परीक्षा प्रधान पद्धति पर कसकर अन्यथा अनुपपत्ति हेतु और अविनाभाव सबध* के आधार पर उन्हें अध्यात्म से बाह्य निष्कासित कर जैनधर्म को नई ऊचाई पर ससम्मान प्रतिष्ठित किया गया है।**

समयसार की विषय वस्तु पर विस्तार से प्रकाश डालने के पश्चात् अव कुछ अन्य विषयों पर भी विचार करते हैं।

'समयसार के साथ न्याय' में मुख्यत दो वातों पर विचार करना है -

१ समयसार शास्त्र के साथ न्यायशास्त्रों का अध्ययन करना।

२ समयसार के साथ न्याय का ज्ञान न होने से समयसार के अध्ययन का **निषेध** करनेरूप अन्याय नहीं करना।

जव हम प्रथम विन्दु अर्थात् हमें समयसार शास्त्र का स्वाध्याय करते समय न्यायशास्त्रों का भी अध्ययन करना चाहिये-इस पर विचार करते हैं तो सहज ही प्रश्न उठता है कि हमें समयसार के साथ **न्याय क्यों पढना चाहिये ?**

समाधान यह है कि समयसार ग्रथराज की गाथायें और आत्मख्याति तथा तात्पर्यवृत्ति टीकायें न्यायपद्धति से रचित हैं, वे गाथायें तथा टीकायें न्याय और युक्तियॉ, नय और प्रमाण, प्रत्यक्ष और परोक्ष, विषय-साधन-फल, लक्षण, परीक्षा और लक्ष्य, साध्य और साधन, हेतु और प्रमाण, कारण और कार्य, अन्य मतों की

---

* गाथा ८३७

मान्यतायें, आदि न्यायवहुल प्रमेय से आकण्ठ भरी हैं। इसलिये समयसार शास्त्र का शव्दार्थ, नयार्थ, मतार्थ, आगमार्थ और भावार्थ समझने के लिए **थोडा - बहुत न्यायशास्त्र का भी अभ्यास होना चाहिये। न्यायशास्त्रों का अभ्यास किये बिना महान ग्रथों का अर्थ खुलता नहीं है**[1]।

द्रव्यानुयोग में न्यायशास्त्रों की पद्धति मुख्य है, क्योंकि वहाँ निर्णय करने का प्रयोजन है और न्यायशास्त्रों में निर्णय करने का मार्ग दिखाया है। यह बात प श्री टोडरमलजी ने मोक्षमार्ग प्रकाशक में कही है[२]।

अव आप पूछेंगे कि यह न्याय क्या है, जिससे कि हम समयसार ग्रथ को समझ सकें ?

उत्तर - न्याय की तो अनेक परिभापायें हैं, किन्तु निम्न मुख्य हैं -

१ प्रमाण नयात्मिका युक्ति न्याय ।

२ प्रमाणनयै अर्थपरीक्षण न्याय ।

३ लक्षण-प्रमाण-नय-निक्षेपचतुष्ट्यात्मको न्याय ।

अर्थात् **पदार्थो को जानने का जो उपाय है वह न्याय है।** प्रमाण और नय - यह जानने के उपाय हैं। **प्रमाण** (अर्थात् जानने के साधन) के दो मुख्य भेद हैं - १ प्रत्यक्ष प्रमाण २ परोक्ष प्रमाण। सर्व प्रथम प्रमाण का लक्षण और उसके भेदों के लक्षण देखते हैं।

प्रश्न - **प्रमाण साधन** (ज्ञानपर्याय) किसे कहते हैं ?

उत्तर - सपूर्ण वस्तु या भाव-अभावात्मक पदार्थ को जिस ज्ञानपर्याय के द्वारा जाना जाता है उस ज्ञान पर्याय को **प्रमाण साधन** कहते हैं।

प्रश्न - **प्रत्यक्ष प्रमाण** किसे कहते हैं ?

उत्तर - इद्रिय और मन की सहायता के विना आत्मिक शक्ति के द्वारा भाव-अभावात्मक वस्तु को स्पष्ट जानने वाले ज्ञान को **प्रत्यक्ष प्रमाण** कहते हैं।

प्रश्न - **परोक्ष प्रमाण** किसे कहते हे ?

उत्तर - इद्रिय ओर मन की अपेक्षा सहित जाननेवाली ज्ञानपर्याय को **परोक्ष प्रमाण** कहते हैं। जिस ज्ञानपर्याय को किसी अन्य ज्ञानपर्याय की अपेक्षा होती है वह भी परोक्ष प्रमाण कहलाती है। जेसे - स्मृति, प्रत्यभिमान, तर्क और अनुमान ज्ञानपर्याय।

प्रश्न - **नय** किसे कहते हैं ? ओर उसके कितने भेद हैं ?

उत्तर - प्रमाण के द्वारा जानी हुई वस्तु के अश में जिस ज्ञान की प्रवृत्ति होती हे उस ज्ञानपर्याय को नय कहते हैं। श्रुत के विकल्प (भेद) को भी नय कहते हैं। ज्ञाता, वक्ता व श्रोता के अभिप्राय को भी नय कहते हैं। उसके दो भेद हैं - १ प्रमाण सप्तभगी वाक्य २ नय सप्तभगी वाक्य। उन दोनों के भी दो-दो भेद हे - द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक। आगे देखो चार्ट न ७ पृ २२-२३।

---

[1] मो मा प्र पृ २०' ·२६ ● · वा पृ ·८७

प्रश्न - **प्रमाण सप्तभगी वाक्य** किसे कहते हैं ?

उत्तर - वस्तु में से किसी एक विशिष्ट धर्म को मुख्य (प्रधान) करके सपूर्ण वस्तु का कथन करने वाला वाक्य या जानना प्रमाण सप्तभगी का वाक्य कहलाता है।

प्रश्न- **नय सप्तभगी का वाक्य** किसे कहते है ?

उत्तर - वस्तु में से किसी विशिष्ट धर्म को ही मुख्य (प्रधान) करके उस एक धर्म का ही कथन करनेवाला वाक्य या जानना नय सप्तभगी का वाक्य कहलाता है।

इस प्रकार **न्याय का अर्थ** हुआ प्रमाणादि के द्वारा पदार्थ की परीक्षा करना, सम्यक् प्रकार से जानना-निर्णय करना।

प्रश्न - **यह न्याय समझने से हमारे जीवन में क्या लाभ है ?**

उत्तर - १ अपने आत्मतत्व में अपनापन आ जाता है।

२ शुद्धात्मानुभूति प्राप्त करना सरल हो जाता है।

३ सम्यग्दर्शन हो ही जाता है। पराधीनता समाप्त हो जाती है।

४ स्वय को अपने सम्यग्दर्शन होने का पता चल जाता है, तब उसमें दृढता लाने को पुरुपार्थ करता रहता है।

५ अतीन्द्रिय आनद का भोग का स्वाद चख लेने से अन्य भोगों से अरुचि-विरक्ति हो जाती है।

६ समता, शान्ति, वीतरागता आ ही जाती है।

७ आकुलता का अभाव होकर निराकुलता प्रगट हो जाती है।

८ वस्तु के स्वरूप का यथार्थ (अधश्रद्धा रहित) ज्ञान करने पर अन्य पदार्थो की ओर चाहने का भाव-मागना नष्ट हो जाता है।

अत न्याय समझना आवश्यक है। इसे जान लेने से हम अभी वर्तमान पर्याय में ही अतीन्द्रिय आनन्द, समता, शान्ति, निराकुलता, समाधान भाव से जीवन जी सकते हैं।

न्याय समझने से समयसार की प्रामाणिकता और महिमा पर दृष्टि पहुँच जाती है। वह कैसे ?

उत्तर - समयसार में आचार्य ने जो कथन किये हैं वे प्रत्यक्ष प्रमाण के कथन हैं या परोक्ष प्रमाण के ? यह समझ में आ जाता है। जैसे समयसार गाथा ५ में आचार्य कहते हैं कि मैं अपने निज वैभव से एकत्व-विभक्त आत्मा दिखाऊँगा, श्रोताओ ! तुम भी अपने निज वैभव से प्रत्यक्ष प्रमाण कर लेना।

आचार्य अमृतचद्र तथा आचार्य जयसेन कहते हैं कि वर्णादि से लेकर गुणस्थान तक के सभी भाव जीव नहीं हैं क्योंकि **वे सब पुद्गलद्रव्य के परिणाममय होने से अनुभूति से भिन्न हैं।** यहाँ पर अनुभूति शब्द का प्रयोग २९ बार किया गया है, ऐसा क्यों[१] ?

---

[१] गाथा ५५ से ६० (आ ख्या ५० से ५५)

उत्तर - अनुभूति शब्द कहने का प्रयोजन यह है कि यदि आचार्य अमृतचन्द्र सिर्फ ऐसा ही लिखते कि ये सर्व भाव जीव से भिन्न है, तो श्रोता यह समझता कि यह तो आगम में लिखा है, पूर्व आचार्यो ने कहा है, और भगवान ने कहा है इसलिये ये सर्व भाव जीव से भिन्न हैं, और उस कथन में अधिक वजन नहीं होता क्योंकि **यह तो परोक्ष कथन ही होता।** परन्तु अनुभूति शब्द रखने से यह भाव आ गया कि मैने जिस स्वशुद्धात्मा का अनुभव किया है उस अनुभवरूप स्वसवेदन ज्ञान में आये हुए जीव में वर्णादि से गुणस्थान पर्यन्त के सर्व भाव जीव में नहीं होने से वे जीव नहीं हैं, जीव से ये सर्व भाव भिन्न हैं। **ऐसा प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित निर्णय होने से उस में दृढता आ जाती है।** जेसा मैंने अनुभव किया है जीव को, वैसा ही तो आचार्य ने भी कहा है। यह प्रेरणा मिलती है कि हमें **अपने स्वशुद्धात्मा का अनुभव प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित करना ही चाहिये-करते रहना चाहिये।**

यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि न्यायग्रथों में परोक्षप्रमाण का जो एक **परार्थ-अनुमान** नामक भेद है और जो नय हैं, उनके द्वारा उनके माध्यम से ही सपूर्ण जिनागम लिपिबद्ध है। आचार्य जब कोई गाथा लिखते है तो उन्हें किसी विशिष्ट साध्य की सिद्धि करना होती है और उसके लिये वे किसी साधन का प्रयोग करते हैं। जैसे-आचार्य कुन्दकुन्द के लिये समयसार में मुख्यरूप से स्वशुद्धात्मा साध्य है, और उसी की सिद्धि करने के लिये उन्होंने ४४५ या ४३९ या ४१५ गाथायें हेतु-साधन रूप से प्रस्तुत की हैं। यदि हमें न्यायशास्त्र में कहे गये **अनुमान प्रमाण** के स्वरूप का ज्ञान नहीं है (साधन से साध्य का ज्ञान करना **अनुमान** कहलाता है) तो हम आचार्यों के किसी भी ग्रन्थ के किसी भी गाथा, श्लोक, छद, वाक्य आदि का भावार्थरूप प्रयोजन नहीं समझ पायेंगे।

सम्पूर्ण जिनवाणी नयों की भाषा में लिपिबद्ध है तो इसका यही अर्थ हुआ कि जिनवाणी नयात्मक है। नयों को समझे विना जिनवाणी समझ में नहीं आवेगी। जितने भी वचनवाद है उतने ही नयवाद हैं[1]।

श्री अमृतचन्द्राचार्य टीका के प्रारभ में ही कलश ४ में लिखते हैं कि सपूर्ण जिनवाणी स्यात् पद से मुद्रित है। वस्तु का स्वरूप अनेकान्तात्मक है। एक ही वस्तु में वस्तुत्व को निपजानेवाली अस्तित्व और नास्तित्व ऐसी परस्पर विरोधी सापेक्ष दो शक्तियों का एक साथ प्रकाशन होना अनेकान्त है और उसका कथन करना स्याद्वाद है। स्याद्वाद अर्थात स्यात् (कथचित्) + वाद (कथन करना) याने अनेकान्तात्मक वस्तु का एक अपेक्षा से कथन करना।

क्रमवर्ती भारती - इस लोकोक्ति के अनुसार यह ज्ञात होता है कि जो भी कथन किया जावेगा वह क्रम से ही किया जावेगा, एक साथ (युगपत्) नहीं। जहॉ पर क्रम है वहॉ अपेक्षा की भी आवश्यकता पडती है जो स्यात् पद बतलाता है। स्यात्पद याने नयवाद, अपेक्षा से कथन करनेवाला।

प्रमाण से जानी हुई सम्पूर्ण वस्तु को - भाव अभावात्मक वस्तु को नय के द्वारा समझाया जाता है। प्रमाणज्ञान के द्वारा जानी हुई वस्तु में ही नयज्ञान प्रवृत्त होता है।

---

[1] धवला पु १ गाथा ६८

सामान्यरूप से अध्यात्म में नय के दो भेद किये जाते हैं - १ निश्चय नय और २ व्यवहार नय। न्यायशास्त्रों में नयों के जो भेद कहे गये हैं वे जिनवाणी समझने के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। नयों के कषायपाहुड (जयधवल) के अनुसार निम्न प्रकार भेद किये गये हैं -

प्रमाणसप्तभर्गी ओर नयसप्तभगी वाक्यों की परिभाषायें पहले लिखी जा चुकी हैं। अव हम उक्त भेदों की परिभाषायें देखेंगे - (चार्ट न ७ तथा चार्ट न १९)

अभेदवृत्ति नय = अभेद + वृत्ति = अभेद से रहना। वस्तु में **गुण** सदा ही अभेदरूप से रहते हैं। एक गुण के द्वारा अखण्ड वस्तु का कथन करना। जैसे - **आत्मा ज्ञानवान** है। यह प्रमाणसप्तभगी का अभेदवृत्ति नयात्मक प्रमाण वाक्य हे।

अभेदोपचार नय = अभेद + उपचार = भेद होते हुए भी अभेद का उपचार करना। वस्तु में पर्यायें सदा ही भेदरूप से रहती हैं। एक पर्याय के द्वारा अखण्ड वस्तु का कथन करना। जैसे - **क्रोधी जीव**। यह प्रमाणसप्तभगी का अभेदोपचार नयात्मक प्रमाण वाक्य है।

भेदोपचार नय = भेद + उपचार = अभेद होते हुए भी भेद का उपचार करना। वस्तु में गुण सदा ही अभेदरूप से रहते हैं, फिर भी भेदरूप से कथन करना। गुण के द्वारा गुण का ही कथन करनेवाला वाक्य। जेसे - **जीव में ज्ञान है, श्रद्धा** है। **यह नय सप्तभगी का भेदोपचार नयात्मक वाक्य है।**

भेदवृत्तिनय = भेद + वृत्ति = भेदरूप से रहना। वस्तु में पर्यायें सदा ही भेदरूप से रहती हैं, उन्हें वैसा ही कहना। एक पर्याय के द्वारा एक पर्याय का ही कथन करना। जैसे - **जीव में मतिज्ञान है। यह नयसप्तभगी का भेदवृत्ति नयात्मक वाक्य है।**

समयसार में इन सभी नयों का प्रयोग किया गया है, किन्तु कुछ लोग केवल निश्चयनय और व्यवहारनय के नाम तथा उन्हीं के भेदों मात्र से परिचित होने से तथा उपरोक्त नय विवेचन से अनभिज्ञ होने के कारण वास्तव में समयसार की गाथाओं का अर्थ करने में भूल करते आ रहे हैं। समयसार की गाथाओं के भावार्थ की जितनी अधिक स्पष्टता इन चार नयों तथा इनके भेदों से हो जाती है, उतनी अधिक स्पष्टता निश्चयनय-व्यवहारनय, द्रव्यार्थिकनय-पर्यायार्थिकनय तथा उनके उपभेदों के द्वारा एव आगम और अध्यात्म के नयों और उनके भेदों के द्वारा नहीं हो पाती हे, क्योंकि इन नयों की तथा इनके भेदों की आगम और अध्यात्म की भिन्न-भिन्न स्थानों पर ग्रथो में भिन्न-भिन्न परिभाषायें होने के कारण सामान्य वक्ता तथा श्रोता-सभी उलझन में पडकर भ्रान्ति में से निकल पाने में असमर्थ ही रहते हैं।

---

[1] अध्यात्म न्यायदीपिका चार्ट न ७ ● [1] द्रव्यस्वभाव प्रकाशक नयचक्र गाथा १८१

इन सप्तभगी के नयों के ज्ञान से अनभिज्ञ व्यक्ति समयसार का स्वाध्याय करते हुए भी निम्न प्रकार का अन्याय करते देखे जाते हैं -

१) समयसार में स्थान-स्थान पर **अभेदवृत्ति** ओर **अभेदोपचार** नय द्वारा ध्यान का ध्येय-अनुभूति की वस्तु-दृष्टि का विषय ज्ञानानदस्वभाव-**निज ध्रुव शुद्ध चिदानन्द आत्मा** वताया गया हे, किन्तु इन नयों से अनभिज्ञ व्यक्ति **शुद्ध पर्याय** या **शुद्ध पर्यायसहित जीव** को ही **विषय** समझकर **स्वय के साथ अन्याय** करता हे। इसी प्रकार जहॉ भेदोपचार नय द्वारा आत्मा के गुण और **भेदवृत्तिनय** द्वारा किसी पर्याय की वात आत्मा की विशेषता वताने के लिये कही गई हे तो उसे ही ध्यान का ध्येय-दृष्टि का विपय-स्वसवेदन योग्य विषय मानकर **स्वय के साथ ही अन्याय करता है।** देखो चार्ट न ८ पृष्ठ ३१२।

२) इन नयों का परिज्ञान न होने के कारण अनेक वर्षो तक समयसार का स्वाध्याय करके भी समयसार शास्त्र के कथनों का सही अर्थ न समझने के कारण **शास्त्र के साथ अन्याय** करता है।

३) इन नयों से अनभिज्ञ होने से महान **आचार्य कुन्दकुन्द तथा टीकाकार आचार्य अमृतचन्द्र एव आचार्य जयसेन के साथ अन्याय करता है।** उनका अभिप्राय तो समझ नहीं पाता ओर कहता है कि शास्त्र वहुत कठिन है, जवकि आचार्यों ने तो टीकायें लिखकर सभी कथन एकदम सरल ही कर दिये हैं।

४) इन नयों से अनभिज्ञ होने के कारण समयसार समझ नहीं पाता है तथा स्वसवेदन ज्ञान से रहित होकर कहता है कि अभी पचमकाल है, सर्वज्ञ का अभाव हे, काल लव्धि नहीं पकी है, केवली के ज्ञान में ऐसा ही देखा गया होगा, क्रमनियमित पर्याय इसी प्रकार की होनी होगी, अभी चारित्र धारण करो अनुभव फिर आगे कर लेगें इत्यादि कथनों द्वारा **अर्हन्त भगवान महावीर और सीमन्धर भगवान के साथ अन्याय करता है** - कि उनकी वाणी को पढने से कोई भी लाभ नहीं हुआ। कहते हैं कि समयसार में तो दो तीर्थंकरों से प्राप्त ज्ञान का भण्डार भरा हुआ हे।

५) इन नयों से अनभिज्ञ रहने से **वस्तु व्यवस्था के साथ भी अन्याय करता है** जव कहता है कि पचमकाल में सम्यग्दर्शन नहीं होता, गृहस्थों को सम्यग्दर्शन नहीं होता, सातवें गुणस्थान या दसवें गुणस्थान तक सम्यग्दर्शन नहीं होता, सम्यग्दृष्टि तो ३-४-५ ही हो सकते हैं, क्या सम्यग्दर्शन होना कोई सरल काम हे-वह तो महाकठिन काम हे, समयसार गृहस्थों को पढना ही नहीं चाहिये, इत्यादि।

इसलिये सभी प्रकार का अन्याय छोडने और स्वसवेदनज्ञान प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित शीघ्र करने के लिये इन नयों का ज्ञान करके समयसार शास्त्र के आगे-पीछे के सभी कथनों का सदर्भ सहित अर्थ समझने से आचार्यों का अभिप्राय ख्याल में लेकर अतींद्रिय आनद प्राप्त करने का मार्ग स्वय के लिये अवश्य ही प्रशस्त करना चाहिये। और वह उपाय इन प्रमाण सप्तभगी और नय सप्तभगी के चारों नयों को जानने का साधन **आध्यात्म न्यायदीपिका** में मुनिवर **श्री वीरसागर जी** ने चार्ट न ७ द्वारा वहुत ही प्रामाणिक पद्धति से दिखाया है।

इन नयों का ज्ञान करके समयसार पढने पर ऊपर कथित सभी प्रकार का अन्याय छूटकर स्वसवेदन ज्ञान की प्राप्ति अवश्य हो जाती है।

समयसार में किस नय की मुख्यता है ? इस पर विचार करते हैं। समयसार में **परमशुद्ध निश्चयनय** की मुख्यता से वर्णन किया हे जिसे **अभेदवृत्तिनय** भी कहा जाता हे। यह अभेदवृत्तिनय निश्चयनय का कथन करता है, शेष तीन नय व्यवहारनय का कथन करते हैं। जो जीव समयसार को पर्यायदृष्टि से पढता हे - समझता है, जानता हे, वह जीव समयसार के साथ अन्याय करता है। समयसार में तो किसी भी जीव की (निगोद से लगाकर सिन्द्र तक) अवस्था नहीं दिखाई देती हे। वहॉ तो सम्पूर्ण जीवों में एक शुन्द्रात्मा ही दिखाई देता है। जैसे धवल पु १ में कहा है - **जीवो मगलम्** अर्थात् सभी जीव द्रव्यदृष्टि से मगल हैं। जिसने अपने कारणसमयसार के साथ हो रहे अन्याय को दूर कर न्याय किया - शुद्धात्मानुभव किया, उसे पर्यायदृष्टि छूटकर निश्चयनय-दृष्टि का विपय निज कारणपरमात्मा का आश्रय अपनी प्रमाणात्मक ज्ञान पर्याय में हो जाता हे।

समयसार में आचार्य ने **शुद्धनय का प्रयोग शुद्ध विषयरूप शुद्धात्मा दिखाने के लिये किया है,** न कि शुन्द्र साधन दिखाने के लिये। किन्तु **यह बात समझ में किसे आयेगी ?** जिन जीवों ने न्यायशास्त्र का अभ्यास अध्यात्मदृष्टि से किया होगा उन्हें ही यह वात समझ में आयेगी, क्योंकि न्याय के अभ्यास से ही यह जानकारी होती है कि कौन सा साधन अखण्ड वस्तु को-त्रिकाली ध्रुव को ग्रहण करता हे और कोन सा साधन खण्डरूप वस्तु-गुण पर्याय (वस्तु के अश को) को ग्रहण करता है।

प्रमाण साधन अखण्ड वस्तु को ग्रहण करता है ओर **नय साधन खण्डित वस्तु (अश) को ग्रहण करता है।** अखण्ड समयसाररूप निज शुद्धात्मा का स्वसवेदन-अनुभवन करने के लिये हमें **प्रमाणज्ञान** साधनरूप अखण्ड साधन का प्रयोग करना होगा तभी हमें हमारा शुद्धात्मा का ग्रहण होगा।

प्रमाण और नय साधनों का सही-सही ज्ञान न होने से अनेक लोग नय साधन को ही अनुभूतिरूप सम्यग्दर्शन प्रगट करने का उपाय मानते हैं। वे आगम के आधार से तर्क और उदाहरण भी देते हैं कि **विषय-**कारण समयसार नयात्मक होने से विपयी-**साधन** भी नयात्मक ही होता है। वे कहते हैं समयसार में **शुद्ध नयायत्त** (कलश ७), **भूदत्थेणाभिगदा** (कलश १३), **शुद्ध नयोभ्युदेति** (कलश - १०), **भूदत्थमस्सिदोखलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो** (गाथा ११), **जो पस्सादि अप्पाण त सुद्धणय वियाणाहि** (गाथा १४), **शुद्ध नयात्मिका** (गाथा १३), व पचाध्यायी (२) ४०३ इत्यादि अनेक उद्धरण देकर कहते हैं कि शुद्धनय से ही अनुभव होता है। उनका यह कथन उपरोक्त चार नयों को नहीं समझने के कारण भूल भरा है।

नय परोक्ष साधन है, प्रत्यक्ष नहीं। अत नयों के द्वारा शुन्द्रात्मा को परोक्षरूप से ही जाना जा सकता है, प्रत्यक्ष रूप से नहीं, अस्पष्ट ही जानना होगा, स्पष्ट नहीं, वचनात्मक ही जान सकेंगे, साक्षात् प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित नहीं। अत अतीन्द्रिय आनद नहीं आवेगा, आनदाभास ही होगा, सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान नहीं होगा, सम्यक्त्वाभास और सम्यग्ज्ञानाभास ही होगा। उन्हें यह ज्ञान भी नहीं हो सकेगा कि उन्हें सम्यग्दर्शन हुआ या नहीं। वे दूसरों से पूछने जावेंगे कि मुझे सम्यग्दर्शन हुआ या नहीं।

यह भी एक **सत्य तथ्य** हे कि जिसे अभी सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान ही नहीं हुआ है, उसके पास सम्यक् नय हैं ही नहीं, क्योंकि सम्यक् नय तो सम्यग्दृष्टि को अनुभव के पश्चात् जन्मते हैं। अज्ञानी मिथ्यादृष्टि तथा केवलज्ञानी के नय नही होते हैं। नय तो सम्यक् श्रुतज्ञान के अश हें। सम्यग्ज्ञानरूप प्रमाण से नयों की उत्पत्ति होती है। जो साधन (नय) उसके पास है ही नहीं, उस साधन (नय) से वह अनुभव केसे कर सकेगा ? वास्तव मे वह तो वोद्ध मत की मान्यतावाला हे।

श्रुतभवनदीपक नयचक्र में श्री देवसेनाचार्य लिखते हैं - "**प्रत्यक्षानुभूति नयपक्षातीत** ।" आत्मा की प्रत्यक्ष अनुभूति लेने के ३ उपाय हैं जो नय पक्षातीत हैं - १) मतिज्ञान, २) श्रुतज्ञान, ३) केवलज्ञान।

आचार्य अमृतचन्द्र आत्मख्याति के कलश ६९ और ७० मे कहते है कि नय पक्षपात का अभाव होने पर ही विकल्प जाल से रहित चित्त होने पर साक्षात् अमृत का पान किया जाता हे। नय पक्षपात रहित तत्त्ववेत्ता को निरन्तर चित्स्वरूप जीव जेसा है वेसा ही अनुभव मे आता है।

प्रत्येक स्वाध्यायी को समयसार का स्वाध्याय करते समय निम्न वातें अवश्य ध्यान में रखनी चाहिये -

१) लघु जैन सिन्द्रात प्रवेशिका के आधार से **द्रव्य-गुण-पर्याय** को समझ लेना चाहिये।

२) एक द्रव्य दूसरे द्रव्य की पर्याय का कर्ता नहीं होता है। प्रत्येक द्रव्य की मर्यादा **स्वचतुष्टय** में ही हे।

३) प्रत्येक द्रव्य की प्रतिसमय होनेवाली **पर्याय क्रमनियमित** स्वयमेव होती है।

४) शरीर व इन्द्रियों की क्रिया से आत्मा को कोई लाभ नही होता है।

५) **शुभभाव से बध** होता है, धर्म नहीं।

६) आत्मा के आश्रय से-**स्वसन्मुखता** से धर्म होता है।

७) **विषय-साधन-फल** जाने विना धर्म की शुरुवात नहीं होती हे।

८) प्रमाणज्ञान से आत्मानुभव होता है।

१०) ध्यान में ही आत्मानुभव होता हे, ध्यान के विना नही होता हे।

११) **आत्मा का अनुभव प्रत्यक्ष होता है।**

१२) **नयों से आत्मा का अनुभव नहीं होता है।**

१३) देशना ज्ञानी से लगती है, अज्ञानी से नहीं।

सम्पूर्ण ग्रन्थ में तर्कपूर्ण शैली से सिद्ध किया गया है कि समयसार के विना सभी शास्त्रों का अध्ययन अधूरा हे, समयसार के विना अध्यात्म निर्जीव हे, समयसार के विना जीवन शून्य हे, समयसार के विना मोक्ष का मार्ग अपूर्ण है, समयसार के विना आगमज्ञान का फल अफल है, समयसार के विना आत्मा की चर्चा कोरी हे, समयसार के विना जीवन असार हे, **समयसार के ज्ञान बिना सम्यक्त्व नहीं**। यह तो सत्य है ही किन्तु यह भी सत्य है कि समयसार समस्त पदार्थो में एक सारभूत तत्त्व है, आधार है, विषय है, चर्या-योग्य है, ध्यान योग्य हे।

इन नयों का ज्ञान करके समयसार पढने पर ऊपर कथित सभी प्रकार का अन्याय छूटकर स्वसवेदन ज्ञान की प्राप्ति अवश्य हो जाती है।

समयसार में किस नय की मुख्यता है ? इस पर विचार करते हैं। समयसार में **परमशुद्ध निश्चयनय** की मुख्यता से वर्णन किया है जिसे **अभेदवृत्तिनय** भी कहा जाता है। यह अभेदवृत्तिनय निश्चयनय का कथन करता है, शेष तीन नय व्यवहारनय का कथन करते हैं। जो जीव समयसार को पर्यायदृष्टि से पढता है - समझता है, जानता है, वह जीव समयसार के साथ अन्याय करता है। समयसार में तो किसी भी जीव की (निगोद से लगाकर सिद्ध तक) अवस्था नहीं दिखाई देती है। वहाँ तो सम्पूर्ण जीवों में एक शुद्धात्मा ही दिखाई देता है। जैसे धवल पु १ में कहा है - **जीवो मगलम्** अथात सभी जीव द्रव्यदृष्टि से मगल है। जिसने अपने कारणसमयसार के साथ हो रहे अन्याय को दूर कर न्याय किया - शुद्धात्मानुभव किया, उसे पर्यायदृष्टि छूटकर निश्चयनय-दृष्टि का विषय निज कारणपरमात्मा का आश्रय अपनी प्रमाणात्मक ज्ञान पर्याय में हो जाता है।

समयसार में आचार्य ने **शुद्धनय का प्रयोग शुद्ध विषयरूप शुद्धात्मा दिखाने के लिये किया है,** न कि शुद्ध साधन दिखाने के लिये। किन्तु **यह बात समझ में किसे आयेगी ?** जिन जीवों ने न्यायशास्त्र का अभ्यास अध्यात्मदृष्टि से किया होगा उन्हें ही यह बात समझ में आयेगी, क्योंकि न्याय के अभ्यास से ही यह जानकारी होती है कि कौन सा साधन अखण्ड वस्तु को-त्रिकाली ध्रुव को ग्रहण करता है और कौन सा साधन खण्डरूप वस्तु-गुण पर्याय (वस्तु के अश को) को ग्रहण करता है।

प्रमाण साधन अखण्ड वस्तु को ग्रहण करता है और **नय साधन खण्डित वस्तु (अश) को ग्रहण करता है।** अखण्ड समयसाररूप निज शुद्धात्मा का स्वसवेदन-अनुभवन करने के लिये हमें **प्रमाणज्ञान** साधनरूप अखण्ड साधन का प्रयोग करना होगा तभी हमें हमारा शुद्धात्मा का ग्रहण होगा।

प्रमाण और नय साधनों का सही-सही ज्ञान न होने से अनेक लोग नय साधन को ही अनुभूतिरूप सम्यग्दर्शन प्रगट करने का उपाय मानते हैं। वे आगम के आधार से तर्क और उदाहरण भी देते हैं कि **विषय-**कारण समयसार नयात्मक होने से विषयी-**साधन** भी नयात्मक ही होता है। वे कहते हैं समयसार में **शुद्ध नयायत्त** (कलश ७), **भूदत्थेणाभिगदा** (कलश १३), **शुद्ध नयोभ्युदेति** (कलश - १०), **भूदत्थमस्सिदोखलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो** (गाथा ११), **जो पस्सादि अप्पाण त सुद्धणय वियाणाहि** (गाथा १४), **शुद्ध नयात्मिका** (गाथा १३), व पचाध्यायी (२) ४०३ इत्यादि अनेक उद्धरण देकर कहते हैं कि शुद्धनय से ही अनुभव होता है। उनका यह कथन उपरोक्त चार नयों को नहीं समझने के कारण भूल भरा है।

नय परोक्ष साधन है, प्रत्यक्ष नहीं। अत नयों के द्वारा शुद्धात्मा को परोक्षरूप से ही जाना जा सकता है, प्रत्यक्ष रूप से नहीं, अस्पष्ट ही जानना होगा, स्पष्ट नहीं, वचनात्मक ही जान सकेंगे, साक्षात् प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित नहीं। अत अतीन्द्रिय आनद नहीं आवेगा, आनदाभास ही होगा, सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान नहीं होगा, सम्यक्त्वाभास और सम्यग्ज्ञानाभास ही होगा। उन्हें यह ज्ञान भी नहीं हो सकेगा कि उन्हें सम्यग्दर्शन हुआ या नहीं। वे दूसरों से पूछने जावेंगे कि मुझे सम्यग्दर्शन हुआ या नहीं।

सम्यज्ञान ही प्रमाण क्यों ?

- सपादक

स्वापूर्वार्थ व्यवसायात्मक ज्ञान प्रमाणम्। परीक्षामुख अ १ सू १। स्व और अपूर्व पदार्थ के निश्चय करनेवाले ज्ञान को प्रमाण कहते हैं। इस सूत्र में 'स्व' शब्द रखने से नैयायिक, साख्य तथा चार्वाक मतो का खण्डन हो जाता है। 'अपूर्व' शब्द रखने से कुमारिलभट्ट-मीमासक मत (धारावाही ज्ञान प्रमाण है) का खण्डन हो जाता है। 'अर्थ' शब्द रखने से बोद्धों के (विज्ञानाद्वैतवाद और चित्राद्वैतवाद) मत का खण्डन हो जाता है। 'व्यवसायात्मक' शब्द रखने से बोद्धों के (निर्विकल्पवाद) मत का खण्डन हो जाता है। 'ज्ञान' शब्द रखने से नैयायिकों के सन्निकर्षवाद का, वेशेपिकों के कारकसाकल्यवाद का तथा साख्यों के इद्रियव्यापार प्रमाणवाद का खण्डन हो जाता है।

बौद्ध कहते है - जो ज्ञान अविसवादि है, वह प्रमाण है। उनके द्वारा प्रत्यक्षज्ञान और अनुमानज्ञान ये दो प्रमाण माने गये हैं। किन्तु उनका यह प्रमाण का लक्षण दोनो प्रमाणों मे नहीं जाता है। अत असम्भव दोष से दूषित होने से अप्रमाण है, यह सम्यक् लक्षण नहीं है।

भाट्ट मीमासक कहते हैं - अनधिगत तथाभूतार्थ निश्चायक ज्ञान प्रमाण है। पहिले नहीं जाने गये यथार्थ पदार्थ का निश्चय कराने वाला ज्ञान प्रमाण माना है। उनके द्वारा माने गये धारावाहिक ज्ञानों में यह लक्षण नहीं जाता है। अत असभवदोष से दूषित होने से अप्रमाण है, यह सम्यक लक्षण नहीं है।

प्रभाकर मीमासक कहते है - अनुभूतिरूप ज्ञान प्रमाण है। उनके द्वारा प्रमाण (अनुभूति) शब्द के दो अर्थ किये जाते हैं - १ ज्ञान याने भावसाधन। २ आत्मा और मन का सन्निकर्ष याने करण साधन। इन प्रकार उनके द्वारा भावसाधन और करणसाधन सर्वथा भिन्न मानने से प्रमाण का लक्षण दोनों साधनों में नहीं जाता अत अव्याप्तिदोप से दूषित होने से अप्रमाण है।

जिनागम में भी अनुभूति को प्रमाण माना गया है, किन्तु वहाँ पर अनुभूति से त्रिकाली ज्ञानदर्शनानन्दात्मा का प्रामाण्य सहित प्रत्यक्षज्ञान होना है। जब यह अनुभूति अवश्य हो जाती है। अर्थात् सम्यग्दर्शन और शुद्धात्मानुभव में अन्तर नहीं - ऐसा क्यों है ?

इस ग्रन्थ की महिमा का वर्णन करने में सच पूछो तो शब्द कम पडते हैं, शब्दों की सामर्थ्य शून्य-सी दिखाई देती है। **समयसार की महिमा तो वास्तव में शुद्धात्मा की अनुभूति करने से ही होती है।**

समयसार की अनुभूति के विना द्रव्य-गुण-पर्याय विषय-साधन-फल प्रमाण-नय-निक्षेप, तत्त्वश्रद्धान-स्वाध्याय-सयम, नय और प्रमाण, लोकव्यवस्था और क्षयोपशमज्ञान की सूक्ष्मता सभी की चर्चा अकार्यकारी है।

समयसार के अध्ययन से अनुयोगों के नये क्षितिज बनते है, दिशाओं को द्वार प्राप्त होते हैं, द्वारों को आयाम प्राप्त होते हैं, प्रमाण को प्रामाण्य प्राप्त होता है, अनुभूति को प्रामाणिकता मिलती है, मिथ्यात्व का अभाव होता है, कषायों का शमन हो जाता है, ज्ञान को ज्योति प्राप्त होती है, विकल्पो का विनाश होता है, साधु को सत्समागम प्राप्त होता है, पण्डितों के दम्भ का अन्त आ जाता है, पाखण्डियों के स्वाग छूट जाते हैं, श्रावक में श्रद्धा-विवेक-क्रिया चेतना प्राप्त कर लेती है, ससारी को सच्ची शान्ति और अक्षय आनन्द के द्वार खुल जाते हैं। **आत्मा का ध्यान करने वाले की मोह ग्रन्थि का विनाश हो ही जाता है।**

इस प्रकार निज शुद्ध चैतन्यरूप ध्रुवतत्त्व के अवलबन पूर्वक अपने मति-श्रुत ज्ञान की प्रामाणात्मक ज्ञानपर्याय में प्रत्यक्ष प्रामाण्य सहित अतींद्रिय आनन्द का अनुभव करना ही **समयसार के साथ न्याय है।**

महावीर सास्कृतिक भवन, सोलापुर — मन्नूलाल जैन (वकील)
९ ०९ १९९९ — सागर (म प्र)

"बाहर भटकनेवाले ज्ञानोपयोग को स्व की ओर लगा देना ही महत्वपूर्ण प्रयोग है।
यह सहज सुलभ सुन्दर प्रयोग इस मानव जीवन की परम आवश्यकता है।"

जब यह जीव समस्त रागादि विभावों से रहित होकर शुद्धात्मानुभूतिमई ध्यान के बल से प्रकृति-प्रदेश-स्थिति-अनुभागरूप चार प्रकार के बध से और समस्त विभावों से बिलकुल छूट जाता है तब यह जीव अपने स्वाभाविक अनत ज्ञान, दर्शन, सुख, बल आदि गुणों से भूषित होता हुआ एक समय में ही सीधा ऊपर को जाकर लोक के अग्रभाग में ठहर जाता है। मुक्त जीवों के सिवाय शेष समस्त ससारी जीव मरण के अत में छहों दिशाओं में जाते हैं।

सम्यग्ज्ञान ही प्रमाण क्यों ?

- सपादक

स्वापूर्वार्थ व्यवसायात्मक ज्ञान प्रमाणम्। परीक्षामुख अ १ सू १। स्व ओर अपूर्व पदार्थ के निश्चय करनेवाले ज्ञान को प्रमाण कहते हैं। इस सूत्र में **'स्व'** शब्द रखने से **नैयायिक, साख्य** तथा **चार्वाक** मतों का खण्डन हो जाता है। 'अपूर्व' शब्द रखने से **कुमारिलभट्ट-मीमासक** मत (**धारावाही ज्ञान प्रमाण है**) का खण्डन हो जाता है। **'अर्थ'** शब्द रखने से बौद्धों के (**विज्ञानाद्वैतवाद** ओर **चित्राद्वैतवाद**) मत का खण्डन हो जाता हे। **'व्यवसायात्मक'** शब्द रखने से बोद्धों के (**निर्विकल्पवाद**) मत का खण्डन हो जाता हे। **'ज्ञान'** शब्द रखने से नैयायिकों के **सन्निकर्षवाद** का, वैशेषिकों के **कारकसाकल्यवाद** का तथा साख्यों के **इद्रियव्यापार प्रमाणवाद** का खण्डन हो जाता है।

बौद्ध कहते हे - **जो ज्ञान अविसवादि है, वह प्रमाण है।** उनके द्वारा प्रत्यक्षज्ञान और अनुमानज्ञान, ऐसे दो प्रमाण माने गये हैं। किन्तु उनका यह प्रमाण का लक्षण दोनों प्रमाणो में नही जाता है। अत असभव दोप से दूपित होने से अप्रमाण है, यह सम्यक् लक्षण नहीं है।

भाट्ट मीमासक कहते हैं - **अनधिगत तथाभूतार्थ निश्चायक ज्ञान प्रमाण है।** पहिले नहीं जाने गये यथार्थ पदार्थ का निश्चय कराने वाला ज्ञान प्रमाण माना है। उनके द्वारा माने गये धारावाहिक ज्ञानों में यह लक्षण नही जाता है। अत **असभवदोष** से दूपित होने से अप्रमाण है, यह सम्यक् लक्षण नहीं हे।

प्रभाकर मीमासक कहते हैं - **अनुभूतिरूप ज्ञान प्रमाण है।** उनके द्वारा प्रमाण (अनुभूति) शब्द के दो अर्थ किये जाते हैं - १ ज्ञान याने भावसाधन। २ आत्मा ओर मन का सन्निकर्प याने करण साधन। इस प्रकार उनके द्वारा भावसाधन ओर करणसाधन सर्वथा भिन्न मानने से प्रमाण का लक्षण दोनों साधनों में नहीं जाने से **अव्याप्तिदोष** से दूपित होने से अप्रमाण है।

जिनागम में भी अनुभूति को प्रमाण माना गया है, किन्तु यहॉ पर अनुभूति शब्द का अर्थ शुद्धात्मानुभव याने निजध्रुवज्ञानदर्शनानदात्मा का प्रामाण्य सहित प्रत्यक्षज्ञान होता है। जव यह अनुभृति होती हे तव सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति अवश्य हो जाती हे। अर्थात् सम्यग्दर्शन और शुद्धात्मानुभव में अन्वय तथा व्यतिरेक पाया जाता हे।

शका - ऐसा क्यों हे ?

समाधान - १ जिनागम में भवसाधन ओर करणसाधन को सर्वथा भिन्न-भिन्न नहीं माना है।

२ जिनागम मे ज्ञान शब्द या प्रमाण शब्द का अथ करणसाधन रूप हे।

३ शुद्धात्मानुभव से ही सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति मानी है। पश्चात् सविकल्प दशा (स्मरण, प्रत्यभिज्ञान, तर्क अनुमान, नय जल्प) के काल में होने वाले ज्ञान को भी प्रमाण कहते हैं। इसे समझने के लिये इसी ग्रन्थ मे अनेक चार्ट दिये गये हे, वे देखिये।

चार अभाव

-सपादक

प्रत्येक वस्तु अनेकान्तस्वरूप और भाव-अभावात्मक है। अभाव का अर्थ है न होना, भिन्न रहना, दूर रहना, सत्ता मे नहीं होना, उत्पाद नही होना, व्यय हो जाना, पररूप नहीं होना। भावान्तर सद्भाव एव अभाव ।

चार अभावो को जाने बिना अनेकान्तात्मक वस्तु के स्वरुप का यथार्थ निर्णय नहीं होता। अत उन्हें अवश्य जानना चाहिये क्योंकि अभाव भी वस्तु का स्वभाव है। चार अभावो का कथन जिनवाणी मे साख्यमत, बौद्धमत, चार्वाकमत और निश्चयाभास की मान्यताओ के निषेध के लिए आया है।

जैनदर्शन के अनुसार प्रत्येक पदार्थ अनेकान्तस्वरूप है। जैनदर्शन वस्तु को कथचित् नित्य, अपरिणामी और कथचित् अनित्य, परिणामी मानता है। द्रव्य की अपेक्षा से स्व वस्तु नित्य है,पर्याय की अपेक्षा से वस्तु अनित्य है। अपनी अपेक्षा से स्वरूप है, भावरूप है, पर की अपेक्षा से स्ववस्तु पररूप नहीं है, अभाव स्वरूप है। यह अभाव भी किसी अपेक्षा से वस्तु का सद्भावरूप स्वभाव ही है।

प्रत्येक वस्तु में गुण,स्वभाव,शक्तियॉ और धर्म होते है जिनकी सख्या अनन्त है। भाव याने सद्भावरूप विशेषो को गुण,स्वभाव,शक्ति धर्म कहते है। अभावरूप विशेपो को भी गुण,स्वभाव,शक्ति,धर्म कहते है।

आप्तमीमासा की कारिका ९,१०,११ में चार अभावो का वर्णन प्राप्त होता है। इनका विस्तार आचार्य अकलकदेव ने अष्टशती में, तथा आचार्य विद्यानदि ने अष्टसहस्री में किया है।

आप्तमीमासा में आचार्य समन्तभद्र सर्वप्रथम तीन कारिकाओं मे सच्चे देव की पूज्यता की कसौटी प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि कल्याणको में , सभाओ मे देवो की उपस्थिति, आकाश मे अधरगमन, छत्र-चमरादि से सजावट-सेवा, पुष्प वृष्टि, शरीर मे परम औदारिकपना, पसीना का अभाव, महोदयपना, तीर्थ की प्ररूपणा आदि कार्य पूज्यता के अन्यथा अनुपपत्तिरूप हेतु नहीं है, ये तो मायावियो में भी देखे जाते है ,अनैकान्तिक है। ये हेतु आगमाश्रित दोप युक्त होने से असिद्ध भी है।

वीतरागता, सर्वज्ञता और परमहितोपदेशकता ही आप्तपना और पूज्यता के सच्चे कारण हैं। तत्त्वार्थसूत्र महाशास्त्र के मगलाचरण से नि सृत यह आप्तमीमासा उसमे कहे आप्त के विशेपणो को ही ४ थी से७ वीं तक चार कारिकाओं मे प्रतिपादन करती हुई सर्वज्ञ की सिद्धि करती है।

सर्वथा एकान्त आग्रह से ग्रसित, आप्ताभिमानदग्ध अल्पज्ञ, अन्य साख्य,बौद्ध,चार्वाक आदि मतो को जैनमतरूप अमृत से बाहर घोपित करते हुए चार अभावो के प्रकरण से आचार्य न्यायशास्त्र का प्रारभ करते हैं।

आचार्य समन्तभद्र कहते हैं कि जो एकान्त आग्रह से ग्रस्त हैं वे पदार्थों को सर्वथा नित्य या सर्वथा अनित्य मानते हैं , वे आपस मे एक दूसरे के विरुद्ध-वैरी तो है ही, यथार्थ वस्तु स्वरूप से भी विरुद्ध मान्यतावाले है। उनके मत मे शुभ-अशुभ क्रिया, पुण्य-पाप का फल,स्वर्ग-नरक आदि परलोक, तथा बध और मोक्ष की व्यवस्था नहीं बन सकती है, क्योंकि सर्वथा नित्य तथा सर्वथा क्षणिक पदार्थ मे अर्थक्रिया घटित नहीं होती है। साख्यदर्शन सभी पदार्थो को एकान्त से भावरूप नित्य और कूटस्थ ही मानता है। बौद्धमत वस्तु को सर्वथा अनित्य ही मानता है।

प्रत्येक वस्तु में चार अभाव स्वभावरूप से मौजूद है। यदि पदार्थो को एकान्तरूप से नित्यरूप ही माना जावेगा तो प्रागभाव प्रध्वसाभाव, इतरेतराभाव और अत्यन्ताभावरूप अभाव स्वभावों का नाश हो जाने से सभी वस्तुएँ (पदार्थ)अनादि, अनन्त, सर्वात्मक और अस्वरूप-स्वरूपरहित शून्य हो जावेंगी। प्रागभाव और प्रध्वसाभाव का प्रयोजन अनतर पूर्वक्षणवर्ती और अनतर उत्तरक्षणवर्ती पर्यायो से वर्तमान पर्याय की भिन्नता बतलाना है। अन्योन्याभाव का प्रयोजन पूर्व परिणाम सन्तति, उत्तर परिणाम सन्तति को भिन्न बतलाना है। अत्यन्ताभाव का प्रयोजन प्रत्येक द्रव्य के चतुष्टय को भिन्न करके हर एक पदार्थ की भिन्नता दिखलाता है।

प्रागभाव

प्रश्न : प्रागभाव (प्राक्+अभाव) किसे कहते है

समाधान यद् अभावे हि नियमत कार्यस्य उत्पत्ति स प्रागभाव । जिसका (अनतरपूर्वक्षणवर्ती पर्याय का) अभाव

नैयायिकादि कहते हैं - **प्रमा के प्रति जो करण है, वह प्रमाण है।** उनके यहाँ करणसाधन को ओर अधिकरणसाधन को सर्वथा भिन्न माना है। उनके यहाँ इस तरह के कथन हैं - **तन्मे प्रमाण शिव** याने वह **शिव ईश्वर ही मुझे प्रमाण है,** वह **महेश्वर मुझे प्रमाण** है। और वे ऐसा भी मानते हैं कि महेश्वर प्रमा का अधिकरण तो है, लेकिन करण नहीं है। इस प्रकार यह लक्षण करणसाधन में जाता है, अधिकरणसाधन में नहीं। अत **अव्याप्तिदोष** से दूषित होने से अप्रमाण है।

इसी तरह जो लोग किसी ईश्वर, अल्पज्ञ, छद्मस्थ आदि को प्रमाण मानते हैं, क्षेत्र को प्रमाण मानते हैं, सहनन को प्रमाण मानते हैं वह भी उनकी भूल है। सन्निकर्ष आदि केवल करणसाधन हैं, प्रमाण के अधिकरण नहीं हैं। अत वे भी प्रमाण नहीं हैं, वे भी अप्रमाण ही हैं।

साख्यादि कहते हैं - **इन्द्रियव्यापार प्रमाण है, कारकसाकल्य प्रमाण है।** इन्द्रियाँ तथा कारकान्तर अचेतन होने से जानने के साधकतम साधन नहीं हो सकते। जो अचेतन है, स्वय को नहीं जानता है, वह पर को भी नहीं जान सकता है। जानने का साधकतम साधन ज्ञान ही है।

अत यह सिद्ध हो गया कि स्व तथा पर को जाननेवाला सविकल्प (साकार) और अपूर्वार्थग्राही सम्यग्ज्ञान ही पदार्थों के अज्ञान को नष्ट करने में समर्थ है, इसलिये वह प्रमाण है।

❖❖❖

सम्यग्ज्ञान ही प्रमाण क्यों है ?

१ उसमें ज्ञानपना है। वह अज्ञान का विरोधी है।
२ उसमें चेतनपना है। वह चैतन्यरूप है। वह अचेतन नहीं है।
३ वह स्वसवेदी है। वह स्वय को जानता है।
४ उसमें करणपना है। उसे अन्य-भिन्न करण (साधन) की सहायता नहीं चाहिये।
५ उसमें साधकतमपना है। उसके बिना कार्य-जानना नहीं होता।
६ उससे प्रमिति होती है। उससे अज्ञान मिट जाता है।
७ वह अतिशय सहित है। वह प्रति समय नया-नया होता है। स्व-पर प्रकाशक है।

चार अभाव

-सपादक

प्रत्येक वस्तु अनेकान्तस्वरूप और भाव-अभावात्मक है। अभाव का अर्थ है न होना, भिन्न रहना, दूर रहना, सत्ता मे नहीं होना, उत्पाद नहीं होना, व्यय हो जाना, पररूप नहीं होना। भावान्तर सद्भाव एव अभाव ।

चार अभावो को जाने बिना अनेकान्तात्मक वस्तु के स्वरुप का यथार्थ निर्णय नहीं होता। अत उन्हें अवश्य जानना चाहिये क्योंकि अभाव भी वस्तु का स्वभाव है। चार अभावो का कथन जिनवाणी मे साख्यमत, बौद्धमत, चार्वाकमत और निश्चयाभास की मान्यताओ के निषेध के लिए आया है।

जैनदर्शन के अनुसार प्रत्येक पदार्थ अनेकान्तस्वरूप है। जैनदर्शन वस्तु को कथचित् नित्य, अपरिणामी और कथचित् अनित्य, परिणामी मानता है। द्रव्य की अपेक्षा से स्व वस्तु नित्य है,पर्याय की अपेक्षा से वस्तु अनित्य है। अपनी अपेक्षा से स्वरूप है, भावरूप है, पर की अपेक्षा से स्ववस्तु पररूप नहीं है, अभाव स्वरूप है। यह अभाव भी किसी अपेक्षा से वस्तु का सद्भावरूप स्वभाव ही है।

प्रत्येक वस्तु में गुण,स्वभाव,शक्तियाँ और धर्म होते है जिनकी सख्या अनन्त है। भाव याने सद्भावरूप विशेषो को गुण,स्वभाव,शक्ति धर्म कहते है। अभावरूप विशेषो को भी गुण,स्वभाव,शक्ति,धर्म कहते है।

आप्तमीमासा की कारिका ९,१०,११ मे चार अभावो का वर्णन प्राप्त होता है। इनका विस्तार आचार्य अकलकदेव ने अष्टशती में, तथा आचार्य विद्यानदि ने अष्टसहस्री मे किया है।

आप्तमीमासा में आचार्य समन्तभद्र सर्वप्रथम तीन कारिकाओ मे सच्चे देव की पूज्यता की कसौटी प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि कल्याणको मे , सभाओ मे देवो की उपस्थिति, आकाश मे अधरगमन, छत्र-चमरादि से सजावट-सेवा, पुष्प वृष्टि, शरीर मे परम औदारिकपना, पसीना का अभाव, महोदयपना, तीर्थ की प्ररूपणा आदि कार्य पूज्यता के अन्यथा अनुपपत्तिरूप हेतु नहीं है, ये तो मायावियो में भी देखे जाते हैं ,अनैकान्तिक है। ये हेतु आगमाश्रित दोष युक्त होने से असिद्ध भी है।

वीतरागता, सर्वज्ञता और परमहितोपदेशकता ही आप्तपना और पूज्यता के सच्चे कारण हैं। तत्त्वार्थसूत्र महाशास्त्र के मगलाचरण से नि सृत यह आप्तमीमासा उसमे कहे आप्त के विशेषणो को ही ४ थी से७ वीं तक चार कारिकाओ मे प्रतिपादन करती हुई सर्वज्ञ की सिद्धि करती है।

सर्वथा एकान्त आग्रह से ग्रसित, आप्ताभिमानदग्ध अल्पज्ञ, अन्य साख्य,बौद्ध,चार्वाक आदि मतो को जैनमतरूप अमृत से बाहर घोषित करते हुए चार अभावों के प्रकरण से आचार्य न्यायशास्त्र का प्रारभ करते हैं।

आचार्य समन्तभद्र कहते हैं कि जो एकान्त आग्रह से ग्रस्त है वे पदार्थों को सर्वथा नित्य या सर्वथा अनित्य मानते है , वे आपस मे एक दूसरे के विरुद्ध-वैरी तो है ही, यथार्थ वस्तु स्वरूप से भी विरुद्ध मान्यतावाले हैं। उनके मत मे शुभ-अशुभ क्रिया, पुण्य-पाप का फल,स्वर्ग-नरक आदि परलोक, तथा बध और मोक्ष की व्यवस्था नहीं बन सकती है, क्योंकि सर्वथा नित्य तथा सर्वथा क्षणिक पदार्थ मे अर्थक्रिया घटित नहीं होती है। साख्यदर्शन सभी पदार्थों को एकान्त से भावरूप नित्य और कूटस्थ ही मानता है। बौद्धमत वस्तु को सर्वथा अनित्य ही मानता है।

प्रत्येक वस्तु में चार अभाव स्वभावरूप से मौजूद है। यदि पदार्थों को एकान्तरूप से नित्यरूप ही माना जावेगा तो प्रागभाव, प्रध्वसाभाव, इतरेतराभाव और अत्यन्ताभावरूप अभाव स्वभावों का नाश हो जाने से सभी वस्तुएँ (पदार्थ)अनादि, अनन्त, सर्वात्मक और अस्वरूप-स्वरूपरहित शून्य हो जावेगी। प्रागभाव और प्रध्वसाभाव का प्रयोजन अनतर पूर्वक्षणवर्ती और अनतर उत्तरक्षणवर्ती पर्यायो से वर्तमान पर्याय की भिन्नता बतलाना है। अन्योन्याभाव का प्रयोजन पूर्व परिणाम सन्तति, उत्तर परिणाम सन्तति को भिन्न बतलाना है। अत्यन्ताभाव का प्रयोजन प्रत्येक द्रव्य के चतुष्टय को भिन्न करके हर एक पदार्थ की भिन्नता दिखलाता है।

प्रागभाव

प्रश्न प्रागभाव (प्राक्+अभाव) किसे कहते है ?

समाधान यद् अभावे हि नियमत कार्यस्य उत्पत्ति स प्रागभाव । जिसका (अनतरपूर्वक्षणवर्ती पर्याय का) अभाव

होने पर नियम से कार्य की/ वर्तमान पर्याय की उत्पत्ति होती है, वह प्रागभाव है। अ सह पृ १०९। कार्यस्य आत्मलाभात् प्राक्अभवन प्रागभाव । कार्यात् प्राक्अनतरपर्यायस्तस्य प्रागभाव । अ सह पृ ९७। आशय यह है कि कार्यरूप वर्तमान पर्याय (वस्तु) का अनतर पूर्वक्षणवर्ती पर्याय (वस्तु) में अभाव स्वभाव है, और अनतरपूर्वक्षणवर्ती पर्याय (वस्तु) का वर्तमान कार्यरूप (वस्तु) पर्याय में अभाव स्वभाव है। यह इन दो पर्यायों का परस्पर में अभाव स्वभाव ही प्रागभाव है। इसे नही मानने पर कार्य अनादि का ठहरेगा और वस्तु को सर्वथा अपरिणामी-कूटस्थ मानने का प्रसग आ जावेगा।

प्रध्वसाभाव

प्रश्न प्रध्वसाभाव(प्रध्वम+अभाव)किसे कहते हैं ?

समाधान यद् भावे च कार्यस्य नियता विपत्ति स प्रध्वस । जिसके (अनतरउत्तरक्षणवर्ती पर्याय के) सद्भाव में कार्य की (वर्तमान पर्याय की) नियम से विपत्ति (नष्ट) होती है, वह प्रध्वसाभाव है । अ सह पृ १०९।

आशय यह है कि वर्तमान पर्याय का अनन्तर उत्तरक्षणवर्ती पर्याय में अभाव स्वभाव है। वर्तमान पर्यायरूप कार्य का प्रध्वस होने पर नियम से अगली पर्यायरूप कार्य का उत्पाद हो जाता है। यह प्रध्वसाभाव है । इसे नहीं मानने पर वर्तमान कार्य अनन्तकालीन (अनिधन)ठहरेगा और वस्तु को सर्वथा अपरिणामी-कूटस्थ मानने का प्रसग आ जावेगा।

अन्योन्याभाव

प्रश्न अन्योन्याभाव/इतरेतराभाव/अन्यापोह किसे कहते हैं ?

समाधान एक स्वभाव से दूसरे स्वभाव को भिन्न करना ही अन्यापोह है,अन्योन्याभाव है, इतरेतराभाव है । स्वभावान्तरात्स्वभावव्यावृत्तिरन्यापोह । -अष्टशती। सर्वात्मक तदेकस्यादन्यापोह व्यतिक्रमे । आ मी का ११। नच इतरेतराभावस्य अभावे भावे च कार्यस्य उत्पत्ति विपत्ति वा जलस्य अभावे अपि अनलस्य अनुत्पत्ते क्वचित् तद्भावे च तस्य अविपत्ते । इतरेतराभाव(इतर+इतर+अभाव याने अन्य+अन्य+अभाव) याने अन्योन्याभाव के अभाव में कार्य की उत्पत्ति या विपत्ति नहीं होती, और इतरेतराभाव(अन्योन्याभाव)के सद्भाव मे भी कार्य की उत्पत्ति या विपत्ति नहीं होती है। आ विद्यानदि - अ सह पृ १०९।

जैसे - जल का अभाव (नाश) होने पर अनल (अग्नि) की उत्पत्ति नहीं होती है, और जल के सद्भाव में अग्नि की विपत्ति (नाश) नहीं होती है, क्योंकि अग्नि के नाश होने पर भस्म/धूम होता है, जल नहीं होता। जल के पश्चात् अनेक पर्यायों के बाद पेट्रोल, पेट्रोल से गैस, अग्नि, भस्म/धूम होता है । याने पूर्वपर्यायविशिष्टद्रव्य कारण होता है और उत्तरपर्यायविशिष्टद्रव्य कार्य होता है। का अनुप्रेक्षा गाथा-२३०। याने पूर्वपर्याय का व्यय कारण और उत्तर(वर्तमान) पर्याय का उत्पाद कार्य ऐसा जानना-मानना चाहिये। घट और पट मे इतरेतराभाव है क्योंकि घट के नाश होने पर उसका पट नहीं बन जाता और पट के नाश होने पर उसका घट नही बन जाता है। घट से पट या पट से घट बनने में अनेक पर्यायें निकल जाती हैं तब कही वही पुद्गल पट या घट बनते हैं।

आशय यह है कि इस जगत में विद्यमान एक वस्तु के स्वभाव से दूसरी वस्तु के स्वभाव को भिन्न करना अन्योन्याभाव आभावरूप स्वभाव है। इसके अभाव या सद्भाव में कार्य की उत्पत्ति या विनाश का नियम नहीं है। वर्तमान पर्याय होनेरूप कार्य में अनादि पूर्वपरिणाम सन्तति तथा उत्तरपरिणाम सन्तति का परस्पर मे अभाव अन्योन्याभाव है। इसे नहीं मानने से द्रव्य की सर्व पर्यायें एक समान-अभिन्न-सर्वात्मक हो जाने का प्रसग प्राप्त होता है, पर्यायों में भिन्नता की व्यवस्था नही बन सकेगी।

अत्यन्ताभाव

प्रश्न अत्यन्ताभाव किसे कहते है ?

समाधान एक वस्तु में दूसरी वस्तु का त्रिकाल में द्रव्य,क्षेत्र,काल और भावरूप अभाव अत्यन्ताभाव कहलाता है । कालत्रयापेक्षाभावोत्यताभाव । आ विद्यानदि-अष्टसहस्री पृ १०९। इसे नहीं मानने से सभी द्रव्यो का अपना विशिष्ट स्वरूप नहीं रहेगा। अपने स्वभाव से रहित शून्य हो जावेंगें।

पदार्थों के अत्यन्ताभावरूप अभाव स्वभाव के इस अभाव में दो द्रव्यों का अपना विशिष्ट स्वरूप नहीं रहेगा। यह सभी द्रव्यो की चतुष्टयरूप त्रिकाल भिन्नता बतलाता है। इसे नहीं मानने से सभी पदार्थों के स्वभाव का अभाव अर्थात्

अस्वरूपता,स्वरूपरहितता,शून्यग्वभाव का प्रसग आ जाता है। जगत मे साख्य के माने हुए अद्वैतवाद का प्रसग प्राप्त होता है।

चार अभावों को जानने से क्या लाभ है

१ प्रत्येक द्रव्य की प्रत्येक पर्याय क्षणिक-एक समयवर्ती क्रमवर्ती होती है-यह ज्ञान हो जाता है ।

२ कोई भी पर्याय अनादि से नहीं चली आ रही है। भूतकाल की पर्यायो का वर्तमान पर्याय मे असत्तारूप अभाव है । प्रगभाव यह बतलाता है कि वस्तु नित्यकूटस्थ नहीं है।

३ कोई भी पर्याय अनन्तकाल तक नहीं रहेगी । वर्तमान का भविष्य की पर्यायों मे व्ययरूप अभाव है, भविष्य की पंर्यायो का वर्तमान पर्याय मे अनुत्पत्तिरूप अभाव है। प्रध्वसाभाव यह बतलाता है कि वस्तु क्षणिक मात्र नहीं है और नित्यकूटस्थ भी नहीं है।

४ एक पर्याय कारण (व्ययरूप पर्याय)और दूसरी(उसी द्रव्य के उसी गुण की)पर्याय(उत्पादरूप पर्याय)कार्य-ऐसी स्वयसिद्ध अनादिअनत वस्तु व्यवस्था है। यहाँ ऐसा नहीं मान लेना कि अभावरूप व्यय मे से उत्पादरूप सद्भाव उत्पन्न हो जाता है। याने प्रत्येक द्रव्य या गुण की प्रत्येक पर्याय पूर्ण स्वतत्रता से ,अपनी स्वकाल की योग्यता से,अपने नियत क्रम से, नियत समय मे, नियत निमित्तो की उपस्थिति में स्वय के द्वारा ही उत्पन्न होती है। उसे उत्पन्न होने के लिए किसी पर द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव की तो अपेक्षा-पराधीनता है ही नहीं , किन्तु अपने ध्रुव द्रव्य,उस पर्याय का निश्चित गुण या अन्य अनत गुण (उसी द्रव्य के)या ठीक पिछली पर्याय या ठीक अगली पर्याय, या पिछली अनत पर्यायों की अपेक्षा नहीं है। भविष्य मे जब भी कार्य होगा तब पिछली पर्याय का अभाव हो जाने पर ही होगा। अन्योन्याभाव यह बतलाता है कि वस्तु की पर्यायें पराधीन नही हैं।

५ परद्रव्यरूप निमित्त से इस द्रव्य का वर्तमान पर्यायरूप कार्य नहीं होता क्योकि उस द्रव्य का और इस द्रव्य का तो चतुष्टय (द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव) ही भिन्न-भिन्न है । अपने ही त्रिकाली द्रव्य या गुण या गुणो से भी वर्तमान पर्यायस्वरूप कार्य नहीं होता है क्योंकि वे सर्व त्रिकाली है और यह कार्य क्षणिक है। यदि उनसे कार्य होना माना जायगा तो कार्य को भी त्रिकाली होना चाहिये,किन्तु कार्य तो क्षणिक ही होता है। सभी पिछली और अगली पर्यायो से भी कार्य नहीं होता है क्योंकि वे सभी पर्यायें या तो व्ययरूप अभावरूप है या अनुत्पादरूप अभावरूप हैं , और अभाव में से सद्भाव की उत्पत्ति नहीं होती है। इसलिये हीनता की भावना दूर होकर अभी पुरुषार्थ से अपने मतिश्रुत प्रमाणात्मक प्रत्यक्षज्ञान साधन से निजध्रुव शुद्धात्मा को विषय बनाने से स्वसवेदन द्वारा ध्यानपूर्वक आत्मानुभूति करके अज्ञान का नाश करके मोक्ष का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। क्योंकि वास्तव मे वस्तु का स्वरूप तो भावाभावात्मक अनेकान्त स्वरूप है। अत्यन्ताभाव यह बतलाता है कि एक द्रव्य या उसके गुण-पर्याय कभी भी दूसरे द्रव्यरूप नहीं होते है।

यह ज्ञान हो जाता है कि कोई भी पर्याय कब होती है ? क्यों होती है ? आगे या पीछे,पहले या पश्चात क्यो नहीं होती ? उसे कौन कर देता है? दुसरे द्रव्य या दूसरी पर्यायों का हस्तक्षेप क्यो नहीं होता है ? सभी द्रव्यों की सभी कालों की सभी पर्यायें भिन्न क्यो रहती है ? सभी द्रव्यो भिन्न-भिन्न क्यो रहते है? विश्व की (वस्तु की) अनादि से व्यवस्थित क्रमनियमित व्यवस्था क्यो है? आत्मानुभूति करना आवश्य क्यों है ? बध -मोक्ष की व्यवस्था क्यो है? साख्य और बौद्धमतो के कथन मिथ्या कैसे है?

७ वर्तमान काल में शुद्धात्मानुभूति करने में कोई द्रव्य,क्षेत्र,काल, रागादिभाव,द्रव्यकर्म,शरीर,गुरु, पूर्व कर्म का उदय आदि बाधक नहीं है। शुद्धात्मानुभूति करना सुगम है। शुद्धोपयोग की प्राप्ति करना ही मनुष्य पर्याय की सफलता है।

दिव्यध्वनि में परोसे गये न्याय

मुक्ति के मडप में सबको आमन्त्रण है। मुक्ति मडप के हर्षभोज में सर्वज्ञ भगवान के द्वारा दिव्यध्वनि मे परोसे गये न्यायों में से उच्च प्रकार के न्याय परोसे जाते हैं, जिन्हे पचाने से आत्मा पुष्ट होता है। यदि तुझे सर्वज्ञ भगवान होना है तो तू भी इस बात को मान ।जो इस बात को स्वीकार करता है उसकी मुक्ति निश्चित है। लो यह मुक्तिमडप और इसका हर्षभोज, इसे स्वीकार करो।

-ज्ञानस्वभाव- ज्ञेयस्वभाव पृ २५९,२६०

आगम किसे कहते हैं ?

समाधान - आप्तवाक्यनिबधनमर्थज्ञानमागम । न्या दी पृ ११२

आप्तवचनादिनिबधनमर्थज्ञानमागम । प मु अ ३ सू ९५

आप्त के वचनादि जिसमें कारण हैं ऐसे पदार्थ के ज्ञान को आगम कहते हैं।

आगमाभास किसे कहते हैं ?

रागद्वेषमोहाक्रान्तपुरुषवचनाज्जातमागमाभासम्। प मु अ ६ सू ५१

राग-द्वेष-मोह से युक्त पुरुष के वचन से उत्पन्न पदार्थ के ज्ञान को आगमाभास कहते हैं।

हेतु (कारण, साधन) किसे कहते हैं ?

समाधान - साध्याविनाभावित्वेन निश्चतो हेतु । साध्य (विषय) के साथ अविनाभाव रूप से रहना जिसका निश्चित हो, उसे हेतु कहते हैं। हेतु अन्यथा अनुपत्तिरूप याने साधकतम होता है। प मु अ ३ सू ११।

हेत्वाभास किसे कहते हैं ?

हेतुलक्षणरहिता हेतुवदवभासमान हेत्वाभासा। हेतु लक्षणरहित हेतु के समान दिखनेवाले असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक और अकिचित्कर - सदोष हेतुओं को हेत्वाभास कहते हैं।

अन्यथाअनुपपत्तिरूप हेतु के भेद

(अ) **विधिरूप-विधिसाधक हेतु -**

१ **कार्यरूप हेतु** - उदा यह पर्वत अग्निमान है, **क्योंकि** धूमवानपना का सद्भाव है।

२ कारणरूप हेतु - अभी बरसात होगी, **क्योंकि** विशिष्ट बादलों का सद्भाव है।

३ व्याप्यरूप-विशेषरूप हेतु - यह वृक्ष है, **क्योंकि** इसमें शिशपापना है।

४ पूर्वचर हेतु - कल मगलवार होगा, **क्योंकि** आज सोमवार है।

५ उत्तरचर हेतु - आज मगलवार है, **क्योंकि** तो कल सोमवार था।

६ सहचर हेतु - यह विजोरा नीवू रूपवान (पीला) है **क्योंकि** रस पाया जा रहा है।

(ब) **विधिरूप-प्रतिषेधसाधक हेतु -**

१ कार्यरूप हेतु - यहॉ ठडा स्पर्श नहीं है, **क्योंकि** धूम का सद्भाव है।

२ कारणरूप हेतु - इस जीव में सुख नहीं है, **क्योंकि** हृदय में शल्य मौजूद है।

३ व्याप्यरूप-विशेषरूप हेतु - यहॉ ठडा स्पर्श नहीं है, **क्योंकि** उष्णता मौजूद है।

४ पूर्वचर हेतु - एक दिन के बाद मगलवार नहीं होगा, **क्योंकि** आज शुक्रवार है।

५ उत्तरचर हेतु - एक दिन के पहले मंगलवार नही था, **क्योंकि** आज शुक्रवार है।

६ सहचर हेतु - यहॉ दीवाल के उस तरफ के भाग का अभाव नहीं है, **क्योंकि** इस तरफ का भाग दिखाई दे रहा है।

(स) **प्रतिषेधरूप-विधिसाधक हेतु -**

१ कार्यरूप हेतु - इस प्राणी में व्याधि विशेष है, **क्योंकि** रोग रहित चेष्टा नहीं पाई जा रही है।

२ कारणरूप हेतु - इस जीव में दुख है **क्योंकि** इष्ट सयोग का अभाव है।

३ स्वभावरूप हेतु - वस्तु अनेकातात्मक होती है, क्योंकि वस्तु का एकान्त स्वरूप नहीं पाया जाता है।

(द) **प्रतिषेधरूप-प्रतिषेधसाधक हेतु -**

१ स्वभावरूप हेतु - यहॉ भूतल पर घट नहीं है, क्योंकि घट पाया नहीं जा रहा है।

२ व्यापकरूप हेतु - यहॉ शीशम नहीं है, क्योंकि वृक्ष नही पाया जा रहा है।

३ कार्यरूप हेतु - यहॉ गीला ईंधन नहीं है, क्योंकि धूम नहीं पाया जा रहा है।

४ कारणरूप हेतु - यहॉ पर धूम नहीं है, क्योंकि अग्नि नहीं पाई जा रही है।

५ पूर्वचर हेतु - एक दिन के बाद मगलवार नहीं होगा क्योंकि आज सोमवार नहीं है।

६ उत्तरचर हेतु - एक दिन के पहले मगलवार नही था, क्योंकि आज बुधवार नहीं है।

७ सहचर हेतु - इस ठीक तराजू में एक ओर ऊचापन नहीं है, क्योंकि दूसरी ओर नीचापन नहीं है।

अनेकान्तस्वरूप वस्तु को जानने से क्या लाभ है ?

१ गृहस्थ को भी इसी पचमकाल में भरतक्षेत्र में अभी सम्यग्दर्शन हो सकता है।

२ वस्तु का वहुआयामी होना अनेकान्त नहीं, वस्तु में भाव और अभावरूप धर्मो का रहना अनेकान्त है।

३ विपश्यना ध्यान, प्रेक्षा ध्यान, समीक्षण ध्यान, टी एम ध्यान, ब्रह्मकुमारी-प्रजापति ध्यान, कन्याकुमारी ध्यान, अरविन्द ध्यान, जे कृष्णमूर्ति ध्यान, रजनीश ध्यान सही नहीं हैं क्योंकि उनमें वस्तुस्वरूप का अनेकान्तरूप निर्णय नहीं है।

४ मेरा ध्रुव अनादिअनत शुद्ध है क्योंकि उसमें पर्याय नहीं है। पर्याय ध्रुव से अतत् रूप है।

५ निजध्रुवशुद्धचिदानदात्मा को प्रामाण्य सहित प्रत्यक्ष ज्ञान से जानने से आत्मानुभूति हो जाती है। अर्थात् सम्यक्ध्यान में सम्यग्दर्शन अवश्य प्राप्त होता है।

शुद्धोपयोग की प्राप्ति (उत्पत्ति) कैसे होती है ?

समाधान यदि विषय निजात्मा शुद्ध हो ओर जानने का साधन प्रामाण्य सहित प्रत्यक्षज्ञान शुद्ध रहे तो उसका फल शुद्धोपयोग (शुद्ध ज्ञान, शुद्ध आनद, शुद्ध सम्यक्त्व, शुद्ध चारित्र आदि) होता है। कहा भी है - **शुद्धात्मावलवनत्वात् शुद्धध्येत्वात् शुद्धसाधकत्वात्, च शुद्धोपयोग परिणाम लभ्यते।** द्र स गाथा ३४ की टीका, प्रव ता वृ गा १९३ की टीका। यहॉ विधिरूप विधिसाधक-कारणरूप हेतु है।

प्रामाण्य सहित प्रत्यक्षज्ञान हेतु और अतीन्द्रिय आनद सहित शुद्धात्मानुभूति की प्राप्ति साध्यरूप कार्य है।

योग्यता ही विषय प्रतिनियमकारण है।

स्वावरणक्षयोपशमलक्षणयोग्यतया हि प्रतिनियतमर्थं व्यवस्थापयति। - परीक्षामुख अ २, सूत्र ९

अपने आवरण कर्म के क्षयोपशम (ज्ञानावरण, वीर्यान्तराय) लक्षणवाली योग्यता से प्रत्यक्ष प्रमाणज्ञान प्रतिनियत पदार्थों को जानने की व्यवस्था करता है। इस ज्ञान का यह पदार्थ ही विषय है, अन्य नहीं, ऐसी व्यवस्था को प्रतिनियत व्यवस्था कहते हैं।

इसके द्वारा प्रत्यक्ष प्रमाण की और क्रमनियमित पर्याय की सिद्धि होती है।

प्रत्यक्षता किसका धर्म है ? पदार्थों का या ज्ञान का ?

"समाधान - **तथा च न प्रत्यक्षता अर्थधर्म** । प्र क मा भाग १, पृ ३२८

अर्थ - प्रत्यक्षता पदार्थ का धर्म नहीं है। यदि वह पदार्थ का धर्म होती तो उस नील आदि धर्म के समान उसी पदार्थ के स्थान पर अन्य समय में भी वह प्रत्यक्षता प्रतीत होती। तथा वह नील पीतादि पदार्थ जैसे ज्ञानकाल से भिन्न समयों में भी प्रतीत होते है, अनेक-अनेक देवदत्तादि पुरुष उन नीलादि पदार्थो को जानते हैं, वैसे ही उस प्रत्यक्षता को भी जानने का प्रसग प्राप्त होता, किन्तु ऐसा होता नहीं है।" पृ ३२८

"प्रत्यक्षता तो ज्ञान के समय ही और आत्मा में ही प्रतीत होती है, तथा वह भी अपने को मात्र असाधारणरूप से प्रतीत होती है। अर्थात् अपने ज्ञान की प्रत्यक्षता तो अपने को ही प्रतीत होती है, अन्य किसी भी पुरुष को वह प्रतीत नहीं हो सकती है। इसलिये अनुमान सिद्ध वात है कि **प्रत्यक्षता पदार्थ का धर्म नहीं है (साध्य)**, क्योकि वह **ज्ञान के समय को छोडकर अन्य समय में प्रतीत नहीं होती, तथा पदार्थ के स्थान पर प्रतीत नहीं होती** ओर न **अन्य पुरुषों को साधारण रूप से वह ग्रहण में आती है, (हेतु)**।" पृ ३२९

"जो पदार्थ का धर्म होता है वह पदार्थ के स्थान पर ही प्रतीत होता है, ज्ञानकाल से भिन्न समय में भी प्रतीत होता है, ओर अनेक व्यक्ति भी उस धर्म को विपय कर सकते हैं। जेसे दीपक स्वय प्रकाश स्वरूप है तभी उसके द्वारा पदार्थ प्रगट किये जाते हैं, नही तो नहीं किये जाते। उसी प्रकार ज्ञान भी जब तक अपने आपको प्रत्यक्ष नहीं करेगा तव तक वह पदार्थो को प्रत्यक्ष नहीं कर सकता हे।" पृ ३२९

" जो कारणस्वरूप करण होता हे वह अज्ञात रहकर भी कार्य में व्यापार कर सकता है, किन्तु जो ज्ञापककरण होता है, वह ऐसा नहीं होता, वह तो ज्ञात होकर ही कार्य में व्यापार करता है। **नाज्ञात ज्ञापक** नाम-अज्ञात वस्तु ज्ञापक नहीं कहलती है, ऐसा सभी परीक्षक विद्वानों ने स्वीकार किया है।" पृ ३३०

" जो सर्वथा परोक्ष ही रहता है वह प्रत्यक्षतारूप धर्म का आधार नहीं हो सकता है।" पृ ३३०

"मैं जीव इस करणज्ञान का आधार हूँ, इत्यादिरूप से जव तक ज्ञान प्रत्यक्ष नहीं होगा तव तक ज्ञान से जाना हुआ पदार्थ उसके कैसे प्रत्यक्ष होगा ? अर्थात् नहीं होगा।" पृ ३३२

क्रमनियमित पर्याय का स्वीकार होना कब कहा जाता है ?

१ जव सम्यग्दर्शन हो जाता हे।

२ जब दृष्टि स्वभाव पर आ जाती है, आत्मानुभूति हो जाती है।

३ जब सर्वज्ञ स्वभाव का प्रत्यक्ष प्रामाण्य पूर्वक स्वीकार हो जाता है।

४ जव अतींद्रिय आनद का स्वाद आ जाता है।

५ जब पर्याय में वीतरागता धर्म प्रगट हो जाता है।

प्रत्यक्षज्ञान किसे कहते हैं ?

१ **विशद प्रत्यक्षम्।** स्पष्ट ज्ञान को प्रत्यक्ष कहते हैं। - परीक्षामुख अ २, सूत्र ३

२ **विशद प्रतिभास प्रत्यक्षम्।** - न्यायदीपिका अ २ पृ १

३ **प्रतीत्यान्तराव्यवधानेन विशेषवत्तया वा प्रतिभासन वैशद्यम्।** प मु २/४ आ माणिक्यनदि।

अर्थ - दूसरे ज्ञान की सहायता के विना जो (जिसमें) विशेपाकार का प्रतिभास हो रहा है वह ज्ञान की विशदता है।

४ **प्रत्यक्ष लक्षण प्राहु स्पष्ट साकारमञ्जसा। द्रव्यपर्याय सामान्य विशेषार्थात्मवेदनम् ।।**

अर्थ - स्पष्ट, यथार्थ और सविकल्पज्ञान को प्रत्यक्ष ज्ञान कहते हैं। वह सभी परीक्षकों को अनुभव में आता है। - न्यायविनिश्चय का ३ आ अकलकदेव।

५ **केवलात्मप्रतिनियतत्वेन प्रवर्तमान प्रत्यक्षम्।** समयसार कलश ८, आत्मख्याति टीका आ अमृतचन्द्र।

अर्थ - केवल आत्मा से ही प्रतिनिश्चितरूप से जो ज्ञान प्रवृत्ति करे वह प्रत्यक्ष है।

६ **सर्वतो वैशद्य चात्ममात्रसापेक्षत्वात्।** न्या दी अ २ पृ ३६ - आ अभिनव धर्मभूषण यति

अर्थ - उन सभी ज्ञानों में वैशद्य है प्रत्यक्षता है जिनमें आत्ममात्र सापेक्षपना होता है।

७ **आत्मन्येवास्या ज्ञानकाले एव स्वासाधारणविषयतया च प्रसिद्धे ।**

लक्षण का लक्षण जानने से जीवन में क्या लाभ है ?

१ सच्चे और झूठे लक्षण की पहिचान होगी।

२ अपनी ज्ञानपर्याय की पहचान कर सकेंगे कि वह सम्यक् है या मिथ्या है।

३ अपनी ज्ञानपर्याय की पहिचान कर सकेंगे कि वह प्रत्यक्ष है या परोक्ष है।

४ यह ज्ञात कर सकेंगे कि मुझे (स्वय को) प्रत्यक्ष स्वसवेदन हुआ या है आभास मात्र है।

५ अपने सम्यग्दर्शन की पहिचान कर सकेंगे।

६ अपने अतींद्रिय आनद ओर आनदाभास का भेदज्ञान कर सकेंगे।

७ छह द्रव्यों में से जीवद्रव्य की पहिचान कर सकेंगे।

८ अनत जीव द्रव्यों में से निज जीवद्रव्य की पहिचान-भेदज्ञान कर सकेंगे।

९ निज जीवतत्व को पर्यायों से भिन्न कर सकेंगे।

१० अर्थात् शुद्धात्मानुभूति लेना विलकुल सरल और सुलभ हो जायगा। अध्यात्म न्यायदीपिका पृ २७

प्रमाणज्ञान (सम्यग्ज्ञान) और उसका स्वरूप क्या है ?

१ सम्यग्ज्ञान प्रमाणम्। - न्याय दी अ १, पृ ९

२ स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मक ज्ञान प्रमाणम्। - परीक्षामुख अ १, सू १

३ सकलवस्तुग्राहक प्रमाणम्। - आलाप पद्धति

४ तत्वज्ञान प्रमाणम्। - आप्तमीमासा का १०१

५ प्रमाण सकलादेशि। - श्लोकवार्तिक अ २ पृ ३२०

६ सम्यगर्थनिर्णय प्रमाणम्। - प्रमाण मीमासा १-१-१

७ पदार्थयाथात्म्यनिश्चय प्रमाणम्। - प्रमा प्रमेय पृ २

८ सम्यग्ज्ञान प्रमाण प्रमाणत्वान्यथानुपपते । - प्रमाण परीक्षा

९ प्रमितिक्रियाप्रतियत्करण साधकतमत्वेन तत्प्रमाणम्। - न्याय दी अ १ पृ ११

यहाँ 'प्रमाण' लक्ष्य हे ओर 'सम्यग्ज्ञानत्व' उसका लक्षण है। लक्ष्यवचन और लक्षणवचन में शाव्द-समानाधिकरण्य होता है, यह नियम हे। सच्चा लक्षण निर्दोष होता है।

शका - प्रमाणज्ञान का विषय क्या होता है ?

समाधान - सामान्यविशेषात्मा तदर्थो विषय । परीक्षामुख अ ४ सू १

सामान्य-विशेप स्वरूप आत्मा उस प्रमाणज्ञान का विषय है।

शका - प्रमाणज्ञान का फल (लाभ) क्या है ?

समाधान - अज्ञाननिवृत्ति हानोपादानोपेक्षाश्च फलम्। प मु अ ५ सू १

अज्ञान का नाश, हेय का त्याग, उपादेय का ग्रहण और वीतरागता की उत्पत्ति ये प्रमाणज्ञान का फल है।

लक्षण किसे कहते हैं ?

परस्परव्यतिकरेसति येनाऽन्यत्व लक्ष्यते तल्लक्षणम्। राजवार्तिक अ २ सू ८

व्यतिकीर्णवस्तुव्यावृत्तिहेतुर्लक्षणम्। परस्पर में मिली हुई अनेक वस्तुओं में से किसी एक वस्तु को अलग करने वाने हेतु (साधन) को लक्षण कहते हैं। न्यायदीपिका अ १, पृ ५

श्री जयसेनाचार्य समयसार - स्याद्वादाधिकार में कहते हैं -

इद प्राभृतशाग्त्र ज्ञात्वा कि कर्तव्य ? सहजशुद्धज्ञानानन्दैकस्वभावोऽह, निर्विकल्पोऽह, उदासीनोऽह । इति निरन्तर भावना कर्तव्या। ता वृ पृ ३८२

अर्थ - शका यह प्राभृतशास्त्र जानकर क्या करना चाहिए ?

समाधान मे सहजशुद्धज्ञानानद एक स्वभावी हूँ, में निर्विकल्प हूँ, मैं उदासीन हूँ । इत्यादि भावना निरतर करनी चाहिए।

परीक्षा किसे कहते हैं ?

विरुद्धनानायुक्तिप्राबल्यदौर्बल्यावधारणाय प्रवर्तमानो विचार परीक्षा। विरोधी नाना युक्तियों की प्रवलता और दुर्वलता का निर्णय करने के लिए प्रवृत्त हुए विचार को परीक्षा कहते हैं। न्यायदीपिका अ १ पृ ८

परीक्षा करना सीखने से क्या लाभ है ?

१ परीक्षा करना सीखने से कहीं पर भी ठगाये नहीं जावेंगे।

२ अपना अनुभव करने की सच्ची विधि में भूल नहीं रहेगी।

३ देव-गुरु-धर्म का, आप्त-आगम-पदार्थो का, द्रव्य-गुण-पर्याय का निर्णय सच्चा होगा।

४ अपने सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यक्चारित्र और सम्यक्आनद में भूल नही होगी।

५ भेदविज्ञान करने में भूल नही होगी। प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान का निर्णय हो जायगा।

६ समस्त पराधीनता छूट जावेगी। राग को धर्म मानना छूट जायेगा।

६ सुख और ज्ञान प्राप्त करने के लिए पर पदार्थो की ओर देखना मिट जावेगा। अन्यथाअनुपपत्तिरूप -सच्चे कारण की पहिचान कर सकेंगे। निमित्त की व पर्याय की दृष्टि छूटकर उपादान दृष्टि हो जायगी।

८ दृष्टि निजात्मा पर अवश्य आ जावेगी। ध्यान की महिमा ज्ञात हो जायेगी।

९ मिथ्या मान्यतायें छूट जावेंगी। विपय, साधन, फल का सम्यक् निर्णय हो जायगा।

१० अपने शुद्धात्मानुभव की पहिचान स्वय कर लेंगे, किसी अन्य से पूछने की या प्रमाणित कराने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

मतिकृतबाल (अज्ञानी) का क्या लक्षण है ?

१ जो कालकृतवाल या शरीरकृतवाल नहीं, किन्तु जो अव्युत्पन्न, सदिग्ध, विपर्यस्त, तत्वज्ञान रहित हैं उन्हें मतिकृत वाल (अज्ञानी) कहते हैं।

२ जो जहॉ जिस विपय में अनिभिज्ञ हैं वे उस विषय में वाल हैं।

३ जो व्याकरण, काव्य आदि में जानकार हैं किन्तु न्यायशास्त्र में अनभिज्ञ हैं इसलिए वे न्यायविषय में वाल हैं।

४ जो ग्रहण-धारण-पटु होकर न्यायशास्त्र को शब्दरूप ग्रहण करके स्मरण रखते हैं, वे तोतारटन्त वाल होते हैं।

५ कुछ लोग ग्रहण-धारण करते हें, उसमें आगम न्याय समझते हैं, किन्तु निजध्रुवचिदानन्द का प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान करने में असफल रहते हें, वे वाल हैं।

६ कुछ लोग एकत्व-विभक्त निजात्मा के **विषय**-ज्ञेय-प्रमेय-ध्येय-अनुभाव्य-भोग्य को वरावर समझते नहीं हैं, वे वाल हें। अथवा -

७ कुछ लोग विपयी-ज्ञान-प्रमाण-ध्यान-अनुभवरूप **साधन** को अर्थात् शुद्धात्मानुभव याने प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान को समझते नहीं हें, वे वाल हैं।

८ कुछ लोग जानने के फल/ध्यान के फल/ प्रमाण के फल को समझते नहीं हैं, अर्थात् इनको वरावर समझते नही हैं। इसलिये वे ग्रहण-धारण-पटु होकर भी वाल हैं। अध्यात्मन्यायदीपिका पृ १३४, १३५

ध्यान सूत्र

झाणणिलीणो साहू परिचाग कुणइ सव्वदोसाण।

तम्हा दु झाणमेव हि सव्वदिचारस्स पडिकमण।।नियमसार, गाथा ९३

अर्थ - ध्यान में लीन साधु सर्व दोषों का परित्याग करते हैं। इसलिये ध्यान ही वास्तव में सर्व अतिचार का प्रतिक्रमण है।

आत्मध्यानादपरमखिल घोरससारमूल, ध्यानध्येयप्रमुखसुतप कल्पनामात्ररम्यम्।

बुद्ध्वा धीमान् सहज परमानन्दपीयूषपूरे, निर्मज्जन्त सहजपरमात्मानमेक प्रपेदे।। नि क १२३

अर्थ - आत्मध्यान के अतिरिक्त अन्य सव घोर ससार का मूल है, ध्यान-ध्येयादि के विकल्पवाला सुतप भी कल्पनामात्र रम्य है - ऐसा जानकर वुद्धिमान पुरुष सहज परमानन्दरूपी पीयूष के पूर में डूबते हुए एक सहज परमात्मा का आश्रय करते हैं।

अपना-अपना आसन लगाकर, हाथ पर हाथ रखकर, ऑखे वन्दकर, मौन हो जाओ। ओ म्

विचार करो - सामने असाम समुद्र फैला हे, चारों ओर निर्मल-स्वच्छ-गभीर-शान्त-सिन्धु भग है, पानी-पानी-पानी ही दिखाई दे रहा है। ऊपर निर्मल अनन्त आकाश फैला है। आकाश स्वच्छ-निर्धूल-निर्धूम-निर्गन्ध-नीरव-शान्त है।

समुद्र के वीच मे एक हजार पॉखुडियों का लाल कमल हे। कमल की पीली कर्णिका पर चन्द्रमा की कान्ति के समान उज्जवल स्फटिक मणि का सिहासन है। सिहासन पर चार अगुल अधर निजध्रुव शुद्र चेतन्य आनन्दमय आत्मा विराजमान है। यह मैं जीव हूँ। मैं चेतन हूॅ। मैं ज्ञान हूॅ। मैं आत्मा हूॅ। मैं एक हूॅ। मैं शुद्र हूॅ। मैं पूर्ण हूॅ। मैं ध्रुव हूॅ।

यह मैं अविनाशी हूॅ। मैं अनादिअनन्त हूॅ। मैं अखण्ड हूॅ। में अक्षयस्वरूप हूॅ। मै अरूपी हूॅ। मैं अतीन्द्रिय हूँ। में अमर हूॅ। में अनुपम हूॅ। में आनन्दरसमय हूॅ। मैं आनन्दसागर हूॅ। मैं आनन्दधाम हूॅ। में आनन्दचन्द्र हूॅ।

यह मैं निर्मल हूॅ। में निष्काय हूॅ। मैं निष्कर्म हूॅ। मैं निर्विकार हूॅ। में निर्दोप हूँ। मैं निर्विकल्प हूॅ। मैं नीराग हूॅ। में निष्कषाय हूॅ। मैं निर्मोह हूॅ। में निर्मम हूॅ। मैं निश्शक हूॅ। मैं निष्कलक हूॅ। मैं निर्लेप हूॅ। मैं निष्पाप हूॅ। मैं नित्य हूॅ। में निरजन हूॅ। मैं निष्क्रिय हूॅ। मैं नि स्पृह हूॅ। में निराकुल हूॅ। मैं निर्भय हूँ। मैं साम्यसोख्यनिकेतन हूॅ।

यह में परममगलस्वरूप हूॅ। में परमआनन्दस्वरूप हूॅ। मैं परमशान्त हूॅ। में परिपूर्ण हूॅ। में पचपरावर्तनरहित हूॅ। में परमपारिणामिकभाव हूॅ। मैं परमात्मास्वरूप हूॅ। मैं परमपवित्र हूॅ। में परद्रव्य-परभाव से शून्य हूॅ। मैं परमचैतन्यदेव हूॅ। मैं परमसुख हूॅ। मैं परमज्ञान हूॅ। मैं परमपदार्थ हूॅ। मैं परमवीतगग हूॅ। मैं परमस्वास्थस्वरूप हूॅ।

यह मैं चेतन्यज्योति हूॅ। मैं चैतन्यअमृत हूॅ। मैं चित्कलाग्वरूप हूॅ। में चैतन्यपुञ्ज हूॅ। मैं चैतन्यचमत्कार हूॅ। में चैतन्यचिन्तामणि हूॅ। में चिद्ब्रम्ह हूॅ। मैं चैतन्य रसरसायनस्वरूप हूॅ। मैं चैतन्यामृताहारस्वरूप हूॅ। मैं चैतन्यरत्नाकर हूॅ। मैं चैतन्यसागर हूॅ। मैं चैतन्यनिधि हूॅ। मैं चैतन्यसुखसोधस्वरूप हूॅ। मैं चैतन्यमहल हूँ। में चैतन्यशरीर हूॅ। में चारित्रपुञ्जस्वरूप हूॅ। मैं चारित्रशिखामणिस्वरूप हूॅ। में चेतन्यलोक हूॅ। मैं चैतन्यसुधाशु हूॅ। मैं चेतन्यसम्राटस्वरूप हूॅ। में चेतन्यस्वयभू हूॅ। में चेतन्यमूर्ति हूॅ। मैं चिद्रूप हूॅ। में त्यागोपादानशून्य हूॅ। मैं कारणसमयसार हूॅ। में चिन्मय हूॅ।

यह मैं सहजज्ञान हूॅ। में विज्ञानघनस्वरूप हूॅ। मैं सहजभरितावस्थ हूॅ। मैं सहजविमलवोधस्वरूप हूॅ। मैं सनातन हूॅ। मैं समतामन्दिरस्वरूप हूॅ। मैं सच्चिदानन्दमय हूॅ। मैं सहजज्ञान सुधारसमय हूँ। मैं स्वाधीन वैभव स्वरूप हूॅ। मैं स्वतन्त्र शिवस्वरूप हूॅ। मैं शाश्वत हूॅ। मैं शुद्धचेतन्य हूॅ। मैं शुद्धश्रद्धानीरस्वरूप हूॅ। मैं श्रद्धागुणरत्नस्वरूप हूॅ। मैं शुद्धब्रम्हस्वरूप हूॅ। मैं क्षमागुणस्वरूप हूॅ। में क्षमासागर हूॅ। मैं स्वसवेदनगम्य हूॅ। मैं स्वाभावसिद्ध हूॅ। मैं कृतकृत्य हूॅ।

यह मैं ज्ञायक हूॅ। मैं ज्ञानघनपिण्ड हूॅ। मैं ज्ञानामृत हूॅ। मैं ज्ञानसागर हूॅ। मैं ज्ञानरत्न हूॅ। मैं ज्ञानशरीर हूॅ। मैं ज्ञानपुञ्ज हूॅ। में ज्ञानानन्द स्वरूप हूॅ। मैं ज्ञानकला हूॅ। मैं ज्ञानसमुद्र हूॅ। मैं ज्ञाननिधि हूॅ। मैं ज्ञाननिलय हूॅ। मैं ज्ञानतेज हूॅ। मैं ज्ञानसूर्य हूॅ। में ज्ञाननेत्र हूॅ। मैं ज्ञानगगा हूॅ। मैं ज्ञानरत्नाकर हूॅ। मैं ज्ञानभास्कर हूॅ। मैं ज्ञानलावण्यस्वरूप हूॅ। मैं ज्ञानामृतनिर्झर हूॅ। में ज्ञानकोप हूॅ। मैं ज्ञाननीर हूॅ। में ज्ञानमगलस्वरूप हूॅ। मैं ज्ञानमदिरस्वरूप हूॅ। मैं ज्ञानभूषण हूॅ।

मुझमें समस्त अन्य जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, काल द्रव्य नहीं हैं। मुझमें परद्रव्य नहीं हैं, परगुण नहीं है, परपर्यायें नहीं हैं। मुझमें कषाय नहीं हे, विकार नहीं है, मिथ्यात्व नहीं है, राग नहीं है, पर्याय नहीं है, विभाव नहीं हैं, विकल्प नहीं हैं, भेद नहीं, द्रव्यकर्म नहीं, नोकर्म नहीं, भावकर्म नहीं, गुणस्थान नहीं, मार्गणास्थान नहीं, जीवसमास नहीं हैं।

यह मैं जीवत्वमय हूँ। मैं श्रद्धागुण, दर्शनगुण, ज्ञानगुण, चारित्रगुण, सुखगुण, वीर्यगुण, प्रभुत्वगुण, स्वच्छत्वगुण, प्रकाशत्वगुण, सर्वज्ञत्वगुण, अकर्तृत्वगुण, अभोक्तृत्वगुण, एकत्वगुण, अस्तित्वगुण, वस्तुत्वगुण, अगुरुलघुत्वगुण, प्रमेयत्वगुण, द्रव्यत्वगुण, प्रदेशवत्वगुण, आनंदगुण, चैतन्यगुण आदि अनन्तानन्तगुणमय हूँ। मैं असंख्यात प्रदेशमय हूँ। मैं चिदानन्द अरूपी हूँ।

ॐ ॐ ॐ शान्ति शान्ति शान्ति

सर्वस्य ध्यानस्य ज्ञानात्मकत्वप्रसिद्धेः

अर्थ - सर्व ध्यान ज्ञानात्मक हे, ऐसा प्रसिद्ध है। - तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक।

श्री जिनसेनाचार्यजी महापुराण - पर्व २१, श्लोक ११ में लिखते हैं -

धीबलायत्तवृत्तित्वाद् ध्यानं तज्ज्ञैर्निरुच्यते।
यथार्थमभिसन्धानादपध्यानमतोऽन्यथा।।११।।

अर्थ - बुद्धिपूर्वक (बुद्धि के आश्रय से) यथार्थ के साथ वस्तुस्वरूप का ज्ञान करके निजस्वभाव शुद्धपरमात्मा (पारिणामिकभाव-कारणपरमात्मा) के साथ अभिसंधान करने पर ध्यान अथवा सत्ध्यान अथवा शुद्धात्मानुभूति होती है, और बुद्धिपूर्वक (बुद्धि के आश्रय से) अन्यथा याने अयथार्थ के साथ (वस्तुस्वरूप का ज्ञान करके या वस्तुस्वरूप का ज्ञान न करके स्वद्रव्य-गुण-पर्याय के साथ) अभिसंधान करने पर जो ध्यान होता है वह अपध्यान (असत् ध्यान अथवा अशुद्धानुभूति) है। इस प्रकार से ज्ञानियों ने कहा है। याने आत्मा का बुद्धिपूर्वक **जो विचार किया वह ध्यान है।**

चार अनुयोगों का और अध्यात्म-न्याय का सूक्ष्मता से अध्ययन, मनन, चिंतन करने से अज्ञानजनित जो निम्न कल्पनायें हैं उन मिथ्या मान्यताओं का सहज ही खंडन हो जाता है -

(१) पंचमकाल में गृहस्थों को ध्यान होता ही नहीं है,
(२) पंचमकाल में मुनि या श्रावक को ध्यान की पात्रता ही नहीं है,
(३) अध्यात्मक्षेत्र में ध्यान की जो हँसी उडाते हैं कि ध्यान सहज, सुलभ नहीं है,
(४) गृहस्थ आत्मानुभूति/ध्यान बार-बार नहीं कर सकता है,
(५) ध्यान की कला कठिन है,

आज तक हमने अणुबॉबस्फोट, गैसस्फोट सुना है लेकिन तत्त्वस्फोट न सुना है न परिचय किया है, न अनुभव किया है। अध्यात्मक्षेत्र में ज्ञान की महिमारूप ध्रुवस्वभाव की लोरियाँ विद्वद्जन गाते तो हैं, किन्तु **आत्मध्यान** के बारे में मिथ्या कल्पनाएँ विकसित हो रही हैं। **भगवान की हरेक प्रतिमा पद्मासन या खड्गासन में ध्यानस्थ ही है।** वह हमें संदेश दे रही है - **स्वभाव को जानना ही ध्यान** है। चारों अनुयोगों का अध्ययन सूक्ष्मता से करने पर **'ध्यान = ज्ञान'** इस समीकरण में संशय, विपर्यय, अनध्यवसाय रहता ही नहीं है। **प्रायोगिक पद्धति न हो तो ज्ञान की सिर्फ चर्चा करना व्यर्थ है।**

भव्यामृत शतक से[1]

- ब्र. स्व श्री चन्द्रसागर जी वर्णी (कन्नड)

१ हे भव्य जीव ! मै तुझे एक वात समझाता हूँ, उसे तू अत्यत प्यार से सुन और समझ - "यह आत्मा स्वय नित्य-सत्-चित्-आनन्द स्वरूप है, उसे **तू जान** ले, और फिर कभी मत भूल"। ९

२ इस नित्यरूप परमात्मा को जो जीव मात्र-शास्त्र के द्वारा देख लेने का दावा करता है वह जीव **मूर्ख** है। क्या हाथ में दीपक रख लेने मात्र से अन्धा जम्बूद्वीप को देख सकता है ? नहीं। शास्त्ररूपी दीपक के रहते हुए भी, ज्ञानी गुरु की देशना द्वारा अतर के ज्ञानचक्षु खोले विना, प्रामाण्य सहित-प्रत्यक्ष स्वसवेदन किये विना आत्मा दिखाई नहीं देता। १०

३ प्रतिदिन अपने अतर में जागृत, अत्यत निर्मल, विशुद्ध, सद्भाव परिणामरूप **आत्म वस्तु को पहिचानो**, देखो, अनुभव करो। इसी में सम्पूर्ण आगम के उपदेश का सार समाया हुआ है। ११

४ अरे, देखो तो इस ससार का तमाशा ! यहाँ गिड-गिडाकर मॉगने पर भी एक पैसा तक नहीं मिलता हे ओर अज्ञानी वडे कष्ट से अपना पेट भरता है। वहॉ यदि वह अज्ञान छोडकर ससार से विमुख होकर **आत्मोन्मुख** हो जाये तो विना मागे ही अनत सदगुणो की वृद्धि हो जाती है, सर्व दुखों का सदाकाल के लिए अभाव हो जाता हे। १९

५ ज्ञानीजनों की चित्तवृत्ति में उल्लसित आत्मानद की लहरें सदेव **अनुभव** में आती हें। यही मनुष्य अवतार की सार्थकता हे। इसके समान दूसरा कुछ नहीं है। २०

६ हे भव्य ! लोक मे स्थित विविध पदार्थो की तृष्णा को छोड दो। अपने ही अतर में स्थित आत्मा का **साक्षात्कार** करके आनद से रहो। २४

७ हे भव्य ! यह वात तुम मान लो कि - मात्र युक्तिपूर्वक शास्त्र के चितन मनन से ही जीव को रत्नत्रयरूप सद्गुणो की प्राप्ति होना असभव हे, किन्तु **आत्मभावना** की परिणति याने प्रामाण्य सहित प्रत्यक्षज्ञान द्वारा उसकी प्राप्ति सुगम हे। २७

८ हे भव्य ! अपने अन्तर मे ध्यान में जव तुम स्फटिकमणि की जिनमूर्ति के समान अपने **शुद्धात्मा की भावना** करोगे तव कर्मजाल अपने आप क्षण भर में कट जावेगा और तुम आत्मभावों से परिशुद्ध हो जाओगे। ३८

९ जैसे घास के तिनके की वाड मदमाते हाथी को रोक नहीं सकती, वैसे ही जिसने अकिञ्चन **आत्मा का स्वाद** चख लिया हे उस मुमुक्षु को वाह्य परिग्रहों की वाड आत्म साधना में विघ्न नहीं कर सकती। ४१

१० अधिक क्या कहें ! दर्शनविशुद्धि आदि १६ भावनाये, १२ प्रकार की अध्रुव आदि वैराग्य अनुप्रेक्षायें एव अनेक प्रकार के परीषहों का विजय-ये सभी तभी सभव हें जव निजात्म **तत्व का साक्षात्कार** हुआ हो, इसके विना ये सव असभव जानो। ४३

---

[1] यहाँ प्रत्येक वाक्य के अन्त में दिये गये क्रमाक **"भव्यामृत शतक"** पुस्तक के श्लोक क्रमाक हैं।

११ जो जीव, तत्व की पढी-सुनी वातें करके अपने को तत्वज्ञ मान लेता है वह तो वालक है, और जो ज्यादा वातें करना छोडकर अतर में सदैव **आत्मानुभूति** के आनद का स्वाद लेते हैं वे मुनिनायक हैं। ४७

१२ निज **आत्मतत्व का स्वाद** (अनुभव) सो सम्यग्दर्शन है, निज आत्म स्वरूप का स्वसवेदन ज्ञान सो सम्यग्ज्ञान है, और निज आत्मस्वरूप में दृढ स्थिति सो सम्यक्चरित्र है। ऐसे रत्नत्रयवत जीव तीनलोक में सदा पूज्य हैं। ४८

१३ चाहे कोई ११ अग तक के शास्त्र प्रतिदिन पढ लिया करे, किन्तु यदि आत्मतत्व का वोध नहीं करता तथा जिनदेव के समान निजस्वरूप (निजाकार) को अपने प्रामाण्यसहित प्रत्यक्ष स्वसवेदन ज्ञान में नहीं देखता तो वह जीव कल्याण प्राप्ति के लिये **योग्य** नहीं है। ५२

१४ सन्देहरहित **तत्वज्ञाता** के अतर में जिस सुख की अनुभूति होती है वही सच्चा सुख है। अन्य जो कुछ सुख के नाम का हे वह तो स्वप्न ग इन्द्रजाल जैसा है। ६२

१५ खडे-खडे या वेठे-वैठे प्रतिदिन एक क्षण भर के लिए भी जो **आत्मतत्व का ध्यान** करता है, वह जीव कदाचित् मदवुद्धि हो तो भी अक्षय सुख को पा लेता है। ६९

१६ जैसे मदमत्त हाथी के आक्रमण को देखकर सभी लोग दूर हट जाते हैं, उसी प्रकार धर्मी के द्वारा अतर में **निर्मल आत्मा** को देख लेने से सभी पाप दूर हो जाते हैं। ८१

१७ एकाशन, उपवास, व्रत, शील, तप आदि से जिस फल की प्राप्ति होती है वह फल मुक्त स्वरूप आनदकारी भगवान **आत्मा के ध्यान** से-प्रामाण्यसहित प्रत्यक्षज्ञान से क्षण मात्र में प्राप्त हो जाता है।८२

१८ जिस **आत्मज्ञानी** जीव के अतर में समतारस-शमरस भरा है तथा निर्मल आत्मानुभूति एव सुन्दर सुखद सम्यग्ज्ञान है उसका नाम सुनते ही दुष्ट **मोहराज**, क्रूर **यमराज** वा कुसुमायुधवाले **कामराज** भी दूर भाग जाते हैं। ८५

१९ मोक्षार्थी सज्जन के लिए **'आत्मा'** ये दो अक्षर ही वस-काफी हैं, उसमें तन्मय होने वाले को मोक्ष सुख हाथ में ही है। ८७

२० जीव जव **निज स्वरूप** को निरख लेता हे तव वहुत कष्ट से उपार्जित रत्नादि के वैभवों को भी इस प्रकार छोड देता है जैसे कुत्ती का दूध। ९४

२१ चिकने और ढालू काच पर उडद के दाने जितनी देर ठहरते हैं उतनी देर तक भी जो जीव धर्म-ध्रुव स्वभाव शाश्वत निज ज्ञानदर्शनानद को जानकर आत्मा में निश्चल स्थिति प्रत्यक्ष प्रामाण्यसहित **स्वसंवेदन** रूप ज्ञान-अनुभव करे, उसे नागेन्द्र भी वन्दते हैं और वह सदैव के लिये सुखी हो जाता है। १००

सम्पूर्ण जिनवाणी में न्याय ही न्याय भरा है

१ प्रथमानुयोग न्याय के अनुमानज्ञान प्रमाण के **'दृष्टात'** अश से भरा है।

२ करणानुयोग न्याय के **तर्क** प्रमाण अश से भरा है।

३ द्रव्यानुयोग न्याय के **प्रत्यक्ष** प्रमाण अश से भरा है।

४ चरणानुयोग न्याय के हेतु के **पूर्वचर, सहचर, उत्तरचर** आदि अशों से भरा हे।

विस्तृत विषय सूची

अजीव अधिकार - २ (३० गाथाये, ३ स्थल)

आस्रव अधिकार - ५ (१७ गाथायें, ५ स्थल)

❖

❖

* * * * *

जो जानकर शुद्ध आत्म को, ध्यावे परम निज आत्मा।
सागर या अनगार हो, क्षय करे वह मिथ्यात्व का।।

प्रवचनसार गाथा १९४

रे त्याग वचनोच्चार किरिया, वीतरागी भाव से।
ध्यावे निजात्मा जो परम, होती समाधि है उसे।।

नियमसार गाथा १२२

इंद्रिय सुखाकुल जीव जो, नहिं छेदते भववृक्ष को।
भावलिंगी छेदते भववृक्ष, ध्यान कुठार से।।

भावपाहुड गाथा १२२

श्रुतपचमी पर्व पर करो तत्व का ज्ञान।
आत्मतत्व का ध्यान कर पाओ पद निर्वाण।

आत्मानुभव की विधि

कृपया इसे धैर्यपूर्वक पढ़ें। अब हम आपको छ द्रव्यो के ज्ञान के माध्यम से अतींद्रिय आनन्द प्रगट करने की कला सीखने की ओर से चलते है

१ प्रथम तो ६ द्रव्य,७ तत्व,९ पदार्थ, निश्चय-व्यवहारनय का ज्ञान, स्याद्वाद-अनेकान्त, उपादान-निमित्त का ज्ञान आदि प्राथमिक जिनागाम का ज्ञान 'जैन सिद्धान्त प्रवेशिका' के माध्यम से करना आवश्यक है। जिनागम का वस्तुनिष्ठ विज्ञानरूप अध्ययनपद्धति से अध्ययन होना चाहिए।

२ ६ कारक और ४ अभाव के लक्षण-जानना चाहिये।

३ ६ द्रव्यो के सामान्य और विशेप गुण तथा उनकी अर्थपर्याय, व्यजनपर्याय, विकारी पर्याय, निर्मल पर्याय, आशिक निर्मल पर्याय,समानजातीय पर्याय, असमानजातीय पर्याय आदि का ज्ञान कीजिए।

४ १४ गुणस्थान,१४ मार्गणास्थान और १४ जीवसमास का भी ज्ञान होना चाहिये।

५ छह द्रव्यों में से जीवद्रव्य मात्र को अलग करके उसका विचार कीजिए।

६ उन सभी जीवो-अनत जीवों में से अपने निज असख्यातप्रदेशी अस्तित्वगुण आदि सामान्यगुणवाले तथा ज्ञानादि विशेष गुणवाले एक जीवद्रव्य को विचार मे-ज्ञान मे लीजिए।

७ अब उस अपने जीव द्रव्य मे से अपना एक अनतगुणो का अभेद अखण्ड पिण्ड ज्ञान मे लीजिए। यहाँ पर निजद्रव्य और अपनी पर्यायें गौण हो गई है।

८ यहाँ अपने निजध्रुव चिदानन्द आत्मा के बारे मे होने वाले सशय, विपर्यय,अनध्यवसाय और अज्ञान दूर कीजिए।

९ यदि आपने अपने निजध्रुव के सबध मे अपने सशय, विपर्यय,अनध्यवसाय और अज्ञान दूर कर लिये हैं तो अब आपको विषय के बारे मे भूल नहीं है, आपका विषय का निर्णय सत्य है।

१० क्या आपको परोक्षज्ञान साधन (स्मृति, प्रत्यभिज्ञान,तर्क, अनुमान, आगम, नय-जल्प आदि) तथा प्रत्यक्षज्ञान साधन(मति,श्रुत,अवधि, मन पर्यय,केवलज्ञान)के लक्षण मालूम है ? यदि नहीं मालूम है, तो उन्हे तथा उनके भेद - प्रकार आदि जान लीजिए।

११ यदि आपको परोक्षज्ञान साधन और प्रत्यक्षज्ञान साधन के लक्षण मालूम हैं तो आपका साधन का निर्णय सत्य है। अब आप प्रत्यक्षज्ञान साधन से विषय को जानिये। प्रयोग कीजिए। अनुभव कीजिए।

१२ आपको कुछ उलझन सी हो रही है, क्योकि आपने प्रत्यक्षज्ञान साधन का प्रयोग ही नहीं किया है, या परोक्षज्ञान साधनो का क्रम-क्रम से शीघ्रता से ही प्रयोग करते जा रहे हैं या किसी अन्य विचार मे उलझ गये हैं।

१३ अब केवल श्रुतज्ञान प्रमाणसाधन या मतिज्ञान प्रमाणसाधन से जो दोनो ही प्रत्यक्षज्ञान साधन है, उससे अभी ही निजध्रुव चिदानन्द शुद्धज्ञायक को जानो। यहाँ पर आपको आसन लगाकर, ऑखे वद करके,पच-परमेष्टी(णमोकार) मत्र पढते हुए ध्रुवतत्त्व के कुछ गुणो के आधार पर अखण्ड आत्मा जानने के लिये प्रत्यक्षज्ञान साधन का प्रयोग करना है।

१४ पुन आप पूर्व (१३) मे कथित अवस्था मे आवें, प्रत्यक्षज्ञान साधन का निजध्रुव विषय पर प्रयोग करे- अनुभव करे। देख लो,अब आपको अनुभव हो गया है। अब आप यथोचित व्रत धारण कर सकते हैं।

इद्रियो मे ज्ञान क्यो नही होता है ?

१) इद्रियो में ज्ञानत्व नहीं है। वे अज्ञान विरोधी नहीं है।

२) उनमे चेतनपना नहीं है। वे अचेतनरूप है।

३) वे स्वसंवेदी नहीं है। वे स्वय को नहीं जानती है।

४) उनमे करणपना नहीं है। वे सहकारी अन्य करण (साधन) की अपेक्षा रखती है।

५) उनमे साधकतमपना नहीं है। उनके बिना भी जानना हो जाता है।

६) उनसे प्रमिति नहीं होती है। उनसे अज्ञान नहीं मिटता है।

७) उनमे अतिशय नही है। उनसे प्रतिसमय नया-नया कार्य नहीं होता है।

आत्मानुभव की परीक्षा

अब हम अपनी पाँचों बातों सम्यग्दर्शन,सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र,अतींद्रिय आनद और वीतरागता-की परीक्षा करते है। यहाँ यह ख्याल रखें कि अभी आप अपनी ही परीक्षा कर रहे है, वक्ता या लेखक या उपदेशक की नहीं। आपको अत्यधिक ईमानदारी से निष्पक्षता पूर्वक परीक्षक एव परीक्ष्य स्वय ही बनना है। यह समझ लेना कि यह न्याय-विज्ञान-विद्यापीठ-परीक्षाबोर्ड का आत्मानुभूति-विषय का प्रश्नपत्र है। आप स्वय ही विद्यार्थी हैं,स्वय ही निरीक्षक है,स्वय ही परीक्षक है,स्वय ही प्रमाणपत्र देनेवाले हैं, स्वय ही प्रमाणपत्र लेनेवाले है, स्वय ही उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण होनेवाले हैं। इस प्रकार यह हमारी ज्ञानपर्याय ही स्वय अभेद स्वयचालित विद्यापीठ है। इस पद्धति से विचार कर आगे बढ़ना है -

१ अनुभव के काल मे आपको जो आत्मा जानने मे-देखने मे आया है, आपने कोई वस्तु वैसी कभी कहीं पर जानी-देखी या अनुभव ही नहीं की है। अर्थात् आपका आत्मा अनुपम है,अतुलनीय है, अकथनीय है,वचन अगोचर है। अपने आत्मा का अनुभव (आ ५) मति-श्रुत प्रत्यक्षप्रमाणज्ञान से करने के बाद अब आपको निजध्रुव शुद्ध ज्ञानानन्द आत्मा की जैसी प्रतीति हो गई है वैसी प्रतीति-श्रद्धान पहले कभी नहीं हुआ था। अर्थात् आपको निश्चय सम्यग्दर्शन हो गया है।

२ आपने जिस ज्ञान साधन से अपने आत्मा का ज्ञान किया है वह (आ२)केवलज्ञान नहीं था,(आ३) मन पर्ययज्ञान नहीं था, (आ४) अवधिज्ञान नहीं था, परपदार्थों को जाननेवाला परोक्ष (आ१) मतिज्ञान-परोक्ष (आ१) श्रुतज्ञान नहीं था, साव्यवहारिकप्रत्यक्ष इद्रियज्ञान नहीं था, स्पर्शन इद्रियज्ञान, रसना इद्रियज्ञान, घ्राण इद्रियज्ञान,चक्षु इद्रियज्ञान,कर्ण इद्रियज्ञान नहीं था , अवग्रह-ईहा-अवाय-धारणाज्ञान नहीं था , स्मृतिज्ञान नहीं था, प्रत्यभिज्ञान नहीं था, तर्कज्ञान नहीं था, अनुमानज्ञान नहीं था, आगमज्ञान नहीं था, मनोमतिजनित मानसज्ञान नहीं था, नयजल्पज्ञान भी नहीं था, उपरोक्त ज्ञानो में से कोई भी प्रत्यक्ष या परोक्षज्ञान नहीं था। वह तो प्रत्यक्षमतिज्ञान या प्रत्यक्षश्रुतज्ञानरूप आ(५) प्रमाणज्ञान था। अर्थात् वह सम्यग्ज्ञान ही था।

३ अपने आत्मा का अनुभव (आ५)मति-श्रुत प्रत्यक्ष प्रमाणज्ञान साधन से करने के समय जैसा साम्यभाव, समता,शाति का वेदन हुआ है, राग-द्वेष-मिथ्यात्वरहित शाति आई है वैसी पहिले कभी नहीं हुई। अर्थात् आशिक सम्यक्चारित्र प्रगट हो गया है।

४ अपने आत्मा का अनुभव मति-श्रुत प्रत्यक्ष प्रमाणज्ञान साधन से करते समय आपको जैसा आनद आया है-वैसा आनद किसी कठ की-वाद्य की-कठवाद्यकी ध्वनि सुनने से नहीं आया, वैसा आनद किसी वर्ण-आकार,रूप-चित्र-कलाकृति,दृश्य आदि को देखने से नहीं आया, वैसा आनद किसी भी गध से नहीं आया,वैसा आनद किसी भोजन के रस से या साहित्य को पढ़ने के रस से नहीं आया, या किसी अन्य भोग को भोगने से नहीं आया, वैसा आनद किसी भी ८ प्रकार के स्पर्श के विभिन्न भेदों से-भोगों से नहीं आया, वैसा आनद शरीर की किसी भी अवस्था-ख्याति,पूजा,लाभ आदि से नहीं आया, वैसा आनद धन-सम्पत्ति-वैभव आदि किसी भी पर पदार्थ के भोग या सयोग से नहीं आया, वैसा आनद किसी भी रागादि विकारी पर्याय या अविकारी पर्याय या भोग या मन के काल्पनिक विकल्प से नहीं आया। अर्थात् वह सम्यक् अतींद्रिय आनद ही था।

५ अपने निजध्रुवशुद्ध ज्ञानदर्शनानद आत्मा का(आ५) मति-श्रुतज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाणज्ञानसाधन से अनुभव करने पर जैसी निराकुलता हुई है वैसी निराकुलता किसी मिथ्यात्वभाव के समय, क्रोधादि कषायो को करते समय,नोकषायो को करते समय,पाप भाव करते समय,व्यसन सेवन करते समय ,निन्दा-प्रशसा करते समय,हिंसा-चोरी-झूठ-अब्रह्म-परिग्रहसग्रह आदि भाव करते समय,आठ प्रकार का मद करते समय,भक्ति,दया,दान पूजा,उपदेश आदि शुभभाव करते समय, कर्तृत्व -भोक्तृत्व-एकत्व-ममत्व करते समय, इष्ट-अनिष्ट सकल्प-विकल्प भाव करते समय,सन्निकर्ष करते समय,कारक-साकल्य के समय,इद्रिय-व्यापार करते समय, ज्ञातृ-व्यापार करते समय नहीं हुई है। अर्थात् आपको सम्यक् वीतरागता-निराकुलता प्रगट हुई है।

होनहार जब होने आती है, सब साधन स्वय सजाती है,
क्रमवर्ती पर्याय स्वय ही, अपने आप हो जाती है।
भाव शुभाशुभ बध के हेतु, जिनवाणी यह सिखलाती है,
कोई किसी का है नहिं कर्ता, जिनवाणी यह बतलाती है ॥

पीठिका

अथ शुद्धपरमात्मतत्वप्रतिपादनमुख्यत्वेन विस्ताररुचिशिष्यप्रतिबोधनार्थं श्री **कुदकुदाचार्यदेव**-निर्मिते समयसारप्राभृतग्रन्थे अधिकारशुद्धिपूर्वकत्वेन पातनिकासहित व्याख्यान क्रियते। तत्रादौ **'वदित्तु सव्वसिद्धे'** इति नमस्कारगाथामादि कृत्वा सूत्रपाठक्रमेण प्रथमस्थले स्वतत्रगाथापट्क भवति। तदनतर द्वितीयस्थले भेदाभेदरत्नत्रयप्रतिपादनरूपेण **'ववहारेणुवदिस्सदि'** इत्यादिगाथासूत्रद्वय। अथ तृतीयस्थले निश्चयव्यवहार श्रुतकेवलिव्याख्यानमुख्यत्वेन **'जो हि सुदेण'** इत्यादिगाथासूत्रद्वयम्।

श्लोकार्थ - मैं (**श्री जयसेनाचार्य**) वीतरागमय और ज्ञानानद एक सपदा स्वरूप **जिन** को नमस्कार कर के समयसार की तात्पर्य नाम की वृत्ति - टीका को कहता हूँ ।

टीकार्थ - यहाँ शुद्धात्मतत्त्व प्रतिपादन की मुख्यता से विस्तार में रुचि रखने वाले शिष्यों को प्रतिबोधनार्थ श्री कुदकुदाचार्यदेव के वनाये हुए समयसारप्राभृत ग्रन्थ में अधिकार की शुद्धिपूर्वक पीठिकासहित व्याख्यान किया जा रहा है। वहाँ आरभ में **'वंदित्तु सव्वसिद्धे'** इस प्रकार नमस्कार गाथा से प्रारभ कर सूत्रपाठक्रम से प्रथम स्थल में छह स्वतत्र गाथायें हैं। तदनतर द्वितीयस्थल में भेदाभेदरत्नत्रय का प्रतिपादनरूप **'ववहारेणुवदिस्सदि'** इत्यादि दो गाथायें हैं। तृतीयस्थल में निश्चयश्रुतकेवली और व्यवहारश्रुतकेवली के कथन मुख्यत्व से **'जो हि सुदेण'** इत्यादि दो गाथायें हैं।

अत पर चतुर्थस्थले भेदाभेदरत्नत्रयभावनार्थं तथैव भावनाफलप्रतिपादनार्थं च **'णाणम्हि भावणा'** इत्यादिसूत्रद्वयम्। तदनतर पचम स्थले निश्चयव्यवहारनयद्वयव्याख्यानरूपेण **'ववहारोऽभूदत्थो'** इत्यादिसूत्रद्वयम्। एव चतुर्दशगाथाभि स्थलपञ्चकेन समयसारपीठिकाव्याख्याने समुदायपातनिका। तद्यथा-

अथ प्रथमतरस्तावद्गाथाया पूर्वार्द्धेन मङ्गलार्थमिष्टदेवतानमस्कारमुत्तरार्द्धेन तु समयसारग्रथव्याख्यान करोमीत्यभिप्राय मनसि धृत्वा सूत्रमिद प्रतिपादयति -

वदित्तु सव्वसिद्धे, धुवममलमणोवम[१] गदि पत्ते। (१) आ. ख्या
वोच्छामि समयपाहुडमिणमो सुदकेवलीभणिद।।१।। ता वृ

तात्पर्यवृत्ति - **'वदित्तु'** इत्यादि पदखडनारूपेण व्याख्यान क्रियते। **वदित्तु**-निश्चयनयेन स्वस्मिन्नेवाराध्याराधकभावरूपेण निर्विकल्पसमाधिलक्षणेन भावनमस्कारेण, व्यवहारेण तु वचनात्मकद्रव्यनमस्कारेण वदित्वा। कान् ? **सव्वसिद्धे**-स्वात्मोपलब्धिसिद्धिलक्षणसर्वसिद्धान्। कि विशिष्टान् ? **पत्ते**-प्राप्तान्। काम् ? **गदि**-सिद्धगति सिद्धपरिणतिम्। कथभूताम् ? **धुव** टङ्कोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावत्वेन ध्रुवामविनश्वराम्। **अमल** भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्ममल रहितत्वेन शुद्धस्वभावसहितत्वेन च निर्मलाम्। अथवा **अचल** इति पाठातरे द्रव्यक्षेत्रादिपचप्रकारससारभ्रमणरहितत्वेन स्वस्वरूपनिश्चलत्वेन च चलनरहितामचलाम्।

इसके आगे चतुर्थस्थल में भेदाभेदरत्नत्रय की भावना के लिये और भेदाभेदरत्नत्रय की भावना का फल कथन करने की दृष्टि से **'णाणम्हि भावना'** इत्यादि दो गाथायें हैं। इसके बाद पचमस्थल में निश्चयनय और व्यवहारनय के व्याख्यानरूप से **'ववहारो ऽभूदत्थो'** इत्यादि दो गाथायें हैं। इस तरह चौदह गाथाओं द्वारा पॉचस्थलों से समयसारपीठिका के व्याख्या**ा** में समुदायपानिका है।

उसका विस्तार - अब प्रथम गाथा के पूर्वार्द्ध में मगल के लिये इष्ट देवता को नमस्कार कर और उत्तरार्द्ध में **समयसार ग्रथ का व्याख्यान करने की प्रतिज्ञा का** अभिप्राय मन में धारणकर प्रथमसूत्र कहते हैं -

गाथार्थ - **(धुव)** ध्रुव **(अमल)** अमल-निर्मल **(अणोवम)** अनुपम इन तीन विशेषणों से युक्त **(गदि)** गति को **(पत्ते)** प्राप्त हुए **(सव्वसिद्धे)** सर्व सिद्धों को **(वदित्तु)** नमस्कार करके मैं **(ओ)** हे भव्य ! **(सुदकेवलीभणिद)** श्रुतकेवलियों के द्वारा कथित **(इण)** यह **(समयपाहुड)** समयप्राभृत **(वोच्छामि)** कहूँगा।

टीकार्थ - **'वदित्तु'** इत्यादि पदखडनारूप से कथन किया जा रहा है- **वदित्तु** निश्चयनय से अपने में ही आराध्य-आराधकभाव से, निर्विकल्पसमाधि है लक्षण जिसका ऐसे भावनमस्कार के द्वारा और व्यवहारनय से वचनात्मक द्रव्यनमस्कार द्वारा वदन करके। किनको ? **सव्वसिद्धे** स्वात्मोपलब्धि की सिद्धि है लक्षण जिनका ऐसे सर्व सिद्धों को। **गदि पत्ते** जो सिद्ध गति को प्राप्त हो गये हैं। **धुवम्** वह परिणति कैसी है-टकोत्कीर्णज्ञायक एक स्वभाव होने से ध्रुव है, अविनश्वर है। **अमल** भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्ममलसे रहित होने से और शुद्धस्वभाव सहित होने से निर्मल है। अथवा **अचल** आत्मख्याति में अचल ऐसा पाठ हे, उसका अर्थ द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और भव ऐसे पॉच प्रकार के ससार भ्रमण से रहित है और स्वस्वरूप में निश्चल होने से चलपने से रहित अचल है।

---

[१] पाठान्तर - धुवमचलमणोवमं

अणोवम निखिलोपमानरहितत्वेन निरुपमामद्भुतस्वस्वभावसहितत्वेन अनुपमाम्। एव पूर्वार्ध्देन नमस्कार कृत्वापरार्ध्देन सवधाभिधेयप्रयोजनसूचनार्थम् प्रतिज्ञा करोति। **वोच्छामि** वक्ष्यामि। किम् ? **समयपाहुड** समयप्राभृत सम्यग् अय बोधो यस्य भवति स समय आत्मा, अथवा सम एकीभावेनायन गमन समय । प्राभृत सार सार शुद्धावस्था समयस्यात्मन प्राभृत समयप्राभृत, अथवा समय एव प्राभृत समयप्राभृतम्। **इण** इद प्रत्यक्षीभूतम्। **ओ** अहो भव्या । कथभूतम् ? **सुदकेवलीभणिद** प्राकृतलक्षण- बलात्केवलीशब्ददीर्घत्वम्। श्रुते परमागमे केवलिभि सर्वज्ञैर्भणित श्रुतकेवलि भणितम्। अथवा श्रुतकेवलिभणित गणधरदेवकथितमिति।

सवधाभिधेयप्रयोजनानि कथ्यन्ते। व्याख्यान वृत्तिग्रन्थ, व्याख्येय तत्प्रतिपादकसूत्रमिति, तयोस्सबधो व्याख्यानव्याख्येयसवध । सूत्रमभिधान, सूत्रार्थोऽभिधेय, तयो सबधोऽभिधानाभिधेयसबध । निर्विकारस्वसवेदनज्ञानेन शुद्धात्मपरिज्ञान प्राप्तिर्वा प्रयोजनमित्यभिप्राय ।।१।।

अणोवम निखिलउपमा से रहित होने से निरूपम अद्भुत स्वस्वभावसहितत्व होने से अनुपम ऐसी सिद्ध अवस्था है । इस तरह पूर्वार्द्ध से नमस्कार कर उत्तरार्द्ध से सवध, अभिधेय, प्रयोजन की सूचना के लिए प्रतिज्ञा करते हैं कि **वोच्छमि** कहूँगा। क्या कहूँगा ? **समयपाहुड** समयप्राभृत याने सम्यक् समीचीन अय-बोध (ज्ञान) जिसको है ऐसा समय याने आत्मा है।

अथवा सम् **सम** याने एकीभावसे अयन-गमन है जिसका, याने जानना ओर परिवर्तन जहाँ होता है ऐसा आत्मा समय है। प्राभृत का अर्थ सार या शुद्ध अवस्था ऐसा है। समय का जो सार या आत्मा का जो सार वह समयप्राभृत है। अथवा समय ही प्राभृत (रत्न वा नजराणास्वरूप मौल्यवान् वस्तु) वह समयप्राभृत है। **इण** यह प्रत्यक्ष हमारे अनुभूत है। **ओ** अहो भव्यजन! **वह समयप्राभृत प्रत्यक्ष** है। यहाँ गाथा में जो 'केवली' शब्द है वह प्राकृत भाषा के नियम अनुसार दीर्घ है। वह आत्मा श्रुत या परमागम, सर्वज्ञ वा श्रुतकेवलि द्वारा अथवा गणधरदेव के द्वारा कथन किया हुआ है।

अब सबध, अभिधेय और प्रयोजन कहते हैं - व्याख्यान याने ग्रथकी टीका, व्याख्येय याने उसका अभिधान-प्रतिपादन करनेवाले सूत्र, इन दोनों का व्याख्यान-व्याख्येय सबध है। सूत्र वाचक है और सूत्र का अर्थ अभिधेय-वाच्य है। इन दोनों का अभिधान-अभिधेय सबध है। इसका प्रयोजन यह है कि निर्विकार स्वसवेदनज्ञान से शुद्धात्मा को जानना अथवा शुद्धात्मा की अनुभूति (प्राप्ति) करना।

भावार्थ - यहाँ यह बात स्पष्ट है कि अपना शुद्ध पचमपारिणामिकभावस्वरूप आत्मा ही आराधना करने के लिये योग्य है और अपना आत्मा ही आराधक है, और शुद्धात्मानूभूति की प्राप्ति करना यह प्रयोजन हे। श्री जयसेनाचार्य जी ने यहाँ अध्यात्मभाषा (निश्चयनय) की और आगमभाषा (व्यवहारनय) की तुलना दिखाकर दोनों में अविरोध दिखाया है।

अथ गाथापूर्वार्द्धेन स्वसमयमपरार्द्धेन परसमय च कथयामीत्यभिप्राय मनसि सप्रधार्य सूत्रमिद निरूपयति-

जीवो चरित्तदसणणाणट्ठिद[1] त हि ससमय जाण। (२)
पुग्गलकम्मपदेसट्ठिद[2] च त जाण परसमय।। २।।

जीवो चरित्त इत्यादि - **जीवो** शुद्धनिश्चयेन शुद्धबुद्धैकस्वभावनिश्चयप्राणेन तथैवाशुद्धनिश्चयेन क्षायोपशमिकाशुद्धभावप्राणैरसद्भूतव्यवहारेण यथासभवद्रव्यप्राणैश्च जीवति जीविष्यति जीवितपूर्वो वा जीव । **चरित्तदसणणाणट्ठिद त हि ससमय जाण** स च जीवश्चारित्रदर्शनज्ञानस्थितो यदा भवति तदा काले तमेव जीव हि स्फुट स्वसमय जानीहि। तथाहि-विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावे निजपरमात्मनि यद्रुचिरूप सम्यग्दर्शन तत्रैव रागादिरहितस्वसवेदन ज्ञान तथैव निश्चलानुभूतिरूप वीतरागचारित्रमित्युक्तलक्षणेन निश्चयरत्नत्रयेण परिणतजीवपदार्थं हे शिष्य स्वसमय जानीहि।

अध्यात्मभाषा	*आगमभाषा*
(१) अपने ही ध्रुव, निर्मल, अचल, अनुपम पचमपारिणामिकभाव को वदन करके	(१) ध्रुव, निर्मल, अचल, अनुपम पचम गति को प्राप्त सब सिद्धों को वदन करके
(२) अपनी ही शुद्धात्मानुभूति द्वारा प्राप्त हुआ समयपाहुड (समयसार)	(२) सर्वज्ञ, श्रुतकेवलि द्वारा कथन किया हुआ समयपाहुड (समयसार)
(३) स्वानुभूति (समयसार) प्रगट करूँगा।	(३) कथन करूँगा।

आगम भाषा (व्यवहारनय) अभूतार्थ है और अध्यात्मभाषा (निश्चयनय) भूतार्थ हे। जिसको अध्यात्म लक्ष्य में नहीं आया उसकी व्यवहार क्रिया मोक्षमार्ग में कार्यकारी नहीं है।।१।।

अब **गाथा के पूर्वार्द्ध से स्वसमय और गाथा के उत्तरार्द्ध से परसमय का कथन** करता हूँ, ऐसा अभिप्राय मन में धारण करके यह गाथा कहते हैं -

गाथार्थ - हे भव्य ! **(जीवो)** जो जीव **(चरित्तदसणणाणट्ठिद)** चारित्र, दर्शन और ज्ञान में स्थित है **(त)** उसे **(हि)** निश्चय से **(ससमय)** स्वसमय **(जाण)** जानो **(च)** और जो जीव **(पुग्गलकम्मपदेसट्ठिद)** पुद्गलकर्म के प्रदेशों में स्थित है **(त)** उसे **(परसमय)** परसमय **(जाण)** जानो।

टीकार्थ - जो शुद्धनिश्चयनय से शुद्धबुद्ध एक स्वभावरूप निश्चय प्राण के द्वारा तथा अशुद्धनिश्चयनय से क्षायोपशमिक अशुद्धभाव के द्वारा और असद्भूत व्यवहारनय से यथासभव द्रव्यप्राणों द्वारा जो वर्तमान में जीवित है, आगे जीवित रहेगा और जो पूर्व में जीवित था वह जीव है। और वह जीव जब चारित्रदर्शनज्ञान में-स्वभाव में (अभेदरत्नत्रय में) स्थित है उस समय वही जीव निश्चय से स्वसमय है, ऐसा जानो। उसका विस्तार करते हैं - अपने विशुद्धज्ञानदर्शन स्वभावरूप निजपरमात्मा में जो रुचि वह सम्यग्दर्शन है, और उसीमें जो रागादि रहित स्वसवेदन है वह सम्यग्ज्ञान है और जो निश्चलस्वानुभूति है वह वीतराग चारित्र है, इस प्रकार कहे गये लक्षणवाले निश्चयरत्नत्रय से परिणत जीवपदार्थ को, हे शिष्य ! स्वसमय जानो।

---

[1] पाठान्तर - चरित्तदंसण णाणट्ठिदो   २ पुग्गल कम्मपदेसट्ठिय, पोग्गल कम्मपदेसट्ठिद, पुग्गल कम्मुवदेसट्ठिय

पुग्गलकम्मपदेसट्ठिद च त जाण परसमय पुद्गलकर्मोपदेशस्थित च तमेव जानीहि परसमयम्। तद्यथा-पुद्गलकर्मोदयेन जनिता ये नारकाद्युपदेशा व्यपदेशा सज्ञा पूर्वोक्तनिश्चयरत्नत्रयाभावात्तत्र यदा स्थितो भवत्यय जीवस्तदा त जीव परसमय जानीहीति स्वसमयपरसमयलक्षण ज्ञातव्यम्।।२।।

अथ स्वगुणैकत्वनिश्चयगतशुद्धात्मैवोपादेय कर्मबधेन सहैकत्वगतो हेय इति, अथवा स्वसमय एव शुद्धात्मन स्वरूप, न पुन परसमय इत्यभिप्राय मनसि धृत्वा, अथवास्य सूत्रस्यानतर सूत्रमिदमुचित भवतीति निश्चित्य विवक्षितसूत्र प्रतिपादयतीति पातनिकालक्षण सर्वत्र ज्ञातव्यम्।

एयत्तणिच्छयगदो समओ सव्वत्थ सुदरो लोए[1]। (३)
बधकहा एयत्ते तेण विसवादिणी होदि[2]।।३।।

एयत्तणिच्छयगदो स्वकीयशुद्धगुणपर्यायपरिणत, अभेदरत्नत्रयपरिणतो वा एकत्वनिश्चयगत। **समओ** समयशब्देनात्मा। कस्माद्धेतो ? सम्यगयते गच्छति परिणमति। कान् ? स्वकीयगुणपर्यायानिति व्युत्पत्ते। **सव्वत्थसुदरो** सर्वत्र समीचीन। क्व ? **लोए** लोके अथवा सर्वत्रैकेंद्रियाद्यवस्थासु शुद्धनिश्चयनयेन सुन्दर उपादेय इति।

और जो जीव पुद्गलकर्म प्रदेशों में स्थित है उस जीव को ही परसमय जानो। उसका विस्तार पुद्गलकर्म के उदय से उत्पन्न होने वाली नारकादि सज्ञावाली पर्यायें हैं, पूर्वोक्त निश्चयरत्नत्रय का अभाव होने से उन नारकादिपर्यायों में जव वह जीव स्थित है तब वह जीव परसमय है, ऐसा जानो। इस तरह स्वसमय का लक्षण और परसमय का लक्षण जानना चाहिए।

भावार्थ - जो जीव अपने अभेदरत्नत्रय की अनुभूति में है वह स्वसमय है और जो जीव पर्याय की अनुभूति में है वह परसमय है। चतुर्थ गुणस्थान से सिद्ध तक के जीव अभेद रत्नत्रय स्वसमय- सम्यग्दर्शनवाले हैं। एक से तीन तक के गुणस्थान वाले जीव परसमय मिथ्यादर्शनवाले हैं।।२।।

अव अपने गुणों के साथ एकत्वनिश्चयगत शुद्धात्मा **(पारिणामिकभाव)** ही उपादेय है और कर्मबध के साथ (कथचित्) एकपना को प्राप्त हुआ आत्मा हेय है। अथवा **स्वसमय ही शुद्धात्मा का स्वरूप है,** परसमय यह शुद्धात्मा का स्वरूप नहीं है, यह अभिप्राय मन में धारण कर अथवा इस सूत्र के अनतर यही सूत्र उचित हे ऐसा निश्चय कर विवक्षित सूत्र कहते हैं, ऐसी उत्थानिका सर्वत्र जानना चाहिए।

गाथार्थ - **(एयत्तणिच्छयगदो)** एकत्वनिश्चय में प्राप्त जो **(समओ)** समय है वह **(लोए)** लोक में **(सव्वत्थ)** सर्वत्र **(सुदरो)** सुन्दर है **(तेण)** इसलिए **(एयत्ते)** एकत्व में **(बधकहा)** वधकथा **(विसवादिणी)** विसवाद-विरोध जनक **(होदि)** है।

---

[1] पाठान्तर - लोगे   [2] होई

बधकहा कर्मबधजनितगुणस्थानादिपर्याया। **एयत्ते** एकत्वे तन्मयत्वे या वधकथा प्रवर्तते **तेण** तेन पूर्वोक्तजीवपदार्थेन सह सा **विसवादिणी** विसवादी कोऽर्थ ? विसवादिनी कथा। प्राकृतलक्षणवलात् पुल्लिङ्गे स्त्रीलिङ्गनिर्देश। विसवादिनी असत्या। **होदि** भवति। शुद्धनिश्चयनयेन शुद्धजीवस्वरूप न भवतीत्यर्थ। तत स्थित स्वसमय एवात्मन स्वरूपमिति।। ३।।

अथैकत्वपरिणत शुद्धात्मस्वरूप सुलभ न भवतीत्याख्याति -

सुदपरिचिदाणुभूदा सव्वस्स वि कामभोगबधकहा। (४)
एयत्तस्सुवलभो णवरि ण सुलहो विहत्तस्स।। ४।।

"**सुदपरिचिदाणुभूदा**" इत्यादि **सुदा** श्रुता अनतशो भवति। **परिचिदा** परिचिता सा पूर्वमनतशो भवति। **अणुभूदा** अनुभूतानतशो भवति। कस्य ? **सव्वस्स** वि सर्वस्यापि जीवलोकस्य। कासौ ? **कामभोगबधकहा** कामरूपभोगा कामभोगा। अथवा कामशव्देन स्पर्शनरसनेंद्रियद्वय भोगशव्देन घ्राणचक्षुश्रोत्रत्रय तेषा कामभोगाना वध सबधस्तस्य कथा। अथवा बधशव्देन प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशवधास्तत्फल च नरनारकादिरूप भण्यते।

टीकार्थ - **एयत्तणिच्छयगदो** अपने ही शुद्धगुणपर्याय में परिणत हुआ अथवा अभेद-रत्नत्रय में परिणत हुआ, निश्चय से एकता को प्राप्त हुआ याने पारिणामिकभाववाला **समओ** यह आत्मा है। यहाँ समय शव्द का अर्थ आत्मा लेना ठीक है क्योंकि उसकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है - '**सम्यक् अयते गच्छति परिणमति कान् ? स्वकीयगुणपर्यायान्**' अर्थात् जो जानते हुए अपने ही गुणपर्यायों को (**गुणपर्यायोंमें**) प्राप्त होता है वह समय याने आत्मा है। **सव्वत्थ सुदरो** वह आत्मा सर्वत्र सर्वप्रकार से समीचीन - सुन्दर है। कहाँ ? **लोए** लोक में - ससार में अथवा एकेंद्रिय विकलेंद्रिय असज्ञीपचेंद्रिय सज्ञीपचेंद्रिय आदि सव अवस्थाओं में - पर्यायों में शुद्धनिश्चयनय से सुदर है, उपादेय है। **बधकहा** - कर्मबध के सान्निध्य में उत्पन्न होनेवाली गुणस्थानादि पर्यायें हैं। **एयत्ते** एकत्व स्वभावमें जो वधकथा प्रवर्तती है। पूर्वोक्त जीव पदार्थ के साथ वह (**बधकथा**) **तेण विसवादिणी** उससे विसवाद विरोध पैदा करनेवाली **होदि** होती है अर्थात् असत्य है। क्योंकि शुद्धनिश्चयनय से वह (विसवादिनी कथा) जीव का शुद्ध जावस्वरूप नहीं है। इससे सिद्ध होता है कि स्वसमय ही आत्मा का स्वरूप है।

प्राकृत लक्षण (**व्याकरण**) के बल से पुल्लिग होने पर भी स्त्रीलिग निर्देश किया है।

भावार्थ - अपने पारिणामिकभाव में स्वसमय और परसमय इनकी कथा नहीं है।। ३।।

अब **एकत्वपरिणत शुद्धात्मस्वरूप सुलभ नहीं है**, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - (**सव्वस्स वि**) सर्व लोक को (**कामभोगबधकहा**) कामभोग सवधी वध की कथा तो (**सुदपरिचिदाणुभूदा**) सुनने में आ गई है, परिचय में आ गई हे, और अनुभव में भी आ गई है इसलिए सुलभ है (**विहत्तस्स**) भिन्न आत्मा के (**एयत्तस्सुवलभो**) एकत्व स्वभाव की प्राप्ति कभी न तो सुनी है, न परिचय में आई है और न अनुभव में आई है, इसलिए (**णवरि**) केवल एकमात्र वही (**ण सुलहो**) सुलभ नहीं है।

कामभोगबधाना कथा कामभोगबधकथा, यत पूर्वोक्तप्रकारेण श्रुतपरिरिचतानुभूता भवति ततो न दुर्लभा किन्तु सुलभैव। **एयत्तस्स** एकत्वस्य सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रैक्यपरिणतिरूपनिर्विकल्पसमाधिबलेन स्वसवेद्यशुद्धात्मस्वरूपस्य तस्यैकत्वस्य। **उवलभो** उपलम्भ प्राप्तिर्लाभ। **णवरि** केवल अथवा नवरि किन्तु **ण सुलभो** नैव सुलभ। कथभूतस्यैकत्वस्य ? **विहत्तस्स** विभक्तस्य रागादिरहितस्य। कथ न सुलभ ? इति चेत्, श्रुतपरिचितानुभूतत्वाभावादिति।।४।।

अथ यस्मादेकत्व सुलभ न भवति तस्मात्तदेव कथ्यते -

त एयत्तविहत्त दाएह अप्पणो सविहवेण। (५)
जदि दाएज्ज पमाण चुक्किज्ज छल ण घित्तव्व।।५।।

त तत्पूर्वोक्त **एयत्तविहत्त** एकत्वविभक्त अभेदरत्नत्रयैकपरिणत मिथ्यात्वरागादिरहित परमात्मस्वरूपमित्यर्थ। **दाएह** दर्शयेहम्। केन ? **अप्पणो सविहवेण** आत्मन स्वकीयमिति विभवेन आगमतर्कपरमगुरूपदेश-स्वसवेदनप्रत्यक्षेणेति। **जदि दाएज्ज** यदि दर्शयेय तदा **पमाण** स्वसवेदनज्ञानेन परीक्ष्य प्रमाणीकर्तव्य भवद्भि। **चुक्किज्ज** यदि च्युतो भवामि **छल ण घित्तव्व** तर्हि छल न ग्राह्य दुर्जनवदिति।।५।।

टीकार्थ - सब ससारी जीवों को काम-भाग। बध कथा अनत बार सुनने में आई है, अनत बार परिचय में आई है, अनत वार अनुभव में आई है। यहॉ कामरूपभोग ही कामभोग है। काम शब्द से स्पर्शन रसना इन दो इद्रियों के विषय लिये हैं, और भोग शब्द से घ्राण, चक्षु व श्रोत्र इन तीन इद्रियों के विषय लिये हैं, उन काम-भोगों के सबध की कथा वह कामभोगबध कथा है। अथवा बध शब्द से प्रकृति, स्थिति, अनुभाग व प्रदेश बध और उनका फल जो नरनारकादिरूप कहा जाता है। इस तरह कामभोगबध की जो कथा वह कामभोग-बध-कथा है। इसलिये पूर्वोक्त प्रकार से श्रुत, परिचित और अनुभूत होने से वह कथा दुर्लभ नहीं, किन्तु सुलभ ही है। **एयत्तस्स** एकत्व की याने सम्यग्दर्शनज्ञानचरित्र की ऐक्य परिणतिरूप निर्विकल्प समाधि के वलसे जो स्वसवेद्य शुद्धात्मस्वरूप के एकत्व की उपलब्धि, प्राप्ति या लाभ होना केवल (अथवा परतु) सुलभ नहीं है।

शका - कैसे एकत्व की प्राप्ति सुलभ नहीं है।

समाधान - विभक्त याने रागादि से रहित (भिन्न) एकत्व की सुलभता नही है।

शका - वह कैसे सुलभ नहीं है ?

समाधान - वह स्वएकत्वरूप स्वानुभूति सुलभ नहीं है क्योंकि वह कभी सुनी नहीं, वह कभी परिचित नहीं और उसका कभी अनुभव किया नहीं है।।४।।

अव **एकत्व सुलभ नहीं** है, इसलिये उसका ही कथन किया जा रहा है -

गाथार्थ - (त) उस **(एयत्तविभत्त)** एकत्व विभक्त आत्मा को (ह) मैं **(अप्पणो)** आत्मा के **(सविहवेण)** निजवैभव से **(दाएह)** दिखाता हूँ, **(जदि)** यदि मैं **(दाएज्ज)** दिखाऊँ तो **(पमाण)** प्रमाण **(स्वीकार)** करना, **(चुक्किज्ज)** और यदि कहीं चूक जाऊँ तो **(छल)** छल (ण) न **(घित्तव्व)** ग्रहण करना।

अथ कोऽय शुद्धात्मेति पृष्टे प्रत्युत्तर ददाति -

णवि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो जाणगो[1] दु जो भावो। (६)
एव भणंति सुद्धा[2] णादा जो सो दु सो चेव।। ६।।

णवि होदि अप्पमत्तो ण पमत्तो शुद्धद्रव्यार्थिकनयेन शुभाशुभपरिणमनाभावान्न भवत्यप्रमत्त प्रमत्तश्च। प्रमत्तशब्देन मिथ्यादृष्ट्यादिप्रमत्तातानि षड्गुणस्थानानि, अप्रमत्तशब्देन पुनरप्रमत्ताद्ययोग्यतान्यष्टगुणस्थानानि गृह्यन्ते। स क ? कर्ता। **जाणगो दु जो भावो** ज्ञायको ज्ञानस्वरूपो योऽसौ भाव पदार्थ शुद्धात्मा। **एव भणति सुद्धा** शुद्धनयावलबिन, तर्हि कि भवति ? **णादा जो सो दु सो चेव** ज्ञाता शुद्धात्मा य कथ्यते स तु स चैव ज्ञातैवेत्यर्थ ।।६।। इति स्वतत्रगाथाषट्केन प्रथमस्थल गतम्।

टीकार्थ - उस पूर्वोक्त एकत्व विभक्त **(विधिरूप कथन से)** अभेदरत्नत्रयएकपरिणत और **(निषेधरूप कथन से)** मिथ्यात्वरागादि से रहित ऐसा परमात्मा का स्वरूप **(पारिणामिक भावस्वरूप आत्मा)** है। याने औदयिक, ओपशमिक, क्षायोपशमिक और क्षायिक भावस्वरूप आत्मा का यहाँ कथन नहीं है। उस परमात्मस्वरूप को **(एकत्वविभक्त आत्मा के स्वरूप को)** दिखलाता हूँ।

शका - किसके द्वारा परमात्मा का स्वरूप दिखलाते हैं।

समाधान - **अध्यात्मभाषा से**	**आगमभाषा से**
अपने स्वसवेदन प्रत्यक्ष स्वानुभूति के वैभव से दिखाता हूँ।	आगम, तर्क और गुरुउपदेश से दिखाता हूँ।

हे भव्यो ! इसका आप अपने स्वसवेदनज्ञान से **(स्वानुभूति से)** परीक्षा करके प्रमाण करना याने स्वीकार करना चाहिए। यदि कही भूल हो जाय तो दुर्जन की तरह छल नहीं ग्रहण करना।।५।।

तो फिर **'यह शुद्धात्मा कौन है ? याने उसका स्वरूप क्या है ?'** ऐसा प्रश्न पूछने पर श्री आचार्य उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - **(जो)** जो **(अपमत्तो)** अप्रमत्त **(निर्विकल्पपर्यायस्वरूप)** **(ण)** नहीं और जो **(पमत्तो)** प्रमत्त **(सविकल्पपर्यायरूप)** **(वि)** भी **(ण)** नहीं **(दु)** लेकिन **(जाणगो)** ज्ञायक **(भावो)** भाव है **(एव)** इस प्रकार **(सुद्धा)** उसे शुद्ध **(भणति)** कहते हैं **(च)** और **(जो)** जो **(णादा)** ज्ञाता है **(सो दु)** वह तो **(सो)** वह ज्ञाता **(एव)** ही है **(तु)** अन्य कोई नहीं।

टीकार्थ - शुद्धद्रव्यार्थिकनय से **(पारिणामिकभाव की दृष्टि से अशेषधर्मात्मक)** आत्मा के शुभाशुभ परिणमन का अभाव होने से वह अप्रमत्त और प्रमत्त नहीं है। यहाँ प्रमत्त शब्द से मिथ्यादृष्टि गुणस्थान से लेकर प्रमत्तविरत गुणस्थान तक छह गुणस्थान और अप्रमत्त शब्द से अप्रमत्तगुणस्थान से अयोगकेवली तक आठ गुणस्थान ग्रहण किये जाते हैं। ऐसा कर्तारूप कौन है ? **जाणगो दु जो भावो** यह शुद्धात्मा केवल ज्ञायक ज्ञानस्वरूप जो भाव याने पदार्थ है, ऐसा शुद्धनय का अवलवन लेने वाले कहते हें। वह केसा है ? तो उसे ज्ञाता या शुद्धात्मा कहा जाता हे, वह वही है याने ज्ञाता ही है, ऐसा भाव है।

---

[1] पाठान्तर - जाणओ [2] सुद्धं

अथानतर यथा प्रमत्तादिगुणस्थानविकल्पा जीवस्य व्यवहारनयेन विद्यन्ते, शुद्धद्रव्यार्थिकनिश्चयनयेन न विद्यन्ते तथा दर्शनज्ञानचारित्रविकल्पोऽपीत्युपदिशति -

ववहारेणुवदिस्सदि णाणिस्स चरित्तदसण णाण। (७)
ण वि णाण ण चरित्तं ण दंसण जाणगो सुद्धो।। ७।।

ववहारेण सद्भूतव्यवहारनयेन **उवदिस्सदि** उपदिश्यते कथ्यते। कस्य ? **णाणिस्स** ज्ञानिनो जीवस्य। किम्? **चरित्तदसण णाण** चारित्रदर्शनज्ञानस्वरूपम्। **ण वि णाण ण चरित्त ण दसण** शुद्धनिश्चयनयेन न पुनर्ज्ञान न चारित्र न दर्शनम्। तर्हि किमस्तीति चेत् ? **जाणगो** ज्ञायक शुद्धचैतन्यस्वभाव । **सुद्धो** शुद्ध एव रागादिरहित इति। अयमत्रार्थ । यथा निश्चयनयेनाभेदरूपेणाग्निरेक एव पश्चाद्भेदरूपव्यवहारेण दहतीति दाहक पचतीति पाचक प्रकाश करोतीति प्रकाशक इति व्युत्पत्त्या विषयभेदेन त्रिधा भिद्यते। तथा जीवोऽपि निश्चयरूपाभेदनयेन शुद्धचैतन्यरूपोऽपि भेदरूपव्यवहारनयेन जानातीति ज्ञान, पश्यतीति दर्शन, चरतीति चारित्रमिति व्युत्पत्त्या विषयभेदेन त्रिधा भिद्यते इति।। ७।।

भावार्थ - शुद्धद्रव्यार्थिक नय से सविकल्प और निर्विकल्प पर्यायस्वरूप नहीं है। ऐसा ज्ञायकस्वभाववाला सत् द्रव्य, ऐसा जो शुद्ध **(ज्ञाता)** ज्ञात हुआ, याने जाना गया, याने अनुभूति में आ गया, वह (जो ज्ञात हुआ) वह ही है याने ज्ञायक स्वभाव ही है, ऐसा कहते हैं। श्री आचार्यदेव ने गाथा क्रमाक ५ में कहा था कि "स्वानुभूति से एकत्वविभक्त या अभेदरत्नत्रयमय जीव कहूँगा" वह उन्होंने यहाँ कह दिया है।। ६।।

इस प्रकार प्रथम स्थल में छह गाथायें हुईं। इस के वाद जैसे प्रमत्तादि गुणस्थान के (प्रथम गुणस्थान से कार्य सिद्ध तक के) विकल्प (पर्याय और गुणभेद) व्यवहारनय से जीव के हैं, और शुद्ध द्रव्यार्थिक-निश्चयनय से प्रमत्तादि गुणस्थान के विकल्प **(पर्याय भेद)** जीव के नहीं हैं, वैसे **ही दर्शन ज्ञान चारित्र के विकल्प (गुण भेद) भी जीव के नहीं हैं,** ऐसा उपदेश देते हैं -

गाथार्थ - **(णाणिस्स)** ज्ञानी के **(चरित्तदसण णाण)** चारित्र, दर्शन, ज्ञान इस तरह से गुणभेद **(ववहारेण)** व्यवहार द्वारा **(उवदिस्सदि)** कहे जाते हैं। निश्चय से **(ण वि णाण)** ज्ञान भी नहीं है, **(ण चरित्त)** चारित्र भी नहीं है और **(ण दसण)** दर्शन भी नहीं है, ज्ञानी तो एक **(जाणगो सुद्धो)** शुद्ध ज्ञायक ही है।

टीकार्थ - ववहारेण सद्भूत व्यवहारनय से **उवदिस्सदि** कहते हैं उपदेश देते हैं कि **णाणिस्स** जीव का **चरित्तदसणणाण** चारित्र, दर्शन, ज्ञान स्वरूप है। **ण वि णाण ण चरित्त ण दसण** फिर शुद्धनिश्चयनय से कहते हैं कि न ज्ञान जीव का स्वरूप है, न चारित्र जीव का स्वरूप है, न दर्शन जीव का स्वरूप है।

शका - तो ज्ञानी का स्वरूप क्या है ?

समाधान - जाणगो ज्ञायक शुद्ध चैतन्यस्वभाव ज्ञानी का स्वरूप है। **सुद्धो** शुद्ध याने एक-अभेद-भेदरहित तथा रागादिरहित है। इसका अर्थ यह है कि, जैसे निश्चयनय से अभेदरूप से अग्नि एक ही है, लेकिन भेदरूप व्यवहारनय से दहन करनेवाला **दाहक**, पकानेवाला **पाचक**, प्रकाश करनेवाला **प्रकाशक**, ऐसे व्युत्पत्ति के विषयभेद से तीन प्रकार का कहा जाता है। उसी तरह जीव भी निश्चयरूप अभेदनय से शुद्ध चैतन्यरूप एक अभेद होते हुए भी भेदरूप व्यवहारनय से जीव जाननेवाला है इसलिये ज्ञान स्वरूप हे, देखनेवाला है इसलिए दर्शन स्वरूप है, आचरण करनेवाला है इसलिये चारित्र स्वरूप है, ऐसे व्युत्पत्ति के विपयभेद से तीन प्रकार का कहा जाता है।।७।।

अथ यदि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य दर्शनज्ञानचारित्राणि न सति तर्हि परमार्थ एवैको वक्तव्यो न व्यवहार इति चेत्तन्न -

जह ण वि सक्कमणज्जो अणज्जभास विणा दु गाहेदु। (८)
तह ववहारेण विणा परमत्थुवदेसणमसक्क।।८।।

जह ण वि सक्क यथा न शक्य। कोऽसौ ? **अणज्जो** अनार्यो म्लेच्छ। कि कर्तुम् ? **गाहेदु** अर्थग्रहणरूपेण सबोधयितुम्। कथम् ? **अणज्जभास विणा** अनार्यभाषा म्लेच्छभापा ता विना। तथा दृष्टातो गत। इदानीं दार्ष्टान्तमाह-तह तथा **ववहारेण विणा** व्यवहारनयेन विना **परमत्थुवदेसणमसक्क** परमार्थोपदेशन कर्तुमशक्य इति। अयमत्राभिप्राय - यथा कश्चिद् ब्राम्हणो यतिर्वा म्लेच्छपल्ल्या गत तेन नमस्कारे कृते सति ब्राम्हणेन यतिना वा स्वस्तीति भणिते स्वस्त्यर्थमविनश्वरत्वमजानन्सन् निरीक्षते मेष इव। तथायमज्ञानिजनोप्यात्मेतिभणिते सत्यात्मशब्दस्यार्थमजानन्सन् भ्रात्या निरीक्षत एव। यदा पुनर्निश्चयव्यवहारनयज्ञपुरुषेण सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि जीवशब्दस्यार्थम् इति कथ्यते तदा सतुष्टो भूत्वा जानातीति। एव भेदाभेदरत्नत्रयव्याख्यानमुख्यतया गाथाद्वयेन द्वितीय स्थल गतम्।।८।।

फिर शकाकार पूछता है कि यदि शुद्धनिश्चयनय से दर्शन, ज्ञान और चारित्र जीव के नहीं हैं तो एक **परमार्थ का (शुद्धनिश्चयनय का) ही कथन करना योग्य है, व्यवहारनय का कथन नहीं करना चाहिए।** इस प्रकार पूछने पर आचार्य उत्तर देते हैं कि ऐसा नहीं है क्योंकि -

गाथार्थ - (जह) जैसे (अणज्जो) अनार्य को (अणज्जभास) अनार्य भाषा के (विणा) बिना (गाहेदु) वस्तु का स्वरूप ग्रहण कराने के लिए (**ण वि सक्क**) कोई भी समर्थ नहीं है।(तह) उसी प्रकार (ववहारेण) व्यवहार के (विणा) बिना (परमत्थुवदेसण) परमार्थ का उपदेश करना (असक्क) अशक्य है।

टीकार्थ - जह **अणज्जो** जैसे अनार्य व्यक्ति को **अणज्जभास विणा** अनार्य भाषा के विना **ण गाहेदु ण वि सक्क** शब्द का अर्थ ग्रहण कराना अशक्य है। यह दृष्टात है।

अव दार्ष्टान्त इस तरह है, **तह ववहारेण विणा** व्यवहारनय के बिना **परमेत्थुवदेसणमसक्क** परमार्थ का उपदेश ग्रहण कराना अशक्य है।

इसका भावार्थ यह है कि कोई ब्राम्हण अथवा यति म्लेच्छगली में गया, वहाँ किसी म्लेच्छ ने जब उसे नमस्कार किया, उसी समय उस ब्राम्हण ने या यति ने उसे 'स्वस्ति' इस प्रकार आशीर्वादात्मक वचन कह दिया। तो, **'स्वस्ति'** शब्द का अर्थ जो 'अविनश्वरत्व हो कल्याण हो' इसको न जानने से वह मेंढे के समान देखता रहता है **'ये क्या कह रहे हैं ?'** उसी तरह ये अज्ञानीजन भी **'आत्मा'** ऐसा कहने पर आत्मा शब्द का अर्थ नहीं जानते हें, और भ्राति से **(भ्रम से)** देखते रहते हैं कि ये क्या कह रहे हैं ? और जब निश्चयनय और व्यवहारनय को जानने वाले आचार्य कहते हैं कि **आत्मा (जीव)** याने सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रमय ऐसा द्रव्य है। ऐसा कथन करने के वाद वह सतुष्ट होकर जानलेता है। **(उसे परमानद होता है)**। इस तरह भेद-अभेद रत्नत्रय के कथन की मुख्यता से दो गाथाओं से द्वितीय स्थल हुआ।।८।।

अथ पूर्वगाथाया भणित व्यवहारेण परमार्थो ज्ञायते ततस्तमेवार्थं कथयति -

> जो हि सुदेणभिगच्छदि अप्पाणमिण तु केवल सुद्ध। (९)
> त सुदकेवलिमिसिणो भणति लोयप्पदीवयरा[1]।। ९।।
> जो सुदणाण सव्वं जाणदि सुदकेवलि तमाहु जिणा। (१०)
> णाणं अप्पा सव्वं जम्हा सुदकेवली तम्हा।। १०।।

जो य कर्ता। हि स्फुट। **सुदेण** भावश्रुतेन स्वसवेदनज्ञानेन निर्विकल्पसमाधिना करणभूतेन। **अभिगच्छदि** अभि समताज्जानात्यनुभवति। कम् ? **अप्पाण** आत्मानम्। **इण** इम प्रत्यक्षीभूतम्। **तु** पुन। किंविशिष्टम् ? **केवल** असहायम् **सुद्ध** रागादि रहितम् **त** पुरुपम्। **सुदकेवलि** निश्चयश्रुतकेवलिनम्। **इसिणो** परमऋपय। **भणति** कथयति **लोयप्पदीवयरा** लोकप्रदीपकरा लोकप्रकाशका इति। अनया गाथया निश्चयश्रुतकेवलिलक्षणमुक्तम्। अथ **जो सुदणाणमित्यादि जो** य कर्ता। **सुदणाण** द्वादशाग द्रव्यश्रुत। **सव्व** सर्वं परिपूर्णम्। **जाणदि** जानाति। **सुदकेवलि** व्यवहारश्रुतकेवलिनम्। **तमाहु जिणा** त पुरुष आहु ब्रुवति। के ते ? जिना सर्वज्ञा। कस्मादिति चेत् ? **जम्हा** यस्मात्कारणात्। **सुदणाण** द्रव्यश्रुताधारेणोत्पन्न भावश्रुतज्ञानम्। **आदा** आत्मा भवति। कथभूत ? **सव्व** सर्वमात्मसवित्तिविषय परपरिच्छित्तिविषय वा **तम्हा** तस्मात्कारणात्। **सुदकेवली** द्रव्यश्रुतकेवली स भवतीति।

व्यवहार से परमार्थ जाना जाता है (व्यवहार के विना परमार्थ का कथन अशक्य है) ऐसा जो पूर्व गाथा में कहा था, उसी अर्थ को ही दृढ करने के लिए कहते हैं -

गाथार्थ - **(जो)** जो जीव **(हि)** निश्चय से **(वास्तव में)** **(सुदेण तु)** श्रुतज्ञान के द्वारा **(इण)** इस अनुभवगोचर **(केवल सुद्ध)** केवल एक शुद्ध **(अप्पाण)** आत्मा को **(अभिगच्छदि)** सम्मुख होकर जानता है **(त)** उसे **(लोयप्पदीवयरा)** लोक को प्रगट जाननेवाले **(इसिणो)** ऋषीश्वर **(सुदकेवलि)** श्रुतकेवली ऐसा **(भणति)** कहते हैं।

(जो) जो जीव **(सव्व)** सर्व **(सुदणाण)** श्रुतज्ञान को **(जाणदि)** जानता है **(त)** उसे **(जिना)** जिनभगवान **(सुदकेवलि)** श्रुतकेवली **(आहु)** कहते हैं **(जम्हा)** क्योंकि **(सव्व णाण)** सब ज्ञान **(अप्पा)** आत्मा ही है **(तम्हा)** इसलिये **(सुदकेवली)** (वह जीव) श्रुतकेवली है।

टीकार्थ - **जो** जो **हि** निश्चय से भावश्रुत से-स्वसवेदनज्ञान से-निर्विकल्प समाधि साधन से **सुदेण अभिगच्छदि** सर्व प्रकार से जानता है, अनुभवता है। किसको अनुभवता है ? **अप्पाण** जो अपने आत्मा को अनुभवता है। कैसे ? **इण** इस प्रत्यक्षीभूत आत्मा को अनुभवता है। **तु पुन** और कैसे आत्मा को अनुभवता है ? **केवल** एकमात्र या असहाय अपने आत्मा को अनुभवता है। ओर कैसे ? **सुद्ध** रागादिरहित आत्मा को अनुभवता है। **त** उस जीव को **(आत्माको)** **सुदकेवलि** निश्चय श्रुतकेवली, ऐसा **लोयप्पदीवयरा इसिणो भणति** लोक को प्रकाशित करनेवाले परमऋषी कहते हैं। इस गाथा में निश्चयश्रुतकेवली का लक्षण कहा है।

---

[1] पाठान्तर - लोगप्पयास।

अयमत्रार्थ यो भावश्रुतरूपेण स्वसवेदनज्ञानवलेन शुद्धात्मान जानाति स निश्चयश्रुतकेवली भवति। यस्तु स्वशुद्धात्मान न सवेदयति न भावयति वहिर्विषय द्रव्यश्रुतार्थम् जानाति स व्यवहारश्रुतकेवली भवतीति। ननु तर्हि स्वसवेदनज्ञानवलेनास्मिन्काले ऽपि श्रुतकेवली भवति ? तन्न यादृश पूर्वपुरुषाणा शुक्लध्यानरूप स्वसवेदनज्ञान तादृशमिदानीं नास्ति किन्तु धर्मध्यान योग्यमस्तीत्यर्थ। एव निश्चयव्यवहारश्रुतकेवलि व्याख्यानरूपेण गाथाद्वयेन तृतीयस्थल गतम्।। ९-१०।।

अथ गाथाया पूर्वार्द्धेन भेदरत्नत्रयभावनामुत्तरार्द्धेनाभेदरत्नत्रयभावना च प्रतिपादयति -

---

जो सुददाण जो द्वादशाग द्रव्यश्रुत को **सव्व जाणदि** परिपूर्ण जानता है, **त सुदकेवलि** उस पुरुष को व्यवहारश्रुतकेवली ऐसा कहते हैं। कौन कहते हैं ? **जिणा आहु** जिनेन्द्र या सर्वज्ञ कहते हैं। क्योंकि **जम्हा सुददाण** द्रव्यश्रुत के आधार से उत्पन्न **(द्रव्यश्रुत के सान्निध्य में)** भावश्रुतज्ञानवाला **आदा** आत्मा **(होता)** है। कैसे ? **सव्व** आत्मा के सवेदन के सर्व विषय का या पर विषय का ज्ञान उसको होता है। **तम्हा** इसलिये **सुदकेवली** वह द्रव्यश्रुतकेवली है।

इसका भावार्थ यह है कि जो भावश्रुतसे-स्वसवेदनज्ञान के वल से शुद्धात्मा को जानता है वह निश्चयश्रुतकेवली है। जो स्वशुद्धात्मा का स्वसवेदन नहीं करता है, जो स्वशुद्धात्मा की भावभासना नहीं करता है, वाह्यविषयरूप द्रव्यश्रुतार्थ को जानता है वह व्यवहार श्रुतकेवली है। **(नियमसार गाथा क्र १६९)**

लोयालोय जाणइ अप्पाण णेव केवली भगव।
जइ कोइ भणइ एव तस्स य कि दूसण होई।।१६९।।

अर्थ व्यवहारनय से केवली भगवान लोकालोक को जानते हैं, आत्मा को नहीं। इस प्रकार यदि कोई कहता है तो क्या उसको दोष है। अर्थात् कोई दोष नहीं है।

इसलिए निश्चयनय से द्रव्यश्रुतकेवली को आत्मानुभव नहीं है, ऐसा अर्थ कोई निकालेगा तो गलत है। क्योंकि मिथ्याज्ञानी **(आत्मानुभूति से रहित)** जीव ग्यारह अग और नव पूर्व का ही पाठी होता है।

शका - तो फिर इस काल में भी क्या स्वसवेदनज्ञानबल से श्रुतकेवली होता है ?

(5) **समाधान** - इस काल में द्वादशाग पारगामी ऐसे श्रुतकेवली नहीं होते हैं। लेकिन स्वसवेदनज्ञानवाले श्रुतकेवली होते हैं। जैसे पूर्व में पुरुषों को शुक्लध्यानरूप स्वसवेदनज्ञान **(शुद्धोपयोग)** होता था, वैसा अभी नहीं होता है, किन्तु धर्मध्यान योग्य स्वसवेदनज्ञान **(शुद्धोपयोग)** अभी भी होता है, (याने जाति अपेक्षा शुद्धोपयोग तो अभी भी होता है लेकिन विशदता की अपेक्षावाला शुक्लध्यान नहीं होता है)। इस प्रकार तृतीय स्थल में निश्चय श्रुतकेवली और व्यवहार श्रुतकेवली के व्याख्यानरूप से दो गाथाओं में कथन हुआ।।९,१०।।

अव यहाँ गाथा के पूर्वार्द्ध से भेदरत्नत्रय की भावना का और उत्तरार्द्ध से अभेदरत्नत्रय की भावना का प्रतिपादन करते हैं -

णाणम्हि भावणा खलु कादव्वा दसणे चरित्ते य।
ते पुण तिण्णिवि आदा तम्हा कुण भावणं आदे।।११।।

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रत्रयभावना खलु स्फुट कर्तव्या भवति। तानि पुनस्त्रीण्यपि निश्चयेनात्मैव यत कारणात् तस्मात् कुरु भावना शुद्धात्मनीति।।११।।

अथ भेदाभेदरत्नत्रयभावनाफल दर्शयति -

जो आदभावणमिण णिच्चुवजुत्तो मुणी समाचरदि।
सो सव्वदुक्खमोक्ख पावदि अचिरेण कालेण।।१२।।

य कर्ता आत्मभावनामिमा नित्योद्यत सन् मुनि तपोधन समाचरति सम्यगाचरति भावयति स सर्वदु खमोक्ष प्राप्नोत्यचिरेण स्तोककालेनेत्यर्थ । इति निश्चयव्यवहाररत्नत्रयभावनाभावनाफलव्याख्यानरूपेण गाथाद्वयेन चतुर्थस्थल गतम्। अथ यथा कोऽपि ब्राम्हणादिविशिष्टो जनो म्लेच्छप्रतिबोधनकाले एव म्लेच्छभाषा ब्रूते न च शेषकाले तथैव ज्ञानीपुरुषोप्यज्ञानिप्रतिबोधनकाले व्यवहारमाश्रयति न च शेषकाले।।१२।।

गाथार्थ - **(णाणम्हि)** ज्ञान में **(दसणे)** दर्शन में **(य)** और **(चरित्ते)** चारित्र में **(खलु)** दृढता से **(भावणा)** भावना **(कादव्वा)** करनी चाहिए **(पुण)** और **(ते)** वे **(तिण्णि वि)** तीनों भी **(आदा)** अभेदनय से एक आत्मा ही हैं, **(तम्हा)** इसलिये **(आदे)** आत्मा में **(भावण कुण)** भावना करो।

टीकार्थ - सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनों की दृढता से भावना करनी चाहिए। और निश्चय से तीनों भी **(सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र)** एक आत्मा ही हैं, इसलिये अपने एक शुद्धआत्मा में ही **(शुद्धात्मा की)** अनुभूति करनी चाहिए।।११।।

अब यहाँ भेदाभेदरत्नत्रयभावना का फल दिखाते हैं -

गाथार्थ - **(जो)** जो **(आदभावणमिण)** इस आत्मभावना में **(णिच्चुवजुत्तो)** निरतर शुद्धोपयोगयुक्त होता हुआ **(समाचरदि)** सम्यक् आचरण करता है अर्थात् आत्मभावना में लीन होता है **(सो)** वह **(मुणी)** मुनि **(अचिरेण कालेण)** थोडे ही काल में **(सव्वदुक्खमोक्ख)** सर्व दु खों से मुक्ति को **(पावदि)** प्राप्त करता है।

टीकार्थ - जो मुनि तपोधन निरतर शुद्धोपयोग युक्त होता हुआ आत्मानुभूति का समीचीन आचरण करता है, भावना करता है, वह थोडे ही काल में सब दु खों से मुक्ति को प्राप्त करता है। इस तरह चतुर्थस्थल में दो गाथाओं से निश्चयरत्नत्रय की और व्यवहाररत्नत्रय की भावना व भावना का फल का कथन किया है।

अब जैसे ब्राम्हणादि कोई भी विशेषव्यक्ति म्लेच्छ को समझाने के लिए ही उस समय म्लेच्छभाषा में कथन करते हैं शेष काल में नहीं, उसी तरह **ज्ञानी पुरुष भी अज्ञानी को समझाने के समय व्यवहारनय का (वक्तव्यमात्र) आश्रय करते हैं।** शेष काल में व्यवहारनय का (उपादेय मानकर) आश्रय नहीं करते हैं।।१२।।

कस्मादभूतार्थत्वादिति प्रकाशयति -

ववहारोऽभूदत्थो भूदत्थो देसिदो दु सुद्धणओ। (११)
भूदत्थमस्सिदो खलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो।।१३।।

ववहारो व्यवहारनय। **अभूदत्थो** अभूतार्थ असत्यार्थो भवति। **भूदत्थो** भूतार्थ सत्यार्थ। **देसिदो** देशित कथित। **दु** पुन कोऽसौ? **सुद्धणओ** शुद्धनय निश्चयनय। तर्हि केन नयेन सम्यग्दृष्टिर्भवतीति चेत्? **भूदत्थ** भूतार्थम् सत्यार्थम् निश्चयनयम्। **अस्सिदो** आश्रितो गत स्थित। **खलु** स्फुट **सम्मादिट्ठी हवदि जीवो** सम्यग्दृष्टिर्भवति जीव इति टीकाव्याख्यानम्।

द्वितीयव्याख्यानेन पुन **ववहारो अभूदत्थो** व्यवहारोऽभूतार्थो। **भूदत्थो** भूतार्थश्च। **देसिदो** देशित कथित। न केवल व्यवहारो देशित **सुद्धणओ** शुद्धनिश्चयनयोऽपि। **दु** शब्दात् शुद्धनिश्चयनयोऽपीति व्याख्यानेन भूताभूतार्थभेदेन व्यवहारोऽपि द्विधा, शुद्धनिश्चयाशुद्धनिश्चयभेदेन निश्चयनयोऽपि द्विधा इति नयचतुष्टयम्। इत्यत्र तात्पर्यम् - यथा कोऽपि ग्राम्यजन सकर्दम नीर पिबति, नागरिक पुन विवेकीजन कतकफल निक्षिप्य निर्मलोदक पिबति। तथा स्वसंवेदनरूपभेदभावनाशून्यजनो मिथ्यात्वरागादिविभावपरिणामसहितमात्मानमनुभवति, सद्दृष्टिजन पुनरभेदरत्नत्रयलक्षणनिर्विकल्पसमाधिबलेन कतकफलस्थानीय निश्चयनयमाश्रित्य शुद्धात्मानमनुभवतीत्यर्थ ।।१३।।

व्यवहारनय अभूतार्थ कैसे है ? यह दिखाते हैं -

गाथार्थ - (ववहारो) व्यवहारनय (अभूदत्थो) अभूतार्थ है (दु) और (सुद्धणओ) शुद्धनय (भूदत्थो) भूतार्थ है ऐसा (देसिदो) सर्वज्ञभगवान ने बताया है (जीवो) जो जीव (भूदत्थम्) भूतार्थ का (अस्सिदो) आश्रय करता है वह जीव (खलु) निश्चय से (सम्मादिट्ठी) सम्यग्दृष्टि (हवदि) होता है।

टीकार्थ - **ववहारो** (सिद्धांतमें) व्यवहारनय **अभूदत्थो** अभूतार्थ, असत्यार्थ है, **दु सुद्धणओ भूदत्थो** और शुद्धनय भूतार्थ, सत्यार्थ है, ऐसा **देसिदो** कथन किया गया है। तो फिर जीव कौन से नय से सम्यग्दृष्टि होता है ? **भूदत्थमस्सिदो खलु सम्मादिट्ठी हवदि जीवो** भूतार्थ सत्यार्थ-निश्चयनय का आश्रय करनेवाला जीव निश्चय से सम्यग्दृष्टि है। यह टीका का व्याख्यान है।

दूसरी पद्धति से - व्यवहार भूतार्थ है और अभूतार्थ भी है। केवल व्यवहार भूतार्थ और अभूतार्थ है, ऐसा नहीं, किन्तु निश्चयनय भी भूतार्थ और अभूतार्थ है। यहाँ 'दु' शब्द से निश्चयनय भी भूतार्थ, अभूतार्थ कहे हैं, इस प्रकार के नय व्याख्यान से व्यवहारनय भूतार्थ और अभूतार्थ के भेद से दो प्रकार का है, उसी प्रकार निश्चयनय भी शुद्धनिश्चयनय और अशुद्ध निश्चयनय के भेद से दो प्रकार का है। इस तरह चार प्रकार के नय हैं।

यहाँ यह तात्पर्य है कि जैसे कोई ग्रामीण अविवेकीजन कीचडसहित जल पीता है, किन्तु विवेकी नागरिक उस कीचडसहित जल में निर्मलीद्रव्य डालकर उसे निर्मल बनाकर निर्मल जल पीता है। उसी प्रकार स्वसंवेदनरूप भेदभावना से रहित जो अविवेकी जीव है, वह मिथ्यात्वरागादि विभावपरिणाम सहित आत्मा का (अशुद्ध आत्मा का) अनुभव करता है (वह मिथ्यादृष्टि है)।

अथ पूर्वगाथाया भणित भूतार्थनयमाश्रितो जीव सम्यग्दृष्टिर्भवति। अत्र तु न केवल भूतार्थो निश्चयनयो निर्विकल्पसमाधिरताना प्रयोजनवान् भवति किंतु निर्विकल्पसमाधिरहिताना पुन षोडशवर्णिकासुवर्णलाभाभावे अधस्तनवर्णिकासुवर्णलाभवत् केषाचित् प्राथमिकाना कदाचित् सविकल्पावस्थाया मिथ्यात्वविषयकषायदुर्ध्यानवचनार्थ व्यवहारनयोऽपि प्रयोजनवान् भवतीति प्रतिपादयति -

सुद्धो सुद्धादेसो णादव्वो परमभावदरिसीहि। (१२)
ववहारदेसिदो पुण जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे।।१४।।

सुद्धो शुद्धनय निश्चयनय। कथभूत ? **सुद्धादेसो** शुद्धद्रव्यस्यादेश कथन यत्र स भवति शुद्धादेश। **णादव्वो** ज्ञातव्य भावयितव्य। कै ? **परमभावदरसीहि** शुद्धात्मभावदर्शिभि।

और विवेकीजन अभेदरत्नत्रयलक्षणरूप निर्विकल्पसमाधि के बल से निर्मलीद्रव्य के समान शुद्ध निश्चयनय का आश्रय करके शुद्धात्मा का अनुभव करता है (वह सम्यग्दृष्टि होता है)।

भावार्थ - शुद्धात्मानुभूति से ही चतुर्थादि गुणस्थान प्रगट होते हैं। अशुद्धात्मानुभूति से मिथ्यात्व, दु ख वा आकुलता होती है।।१३।।

पूर्व गाथा में कहा है कि भूतार्थनय का आश्रय करनेवाला जीव सम्यग्दृष्टि होता है। इस गाथा में कहते हैं कि केवल भूतार्थ निश्चयनय निर्विकल्पसमाधिस्थित जीवों को प्रयोजनवान है ऐसा नहीं है, किन्तु जो निर्विकल्पसमाधि से रहित हैं याने सविकल्प अवस्था में स्थित हैं उन्हें अतिम सोलह तावવाले जातिवत सुवर्ण के लाभ के अभाव में नीचे के तावવाले सुवर्ण के लाभ की तरह प्रयोजनवान है। कोई प्राथमिक अवस्थावाले जीवों को **कदाचित् सविकल्प अवस्था में मिथ्यात्व विषयकषाय भावरूप दुर्ध्यान से बचने के लिए व्यवहारनय भी (तावत्काल) प्रयोजनवान** है। ऐसा प्रतिपादन करते हैं -

गाथार्थ - **(परमभावदरिसीहि सुद्धो सुद्धादेसो णादव्वो)** परमभावदर्शियों को शुद्धतत्त्व का उपदेश करनेवाला शुद्धनय जानने योग्य है **(पुण जे दु अपरमे भावे ट्ठिदा ववहारदेसिदो)** और जो जीव अपरमभाव में स्थित हैं, उनके लिए व्यवहारनय देशित है।

टीकार्थ - **सुद्धो** शुद्धनय निश्चयनय है।

शका - कैसा है शुद्धनय ?

समाधान - **सुद्धादेसो** शुद्धद्रव्यका-परमपारिणामिकभावरूप शुद्ध द्रव्य का कथन जिसमें है, ऐसा शुद्धनय **णादव्वो** जानने योग्य-अनुभव करने योग्य है।

शका - किनके द्वारा ज्ञातव्य है ?

समाधान - **परमभावदरसीहि** शुद्धात्मभाव-परमपारिणामिकभाव दर्शियों को **सुद्धो सुद्धादेसो** केवल शुद्धनय ही अनुभव करने योग्य है।

कस्मादिति चेत् ? यत षोडशवर्णिकाकार्त्तस्वरलाभवदभेदरत्नत्रयस्वरूपसमाधिकाले सप्रयोजनो भवति। नि प्रयोजनो न भवतीत्यर्थ । **ववहारदेसिदो** व्यवहारेण विकल्पेन भेदेन पर्यायेण दर्शित कथित इति व्यवहारदेशितो व्यवहारनय । **पुण** पुन अधस्तनवर्णिकासुवर्णलाभवत्प्रयोजनवान् भवति। केषाम् ? **जे** ये पुरुषा । **दु** पुन । **अपरमे** अशुद्धे असयतसम्यग्दृष्ट्यपेक्षया श्रावकापेक्षया वा **सरागसम्यग्दृष्टिलक्षणे शुभोपयोगे** प्रमत्ताप्रमत्तसयतापेक्षया च भेदरत्नत्रयलक्षणे वा **ट्ठिदा** स्थिता कस्मिन् स्थिता ? **भावे** जीवपदार्थे तेषामिति भावार्थ ।।१४।।

शका - किस कारण से ?

समाधान - क्योंकि सोलह तावावाले सुवर्ण के लाभ की तरह अभेदरत्नत्रयस्वरूप समाधिकाल में शुद्धनय ही प्रयोजनवान है। उनके लिये शुद्धनय निष्प्रयोजन नहीं है।

ववहारदेसिदो पुण तथा व्यवहार-भेद-विकल्प-पर्यायरूप से कथन किया गया व्यवहारनय का उपदेश नीचे के तावावाले सुवर्ण के लाभ की तरह प्रयोजनभूत है।

शका - किनके लिये ?

समाधान - **जे दु अपरमे भावे ट्ठिदा** जो पुरुष अपरमभाव में स्थित हैं, अर्थात् चतुर्थगुणस्थानवर्ती असयत सम्यग्दृष्टि की अपेक्षा से अथवा पचम गुणस्थानवर्ती श्रावक की अपेक्षा से **जो सराग सम्यग्दर्शन लक्षण रूप शुभोपयोग में स्थित है** अथवा षष्ठ-सप्तम गुणस्थानवर्ती प्रमत्त-अप्रमत्त सयत (सकलसयम) की अपेक्षा से भेदरत्नत्रयलक्षणरूप शुभोपयोग में-जीवपदार्थ में स्थित हैं उनके लिये तो व्यवहारनय प्रयोजनवान है।

भावार्थ - भूतार्थनय का आश्रय करने से ही सम्यग्दर्शन की प्राप्ति होती है। शुद्धात्मा की अनुभूति के इच्छुक सम्यग्दृष्टि-ज्ञानी पुरुषों को निरतर शुद्धनिश्चयनय का विषय परमपारिणामिक भाववाला निजात्मा ही अवश्य ज्ञातव्य है, अवश्य जानने योग्य है, अवश्य अनुभव करने योग्य है, भावना करने योग्य है। परन्तु निर्विकल्प समाधिलक्षण शुद्धात्मानुभूति में अविचल स्थिर रहने में असमर्थ होकर विकल्प में आये हुए जीव के द्वारा अशुभ से वचने के लिये व्यवहारनय का उपदेश दिया है।

अथवा - इसके पहले वाली गाथा में कहा है कि भूतार्थनय का आश्रय करनेवाला जीव सम्यग्दृष्टि (शुद्धात्मानुभूतिवाला) होता है। अव इस गाथा में कहते हैं कि निर्विकल्पसमाधि में जो रत हैं उन्हें ही केवल निश्यचयनय भूतार्थ है, ऐसा नहीं, किन्तु जो जीव निर्विकल्पसमाधि से रहित याने सविकल्प अवस्था में हैं उन्हें निर्विकल्प अवस्था प्राप्त करने के लिये निश्चयनय-भूतार्थनय प्रयोजनवान है। जिनको सोलह तावावाला शुद्ध सुवर्ण का लाभ नहीं हुआ उनको शुद्ध सुवर्ण प्राप्त करना चाहिये और शुद्ध सुवर्ण के लाभ के अभाव में अधस्तनवाला सुवर्ण का लाभ होना प्रयोजन है, उन प्राथमिक अवस्थावालों को कभी सविकल्प अवस्था में मिथ्यात्व विषयकषाय दुर्ध्यान से बचने के लिये व्यवहारनय भी प्रयोजनवान है, ऐसा प्रतिपादन करते हैं -

गाथार्थ - **[परमभावदरिसीहि (जो परिज्ञायमाणो) सुद्धो]** परमभावदर्शिवाले-निर्विकल्प समाधिवाले-शुद्धात्मानुभववाले जीवों के द्वारा जो परिज्ञायमान-अनुभव किया जानेवाला शुद्धात्मा पारिणामिक भाववाला आत्मा है। **[(सो) सुद्धादेसो पुण अपरमे भावे णादव्वो]** और उस शुद्धात्मा का कथन करनेवाला शुद्धनय अपरम भाववाले-सविकल्पभाववाले के द्वारा जानने योग्य है। **[जे दु अपरमे भावे ट्ठिदा ववहार देसिदो]** और जो अपरमभाव में-सविकल्पभाव में स्थित हैं वे व्यवहारदेशित हैं।

टीकार्थ - सुद्धो शुद्धनय, निश्चयनय।

शका - कैसा है वह शुद्धनय ?

समाधान - शुद्धद्रव्य का आदेश अथवा निर्देश अथवा कथन जिस नय से किया जाता है वह शुद्धनय अथवा शुद्धादेश है।

णादव्वो जानना चाहिये, अनुभव करना चाहिये।

शका - किनके द्वारा अनुभव करना चाहिये ?

समाधान - शुद्धात्मानुभूति की प्राप्ति करने की जिनको इच्छा है, उनको शुद्धात्मानुभव करना चाहिये याने सविकल्प अवस्था में जो हैं अभी शुद्धात्मानुभव में रत नहीं हैं लेकिन शुद्धात्मा की प्राप्ती करने की इच्छा (भावना) है उनको शुद्धनय का आश्रय करके शुद्धात्मानुभव करना चाहिये।

शका - ऐसा क्यों ?

समाधान - सोलह ताववाले शुद्ध सुवर्ण के लाभ की तरह अभेद रत्नत्रय स्वरूप समाधिकाल में शुद्धनय का आश्रय है, अपरम भाववालोंको शुद्धनय नि प्रयोजन नहीं है क्योंकि अपरमभाववालों को स्वानुभूति के लिये शुद्धनय प्रयोजनवान है। समाधि में या शुद्धात्मानुभूति में शुद्धनय का आश्रय नहीं है, ऐसा नहीं है (याने शुद्धात्मानुभूति में शुद्धत्मा अनुभव में या जानने में आता है)

ववहारदेसिदो व्यवहार से-विकल्प से-भेद से-पर्यायार्थिकनय से दिखायी हुई या कथन की हुई ऐसी व्यवहारदेशना या ऐसा व्यवहारनय है। और अधस्तनवर्णिकावाले सुवर्ण के लाभ के समान व्यवहारनय प्रयोजनवान है।

शका - यह व्यवहारनय किनको प्रयोजनवान है ?

उत्तर - जो पुरुष अशुद्धभाव में याने विकल्प अवस्था में हैं, असयत सम्यग्दृष्टि, देशसयत और जो प्रमत्ताप्रमत्तसयत (सकलसयमी) विकल्पभूमिका में (सम्यग्दर्शन होते हुए भी बुद्धिपूर्वक विकल्प अवस्थामें)-भेदरत्नत्रय की विचार अवस्था में स्थित हैं उनको अशुभोपयोग से बचने के लिये (दुर्ध्यान न हो इसलिये) व्यवहारनय प्रयोजनवान है।

शका - वे विकल्प की भूमिकावाले जीव कहॉ स्थित हैं ?

समाधान - जीवादिपदार्थों के द्रव्य, गुण और पर्याय के विचार में अथवा विकल्प में स्थित हैं। **तेषाम्** उनको व्यवहारनय का आश्रय लेना पडता है, लेकिन निर्विकल्प अवस्था प्राप्त करने के लिये विकल्पवाले जीवों को **शुद्धनय याने शुद्धात्मा** जानना (अनुभव करना) चाहिये।

एव निश्चयव्यवहारनयव्याख्यानप्रतिपादनरूपेण गाथाद्वयेन पचम स्थल गतम्। इति चतुर्दशगाथाभि स्थलपचकेन पीठिका समाप्ता।

अथ कश्चिदासन्नभव्य पीठिकाव्याख्यानमात्रेणैव हेयोपादेयतत्त्व परिज्ञाय विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभाव निजस्वरूप भावयति।

भावार्थ - शका - इस गाथा की टीका में 'प्रमत्ताप्रमत्तसयतापेक्षया च भेदरत्नत्रयलक्षणे' ऐसा क्यों लिखा है ? केवल 'प्रमत्तसयतापेक्षया च भेदरत्नत्रयलक्षणे' ऐसा क्यों नहीं लिखा है ?

समाधान - प्रमत्ताप्रमत्तसयत की याने सकलसयम की अपेक्षा से भेदरत्नत्रयलक्षणवाले छट्ठे गुणस्थानवर्ती मुनि ऐसा ही अर्थ है। क्योंकि

(क) अव्रती सम्यक्त्वी एक ही जीव में दो भेद दिखाना हैं याने अव्रती सम्यक्त्वी का निर्विकल्प दशा का (शुद्धात्मानुभव का) क्षण और अव्रती सम्यक्त्वी का सविकल्प दशा का क्षण, उसी प्रकार से

(ख) देशसयमी में एक ही जीव में दो भेद दिखाना हैं याने देशसयमी का निर्विकल्प दशा का क्षण और देशसयमी का सविकल्प दशा का क्षण है। ऐसे ही

(ग) सकलसयमी एक ही जीव में अप्रमत्तसयतवाले का निर्विकल्प दशा का क्षण और प्रमत्तसयतवाले का सविकल्प दशा का क्षण उक्त कथन से दिखाया है। और

सकलसयमी जीव जिस समय सविकल्प अवस्था में है याने छट्ठे गुणस्थान में है उस समय वह अपरमभाव मे हे याने भेदरत्नत्रय में है, उसी तरह देशसयमी जिस समय सविकल्प अवस्था में है वह उस समय अपरमभाव में (शुभोपयोग में) है, उसी तरह अव्रती सम्यक्त्वी जिस समय सविकल्प अवस्था में है उस समय अपरमभाव में (शुभोपयोग में) है। और

सकलसयमी की निर्विकल्प अवस्था याने सातवाँ गुणस्थान और आठवें गुणस्थान से सिद्ध दशा तक यह परम अवस्था (पारिणामिकभाव को देखनेवाली) है, और देशसयमी की निर्विकल्प अवस्था-परम अवस्था (पारिणामिकभाव को देखनेवाली) है, और अव्रती सम्यक्त्वी की निर्विकल्प अवस्था (पारिणामिकभाव को देखनेवाली) परम अवस्था है।

ऐसा दिखाने के लिए यहाँ 'प्रमत्ताप्रमत्तसयतापेक्षया' ऐसा शब्द लिखा है। इसलिए "प्रमत्ताप्रमत्तसयतापेक्षया च भेदरत्नत्रयलक्षणे" इसका अर्थ 'प्रमत्तसयत और अप्रमत्तसयत दोनों भी सविकल्प दशा में हैं ऐसा कहना गलत है, क्योंकि प्रवचनसार गाथा न १९६ (तत्त्वदीपिका) की तात्पर्यवृत्ति टीका में श्री जयसेनाचार्यजं ने ध्यानसतान में दिखाया है कि, अप्रमत्त सयतवाला याने सप्तमगुणस्थानवर्ती निर्विकल्प दशा (ध्यान में) है और प्रमत्तगुणस्थानवर्ती सविकल्प दशा में (तत्त्वचिन्ता में) है। और एक अतर्मुहुर्त अप्रमत्त गुणस्थान, उसके बाद एक अतर्मुहुर्त प्रमत्त गुणस्थान, फिर एक अतर्मुहुर्त अप्रमत्तगुणस्थान फिर एक अतर्मुहुर्त प्रमत्तगुणस्थान, ऐसी सतानधारा धर्मध्यान में चलती है।

इसलिए स्वस्थान अप्रमत्तसयमी जीव निर्विकल्प अवस्थावाला है। स्वस्थान अप्रमत्त सयमी जीव सविकल्प अवस्थावाला नहीं है। इसी कथन को निम्न चार्ट के माध्यम से समझिये -

निर्विकल्प — सविकल्प — निर्विकल्प — सविकल्प — निर्विकल्प — सविकल्प — निर्विकल्प

(१) अव्रती सम्यक्त्वी के दो शुद्धात्मानुभूति के वीच में का सम्यक्त्वसहित सविकल्प का जघन्यकाल अतर्मुहुर्त और उत्कृष्ट काल छ महिना है।

(२) देशव्रती सम्यक्त्वी के दो शुद्धात्मानुभूति के बीच में का सम्यक्त्वसहित सविकल्प जघन्यकाल अतर्मुहुर्त और उत्कृष्टकाल १५ दिन का है।

(३) सम्यकत्वसहित सकलसयमी के दो शुद्धात्मानुभूति के वीच में का सम्यक्त्वसहित सविकल्प का (प्रमत्त गुणस्थान का) उत्कृष्ट

इस प्रकार पचमस्थल में दो गाथाओं से निश्चयनय का कथन और व्यवहारनय का कथन प्रतिपादन किया। इस तरह १४ गाथाओं से पॉच स्थल में **पीठिका** समाप्त हुई। यहॉ कोई आसन्नभव्य जीव पीठिका के व्याख्यानमात्र से हेयतत्त्व (व्यवहारनय हेयतत्त्व) और उपादेयतत्त्व (शुद्धनिश्चयनय उपादेयतत्त्व) को जानकर अपने विशुद्धदर्शनज्ञानस्वभावरूप निजस्वरूप की भावभासना (स्वानुभूति) कर लेता है।

卐 卐 卐 卐 卐

निज वैभव का जन्म

समयसार गाथा ५ आत्मख्याति टीका में आचार्य अमृतचन्द्रजी कहते हैं कि जो कुछ मेरे आत्मा का निजवैभव है, उस सवसे मैं इस एकत्व-विभक्त आत्मा को दिखाऊँगा, ऐसा मैंने व्यवसाय (उद्यम, निर्णय) किया है -

१ मेरे आत्मा का वह निजवैभव इस लोक में प्रगट समस्त वस्तुओं का प्रकाशक है, और स्यात् पद की मुद्रावाला जो **शब्दब्रह्म-अर्हन्त का परमागम** है उसकी उपासना से उसका जन्म हुआ है।

२ समस्त विपक्ष-अन्यवादियों के द्वारा गृहीत सर्वथा एकान्तरूप नयपक्ष के निराकरण में समर्थ **अतिनिष्तुष निर्वाधयुक्ति** के अवलम्वन से उस निजवैभव का जन्म हुआ हे।

३ परमगुरु सर्वज्ञ से लेकर हमारे गुरु पर्यन्त जो **शुद्धात्मतत्व का उपदेश** पूर्वाचार्यो के अनुसार हे उससे निजवैभव का जन्म हुआ हे।

४ निरन्तर झरता हुआ - स्वाद में आता हुआ जो सुन्दर आनन्द है, उसकी मुद्रा से युक्त प्रचुर **स्वसवेदन स्वरूप सवेदन** से उस निजवैभव का जन्म हुआ है। उसे अपने स्वसवेदन प्रत्यक्ष से प्रमाण करो।

सिद्ध भगवान को आठ विशेषण लगाने का प्रयोजन

१ **सिद्ध भगवान आठ कर्मरहित हैं**- इस विशेषण के द्वारा जीव को सदामुक्त कर्ममल से रहित ईश्वररूप मानने वाले **सदाशिव** मत का निराकरण किया है।

२ यदि कर्मबन्ध नहीं होता हो तो आत्मा को मुक्ति का उपाय करना व्यर्थ ठहरे। अत जीव की मुक्ति नहीं मानने वाले **मीमासक** मत का तथा ससारी जीव की मुक्ति नहीं मानने वाले **याज्ञिक** मत का भी निराकरण किया है।

३ सिद्धों को सहज दुख, शरीरिक दुख, आगुतक दुख व मानसिक दुख नहीं है। उन्हें इन्द्रियजनित, प्रशमजनित, मानसिक सुख नहीं है। उन्हें अतींद्रिय सुख है। **सिद्ध भगवान परम सुखी हैं** - इस विशेषण से मोक्ष में आत्मा को सुख का अभाव मानने वाले साख्य (वेदान्ती-कपिल) मत का निराकरण किया है।

४ **सिद्ध भगवान निरजन हैं, पुन कर्मों से कभी लिप्त नहीं होते** - इस विशेषण से मुक्त होने के बाद पुन कर्मबन्ध होना और ससार में आना मानने वाले **मस्करी सन्यासी** मत का निराकरण किया है।

५ **सिद्ध भगवान नित्य अविनाशी हैं**, वे कभी अपने शुद्ध चैतन्य स्वभाव को नहीं त्यागते हैं - इस विशेषण से द्रव्य को क्षण-क्षयी, क्षणिक ही मानने वाले **बौद्धमत** का निराकरण किया है।

६ **सिद्ध भगवान आठ गुण वाले हैं** - इस विशेषण से ज्ञानादि गुणों का सिद्धों में अत्यन्त अभाव मानने वाले **नैयायिक, वैशेषिक, यौग, साख्यादि** मतों का निराकरण किया है।

७ **सिद्ध भगवान कृतकृत्य हैं**, परम सतुष्ट है, कुछ करना नहीं हे - इस विशेषण से ईश्वर को सृष्टि का कर्त्ता मानने वाले **ईश्वरवादी, ब्रह्मवादी, वेदान्ती** मत का निराकरण किया है।

८ **सिद्ध भगवान लोक के अग्रभाग में निवास करते हैं** - इस विशेषण से **माडलीक** मत का निराकरण किया जो कहता है कि मुक्त आत्मा स्वभाव से सदा ही ऊर्ध्वगमन करता रहता है, कहीं भी विश्राम नहीं लेता।

- सम्यग्ज्ञान चंद्रिका-गाथा ६८

नहीं राग-द्वेष-विमोह जिसको, योगसेवन नहीं रुचे।
प्रगटे शुभाशुभभाव दाहक, ध्यानमय अग्नि उसे।। पचा का १४६
परद्रव्य से हो विमुख जो, ध्याते सदा निजआत्मा।
वे जिनमार्ग में सलग्न हैं, पाते परम निर्वाण को।। मोक्षपाहुड गाथा १९

चार्ट नं. २०

साधन के (ज्ञानपर्याय के) सकल, विकल भेद

विषय

काच सकल (आ)

सूर्य केवलज्ञानपयार्य प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायिकज्ञान अतिस्पष्ट

सकल (आ) ६० पॉवर मन पर्ययज्ञानपर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिकज्ञान स्पष्ट

सकल (आ) ४० पॉवर अवधिज्ञानपर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिकज्ञान स्पष्ट

सकल (आ) १५ पॉवर श्रुतज्ञानपर्याय प्रमाण परोक्ष क्षायोपशमिकज्ञान अस्पष्ट

सकल (आ) २५ पॉवर श्रुतज्ञानपर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिकज्ञान स्पष्ट

सकल (आ) १० पॉवर मतिज्ञानपर्याय प्रमाण प्रत्यक्ष क्षायोपशमिकज्ञान स्पष्ट

सकल (आ) ५ पॉवर मतिज्ञानपर्याय प्रमाण परोक्ष क्षायोपशमिकज्ञान अस्पष्ट

विकल (ब) ५ पॉवर श्रुतज्ञानपर्याय नय परोक्ष क्षायोपशमिकज्ञान अस्पष्ट

विकल (ब) ५ पॉवर श्रुतज्ञानपर्याय नय परोक्ष क्षायोपशमिकज्ञान अस्पष्ट

साधन = प्रकाश = ज्ञानपर्याय

पूर्ण श्वेत काच = सकल = प्रमाण = (आ)

कुछ काली काच = विकल = नय = (ब)
कुछ श्वेत काच = विकल = नय = (ब)

॥ॐ॥

चार्ट नं. ७
प्रमाणनयैरधिगमः।

A

अर्थ-- (आ) प्रमाण और (ब) नय इनके द्वारा वस्तु जानी जाती है।

(आ) प्रमाण-धर्मिधर्मसमूह-सकलादेश

- आ१) मतिज्ञान - कतिपयपर्यायात्मकद्रव्य - सर्वद्रव्यकतिपयपर्याय - स्वार्थ परोक्ष
  श्रुतज्ञान - कतिपयपर्यायात्मकद्रव्य - सर्वद्रव्यकतिपयपर्याय - स्वार्थ परोक्ष
- आ२) केवलज्ञान - सर्वद्रव्यसर्वपर्याय - स्वार्थ पूर्ण-अतींद्रिय प्रत्यक्ष
- आ३) मन पर्ययज्ञान - कतिपयपर्यायात्मकद्रव्य - मूर्तिकविषय - स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष
- आ४) अवधिज्ञान - कतिपयपर्यायात्मकद्रव्य - मूर्तिकविषय - स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष
- आ ५) मतिज्ञान - कतिपयपर्यायत्मकद्रव्य-निजध्रुवस्वभावात्मद्रव्य का शुद्धात्मानुभव - स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष
  श्रुतज्ञान - कतिपयपर्यायत्मकद्रव्य-निजध्रुवस्वभावात्मद्रव्य का शुद्धात्मानुभव - स्वार्थ-एकदेश अतींद्रिय प्रत्यक्ष

B (ब) श्रुतज्ञान- स्वार्थ-परार्थ-परोक्ष- यहाँ (आ) प्रमाण नहीं है, (ब)नय है, (विकलादेश है)

वचन

(क) प्रमाणवाक्य-सकलादेश, वाक्य- प्रमाणसप्तभंगी का वाक्य

(ग) अभेदवृत्ति (द्रव्यार्थिक)
निश्चयनय, परमशुद्ध निश्चयनय, कारण परमात्मा, कारण समयसार, ध्रुवदृष्टि से अशेष धर्मात्मक(अखड) द्रव्य जानना। [illegible] करना वा [illegible] द्वारा अशेष धर्मात्मक (अखड)द्रव्य को जानना, कथन करना ज्ञानवान् टकोत्कीर्ण ज्ञायक स्वभाव

(घ) अभेदोपचार(पर्यायार्थिक)

(ज) अशुद्ध निश्चयनय — (झ) असद्भूत व्यवहारनय

(ड)	(ठ)	(ट)	(र १)	(र २)	(य)	(ल)	(ह)	(द)	(त)
शुद्ध नय अथवा पूर्णशुद्ध पर्याय के द्वारा अशेष-धर्मात्मक द्रव्य को जानना या कथन करना। शुद्ध निश्चय नय केवली, अर्हत, कार्य समयसार, सिद्ध	एकदेश शुद्ध निश्चयनय, एकदेश शुद्ध पर्याय के द्वारा अशेष धर्मात्मक द्रव्य को जानना या कथन करना। अव्रती सम्यक्त्वी ४ से १२ गुणस्थानवर्ती जीव ४ से १४ गुणस्थानवर्ती जीव	अशुद्ध निश्चय नय, अशुद्ध पर्याय के द्वारा अशेष धर्मात्मक द्रव्य को जानना या कथन करना। ससारी जीव, क्रोधी जीव	परद्रव्य विचार अभेदवृत्ति वा अभेदो-पचार	कालादि के द्वारा गुणों को भेद प्रधान करके अशेष धर्मात्मक द्रव्य का कथन करना	गुण पर्यायवान् अथवा द्रव्य पर्याय अथवा ध्रुव पर्याय, अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय	स्मृति प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान इनको परामर्श करने वाला वचन	इ त्या दि	अनुपरित, देही जीव, शरीरी जीव, नैगमादि सात नय	उपचरित भारतीय, धनवान, मेरा लडका, दण्डीवाला
नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय		नैगमादि सात नय			नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय

निश्चयनय — व्यवहारनय

(जि) प्रमाण=(निश्चयनय+व्यवहारनय)

॥ॐ॥

प्रमाणनयैरधिगमः।

A

अर्थ-- (आ) प्रमाण और (ब) नय इनके द्वारा वस्तु जानी जाती है।

साव्यवहारिक प्रत्यक्ष — इद्रिय अथवा मनकी अपेक्षा है। अथवा परोक्ष (स्मृति,प्रत्यभिज्ञान,तर्क,अनुमान) — प्रतीत्यन्तरकी अपेक्षा है। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

मतीज्ञानपूर्वक होता है, इद्रियोंकी अपेक्षा नहीं है। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

इद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तरकी अपेक्षा नही है। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

इद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तरकी अपेक्षा नहीं है। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

इद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तरकी अपेक्षा नही है। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

इद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तरकी अपेक्षा नहीं है। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

इद्रिय अथवा मन अथवा प्रतीत्यन्तरकी अपेक्षा नहीं हैं। यहॉ (आ) प्रमाण है, (ब) नय नहीं है।

B

(ब)नय है (विकलादेश है)

(ख) नयवाक्य-विकलादेश वाक्य-नयसप्तभंगी का वाक्य

(च)भेदोपचार (द्रव्यार्थिक) — ध्रुव अश का कथन, ध्रुव अश अथवा गुणभेद करना, ज्ञान गुण, दर्शन गुण, आनद गुण सद्भूतव्यवहार

(छ) भेदवृत्ति(पर्यायार्थिक) (पर्याय अश वा उत्पाद वा व्यय वा पर)

(थ) सद्भूत व्यवहार:

(ध)	(प)
एकदेश शुद्ध पर्याय, सम्यक् मतिज्ञान (पर्यायार्थिक) अशुद्ध सद्भूत व्यवहार	पूर्ण शुद्ध केवल ज्ञान (पर्यायार्थिक) शुद्धसद्भूत व्यवहार

(द)असद्भूत व्यवहार:

(फ)	(भ)	(म)	(स)	(द २)
अशुद्ध पर्याय राग, क्रोध(बुद्धिपूर्वक) (अबुद्धिपूर्वक), कुमतिज्ञान पर्याय	नाक, कर्म परमाणु, परमाणु के कुछ अविभाग प्रतिच्छेद स्थिति	चष्मे की कॉच	स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान इनको परामर्श करनेवाला वचन	इ त्या दि

(च)	(ध)	(प)	(फ)	(भ)	(म)	(स)	(द २)
सग्रहनय, व्यवहारनय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय	नैगमादि सात नय		

व्यवहारनय

चार्ट न. १४

निजध्रुवचिदानंदात्मा को जानने की पद्धति

'यह' मैं ध्रुवचिदानदात्मा हूँ	←	यहाँ **'यह'** (इदन्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह ज्ञान **'प्रत्यक्षज्ञान'** है, यह **शुद्धात्मानुभव** है, **निर्विकल्पज्ञान** है।
'वह' मैं ध्रुवचिदानदात्मा था	←	यहाँ **'वह'** (तत्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह ज्ञान **'स्मरणज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है, शुद्धात्मानुभव नहीं।
जो मैं पूर्व में ध्रुवचिदानदात्मा था 'वह यह' ध्रुवचिदानदात्मा हूँ।	←	यहाँ **'वह + यह'** के सकलन (इदन्ता और तत्ता के सकलन) की प्रतीति है, इसलिये यह ज्ञान **'प्रत्यभिज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है, शुद्धात्मानुभव नहीं।
'जो जो' जीव है 'वह वह' ध्रुवचिदानदात्मा है	←	यहाँ **'जो जो + वह वह'** रूप व्याप्ति की प्रतीति है, इसलिये यह ज्ञान **'तर्कज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है, शुद्धात्मानुभव नहीं।
मैं ध्रुवचिदानदात्मा हूँ, क्योंकि यह पर्याय है साध्य साधन	←	यहाँ **'साधन के द्वारा साध्य की'** प्रतीति है, इसलिये यह ज्ञान **'अनुमानज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है, शुद्धात्मानुभव नहीं।
मैं ध्रुवचिदानदात्मा हूँ	←	यहाँ **'अन्तर्जल्प'** रूप प्रतीति है, इसलिये यह ज्ञान **'नयज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है, शुद्धात्मानुभव नहीं।

पर्याय को जानने की पद्धति

'यह' मैं दुखी हूँ	←	यहाँ **'यह'** (इदन्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह **'प्रत्यक्षज्ञान'** है।
'वह' मैं दुखी था	←	यहाँ **'वह'** (तत्ता) की प्रतीति है, इसलिये यह **'स्मरणज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है।
जो मैं पूर्व में दुखी था **'वह यह'** दुखी हूँ	←	यहाँ **'यह + वह'** के सकलन (इदन्ता और तत्ता के सकलन) की प्रतीति है, इसलिये यह **'प्रत्यभिज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है।
'जो जो' *जीव शल्यसहित होता है* 'वह वह' दुखी होता है	←	यहाँ **'जो जो + वह वह'** रूप व्याप्ति की प्रतीति है, इसलिये यह **'तर्कज्ञान'** है, यह **परोक्षज्ञान** है।
मैं दुखी हूँ, क्योंकि मेरे हृदय में शल्य है साध्य साधन	←	यहाँ **'साधन के द्वारा साध्य की'** प्रतीति है, इसलिये यह **'अनुमानज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है।
मैं दुखी हूँ	←	यहाँ **'अन्तर्जल्प'** रूप प्रतीति है, इसलिये यह **'नयज्ञान'** है, **परोक्षज्ञान** है।

जीव अधिकार

विस्ताररुचि पुनर्नवभिरधिकारै समयसार ज्ञात्वा पश्चाद्भावना करोति। तद्यथा-विस्ताररुचिशिष्य प्रति जीवादिनवपदार्थाधिकारे समयसारव्याख्यान क्रियते। तत्रादौ नवपदार्थाधिकारगाथाया आर्त्तरौद्रपरित्यागलक्षण-निर्विकल्पसामायिकस्थिताना यच्छुद्धात्मरूपस्य दर्शनमनुभवनमवलोकनमुपलब्धि सवित्ति प्रतीति ख्यातिरनुभूतिरस्तदेव **निश्चयनयेन निश्चयचारित्राविनाभावि निश्चयसम्यक्त्व वीतरागसम्यक्त्व भण्यते**। तदेव च गुणगुण्यभेदरूप-निश्चयनयेन शुद्धात्मस्वरूप भवतीत्येका पातनिका। अथवा नवपदार्था भूतार्थेन ज्ञाता सतस्त एवाभेदोपचारेण सम्यक्त्वविपयत्वाद्व्यवहारसम्यक्त्वनिमित्त भवन्ति, निश्चयनयेन तु स्वकीयशुद्धपरिणाम एव सम्यक्त्वमिति द्वितीया चेति पातनिकाद्वय मनसि धृत्वा सूत्रमिद प्ररूपयति -

भूदत्थेणाभिगदा जीवाजीवा य पुण्णपाव च। (१३) आ. ख्या.
आसवसवरणिज्जरबधो मोक्खो य सम्मत्त।।१५।। ता. वृ.

विस्ताररुचिवाला शिष्य नव अधिकार द्वारा समयसार को जानकर वाद में शुद्धात्मानुभूति करता है। वह इस प्रकार हे, विस्ताररुचिवाले शिष्य को समझाने के लिये जीवादि नवपदार्थ अधिकार के द्वारा समयसार का व्याख्यान किया है। वहाँ प्रथम नवपदार्थ के अधिकार की गाथा द्वारा आर्त्त-रौद्र ध्यान के परित्याग लक्षणवाले **निर्विकल्पसामायिक** में स्थित रहनेवालों का जो शुद्धात्मरूप का दर्शन, शुद्धात्मा का अनुभव, शुद्धात्मा का अवलोकन, शुद्धात्मा की उपलब्धि, सवित्ति, प्रतीति, ख्याति, शुद्धात्मा की अनुभूति है उसी को ही निश्चयनय से निश्चय चारित्र के अविनाभावी निश्चयसम्यक्त्वरूप **वीतराग सम्यक्त्व** कहा जाता हे। और वह ही गुणगुणी के अभेदरूप (**अभेदवृत्ति** से) निश्चयनय से शुद्धात्मा का स्वरूप है- यह प्रथम पातनिका है।

अथवा द्वितीय पातनिका-नवपदार्थ भूतार्थ से जानते रहने पर **अभेदोपचार** से (व्यवहारनय से) सम्यक्त्व का विषय होने से व्यवहार सम्यक्त्व के निमित्त होते हैं। लेकिन निश्चयनय से अपने आत्मा का **शुद्धपरिणाम** (स्वानुभूति) ही **सम्यक्त्व** है। (स्वानुभूति में रहना-आत्मा को सुखमय अनुभवना है) ऐसी दो पातनिकायें मन में धारण करके सूत्र कहते हैं -

गाथार्थ - (**भूदत्थेण**) भूतार्थनय से (**जीवाजीवा**) जीव, अजीव, (**पुण्णपाव**) पुण्य, पाप (**च**) तथा (**आसवसवरणिज्जरबधो**) आस्रव, सवर, निर्जरा, वध (**य**) और (**मोक्खो**) मोक्ष (**य**) और प्रमाण, नय, निक्षेपादि (**अभिगदा**) एक आत्मा रूप से ज्ञात होने पर (**सम्मत्त**) यह आत्ममयता सम्यग्दर्शन है वही शुद्धात्मानुभूति है।

भूदत्थेण भूतार्थेन निश्चयनयेन शुद्धनयेन अभिगदा अभिगता निर्णीता निश्चिता ज्ञाता सत के ते ? **जीवाजीवा य पुण्णपाव च आसवसवरणिज्जरबधो मोक्खो य** जीवाजीवपुण्यपापास्रवसवरनिर्जरा-बधमोक्षस्वरूपा नवपदार्था । **सम्मत्त** त एवाभेदोपचारेण सम्यक्त्वविषयत्वात्कारणत्वात्सम्यक्त्व भवन्ति। निश्चयेनपरिणाम एव सम्यक्त्वमिति। नवपदार्था भूतार्थेन ज्ञाता सत सम्यक्त्व भवन्तीत्युक्त भवद्भिरतत्कीदृश भूतार्थपरिज्ञानमिति पृष्टे प्रत्युत्तरमाह। यद्यपि नवपदार्था तीर्थवर्त्तनानिमित्त प्राथमिकशिष्यापेक्षया भूतार्था भण्यन्ते तथाप्यभेदरत्नत्रय लक्षणनिर्विकल्पसमाधिकाले अभूतार्था, असत्यार्था, शुद्धात्मस्वरूप न भवन्ति। तस्मिन् **परमसमाधिकाले नवपदार्थमध्ये शुद्धनिश्चयनयेनैक एव शुद्धात्मा प्रद्योतते प्रकाशते प्रतीयते अनुभूयत इति।**

या चानुभूति प्रतीति शुन्द्रत्मोपलब्धि सा चैव निश्चयसम्यक्त्वमिति सा चैवानुभूतिर्गुणगुणिनो-र्निश्चयनयेनाभेदविवक्षाया शुद्धात्मस्वरूपमिति तात्पर्यम्।

किंच, ये च प्रमाणनयनिक्षेपा परमात्मादितत्त्वविचारकाले सहकारिकारण भूतास्तेऽपि सविकल्पावस्थायामेव भूतार्था । परमसमाधिकाले पुनरभूतार्थास्तेषु मध्ये भूतार्थेन शुद्धजीव एक एव प्रतीयत इति नवपदार्थाधिकार गाथा गता।।१५।।

टीकार्थ - **भूदत्थेण** भूतार्थ से-निश्चयनय से शुद्धनिश्चयनय से **अभिगदा** अभिगत होते हैं, निर्णीत होते हैं, निश्चित होते हैं, जाने जाते हैं, ज्ञात होते हैं।

शका - वे कौन ज्ञात होते हैं ?

समाधान - **जीवाजीवा य पुण्णपाव च आसव सवर ण्जिर बधो मोक्खो य** जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, सवर, निर्जरा, बध और मोक्ष स्वरूप नव पदार्थ भूतार्थ से (शुद्धनिश्चयनय से) ज्ञात होते हैं। **सम्मत्त** अभेदोपचार से वे नवपदार्थ ही सम्यक्त्व के विषय के रूप कारण होने से सम्यक्त्व हैं। **निश्चय से स्वपरिणाम ही सम्यक्त्व है।**

शका - भूतार्थनय के द्वारा जाने हुये नवपदार्थ सम्यक्त्व हैं, ऐसा जो आपने कहा है, उस भूतार्थ के ज्ञान का क्या स्वरूप है ?

समाधान - यद्यपि प्राथमिक शिष्य की अपेक्षा से तीर्थ प्रवृत्ति के लिये निमित्तमात्र नवपदार्थ भूतार्थ (प्रयोजनभूत) कहे जाते हैं तथापि अभेदरत्नत्रयलक्षणवाले निर्विकल्पसमाधि के काल में वे नवपदार्थ अभूतार्थ हैं, असत्यार्थ हैं, अपयोजनभूत हैं, शुद्धात्मस्वरूप नहीं हैं। उस शुन्द्रात्मानुभव में परमसमाधिकाल में नवपदार्थों में शुन्द्रनिश्चयनय से एक शुन्द्रात्मा की ही प्रतीति होती है, शुन्द्रात्मा का ही अनुभव-प्रद्योत-प्रकाश होता है। और **जो यह शुद्धात्मानुभूति, प्रतीति, शुद्धात्मोपलब्धि है वही निश्चयसम्यक्त्व है।** वह स्वानुभूति ही गुण और गुणी में निश्चयनय से अभेद विवक्षा (अभेदवृत्ति नय) में शुद्धात्मा का स्वरूप है, ऐसा तात्पर्य है।

गाथार्थ - (**जो तु**) जो मुनि (**मोह**) मोह को (दर्शनमोह को) (**जिणित्ता**) जीतकर (**आद**) अपने आत्मा को (**णाणसहावाधिय**) ज्ञानस्वभाव के द्वारा अन्य द्रव्यभावों से अधिक (**मुणदि**) जानता है (त) उस (**साहु**) मुनि को (साधक को) (**परमट्ठवियाणया**) परमार्थ के जाननेवाले (**जिदमोह**) जितमोह ऐसा (**विंति**) जानते हैं, कहते हैं।

टीकार्थ - जो पुरुष उदयागत मोह को सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्र की एकतारूप, ऐकाग्र्यरूप निर्विकल्प समाधि के बल से जीतकर शुद्ध ज्ञानगुण से अधिक परिपूर्ण अपनी आत्मा को शुद्ध पारिणामिकभाव को अथवा कारणपरमात्मा को अथवा स्वभाव सिद्ध को श्रद्धा करता है, जानता है, अनुभवता है **त जिदमोह साहु परमट्ठवियाणया विति** उस साधु को 'जितमोह' मोह से रहित ऐसा परमार्थ के जाननेवाले कहते हैं। यह द्वितीय स्तुति है। ओर विशेष कहते हैं -

शका - आपने पातनिका में कहा था कि, भाव्य-भावक में परस्पर जो सकर दोष है उसका निराकरण करने से द्वितीय स्तुति होती है, वह यहॉ कैसे घटित होती है ?

समाधान - **भाव्य** याने रागादिरूप परिणत हुआ आत्मा और **भावक**-रजक याने उदय में आया हुआ मोहकर्म है। इन भाव्य-भावकों का जो शुद्धजीव के साथ सकर अर्थात सयोग सबध है वह ही दोष है। उस दोष को जो पुरुष स्वसवेदनज्ञान के बल से (स्वानुभूति से याने शुद्धपारिणामिकभाव का वेदन करने से) नष्ट करता है (परास्त करता है अथवा परिहार करता है) वह जिन है। यह दूसरी स्तुति है।

इसी प्रकार यहॉ मोह पद के स्थान पर राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, ये ग्यारह और श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसना, स्पर्शन ये पॉच इद्रिय, सूत्र के द्वारा पृथक्-पृथक् कथन करना चाहिए। इसी प्रकार और भी असख्यात लोकप्रमाण विभाव परिणाम हैं उनको भी जानना चाहिये।। ३७।।

यहॉ भाव्य-भावकभाव के अभावरूप से तीसरी निश्चयस्तुति कही जाती है। अथवा उसको ही क्षपकश्रेणी की अपेक्षा से क्षीणमोहरूप से कथन करते हैं -

अथ भाव्यभावकभावाभावरूपेण तृतीया निश्चयस्तुति कथ्यते। अथवा तामेव क्षपकश्रेण्यपेक्षया क्षीणमोहरूपेणाह-

जिदमोहस्स दु जइया खीणो मोहो हविज्ज साहुस्स। (३३)
तइया हु खीणमोहो भण्णदि सो णिच्छयविदूहि।। ३८।।

जिदमोहस्स दु जइया खीणो मोहो हविज्ज साहुस्स पूर्वगाथाकथित क्रमेण जितमोहस्य सतो जातस्य यदा निर्विकल्पसमाधिकाले क्षीणो मोहो भवेत्। कस्य ? साधो शुद्धात्मभावकस्य। **तइया हु खीणमोहो भण्णदि सो णिच्छयविदूहि** तदा तु गुप्तिसमाधिकाले स साधु क्षीणमोहो भण्यते। कै ? निश्चयविद्भि परमार्थज्ञायकैर्गणधर देवादिभि । इय तृतीया निश्चयस्तुतिरिति। भाव्यभावकभावाभावरूपेण कथ जाता स्तुतिरिति चेत्-भाव्यो रागादिपरिणत आत्मा, भावको रञ्जक उदयागतो मोहस्तयोर्भाव्यभावकयोर्भाव स्वरूप तस्याभाव क्षयो विनाश सा चैव तृतीया निश्चयस्तुतिरित्यभिप्राय । एव रागद्वेष इत्यादि दडको ज्ञातव्य ।।३८।।

गाथार्थ - **(जिदमोहस्स दु साहुस्स)** जिसने मोह को जीत लिया है ऐसे साधु के **(जइया)** जिस समय **(खीणो मोहो)** मोह क्षीण **(हविज्ज)** होता है **(तइया)** उस समय **(णिच्छयविदूहि)** निश्चय के जाननेवाले **(हु)** निश्चय से **(सो)** उस साधु को **(खीणमोहो)** क्षीणमोह ऐसा **(भण्णदि)** कहते हैं।

टीकार्थ - **जिदमोहस्स दु जइया खीणो मोहो हविज्ज साहुस्स** पूर्वगाथा में कहे हुए क्रम से जितमोह को उत्पन्न हुए साधु का (याने शुद्धात्मानुभव करनेवाले साधक का) जव निर्विकल्प समाधिकाल में (स्वानुभव में) मोह क्षीण होता है **तइया हु खीणमोहो भण्णदि सो णिच्छयविदूहि** तव उस गुप्ति समाधिकाल में उस साधक (शुद्धात्मानुभव करने वाले साधक) को क्षीणमोहवाला कहते हैं।

शका - ऐसा कौन कहते हैं ?

समाधान - निश्चयनय को जाननेवाले, परमार्थ को जाननेवाले गणधरादिदेवों द्वारा शुद्धात्मानुभव-साधक को क्षीणमोहवाला कहा जाता हैं।

इस प्रकार तीसरी निश्चयस्तुति हो गयी।

शका - यहाँ भाव्य-भावक के अभावरूप से यह स्तुति कैसे उत्पन्न हुई ?

समाधान - **भाव्य याने रागादिपरिणत आत्मा और भावक-रजक याने उदय में आनेवाला मोह है।** सो यहाँ आत्मा वीतराग परिणत (शुद्धोपयोग परिणत) है और उसको भावक-मोह कुछ नहीं कर सकता, उस मोह की सवरपूर्वक निर्जरा हो जाती है, इसलिये भाव्य-भावक का अभाव हो गया। इस प्रकार भाव्य-भावक का अभाव क्षय अथवा विनाश होता है।

चतुर्थ गुणस्थान प्रगट होते समय वह आत्मा निर्विकल्प समाधि में जाता है उस समय दर्शनमोह का अभाव होता है याने मिथ्यात्व व अनतानुबधी रागद्वेष का अभाव होता है। क्षपकश्रेणी में दशवें गुणस्थान के अत में लोभ नष्ट होता है, बारहवाँ गुणस्थान प्रगट होता है उसको क्षीणमोह गुणस्थान कहते हैं।

इति प्रथमगाथाया पूर्वपक्षस्तदनतर गाथाचतुष्टये निश्चयव्यवहारसमर्थनरूपेण परिहारस्ततश्च गाथात्रये निश्चयस्तुतिकथनरूपेण च परिहार इति पूर्वपक्षपरिहारगाथाष्टकसमुदायेन षष्ठस्थल गतम्।

अथ रागादिविकल्पोपाधिरहित स्वसवेदनज्ञानलक्षणप्रत्याख्यानविवरणरूपेण गाथाचतुष्टय कथ्यते। तत्र स्वसवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यानमिति कथनरूपेण प्रथमगाथा प्रत्याख्यानविषये दृष्टातरूपेण द्वितीया चेति गाथाद्वय। तदनतर मोहपरित्यागरूपेण प्रथमगाथा ज्ञेयपदार्थपरित्यागरूपेण द्वितीया चेति गाथा द्वयम्। एव सप्तमस्थले समुदायपातनिका। तथाहि-तीर्थकराचार्यस्तुतिर्निरर्थिका भवतीति पूर्वपक्षबलेन जीवदेहयोरेकत्व कर्तुं नायातीति ज्ञात्वा शिष्य इदानीं प्रतिबुद्ध सन् हे भगवन् ! रागादीना कि प्रत्याख्यानमिति पृच्छति। "इति पृच्छति" कोर्थ ? इति पृष्टे प्रत्युत्तर ददाति। एव प्रश्नोत्तररूपपातनिकाप्रस्तावे सर्वत्रेति शब्दस्यार्थो ज्ञातव्य ।

यहाँ इस द्रव्यानुयोग ग्रथ में कहा है कि चतुर्थ गुणस्थान प्रगट होने के समय ज्ञानचेतना शुरु होती है और चतुर्थ गुणस्थान से सिद्ध तक सबको ज्ञानचेतना ही होती है। इसलिये शुद्धात्मानुभव लेनेवाले चतुर्थ गुणस्थान से आगे के सभी जीव क्षीणमोह वाले हैं, जिन हैं, प्रभु हैं, जितेंद्रिय हैं। एक से तीन गुणस्थान वाले जीव अज्ञान चेतना वाले हैं। चतुर्थ गुणस्थान की शुद्धात्मानुभूति में चेतनोपयोग शुद्धपारिणामिक भाव से तन्मय हे, शुद्धोपयोग है, पर्याय (अनित्य) होने से शुद्धपारिणामिकभाव से तादात्म्य नहीं है क्योंकि शुद्धपारिणामिकभाव नित्य (ध्रुव) है।

यह तृतीय निश्चय स्तुति है, ऐसा अभिप्राय है। यहाँ पर भी मोह के स्थान पर राग, द्वेष इत्यादि असख्यात विभाव भाव के जो दडक हैं वे लगा लेना चाहिए।। ३८।।

इस तरह प्रथम गाथा में पूर्वपक्ष का कथन किया है। तदनतर चार गाथाओं में निश्चय-व्यवहार के समर्थनरूप से उसका परिहार किया है। और तीन गाथाओं में निश्चयस्तुति के कथनरूप से उसका परिहार किया है। इस तरह पूर्वपक्ष और उसका परिहार करके आठ गाथाओं के समूह से छठा स्थल समाप्त हो गया।

अब रागादि विकल्पों की उपाधि से रहित स्वसवेदनज्ञान (शुद्धात्मानुभव) है लक्षण जिसका ऐसे प्रत्याख्यान के वर्णन से चार गाथायें कही जाती हैं। उनमें स्वसवेदनज्ञान (शुद्धात्मानुभव) ही प्रत्याख्यान है, ऐसे कथनरूप से प्रथम गाथा है, और प्रत्याख्यान के विषय में दृष्टातरूप से दूसरी गाथा है। उसके बाद मोह के परित्यागरूप से प्रथम गाथा है और ज्ञेयपदार्थ के परित्यागरूप से दूसरी गाथा हे। इस प्रकार सातवें स्थल में समुदाय पातनिका है।

यदि जीव और शरीर को एक नहीं माना, तो तीर्थंकर और आचार्य की जो स्तुति की गयी है वह व्यर्थ होगी। इस प्रकार पूर्वपक्ष के बल से जीव और शरीरादि में एकपना मानना ठीक नहीं है। ऐसा जानकर प्रतिबुद्ध (ज्ञानी) होकर शिष्य प्रश्न करता है कि, हे भगवन ! रागादि का प्रत्याख्यान कैसे किया जाय ? तो श्री आचार्यदेव उत्तर देते हैं। इस प्रकार सर्वत्र प्रश्नोत्तर रूप पातनिका में **'इति' शब्द का अर्थ 'प्रश्न पूछने पर उत्तर दिया जा रहा है'** ऐसा जानना चाहिये।

णाण सव्वे भावे[1] पच्चक्खाई परे त्ति णादूण। (३४)
तम्हा पच्चक्खाण णाण णियमा मुणेदव्व ।। ३९।।

णाण सव्वे भावे पच्चक्खाई परे त्ति णादूण जानातीति व्युत्पत्त्या स्वसवेदनज्ञानमात्मेति भण्यते त (तत्) ज्ञान कर्तृ मिथ्यात्वरागादिविभाव परस्वरूपमिति ज्ञात्वा प्रत्याख्याति त्यजति निराकरोति। **तम्हा पच्चक्खाण णाण णियमा मुणेदव्व** तस्मात्कारणात् निर्विकल्पस्वसवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यान नियमान्निश्चयात् मतव्य ज्ञातव्यमनुभवनीयमिति। इदमत्र तात्पर्य-परमसमाधिकाले स्वसवेदनज्ञानबलेन शुद्धमात्मानमनुभवति तदेवानुभवन निश्चयप्रत्याख्यानमिति।।३९।।

अथ प्रत्याख्यानविपये दृष्टान्तमाह -

जह णाम को वि पुरिसो परदव्वमिण ति जाणिदु चयदि[2]। (३५)
तह सव्वे परभावे, णाऊण[3] विमुचदे णाणी।।४०।।

गाथार्थ - (**णाण**) स्वसवेदनज्ञान से (**सव्वे भावे**) सव भावों को (**परे त्ति**) अपने से पर हैं ऐसा (**णादूण**) जानकर उनका (**पच्चक्खाई**) प्रत्याख्यान हो जाता हे (**तम्हा**) इसलिये (**णाण**) स्वसवेदनज्ञान (शुद्धात्मानुभूति) ही (**णियमा**) निश्चय से (**पच्चक्खाण**) प्रत्याख्यान (**मुणेदव्व**) मानना चाहिये (जानना चाहिये)।

टीकार्थ - **णाण सव्वे भावे पच्चकखाई परेत्ति णादूण** 'जानाति इति ज्ञान' इस प्रकार ज्ञान शब्द की व्युत्पत्ति हे। इस व्युत्पत्ति से **स्वसवेदनज्ञान (शुद्धात्मानुभव) ही आत्मा,** इस नाम से कहा जाता है। वह स्वसवेदनज्ञान मिथ्यात्व रागादिभावों को परस्वरूप हें ऐसा जानकर त्यागता है, प्रत्याख्यान करता हे, निराकरण करता है, छोडता है।

तम्हा पच्चक्खाण णाण णियमा मुणे दव्व इसलिये निर्विकल्प स्वसवेदनज्ञान (शुद्धात्मानुभव) ही नियम से प्रत्याख्यान है- ऐसा मानना चाहिये, जानना चाहिये, अनुभव करना चाहिये। इसका तात्पर्य यह है कि, परमसमाधिकाल में स्वसवेदनज्ञान के वल से शुद्धात्मा को (शुद्धपारिणामिक द्रव्य को) अनुभवता है। वह स्वानुभव ही निश्चय प्रत्याख्यान है। (स्वानुभूति लेते समय विकल्पभाव अपने आप नष्ट होते हैं।)।। ३९।।

यहॉ प्रत्याख्यान के वारे में दृष्टात कहते हें -

गाथार्थ - (**जह णाम**) जैसे लोक में (**कोवि पुरिसो**) कोई पुरुष (**परदव्व इण ति जाणिदु**) पर वस्तु को यह **परवस्तु** है ऐसा जानकर (**चयदि**) परवस्तु को त्याग देता हे (**तह**) उसी तरह (**णाणी**) ज्ञानी (**सव्वे**) सव (**परभावे**) परभावों को (**णाऊण**) ये परभाव हैं ऐसा जानकर (**विमुचदे**) उनको छोडता है।

टीकार्थ - **जह णाम को वि पुरिसो परदव्वमिण ति जाणिदु चयदि** जेसे कोई पुरुष वस्त्र-आभरण आदि को यह परद्रव्य है ऐसा जानकर उसका त्याग करदेता है। **तह सव्वे परभावे णाऊण विमुचदे णाणी** उसी प्रकार स्वसवेदन ज्ञानी स्वसवेदन ज्ञानवल से (स्वानुभूति से) सव मिथ्यात्व-रागादि परभावों को पर्यायों को ये

---

१ पाठान्तर - सव्वे भावे जम्हा।   २ मुयदि।   ३ णादूण।

जह णाम को वि पुरिसो परदव्वमिण ति जाणिदु चयदि यथा नाम अहो स्फुट वा कश्चित्पुरुषो वस्त्राभरणादिक परद्रव्यमिदमिति ज्ञात्वा त्यजति। **तह सव्वे परभावे णाऊण विमुचदे णाणी** तथा तेन प्रकारेण सर्वान् मिथ्यात्वरागादिपरभावान् पर्यायान् स्वसवेदनज्ञानबलेन ज्ञात्वा विशेषेण त्रिशुद्धया विमुञ्चति त्यजति स्वसवेदनज्ञानीति।

अयमत्र भावार्थ - यथा कश्चिद्देवदत्त परकीयत्रीवर भ्रात्या मदीयमिति मत्वा रजकगृहादानीय परिधाय च शयान सन् पश्चादन्येन वस्त्रस्वामिना वस्त्राचलमादायाच्छोद्य नग्नीक्रियमाण सन् वस्त्रलाच्छन निरीक्ष्य परकीयमिति मत्वा तद्वस्त्र मुञ्चति। तथाय ज्ञानीजीवोऽप्यतिविज्ञेन निर्विण्णेन गुरुणा मिथ्यात्वरागादिविभावा एते भवदीयस्वरूप न भवन्ति, एक एव त्वमिति प्रतिबोध्यमान सन् परकीयानिति ज्ञात्वा मुचति शुद्धात्मानुभूतिमनुभवतीति। एव गाथाद्वय गतम्।।४०।।

अथ कथ शुद्धात्मानुभूतिमनुभवतीति पृष्टे सति मोहादिपरित्यागप्रकारमाह -

णत्थि मम को वि मोहो बुज्झदि उवओग एव अहमेक्को। (३६)
त मोहणिम्ममत्त समयस्स वियाणया विति।।४१।।

परकीय हैं (अपने स्वभाव में नहीं हैं) ऐसा जानकर (अध्यात्मभाषा से) याने स्वानुभूति द्वारा (आगमभाषा से) त्रिशुद्धि याने मनवचनकाय की विशुद्धि द्वारा छोड देता है।

भावार्थ यह है कि, जैसे कोई देवदत्त नाम का पुरुष भ्रम से दूसरे के वस्त्र को अपना वस्त्र समझकर धोवी के घर से ले आया और ओढकर सो गया। पश्चात् उस वस्त्र के स्वामी ने आकर उस वस्त्र के आचल को खींचकर उसको नग्न कर दिया तब उस समय उस वस्त्र के लाछन को (चिन्ह को) निरीक्षण करके **यह वस्त्र परकीय है** ऐसा समझकर वह उस वस्त्र को उसी समय छोड देता है। इसी प्रकार यह ज्ञानी जीव भी परम वैरागी ज्ञानी गुरु के द्वारा **'ये मिथ्यात्व रागादि विभाव भाव अपना स्वभाव नहीं है, एक शुद्धात्मा ही अपना स्वभाव है'** ऐसा समझाया जाने पर उन सब परभावों को **परकीय** हैं ऐसा जानकर तत्काल छोड देता है। शुद्धात्मानुभूति को अनुभवता है।

भावार्थ - आत्मा को आत्मा जानना और मानना, परभाव को परभाव जानना और मानना यही आत्मानुभूति कहलाती है। इसी को सम्यग्दर्शन कहते हैं, इसी को मोहका-परभाव का त्याग कहते हैं। परभाव का त्याग और आत्मस्वभाव की प्राप्ति इनका एक ही समय है। आत्मा अपने पुरुषार्थ से आत्मस्वभाव की प्राप्ति करता है। उसी को परभाव का त्याग कहा जाता है। परभाव का त्याग करने के लिये पर में पुरुषार्थ करना नहीं पडता है, क्योंकि आत्मा पर में पुरुषार्थ कर नहीं सकता है।

इस प्रकार दो गाथायें समाप्त हुई।।४०।।

अव (अध्यात्मभाषा से) **शुद्धात्मा की अनुभूति का अनुभव किस प्रकार होता है ?** ऐसा पूछने पर श्री आचार्यदेव उत्तर देते हैं कि मोहादिक का परित्याग याने शुद्धात्मानुभव इस प्रकार होता है -

णत्थि मम को वि मोहो नास्ति न विद्यते मम शुद्धनिश्चयेन टकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावस्य सतो रागादिपरभावेन कर्तृभूतेन भावयितु रजयितुमशक्यत्वात्कश्चिद्द्रव्यभावरूपो मोह ।**बुज्झदि उवओग एव अहमेक्को** वुध्यते जानाति। स क ? कर्त्ता ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणत्वादुपयोग आत्मैव। कि वुध्यते ? यत कारणादहमेक ततो मोह प्रति निर्ममत्वोऽस्मि निर्मोहो भवामि। अथवा वुध्यते जानाति। कि जानाति ? विशुद्धज्ञानदर्शनोपयोग एवाहमेक । **त मोहणिम्ममत्त समयस्य वियाणया विति** त निर्मोहशुद्धात्मभावनास्वरूप निर्ममत्व ब्रुवति, वदति, जानति वा। के ते ? समयस्य शुद्धात्मस्वरूपस्य विज्ञायका पुरुषा इति।

किच विशेष- यत्पूर्व स्वसवेदनज्ञानमेव प्रत्याख्यान व्याख्यात तस्यैवेद निर्मोहत्व विशेषव्याख्यानमिति। एवमेव च मोहपदपरिवर्त्तनेन राग द्वेष क्रोध मानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडशव्याख्येयानि। अनेन प्रकारेणान्यान्यप्यसख्येय- लोकमात्रप्रमितानि विभावपरिणामरूपाणि ज्ञातव्यानि।।४१।।

गाथार्थ - (**मोहो मम को वि णत्थि**) मोह मेरा कोई भी नहीं है (**एक्को**) एक (**उवओग एव अह**) उपयोग ही मैं हूँ ऐसा (**बुज्झदि**) जो अनुभवता है (**त**) उस पुरुष को (**समयस्स**) सिद्धात के अथवा स्व पर के स्वरूप को (**वियाणया**) जाननेवाले (**मोहणिम्ममत्त**) मोह से निर्ममत्व (**विति**) समझते हैं अथवा कहते हैं।

टीकार्थ - णत्थि मम को वि मोहो शुद्धनिश्चयनय से टकोत्कीर्ण एक ज्ञायक स्वभाववाला जो मैं, इसको रागादि परभाव के कर्तृत्वभाव से रजायमान करने के लिए मोह अशक्य (असमर्थ) है, इसलिये द्रव्य और भावरूप मोह मेरा कोई भी नहीं है। **बुज्झदि उवओग एव अहमेक्को** ज्ञानदर्शन उपयोग लक्षणवाला होने से उपयोग ही मेरा आत्मा है और ऐसा अनुभवता है कि **"मैं एक हूँ। इसलिये मोह के प्रति निर्ममत्व हूँ, निर्मोह हूँ। अथवा मैं एक विशुद्धज्ञानदर्शन उपयोगवाला ही हूँ"** ऐसा अनुभवता है।

त मोहणिम्ममत्त समयस्स वियाणया विति उस निर्मोही शुद्धात्मा की भावभासना वाले आत्मा को "निर्ममत्ववाला" कहते हैं।

शका - ऐसा कौन कहते हैं ?

समाधान - शुद्धात्मस्वरूप को जाननेवाले पुरुष ऐसा कहते हैं कि "वह शुद्धात्मानुभववाला - निर्ममत्ववाला है।"

और कुछ विशेष कहते हैं- पूर्व गाथा में जिस स्वसवेदनज्ञान ही को **प्रत्याख्यान** कहा था, उसे ही यहाँ **निर्मोहत्व** ऐसा कहा है।

इस प्रकार ही मोह शब्द के स्थान पर राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ, कर्म, नोकर्म, मन, वचन, काय, श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, रसना, स्पर्शन ये सोलह पद परिवर्तन करके कहना चाहिये। इसी प्रकार अन्य भी जो असख्यात लोकमात्रप्रमाण विभाव भाव हैं वे शब्द परिवर्तन करके (गाथायें) जानना चाहिये।।४१।।

अथ धर्मास्तिकायादिज्ञेयपदार्था अपि मम स्वरूप न भवतीति प्रतिपादयति -

णत्थि मम धम्म आदी बुज्झदि उवओग एव अहमेक्को। (३७)
त धम्मणिम्ममत्त समयस्स वियाणया विति।।४२।।

णत्थि मम धम्म आदी न सति न विद्यन्ते धर्मास्तिकायादि ज्ञेयपदार्था ममेति। **बुज्झदि** बुध्यते ज्ञानी। तर्हि क्रिमहम् ? **उवओग एव अहमेक्को** विशुद्धज्ञानदर्शनोपयोग एवाहम् अथवा ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणत्वा- दित्यभेदेनोपयोग एवात्मा स जानाति। केन रूपेण ? यतोऽह टकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभाव एक ततो दधिखण्डशिखिरिणीवत् व्यवहारेणैकत्वेपि शुद्धनिश्चयनयेन मम स्वरूप न भवन्तीति परद्रव्य प्रति निर्ममत्वोऽस्मि। **त धम्मणिम्ममत्त समयस्स वियाणया विति** त शुद्धात्मभावनास्वरूप परद्रव्यनिर्ममत्व समयस्य शुद्धात्मनो विज्ञायका पुरुषा ब्रुवति कथयन्तीति। किञ्च - इदमपि परद्रव्यनिर्ममत्व यत्पूर्वं भणित स्वसवेदज्ञानमेव प्रत्याख्यान तस्यैव विशेषव्याख्यान ज्ञातव्यम्। इति गाथाद्वय गतम्। एव गाथाचतुष्टयसमुदायेन सप्तमस्थल समाप्तम्।।४२।।

यहाँ धर्मास्तिकायादि ज्ञेयपदार्थ भी मेरा स्वरूप नहीं हैं, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(धम्म आदी मम णत्थि)** धर्म आदि ज्ञेय पदार्थ मेरे नहीं हैं और **(एक्को)** एक **(उवओग एव अह)** उपयोग ही मैं हूँ ऐसा **(बुज्झदि)** जो अनुभवता है **(त)** उस पुरुष को **(समयस्स)** आत्मा के अथवा सिद्धात के स्वरूप को **(वियाणया)** जाननेवाल **(धम्मणिम्ममत्त)** धर्मादि परद्रव्यों से निर्ममत्व **(विति)** समझते हैं (कहते हैं)।

टीकार्थ - **णत्थि मम धम्म आदी** धर्मास्तिकायादि ज्ञेयपदार्थ "मेरे नहीं हैं" **बुज्झदि** ऐसा ज्ञानी अनुभवता है। तो मैं क्या हूँ ? **उवओग एव अहमेक्को** मैं विशुद्धज्ञानदर्शनोपयोग ही हूँ। अथवा अभेद से ज्ञानदर्शनोपयोगलक्षणवाला ही होने से उपयोग ही आत्मा है ऐसा वह जानता है, अनुभवता है।

शका - किस रूप से जानता है ?

समाधान - मैं टकोत्कीर्ण ज्ञायक एक स्वभाववाला हूँ एक हूँ उस कारण व्यवहार से धर्म आदि परज्ञेयों के साथ दधि-खाड आदि शिखरिणी के समान भले ही मेरे साथ एकता हो, तो भी शुद्धनिश्चयनय से यह सब मेरा स्वरूप नहीं है, इसलिये मैं सब परज्ञेय पदार्थों के प्रति निर्मम हूँ। **त धम्मणिम्ममत्त समयस्स वियाणया विति** ऐसे उस शुद्धात्मानुभववाले को परद्रव्य से निर्ममत्व है, ऐसा शुद्धात्मा को जाननेवाले आत्मज्ञ पुरुष कहते हैं।

और कुछ विशेष कहते हैं - पूर्व में यह जो **स्वसवेदनज्ञान ही प्रत्याख्यान** है ऐसा कहा था, उसका ही यह **परद्रव्य से निर्ममत्व** का कथन विशेष सपष्टीकरण है ऐसा जानना चाहिये। इस प्रकार दो गाथायें हो गईं। इस तरह चार गाथाओं के समुदाय से सप्तम स्थल समाप्त हुआ।।४२।।

अथ शुद्धात्मैवोपादेय इति श्रद्धान सम्यक्त्व तस्मिन्नेव शुद्धात्मनि स्वसवेदन सम्यग्ज्ञान तत्रैव निजात्मनि वीतरागस्वसवेदननिश्चलरूप चारित्रमिति निश्चयरत्नत्रयपरिणतजीवस्य कीदृश स्वरूप भवतीत्यावेदयन्सन् जीवाधिकारमुपसहरति-

अहमेक्को खलु सुद्धो दसणणाणमइओ सदारूवी। (३८)
णवि अत्थि मज्झ किचि वि अण्ण परमाणुमेत्त पि।।४३।।

अह अनादिदेहात्मैक्य भ्रात्याऽज्ञानेन पूर्वमप्रतिवुन्दोऽपि करतलविन्यस्तसुप्तविस्मृतपश्चान्निद्रा-विनाशस्मृतचामीकरावलोकनन्यायेन परमगुरुप्रसादेन प्रतिवुद्धो भूत्वा शुद्धात्मनि रतो य सोऽह वीतरागश्चिन्मात्र ज्योति। पुनरपि कथभूत ? एक्को यद्यपि व्यवहारेण नरनारकादिरूपेणानेकरतथापि शुद्धनिश्चयेन टकोत्कीर्णज्ञायकैक-स्वभावत्वादेक। खलु स्फुट। पुनरपि किरूप ? सुद्धो व्यावहारिकनवपदार्थेभ्य शुद्धनिश्चयनयेन भिन्न, अथवा रागादिभावेभ्यो भिन्नोऽहमिति शुद्ध। पुनरपि किविशिष्ट ? दसणणाणमइओ केवलदर्शनज्ञानमय। पुनरपि किरूप ? सदारूवी निश्चयनयेन रूपरसगधस्पर्शाभावात्सदाप्यमूर्त्त। णवि अत्थि मज्झ किचि वि अण्ण परमाणुमेत्त पि इत्थभूतस्य सत नैवास्ति ममान्यत्परमाणुमात्रमपि परद्रव्य किमपि। यदेकत्वेन रजकत्वेन ज्ञेयत्वेन वा पुनरपि मम मोहमुत्पादयति। कस्मात् ? परमविशुद्धज्ञानपरिणतत्वात्।।४३।।

यहाँ शुद्धात्मा ही उपादेय है ऐसा श्रद्धान सम्यक्त्व है, उस ही शुद्धात्मा में ही स्वसवेदन सम्यग्ज्ञान है और उसी स्व आत्मा में (स्वभाव में) वीतराग स्वसवेदन निश्चलता ही चारित्र है, इस प्रकार निश्चयसम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्रमय परिणत जीव का स्वरूप किस प्रकार है, यह वताते हुए जीवाधिकार का उपसहार करते हैं -

गाथार्थ - (अह) मैं (एक्को) एक हूँ (सुद्धो) शुद्ध हूँ (दसणणाणमइओ) दर्शन ज्ञानमय हूँ (सदारूवी खलु) निश्चय से सदा अरूपी हूँ (अण्ण) अन्य परद्रव्य (परमाणु मेत्त पि) परमाणु मात्र भी (मज्झ) मेरा (किंचि वि) कुछ भी (ण वि अत्थि) नहीं लगता है, यह निश्चय है।

टीकार्थ - अह अनादिकाल से देह और आत्मा के एकत्व की मान्यता कर भ्रान्ति से अज्ञानभाव से जो पहले अप्रतिवुद्ध (अज्ञानी) था, लेकिन जिस प्रकार कोई हाथ में रखे हुए सुवर्ण को भूल जाता है, या निद्रा में मग्न होकर सो जाता है और फिर निद्रा के दूर हो जाने पर उस सुवर्ण का स्मरण आ जाने से प्रसन्न हो जाता है' ऐसे न्याय से, वैसे ही परमगुरु के प्रसाद से प्रतिवुद्ध होकर जो स्वभाव-शुद्धात्मा में रत हुआ है वह मैं वीतराग चिन्मात्र ज्योति हूँ, ऐसा अनुभवता है।

शका - और कैसा अनुभवता है ?

समाधान - एक्को यद्यपि व्यवहारनय से नर-नारकादि अनेक पर्यायरूप हूँ, तो भी शुद्धनिश्चयनय से टकोत्कीर्णज्ञायक एक स्वभाववाला होने से एक हूँ। खलु सद्धो स्पष्टता से, निश्चय से शुद्ध हूँ। व्यावहारिक

इति समयसारव्याख्याया शुद्धात्मानुभूतिलक्षणाया तात्पर्यवृत्तौ स्थलसप्तकेन जो पस्सदि अप्पाणमित्यादि सप्त विशति गाथा । तदनन्तरमुपसहारसूत्रमेकमिति समुदायेनाष्टाविशति गाथाभिर्जीवाधिकार समाप्त । इति प्रथमरग ।

नवपदार्थों से शुद्धनिश्चयनय से भिन्न हूँ। अथवा मैं रागादिभावों से भिन्न हूँ ऐसा मैं शुद्ध हूँ। **दसणाणमइओ** केवलदर्शनज्ञानमय हूँ। **सदारूवी** निश्चयनय से रूप, रस, गध, स्पर्शरहित होने से सदैव अमूर्तिक हूँ।

णवि अत्थि मज्झ किंचि वि अण्ण परमाणुमेत्तपि इस प्रकार परम विशुद्ध ज्ञान से परिणतपना होने से पररूप परमाणुमात्र भी परद्रव्य कुछ भी मेरा नहीं हो सकता है कि जिससे एकत्वबुद्धि से उपरजक होकर अथवा ज्ञेय के साथ एकत्व मानकर उत्पन्न होनेवाला मोह मुझे फिर से उत्पन्न हो जाये (याने मैं निर्ममत्व हूँ)।।४३।।

इस प्रकार श्री जयसेनाचार्यजी के द्वारा बनाई हुई शुद्धात्मानुभूति लक्षणवाली समयसार की व्याख्यारूप तात्पर्यवृत्ति में सात स्थलों से "जो पस्सदि अप्पाण इत्यादि" २७ गाथा और उपसहार की एक गाथा याने सब मिलकर २८ गाथाओं से जीवाधिकार समाप्त हुआ। इस प्रकार प्रथमरग समाप्त हुआ।

卐 卐 卐 卐 卐

अर्हन्त ही सर्वज्ञ क्यों हैं ?

अर्हन्त ही सर्वज्ञ हैं क्योंकि वे निर्दोष हैं। जो सर्वज्ञ नहीं होता है वह निर्दोष नहीं होता है (केवल व्यतिरेकी हेतु)।

आवरण और रागादि, ये दोष हैं। दोष रहितता को निर्दोषत्व कहते हैं। वह निर्दोषत्व सर्वज्ञता के बिना नहीं हो सकता है। किञ्चिज्ज्ञ के दोषों का अभाव नहीं होता, अत वह निर्दोष नहीं होता है। अतएव अर्हन्त ही निर्दोष हैं, और वही सर्वज्ञ हैं।

अर्हन्त मे ही निर्दोषत्व क्यों है ? क्योंकि अर्हन्त के वचन युक्तिशास्त्र से अविरोधी हैं। अर्हन्त के वचन युक्तिशास्त्र से अविरोधी (अनुसारी) हैं यह सुव्यवस्थित ही है, क्योंकि अर्हन्त के द्वारा अभिमत - १ मोक्ष २ मोक्ष का कारण ३ ससार ४ ससार का कारण ५ अनेक धर्मात्मक चेतनतत्व तथा ६ अनेक धर्मात्मक अचेतन तत्वों का प्रमाण से अवाधितपना है।

इसलिये **अर्हन्त यथार्थ प्रवक्ता हैं। अर्हन्त यथार्थ प्रवक्ता होने से निर्दोष हैं। अर्हन्त निर्दोष होने से सर्वज्ञ हैं।**

हे अर्हन्त ! आपके अमृतरूप मत से बाहर रहने वाले, आप्ताभिमानदग्ध, सर्वथा एकान्तवादियों का माना गया इष्ट (मोक्षादि तत्व) प्रत्यक्ष से वाधित होता है। - आप्तमीमासा, कारिका - ४, ५, ६, ७, आ समन्तभद्र।

अन्वय-व्यतिरेक सबध का अभाव होने से जो ज्ञान का विषय होता है, वह ज्ञान का कारण नहीं होता है। जैसे पदार्थ और प्रकाश। प मु अ २ सू ६, ७

अन्वयव्यतिरेकगम्यो हि कार्यकारणभाव - न्या दी पृ २६ अ २/४

साततत्व / नवतत्व / नवपदार्थ

नवतत्वगतत्वेऽपि यदेकत्व न मुन्चति। आत्मख्याति कलश न ७।

अर्थ - जो नवतत्वों में व्याप्त होकर भी अपना एकत्व नहीं छोडता है।

" नारकादि जीव विशेषाजीवपुण्यपापास्रवसवरनिर्जरावधमोक्षलक्षण व्यावहारिकनवतत्वेभ्य टकोत्कीर्णैकज्ञायक स्वाभावभावेन अत्यन्तविविक्तत्वात्शुद्ध ।" आत्मख्याति टीका गाथा न ३८।

अर्थ - नारकादि जीव विशेष, अजीव, पुण्यपापास्रव, सवर, निर्जरा, वध व मोक्ष लक्षणरूप व्यावहारिक नवतत्वों से टकोत्कीर्ण (ध्रुव) एक ज्ञायक स्वभाव भाव के द्वारा अत्यत विविक्तपना होने से मैं शुद्ध (अनादि अनत शुद्ध) हूँ।

"व्यावहारिकनवपदार्थेभ्य शुद्धनिश्चयनयेन भिन्न अथवा रागादिभावेभ्य भिन्न अह इति शुद्ध । न एव अस्ति मम अन्यत् परमाणुमात्र परद्रव्य किमपि।" तात्पर्यवृत्ति टीका गाथा न ३८।

शाश्वत, अविनाशी, ध्रुव — **अवस्था, क्षणिक, पर्याय**

मोक्षरहित, आस्रववधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

मोक्ष { सादि अनत शुद्धपर्याय

मोक्षरहित, आस्रववधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

निर्जरा { आस्रव वध सवर पूर्वक निर्जरा

मोक्षरहित, आस्रववबधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

सवर { पुण्यपापआस्रव का निरोध

मोक्षरहित, आस्रववधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

वध { पुण्यवधसहित पापवधसहित

मोक्षरहित, आस्रववधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

आस्रव { पुण्यआस्रवसहित पापाआस्रवसहित

मोक्षरहित, आस्रववबधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

अजीव { निजअनादिअनत शुद्धजीव से पृथक आकाशादि द्रव्य व अन्य विकारी भाव

मोक्षरहित, आस्रववधसवरपूर्वकनिर्जरारहित, सवररहित, पुण्यपापआस्रववधरहित, परद्रव्यादिअजीवरहित, विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित', निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है

जीव { विशिष्टपर्याय सहित

निश्चयदृष्टि ध्रुवद्रष्टि अथवा द्रव्यदृष्टि - व्यवहारदृष्टि पर्यायदृष्टि

स्वय के जीवद्रव्य में से अविनाशी अश व क्षणिक अश को जानकर 'मेरा जीव अविनाशी ज्ञानानदमय शाश्वतशुद्ध है' ऐसा विचार किया तो रोज के जीवन में तुरन्त सम्यक् आनद मिलता है, समाधान, समता व शातता आती है और सर्वदु ख नष्ट होते हैं।

टीप नवर १.- 'विशिष्टपर्यायसहितजीवरहित' निजअनादिअनत शुद्धजीवत्व अर्थात् विशिष्टपर्यायसहित वाले जीवतत्त्व से रहित ऐसा निजअनादिअनतशुद्ध जीवत्व है अर्थात् निजध्रुवात्मा में 'विशिष्टपर्यायसहित वाला जीवतत्त्व नहीं है।' गाथा १३ की टीका।

अजीव अधिकार

अथानतर श्रृंगारसहितपात्रवज्जीवाजीवावेकीभूतौ प्रविशत । तत्र स्थलत्रयेण त्रिशद्गाथापर्यन्तमजीवाधिकार कथ्यते। तेषु प्रथमस्थले शुद्धनयेन देहरागादिपरद्रव्य जीवस्वरूप न भवतीति निषेधमुख्यत्वेन **अप्पाणमयाणता** इत्यादिगाथामार्दि कृत्वा पाठक्रमेण गाथादशकपर्यन्त व्याख्यान करोति। तत्र गाथादशकमध्ये परद्रव्यात्मवादे पूर्वपक्षमुख्यत्वेन गाथापचक, तदनतर परिहारमुख्यत्वेन सूत्रमेकम्। अथाष्टविध कर्मपुद्गलद्रव्य भवतीति कथनमुख्यत्वेन सूत्रमेकम्। ततश्च व्यवहारनयसमर्थनद्वारेण गाथात्रय कथ्यत इति समुदायपातनिका। तद्यथा-

अथ देहरागादिपरद्रव्य निश्चयेन जीवो भवतीति पूर्वपक्ष करोति -

अप्पाणमयाणता मूढा दु परप्पवादिणो केई। (३९) आ. ख्या.
जीव अज्झवसाण कम्मं च तहा परूविति।।४४।। ता. वृ.
अवरे अज्झवसाणेसु तिव्वमदाणुभागग जीव। (४०)
मण्णंति तहा अवरे णोकम्म चावि जीवो त्ति।।४५।।
कम्मस्सुदय जीव अवरे कम्माणुभागमिच्छति। (४१)
तिव्वत्तणमदत्तणगुणेहि जो सो हवदि जीवो।। ४६।।
जीवो कम्म उहय दोण्णि वि खलु केवि जीवमिच्छति। (४२)
अवरे सजोगेण दु कम्माण जीवमिच्छति।।४७।।
एवविहा बहुविहा परमप्पाण वदति दुम्मेहा। (४३)
तेण दु परप्पवादी णिच्छयवादीहि णिद्दिट्ठा।।४८।।

अब इसके वाद शृगारसहित पात्र के समान जीव और अजीव दोनों एकरूप होकर प्रवेश करते हैं। वहाँ तीन स्थलों से तीस गाथापर्यंत अजीवाधिकार कहा जायेगा। उनमें पहले स्थल में शुद्धनिश्चयनय से देह और रागादिभाव-परद्रव्यरूप जीवद्रव्य का स्वभाव नहीं होता है, इस तरह निषेध की मुख्यता से **"अप्पाणमयाणता"** इत्यादि गाथा से शुरु करके दस गाथा तक व्याख्यान करते हैं। उन दस गाथाओं में परद्रव्य को आत्मा माननेवालों की पूर्वपक्ष की मुख्यता से पाँच गाथायें हें, तदनतर उसका परिहार करने की मुख्यता से एक गाथा हे। फिर आठ प्रकार का कर्म पुद्गल द्रव्य है, ऐसे कथन की मुख्यता से एक गाथा है। और फिर व्यवहारनय के समर्थनरूप से तीन गाथायें कही गयी हें। इस तरह समुदाय पातनिका हुई।

अप्पाणमयाणता मूढा दु परप्पवादिणो केई आत्मानमजानन्त मूढा परद्रव्यमात्मान वदन्तीत्येवशीला केचन परात्मवादिन । **जीव अज्झवसाण कम्मं च तहा परूविति** यथाङ्गारात् कार्ष्ण्य भिन्न नास्ति तथा रागादिभ्यो भिन्नो जीवो नास्तीति रागाद्यध्यवसान कर्म च जीव प्ररूपयन्ति। अथ **अवरे अज्झवसाणेसु तिव्वमदाणुभागग जीव मण्णति** अपरे केचनैकान्तवादिन रागाद्यध्यवसानेषु तीव्रमन्दतारतम्यानुभावरूपेण शक्तिमाहात्म्य गच्छन्तीति तीव्रमदानुभावगतं जीव मन्यते। **तहा अवरे णोकम्मं चावि जीवो त्ति** तथैवापरे चार्वाका शरीरनोकर्मरहितपर- मात्मभेदविज्ञानशून्या शरीरादिनोकर्म चापि जीव मन्यते। अथ **कम्मस्सुदय जीव अवरे** अपरे कर्मण उदय जीवमिच्छति। **कम्माणुभागमिच्छति** अपरे च कर्मानुभाग तीव्रमन्दादिशक्तिरूप जीवमिच्छति। कथभूत स चानुभाग ? **तिव्वत्तणमदत्तणगुणेहि जो सो हवदि जीवो** तीव्रमन्दत्वगुणाभ्या वर्तते य स जीवो भवतीति। अथ **जीवो कम्म उहय दोण्णिवि खलु केवि जीवमिच्छति** जीवकर्मोभय द्वे अपि जीवकर्मणी मिलितेऽपि खलु स्फुट जीवमिच्छंति। **अवरे सजोगेण दु कम्माण जीवमिच्छति** अपरे केचन अष्टकाष्ठसयोगवदष्टकर्मणा सयोगेनापि जीवमिच्छति। कस्मात् ? अष्टकर्मसयोगादन्यस्य शुद्धजीवस्यानुपपत्ते । अथ **एवविहा बहुविहा परमप्पाण वदति दुम्मेहा** एवविधा बहुविधा बहुप्रकारा देहरागादिपरद्रव्यमात्मान वदन्ति दुर्मेधसो दुर्बुद्धय । **तेण दु परप्पवादी णिच्छयवादीहि णिद्दिट्ठा** तेन कारणेन तु पुन देहरागादिक परद्रव्यमात्मान वदन्तीत्येवशीला परात्मवादिनो निश्चयवादिभि सर्वज्ञैर्निर्दिष्टा इति पञ्चगाथाभि पूर्वपक्ष कृत ।। ४४ से ४८।।

यहाँ देह और रागादि परद्रव्य को जीव है, ऐसा निश्चयनय से कहनेवाले के प्रसंग का कथन करते हैं-

गाथार्थ - (अप्पाणमयाणता) आत्मा को न जाननेवाले (दु) किन्तु (परप्पवादिणो) पर को आत्मा कहनेवाले (केई मूढा) कोइ मूढ मोही अज्ञानी तो (अज्झवसाण) अध्यवसान को (च तहा) और उसी प्रकार कोई (कम्म) कर्म को (जीव) जीव (परूविति) कहते हैं।

(अवरे) अन्य कोई (अज्झवसाणेसु) अध्यवसानों में (तिव्वमदाणुभागग) तीव्रमंद अनुभाग को (जीव) जीव (मण्णति) मानते हैं। (तहा) उसी प्रकार (अवरे) अन्य कोइ (णोकम्म चावि) नोकर्म को भी (जीवो त्ति) जीव मानते हैं।

(अवरे) अन्य कोई (कम्मस्सुदय) कर्म के उदय को (जीव) जीव मानते है, कोई (कम्माणुभाग) कर्म के अनुभाग को (जो) जो अनुभाग (तिव्वत्तणमदत्तणगुणेहि) तीव्रमंदरूप गुणों से भेद को प्राप्त होता है (सो) वह (जीवो हवदि) जीव है (इच्छंति) ऐसा इष्ट करते हैं।

(केवि) कोई (जीवो कम्म उहय) जीव और कर्म उभयरूप (दोण्णि वि) दोनों मिले हुए को (खलु) ही (जीवमिच्छति) जीव मानते हैं, (दु) और (अवरे) अन्य कोई (कम्माण सजोगेण) कर्मों के सयोग से ही (जीवमिच्छति) जीव मानते हैं।

(एवंविहा) इस प्रकार तथा (बहुविहा) अन्य भी बहुत प्रकार से (दुम्मेहा) दुर्बुद्धि मिथ्यादृष्टि जीव (पर) पर को (अप्पाण) आत्मा (वदति) कहते हैं (तेण दु परप्पवादी) इस कारण से वे पर को आत्मा करने वाले हैं, वे सत्य-परमार्थ को कहने वाले नहीं हैं। इस तरह (णिच्छयवादीहि) निश्चयवादियों ने (णिद्दिट्ठा) कहा है।

- अथ परिहार वदति -

एदे सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा। (४४)
केवलिजिणेहि भणिया कह ते जीवो त्ति वुच्चति।।४९।।

एदे सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा एते सर्वे देहरागादय कर्मजनितपर्याया पुद्गलद्रव्यकर्मोदयपरिणामेन निष्पन्ना । **केवलिजिणेहि भणिया कह ते जीवो त्ति वुच्चति** केवलिजिनै सर्वज्ञै कर्मजनिता इति भणिता कथ ते निश्चयनयेन जीवा इत्युच्यन्ते न कथमपि।

किच विशेष - अड्गारात् काष्र्ण्यवद्रागादिभ्यो भिन्नो जीवो नास्तीति यद्भणित तदयुक्त। कथमिति चेत्? रागादिभ्यो भिन्न शुद्धजीवोऽस्तीति पक्ष, परमसमाधिस्थपुरुषै शरीररागादिभ्यो भिन्नस्य चिदानंदैकस्वभावशुद्ध-जीवस्यापलब्धेरिति हेतु । किट्टकालिकास्वरूपात् सुवर्णवदिति दृष्टात ।

टीकार्थ - अप्पाणमयाणता मूढा दु परप्पवादिणो केई जो आत्मा को तो जानते नहीं हैं लेकिन परद्रव्य को ही आत्मा कहते हैं ऐसे कोई परात्मवादी (अज्ञानी) जीव हैं। **जीव अज्झवसाण कम्म च तहा परूविति** जैसे अगार से कालापन कोई भिन्न (वस्तु) नहीं है, वैसे ही रागादि भावों से भिन्न जीव नहीं है, ऐसा रागादि अध्यवसान को और कर्म को ही जीव है ऐसा कहते हैं। **अवरे अज्झवसाणेसु तिव्वमदाणुभागग जीव मण्णति** अन्य कोई एकातवादी लोग रागादि अध्यवसानों में जो तीव्रता मदतारूप तारतम्य को लिए हुए अनुभव-अनुभाग होता है उस शक्ति माहात्म्य के स्वरूप को प्राप्त होनेवाला तीव्रमदअनुभाग ही जीव है ऐसा कहते हैं। **तहा अवरे णोकम्म चावि जीवो त्ति** उसी तरह चार्वाकादि जो कर्म और नोकर्म से रहित पर और आत्मा के भेदविज्ञान से रहित हैं ऐसे वे वादी शरीरादि नोकर्म को ही जीव मानते हैं। **कम्मस्सुदय जीव अवरे** दूसरे कोई कर्म के उदय को ही जीव कहते हैं। **कम्माणुभागमिच्छन्ति** अन्य कोई लता, दारू, अस्थि, और पाषाणरूप जो कर्मों का फल है उसको ही जीव ऐसा कहते हैं।

शका - वह अनुभाग कैसा है ?

समाधान - **तिव्वत्तण मदत्तण गुणेहि जो सो हवदि जीवो** वह अनुभाग तीव्रत्व मदत्व गुणों से जो वर्तता है उसको ही वे जीव ऐसा कहते हैं। **जीवो कम्म उहय दोण्णिवि खलु केवि जीवमिच्छन्ति** कोई जीव और कर्म इन दोनों को शिखिरिणी के समान मिले हुए को ही जीव कहते हैं। **अवरे सजोगेण दु कम्माण जीव मिच्छन्ति** और कोई लोग, जैसे आठ काठों का परस्पर सयोग होकर एक खाट बन जाती है वैसे ही आठ कर्मों के सयोग से भी जीव हो जाता है ऐसा मानते हैं, क्योंकि आठ कर्मों के सयोग से भिन्न शुद्ध जीव की उपलब्धि नहीं है। **एव विहा बहुविहा परमप्पाण वदति दुम्मेहा** इसी प्रकार और भी अनेक प्रकार की कल्पना करनेवाले दुर्बुद्धिवाले देह-रागादि परद्रव्य को "आत्मा" ऐसा कहते हैं। **तेण दु परप्पवादी णिच्छयवादीहि णिदिट्ठा** इसलिये निश्चयवादी-सर्वज्ञ भगवान ने ऐसा कहा है कि, "ये लोग देह-रागादिरूप परद्रव्य को ही आत्मा कहनेवाले परात्मवादी हैं।" इस तरह पॉच गाथाओं द्वारा पूर्वपक्ष का कथन हुआ।।४४ से ४८।।

किच - अङ्गारदृष्टातोऽपि न घटते। कथमिति चेत् ? यथा सुवर्णस्य पीतत्व अग्नेरुष्णत्व स्वभावस्तथाङ्गारस्य कृष्णत्वस्वभावस्य तु पृथक्त्व कर्तुं नायाति। रागादयस्तु विभावा स्फटिकोपाधिवत् ततस्तेषा निर्विकारशुद्धात्मनुभूतिवलेन पृथक्त्व कर्तुं शक्यते इति। यदप्युक्तमष्टकाष्टसयोगखट्वावदष्टकर्मसयोग एव जीवस्तदप्यनुचित अष्टकर्मसयोगात् भिन्न शुद्धजीवोऽस्तीति पक्षवचनअष्टकाष्ठसयोग खट्वाशायिन पुरुपस्येव परमसमाधिस्थपुरुपैरष्टकर्मसयोगात् पृथग्भूतस्य शुद्धवुद्धैकस्वभावजीवस्योपलब्धेरिति दृष्टात सहित हेतु ।

किञ्च - देहात्मनोरत्यत भेद इति पक्ष भिन्नलक्षणलक्षितत्वादिति हेतु जलानलवदिति दृष्टान्त । इति परिहारगाथा गता।।४९।।

पीछे की पॉच गाथाओं द्वारा जो पूर्वपक्ष का कथन किया था, अव उसका परिहार करते हैं -

गाथार्थ - **(एदे)** ये पूर्व में कहे हुए अध्यवसान आदि **(सव्वे भावा)** सव ही भाव **(पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा)** पुद्गलद्रव्य के परिणमन से उत्पन्न हुये हैं ऐसा **(केवलिजिणेहि)** केवली सर्वज्ञ जिनदेव ने **(भणिया)** कहा है **(ते जीवो)** उनको जीव **(त्ति कह वुच्चति)** ऐसा कैसे कह सकते हैं ? अथात् नहीं कह सकते हैं।

टीकार्थ - **एदे सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा** ये सभी देह-रागादिक, कर्मजनितपर्यायें पुद्गलद्रव्य कर्मोदय के परिणाम से निष्पन्न हैं। वे कर्मजनित पर्यायें हैं, **केवलि जिणेहि भणिया कह ते जीवो त्ति वुच्चन्ति** ऐसा सर्वज्ञ भगवान द्वारा कहा गया है। निश्चयनय से वे सव भाव जीव के कैसे हो सकते हैं, किसी भी प्रकार से नहीं हो सकते हैं।

ओर कुछ विशेप कहते हैं- जैसे अगार से कालापन भिन्न नहीं है वैसे वे सभी भाव जीव से भिन्न नहीं हैं, ऐसा जो पूर्वपक्ष स्थापन किया था वह गलत कहा है। किस प्रकार ? शुन्द्रजीव रागादि भावों से भिन्न है, यह पक्ष है। क्योंकि परमसमाधिस्थ (स्वानुभूति वाले) पुरुषों के द्वारा शरीर से और गगादि से भिन्न ऐसे चिदानद एक स्वभाव शुन्द्र जीव की उपलव्धि (प्राप्ति) देखी जाती है - यह हेतु है। जैसे किट्ट कालिमादि से सुवर्ण भिन्न है। यह उदाहरण है। विशेप यह है कि, अगार से कालापन भिन्न नहीं है, यह दृष्टात भी यहॉ ठीक नहीं वैठता।

शका - कैसे ?

समाधान - जैसे सुवर्ण का पीतत्व, आग्नि का उष्णत्व स्वभाव है क्योंकि द्रव्य से स्वभाव भिन्न नहीं होता है। इसी तरह अगार से कालापन स्वभाव भिन्न नहीं है। स्वभाव को द्रव्य से भिन्न नहीं किया जा सकता है। लेकिन स्फटिक में आई हुई उपाधि के समान रागादिक तो विभाव भाव हैं। इसलिये निर्विकार शुद्धात्मानुभूति के वल से रागादिक भावों को पृथक किया जा सकता है।

इसी प्रकार यह जो कहा गया है कि, आठ काठों के सयोग से खाट वन जाती है उसी प्रकार आठ कर्मो के सयोग से जीव वन जाता (उत्पन्न होता) है सो यह भी ठीक नहीं है। क्योंकि अष्टकर्मसयोग से भिन्न शुन्द्र जीव द्रव्य है - यह पक्षवचन है।

अथ चिद्रूपप्रतिभासेऽपि रागाद्यध्यवसानादय कथ पुद्गलस्वभावा भवतीति चेत् ?

अट्ठविह पि य कम्म सव्व पुग्गलमय जिणा विति। (४९)
जस्स फलं त वुच्चदि दुक्ख त्ति विपच्चमाणस्स।।५०।।

अट्ठविह पि य कम्म सव्व पुग्गलमय जिणा विति सर्वमष्टविधमपि कर्म पुद्गलमय भवतीति जिना वीतरागसर्वज्ञा ब्रुवति कथयति। कथभूतम् ? यत्कर्म **जस्स फल त वुच्चदि दुक्ख त्ति विपच्चमाणस्स** यस्य कर्मण फल तत्प्रसिद्धमुच्यते कि व्याकुलत्वस्वभावत्वाद्दु खमिति। कथभूतस्य कर्मण ? विशेषेण पच्यमानस्योदयागतस्य। इदमत्र तात्पर्यम् अष्टविधकर्मपुद्गलस्य कार्यमनाकुलत्वलक्षण परमार्थसुखविलक्षण- माकुलत्वोत्पादक दु ख रागादयोऽप्या- कुलत्वोत्पादकदु खलक्षणारतत कारणात्पुद्गलकार्यत्वात् शुद्धनिश्चयनयेन पौद्गलिका इति। अष्टविध कर्म पुद्गलद्रव्यमेवेति कथनरूपेण गाथा गता।।५०।।

शका - अष्टकर्मसयोग से भिन्न जीव है, यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान - परमसमाधिस्थ (शुद्धात्मानुभूतिवाले) पुरुषों के द्वारा आठ कर्मो के सयोग से पृथग्भूत (भिन्न) शुद्ध बुद्ध एक स्वभावमय जीव की उपलब्धि (अनुभूति याने प्राप्ति) देखी जाती है। यह हेतु है।

उदाहरणार्थ - जैसे आठ काठ के सयोग से बनी हुई खाट पर सोने वाला पुरुप उससे भिन्न होता है। यह उदाहरण है। और कहते हैं देह और आत्मा में अत्यत भेद है - यह **पक्ष** है। देह अचेतन लक्षणवाला है और आत्मा चेतन लक्षणवाला है। इस तरह भिन्न लक्षण से लक्षित होने से देह और आत्मा में भेद है। यह **हेतु** है।

जल शीत स्वभाव वाला है, और अग्नि उष्ण स्वभाववाला है इसलिये जल और अग्नि भिन्न हैं। यह उदाहरण है।

इस तरह देह-रागादिक को ही जीव कहनेवाले पूर्व पक्ष का परिहार करनेवाली गाथा समाप्त हो गयी।।४९।।

रागादि अध्यवसानभाव चैतन्य के प्रतिभास में-ज्ञान में होते हैं, तो भी रागादि अध्यवसानादि पुद्गलस्वभाव वाले कैसे होते हैं ? इस शका का उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - **(अट्ठविह पि य)** जो आठ प्रकार के **(कम्म)** कर्म हैं वे **(सव्व)** सभी **(पुग्गलमय)** पुद्गल स्वरूप हैं ऐसा **(जिणा)** जिनेंद्र भगवान **(विति)** कहते हैं **(जस्स विपच्चमाणस्स)** पककर उदय में आने वाले जिस कर्म का **(फल)** फल **(त)** वह प्रसिद्ध **(दुक्ख)** दु ख है **(त्ति वुच्चदि)** ऐसा कहा है।

टीकार्थ - **अट्ठविह पि य कम्म सव्वे पुग्गलमय जिणा विति** जिनदेव, वीतराग सर्वज्ञ भगवान कहते हैं कि, "आठ प्रकार के सब कर्म पुद्गलमय होते हैं।"

शका - वे आठ प्रकार के कर्म पुद्गलमय कैसे हैं ?

समाधान - **जस्स फल त वुच्चदि दुक्ख त्ति विपच्चमाणस्य** जिन कर्मो का फल व्याकुलत्वस्वभाव वाला होने से दु ख है ऐसा प्रसिद्ध है, ऐसा कहा गया है।

अथ यद्यध्यवसानादय पुद्गलस्वभावास्तर्हि रागी द्वेषी मोही जीव इति कथ जीवत्वेन ग्रथातरे प्रतिपादिता इति प्रश्ने प्रत्युत्तर ददाति -

ववहारस्स दरीसणमुवएसो वण्णिदो जिणवरेहि। (४६)
जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणादओ भावा।।५१।।

ववहारस्स दरीसण व्यवहारनयस्य स्वरूप दर्शित। यत्कि कृतम् ? **उवएसो वण्णिदो जिणवरेहि** उपदेशो वर्णित कथितो जिनवरै। कथभूत ? **जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणादओ भावा** जीवा एते सर्वे अध्यवसानादयो भावा परिणामा भण्यत इति।

शका - किस प्रकार के कर्मों का फल दु ख है ?

समाधान - विशेषता से उदय में आये हुए कर्मों का फल दु ख है। इसका तात्पर्य यह है कि, आठ प्रकार के पुद्गलमय कर्मों का कार्य, अनाकुलता लक्षणवाले पारमार्थिक सुख से विलक्षण आकुलता उत्पन्न करनेवाला दु ख हे और रागादिभाव भी आकुलता उत्पन्न करनेवाले दु ख लक्षणरूप हैं। इस कारण से रागादिक भाव भी पुद्गल के ही कार्य हैं, इसलिये शुद्धनिश्चयनय से पौद्गलिक हैं। इस प्रकार आठ प्रकार के कर्म पुद्गल द्रव्य ही हैं- ऐसा वतानेवाली गाथा हुई।।५०।।

अव कोई शका उठाता है कि, यदि अध्यवसानादिभाव पुद्गल स्वभावमय हैं तो फिर "जीव रागी, द्वेषी, मोही है" इस प्रकार अन्य ग्रथों में इनको जीवस्वरूप कैसे प्रतिपादन किया है ? इसका उत्तर देते हैं-

गाथार्थ - **(एदे सव्वे)** ये सव **(अज्झवसाणादओ भावा)** अध्यवसानादिक भाव **(जीवा)** वे जीव हैं ऐसा **(जिणवरेहि)** जिनवरदेव द्वारा **(ववहारस्स दरीसण)** व्यवहारनय को दिखाने वाले **(उवएसो वण्णिदो)** उपदेश का वर्णन किया है।

टीकार्थ - **ववहारस्स दरीसण** व्यवहारनय का कथन या व्यवहारनय का स्वरूप दिखाया है।

शका - किसने दिखाया है ?

समाधान - **उवएसो वण्णिदो जिणवरेहि** जिनवरों द्वारा उपदेश वर्णन किया गया है।

शका - किस प्रकार का उपदेश वर्णन किया है ?

समाधान - **जीवा एदे सव्वे अज्झवसाणादओ भावा** ये सव अध्यवसानादिक भाव परिणाम जीव स्वरूप कहे हैं।

और कुछ विशेष कहते हैं - यद्यपि यह व्यवहारनय वाह्यद्रव्य के आलवनवाला होने से अभूतार्थ है, तथापि रागादि वहिर्द्रव्य के आलवन से रहित और विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभाव के आलवन से सहित ऐसे परमार्थ का प्रतिपादक होने से उसका दिखाया जाना-कथन करना उचित (योग्य) हे।

किंच विशेष - यद्यप्यय व्यवहारनयो बहिर्द्रव्यावलबनत्वेनाभूतार्थस्तथापि रागादिबहिर्द्रव्यावलवनरहित विशुद्धज्ञानर्शनस्वभावस्वावलबनसहितस्य परमार्थस्य प्रतिपादकत्वाद्दर्शयितुमुचितो भवति। यदा पुनर्व्यवहारनयो न भवति तदा शुद्धनिश्चयनयेन त्रसस्थावरजीवा न भवतीति मत्वा नि शकोपमर्दन कुर्वंति जना । ततश्च पुण्यरूप धर्माभाव इत्येक दूषण। तथैव शुद्धनयेन रागद्वेषमोहरहित पूर्वमेव मुक्तो जीवस्तिष्ठतीति मत्वा मोक्षार्थमनुष्ठान कोऽपि न करोति। ततश्च मोक्षाभाव इति द्वितीय च दूषण। तस्माद् व्यवहारनयव्याख्यानमुचित भवतीत्यभिप्राय ।।५१।।

अथ केन दृष्टातेन प्रवृत्तो व्यवहार इत्याख्याति -

राया हु णिग्गदो त्ति य एसो बलसमुदयस्स आदेसो। (४७)
ववहारेण दु वुच्चदि तत्थेक्को णिग्गदो राया।।५२।।
एमेव य ववहारो अज्झवसाणादिअण्णभावाण। (४८)
जीवो त्ति कदो सुत्ते तत्थेक्को णिच्छिदो जीवो।।५३।।

यदि व्यवहारनय नहीं हो तो शुद्धनिश्चयनय से त्रस स्थावर जीव नहीं हैं- ऐसा मानकर लोक नि शक होकर त्रसस्थावरों के मर्दन में प्रवृत्ति करते हैं (करने लगेंगे)। इससे पुण्यरूपधर्म का अभाव होता है (हो जायगा) यह एक दूषण है। उसी प्रकार शुद्धनिश्चयनय से तो जीव राग-द्वेष-मोहरहित पहले से ही है इसलिये मुक्त ही है, ऐसा मानकर फिर मोक्ष के लिये कोई भी अनुष्ठान नहीं करता है (नहीं करेगा) इसलिये मोक्ष का अभाव होता है - यह दूसरा दूपण आता है। इसलिये व्यवहारनय का कथन करना उचित है, ऐसा अभिप्राय है।।५१।।

अव व्यवहारनय किस तरह प्रवृत्त होता है, यह दृष्टात द्वारा बतालाते हैं -

गाथार्थ - जेसे **(बलसमुदयस्स)** सेना के समूह को **(राया णिग्गदो)** राजा निकला **(त्ति य एसो हु आदेसो)** ऐसा जो आदेश है कथन है वह **(ववहारेण दु वुच्चदि)** व्यवहारनय से कहा जाता है **(तत्थ)** उस सेना में जो वास्तव में **(एक्को)** एक ही **(राया णिग्गदो)** राजा निकला है।

(एमेव य) इसी तरह **(अज्झवसाणादिअण्ण- भावाण)** इन अध्यवसान आदि अन्य भावों को **(सुत्ते)** परमागम में **(जीवो त्ति)** ये जीव हैं ऐसा **(ववहारो कदो)** व्यवहारनय से कहा है **(तत्थ णिच्छिदो)** निश्चय से विचारा जाय तो उन भावों में **(जीवो एक्को)** जीव तो एक ही है।

टीकार्थ - **राया हु णिग्गदो त्ति य एसो बलसमुदयस्स आदेसो** सेना के निकलने पर **यह राजा निकला** और **ववहारेण दु वुच्वदि तत्थेको णिग्गदो राया** राजा के साथ जाती हुई और पॉच योजनतक फैली हुई सेना को देखकर सव सेना को ही **यह राजा जा रहा है** ऐसा व्यवहार से कहा जाता है। लेकिन निश्चयनय से वहॉ तो एक ही गजा जा रहा है (अन्य पुरुष राजा नहीं है) यह दृष्टात हो गया। इसका दार्ष्टान्त यह है कि, **एमेव य ववहारो अज्झवसाणादि अण्ण भावाण** सेना के स्थान पर अध्यवसानादिभाव और राजा के स्थान पर जीव इस तरह व्यवहार से जीव से भिन्न अध्यवसानादि भावों को याने रागादि पर्यायों को **जीवो त्ति कदो सुत्ते** जीव ऐसा सूत्र में, परमागम में, (आगम ग्रथों में) कहा है। **तत्थेक्को णिच्छिदो जीवो** लेकिन उन पर्यायों में शुद्धनिश्चयनय से भावकर्म-द्रव्यकर्म-नोकर्मरहित, शुद्धबुद्ध एकस्वभाववाला एक जीवद्रव्य है।

राया हु णिग्गदो त्ति य एसो बलसमुदयस्स आदेसो राजा हु स्फुट निर्गत एव बलसमुदयस्यादेश कथन। **ववहारेण दु वुच्चदि तत्थेक्को णिग्गदो राया** बलसमूह दृष्ट्वा पञ्चयोजनानि व्याप्य राजा निर्गत इति व्यवहारेणोच्यते। निश्चयनयेन तु तत्रैको राजा निर्गत इति दृष्टातो गत । इदानीं दार्ष्टान्तमाह- **एमेव य ववहारो अज्झवसाणादि अण्णभावाण** एवमेव राजदृष्टात प्रकारेणैव व्यवहार । केषाम् ? अध्यवसानादीना जीवाद्भिन्नभावादीना रागादिपर्यायाणा। **जीवो त्ति कदो** सुत्ते कथभूतो व्यवहार ? रागादयो भावा व्यवहारेण जीव इति कृत भणित सूत्रे परमागमे। तत्थेक्को णिच्छिदो जीवो तत्र तेषु रागादिपरिणामेषु मध्ये निश्चितो ज्ञातव्य । कोऽसी ? जीव ।कथभूत ? शुद्धनिश्चयनयेनैको भावकर्मद्रव्यकर्मनोकर्मरहित शुद्धबुद्धैकस्वभावो जीवपदार्थ । इति व्यवहारनयसमर्थनरूपेण गाथात्रय गतम्। एवमजीवाधिकारमध्ये शुद्धनिश्चयनयेन देहरागादिपरद्रव्य जीवस्वरूप न भवतीति कथनमुख्यतया गाथादशकेन प्रथमोऽन्तराधिकारो व्याख्यात ।।५२, ५३।।

अथानतर वर्णरसादिपुद्गलस्वरूपरहितोऽनतज्ञानादिगुणस्वरूपश्च शुद्धजीव एव उपादेय इति भावनामुख्यतया द्वादशगाथापर्यन्त व्याख्यान करोति। तत्र द्वादशगाथासु मध्ये परमसामायिकभावनापरिणताभेदरत्नत्रयलक्षणनिर्विकल्प-समाधिसमुत्पन्नपरमानदसुखसमरसीभावपरिणत शुद्धजीव एवोपादेय इति मुख्यत्वेन अरसमरूव इत्यादिसूत्रगाथैका। अथाभ्यतरे रागादयो वहिरगे वर्णादयश्च शुद्धजीवस्वरूप न भवतीति तस्यैव गाथासूत्रस्य विशेषविवरणार्थ **जीवस्स णत्थि वण्णो** इत्यादिसूत्रषट्कम्।

इस तरह व्यवहारनय के समर्थनरूप से तीन गाथायें हो गईं। इस तरह अजीव अधिकार में शुद्धनिश्चयनय से देह-रागादि परद्रव्य जीव का स्वरूप नहीं हैं - इस कथन की मुख्यता गे दस गाथाओं द्वारा प्रथम अतरधिकार का व्याख्यान हो गया।। ५२,-५३।।

इसके बाद वर्ण-रसादिपुद्गलस्वरूपरहित और अनतज्ञानादिगुणमय शुद्धजीव ही उपादेय है - ऐसी भावभासना की मुख्यता से १२ गाथापर्यंत व्याख्यान करते हैं। उन १२ गाथाओं में परमसामायिकभावनापरिणत-अभेदरत्नत्रयलक्षणवाले निर्विकल्पसमाधि से समुत्पन्न **परमानद सुखसमरसीभाव से परिणत शुद्धजीव** ही **उपादेय है**, इस मुख्यता से **'अरसमरूव इत्यादि'** एक गाथा है। उसके बाद अभ्यतर में रागादिभाव और बहिरग में जो वर्णादि भाव हैं वे शुद्धजीव का स्वरूप नहीं हैं - इस तरह उसका ही विशेष कथन करने के लिए **जीवस्स णत्थि वण्णो** इत्यादि ६ गाथायें हैं। इसके बाद वे ही रागादि और वर्णादिक भाव व्यवहार से जीव के हैं शुद्धनिश्चयनय से रागादिक और वर्णादिक भाव जीव के नहीं हैं। इस तरह परस्पर सापेक्ष दो नयों के विवरण के लिये **"ववहोरण दु इत्यादि"** एक गाथा है। तदनतर व्यवहारनय से ही इन रागादिकों का जीव के साथ क्षीरनीर की तरह सवध है, निश्चयनय से रागादि का जीव के साथ कुछ भी सवध नहीं है - इसके समर्थनरूप से **'एदेहि य सबधो इत्यादि'** एक गाथा है। इसके आगे उस व्यवहारनय का ही फिर से अर्थ व्यक्त करने के लिए दृष्टात-दार्ष्टांत के समर्थनरूप से **'पथे मुस्सत'** इत्यादि तीन गाथायें हैं। यह द्वितीय स्थल की समुदाय पातनिका है।

तत पर त एव रागादयो वर्णादयश्च व्यवहारेण सन्ति शुद्धनिश्चयनयेन न सन्तीति परस्परसापेक्षनय द्वयविवरणार्थं **ववहारेण** दु इत्यादि सूत्रमेकम् तदनतरमेतेषा रागादीना व्यवहारनयेनैव जीवेन सह क्षीरनीरवत्-सवधो न च निश्चयनयेनेति समर्थनरूपेण **एदेहि** य सबधो इत्यादि सूत्रमेकम्। ततश्च तस्यैव व्यवहारनयस्य पुनरपि व्यक्त्यर्थं दृष्टातदार्ष्टान्तसमर्थनरूपेण **'पथे मुस्सत'** इत्यादि गाथात्रयम्। इति द्वितीयस्थले समुदाय पातनिका। तद्यथा-

अथ यदि निश्चयेन रागादिरूपो जीवो न भवति तर्हि कथभूत शुद्धजीव उपादेयस्वरूप इत्यत्राह -

अरसमरूवमगध अव्वत्त चेदणागुणमसद्दं (४९)
जाण अलिगग्गहण जीवमणिद्दिट्ठसठाण।।५४।।

अरसमरूवमगध अव्वत्त चेदणागुणमसद्द निश्चयनयेन रसरूपगधस्पर्शशब्दरहित मनोगतकाम-क्रोधादिविकल्पविषयरहितत्वेनाव्यक्त सूक्ष्मम्। पुनरपि कि विशिष्टम् ? शुद्धचेतनागुणम्। पुनश्च कि रूपम् ? **जाण अलिगग्गहण जीवमणिद्दिट्ठसठाण** निश्चयनयेन स्वसवेदनज्ञानविषयत्वादलिगग्रहण समचतुरस्रादिषट्सस्थानरहित च य पदार्थं तमेव गुणविशिष्ट शुद्धजीवमुपादेयमिति हे शिष्य ! जानीहि।

अब यदि निश्चयनय से जीव रागादिरूप नहीं है, तो उपादेय स्वरूप शुद्ध जीव कैसा होता है यह कहते हैं-

गाथार्थ - हे भव्य ! तू **(जीव)** जीव को **(अरसम्)** रस रहित **(अरूवम्)** रूप रहित **(अगन्धम्)** गन्ध रहित **(अव्वत्त)** अव्यक्त **(चेदनागुणम्)** चेतना गुणवाला **(असद्द)** शब्द रहित **(अलिगग्गहण)** किसी चिन्ह से ग्रहण न होने वाला और **(अणिद्दिट्ठसठाण)** जिसका कोई आकार नहीं कहा जाता है ऐसा **(जाण)** जान।

टीकार्थ - **अरसमरूवमगध अव्वत्त चेदणागुणमसद्द** निश्चयनय से रस-रूप-गध-स्पर्श-शब्दरहित और मनोगत काम-क्रोधादि विकल्परहित होने से अव्यक्त, सूक्ष्म है, और शुद्धचेतना गुणवाला है, **जाणअलिगग्गहण जीवमणिद्दिट्ठसठाण** और निश्चयनय से स्वसवेदनज्ञान का विषय होने से अलिगग्रहण स्वरूपवाला है, और समचतुरस्रादि षट्सस्थानरहित ऐसा जो पदार्थ है उस गुणविशिष्ट उपादेयस्वरूप शुद्धजीव को ही हे शिष्य ! जानो।

इसका तात्पर्य यह है कि शुद्धनिश्चयनय से सब पुद्गलद्रव्यसबधि वर्णादिगुण-शब्दादि पर्यायों से रहित, सव द्रव्येंद्रियों से रहित, सब भावेंद्रियों से रहित, सव मनोगत रागादि विकल्पों से रहित, धर्म-अधर्म-आकाश-काल इतर जीवों से भिन्न, और अनतज्ञान-दर्शन-सुख-वीर्यवाला ऐसा जो शुद्धात्मा है वह सव पदार्थ, सव देश, सब काल, ब्राम्हण-क्षत्रियादि नानावर्ण भेद से भिन्न जनों के समस्त मनोवचनकाय के व्यापारों में (बाह्यक्रियाकाडों में) यह शुद्धात्मा दुर्लभ है। वह जीव (शुद्धात्मा) अपूर्व है, और वह शुद्धात्मा ही उपादेय है, ऐसा जानकर निर्विकल्प-निर्मोह-निरजन-निजशुद्धात्मसमाधि से प्रगट होने वाले सुखामृत-रसानुभूति लक्षणवाले शुद्धात्मा में स्थिर होकर शुद्धात्मानुभव करना चाहिये। (आगम भाषा से) गिरि गुफा और दराड में-एकातस्थान में रहकर ध्यान करना चाहिये। इस तरह यह गाथा हुई।।५४।।

इदमत्र तात्पर्यम्। शुद्धनिश्चयनयेन सर्वपुद्गलद्रव्यसवधिवर्णादिगुणशब्दादिपर्यायरहित सर्वद्रव्येंद्रियभावेंद्रियमनोगत रागादिविकल्पाविषयो धर्माधर्माकाशकालद्रव्यशेष जीवातरभिन्नोऽनतज्ञानदर्शनसुखवीर्यश्च य स एव शुद्धात्मा समस्तपदार्थसर्वदेशसर्वकालब्राह्मणक्षत्रियादिनानावर्णभेदभिन्नजनसमस्तमनोवचनकायव्यापारेषु दुर्लभ स एवापूर्व स चेवोपादेय इति मत्वा निर्विकल्पनिर्मोहनिरजननिज शुद्धात्मसमाधिसजातसुखामृतरसानुभूतिलक्षणे गिरिगुहागह्वरे स्थित्वा सर्वतात्पर्येण ध्यातव्य इति। एव सूत्रगाथा गता।।५४।।

अथ वहिरगे वर्णाद्यभ्यतरे रागादिभावा पौद्गलिका शुद्धनिश्चयेन जीवस्वरूप न भवन्तीति प्रतिपादयति-

जीवस्स णत्थि वण्णो ण वि गधो ण वि रसो ण वि य फासो।(५०)
ण वि रूव ण सरीर ण वि सठाण ण सहणण।।५५।।
जीवस्स णत्थि रागो ण वि दोसो णेव विज्जदे मोहो।(५१)
णो पच्चया ण कम्म णोकम्म चावि से णत्थि।।५६।।
जीवस्स णत्थि वग्गो ण वग्गणा णेव फड्ढया केई।(५२)
णो अज्झप्पट्ठाणा णेव य अणुभागठाणाणि।।५७।।
जीवस्स णत्थि केई जोयट्ठाणा ण बधठाणा वा।(५३)
णेव य उदयट्ठाणा ण मग्गणट्ठाणया केई।।५८।।

अव वाह्य में वर्णादि और अभ्यतर में रागादि भाव पुद्गल के हैं, शुद्धनिश्चयनय से जीव का स्वरूप नहीं हैं, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - (जीवस्स) जीव के (वण्णो) वर्ण (णत्थि) नहीं है (ण वि गधो) गध भी नहीं है (ण वि रसो) रस भी नहीं हे (ण वि य फासो) और स्पर्श भी नहीं हे (ण वि रूव) रूप भी नहीं है (ण सरीर) शरीर भी नहीं है (ण वि सठाण) सस्थान भी नहीं है (ण सहणण) सहनन भी नहीं है।

(जीवस्स) जीव के (रागो णत्थि) राग भी नहीं है (ण वि दोसो) द्वेष भी नहीं है (मोहो णेव विज्जदे) मोह भी विद्यमान नहीं है (पच्चया णो) आस्रव भी नहीं है (ण कम्म) कर्म नहीं है (णोकम्म चावि) और नोकर्म भी (से णत्थि) उसके नहीं है।

(जीवस्स) जीव के (णत्थि वग्गो) वर्ग नहीं है (ण वग्गणा) वर्गणा नहीं है (केई फड्ढया णेव) कोई स्पर्द्धक भी नहीं हैं (णो अज्झप्पट्ठाणा) अध्यात्मस्थान नहीं हैं (य) और (णेव अणुभागठाणाणि) अनुभाग स्थान भी नहीं हैं।

(जीवस्स) जीव के (केइ जोयट्ठाणा णत्थि) कोई योगस्थान नहीं हैं (वा) अथवा (बधठाणा) वधस्थान (ण) नहीं हैं (य) और (णेव उदयट्ठाणा) उदय स्थान भी नहीं हैं (केई मग्गणट्ठाणया ण) कोई मार्गणास्थान नहीं हैं।

(जीवस्स) जीव के (णो ठिदिबधट्ठाणा) स्थितिवधस्थान नहीं हैं (वा) अथवा (संकिलेसठाणा) सक्लेशस्थान (ण) नहीं हैं (विसोहिट्ठाणा णेव) विशुद्धिस्थान भी नहीं हैं (वा) अथवा (णो सजमलद्धिठाणा) सयमलब्धिस्थान नहा हैं।

णो ठिदिबधट्ठाणा जीवस्स ण सकिलेसठाणा वा। (५४)
णेव विसोहिट्ठाणा णो सजमलद्धिठाणा वा।।५९।।
णेव य जीवट्ठाणा ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स। (५५)
जेण दु एदे सव्वे पुग्गलदव्वस्स परिणामा।।६०।।

वर्णगधरसस्पर्शास्तु रूपशब्दवाच्या स्पर्शरसगधवर्णवती मूर्त्तिश्च औदारिकादिपचशरीराणि, समचतुरस्रादिषट्सस्थानानि वज्रर्षभनाराचादिषट्सहननानि चेति। एते वर्णादयो धर्मिण शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न सतीति साध्यो धर्मश्चेति, धर्मधर्मिसमुदायलक्षण **पक्ष**, आस्था सधा **प्रतिज्ञेति** यावत् पुद्गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वादिति **हेतु**। एवमत्र व्याख्याने पक्षहेतुरूपेणागद्वयमनुमान ज्ञातव्यम्।

अथ रागद्वेषमोहमिथ्यात्वाविरतिप्रमादकषाययोगरूपपचप्रत्ययमूलोत्तरप्रकृतिभेदभिन्नज्ञानावरणाद्यष्टविधकर्मौदारिकवैक्रियिकाहाराकशरीरत्रयाहारादिषट्पर्याप्तिरूपनोकर्माणि इति। **से** तस्य जीवस्य शुद्धनिश्चयनयेन सर्वाण्येतानि न सन्ति। कस्मात् ? पुद्गलपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात्।

(य) और **(जीवस्स)** जीव के **(जीवट्ठाणा)** जीवस्थान **(णेव)** भी नहीं हैं **(गुणट्ठाणा ण)** गुणस्थान भी नहीं हैं **(दु जेण)** क्योंकि **(एदे सव्वे)** ये सब **(पुग्गलदव्वस्स)** पुद्गलद्रव्य के **(परिणामा)** परिणाम **(अत्थि)** हैं।

टीकार्थ - रूप शब्द से कहे जाने वाले वर्ण, गध, रस और स्पर्श तथा स्पर्श-रस-गध-वर्णवाली मूर्ति और औदारिकादि पॉच शरीर, समुचतुरस्रादि छह सस्थान, वज्रवृषभनाराच आदि छह सहनन हैं। ये सभी वर्णादिक शुद्धनिश्चयनय से **धर्मी** जीव के नहीं हैं, यह (वाक्य) **साध्य धर्म** है धर्म-धर्मि का समुदाय यह **पक्ष**, (आस्था, सधा, प्रतिज्ञा) का लक्षण है, इसका **हेतु** (कारण) यह है कि (वर्णादिक) पुद्गल द्रव्य के परिणाम होने से शुद्धात्मानुभूति से भिन्न हैं।

इस व्याख्यान में पक्ष और हेतु दो अग का अनुमान जानना चाहिये।

अब राग, द्वेष, मोह, और मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय, योग ये पाच प्रत्यय, और मूल और उत्तर प्रकृति के भेद से भिन्न किये जाने वाले ज्ञानावरणादि अष्टविध कर्म, और औदारिक, वैक्रियिक, आहारक तीन शरीर, आहारादि षट् पर्याप्तिरूप नोकर्म, ये सब शुद्धनिश्चयनय से जीव के नहीं हैं क्योंकि ये सभी पुद्गल परिणाम होने से शुद्धात्मानुभूति से भिन्न हैं।

अव परमाणु के अविभाग प्रतिच्छेदरूप शक्ति के समूह को वर्ग कहते हैं, वर्गो के समूह को वर्गणा कहते हैं, वर्गणा के समूह को स्पर्द्धक कहते हैं, ये सभी जीव के नहीं हैं। अथवा कर्मशक्ति की क्रम से जो विशेष वृद्धि है उसे स्पर्धक का लक्षण कहते हैं। वर्ग, वर्गणा और स्पर्धक का लक्षण कहते हैं। वर्ग, वर्गणा और स्पर्धक का लक्षण आगम में इस तरह कहा है कि, अणु की शक्ति के समूह का नाम वर्ग और वहुत वर्गों के समूह का नाम वर्गणा और वर्गणाओं के समूह का नाम स्पर्द्धक है। यह कथन ऐसे स्पर्धकों के नष्ट करने वालों द्वारा कहा गया है। इस प्रकार **शुभ-अशुभ रागादि विकल्प को अध्यवसान कहते हैं**। वे भी जीव के नहीं हैं।

अथ परमाणोरविभागप्रनिच्छेदरूपशक्तिसमूहो वर्ग इत्युच्यते। वर्गाणा समूहो वर्गणा भण्यते। वर्गणासमूहलक्षणानि स्पर्द्धकानि च कानिचिन्न सति। अथवा कर्मशक्ते क्रमेण विशेषवृन्द्रि स्पर्द्धकलक्षणम्। तथा चोक्त वर्गवर्गणास्पर्द्धकाना त्रयाणा लक्षणम् -

"वर्ग शक्तिसमूहोऽणोर्बहूना वर्गणोदिता। वर्गणाना समूहस्तु स्पर्द्धक स्पर्द्धकापहै ।।"

शुभाशुभरागादिविकल्परूपाध्यवसानानि भण्यन्ते, तानि च न सन्ति। लतादार्वस्थिपाषाणशक्तिरूपाणि घातिकर्मचतुष्टयानुभागस्थानानि भण्यन्ते। गुडखाण्डशर्करामृतसमानानि शुभाघातिकर्मानुभागस्थानानि भण्यन्ते। निम्वकाजीरविषहालाहलसदृशान्यशुभा घातिकर्मानुभागस्थानानि च तान्येतानि सर्वाण्यपि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न सन्ति। कस्मात् ? पुद्‌गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात्।

अथ वीर्यान्तरायक्षयोपशमजनितमनोवचनकायवर्गणावलवनकर्मादानहेतुभूतात्म- प्रदेशपरिस्पदलक्षणानि योगस्थानानि प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशरूपचतुर्विधबधस्थानानि सुखदु खफलानुभवरूपाण्युदयस्थानानि गत्यादिमार्गणास्थानानि च सर्वाण्यपि शुद्धनिश्चयनयेन जीवस्य न सन्ति। कस्मात् ? पुद्‌गलद्रव्यपरिणाममयत्वे सति शुद्धात्मानुभूतेर्भिन्नत्वात्।

टीकार्थ - अह निश्चयनय से स्वसवेदनज्ञान प्रत्यक्ष अनुभूतिरूप शुद्धचिन्मात्रज्योति हूँ, **एक्को** अनादि अनत टकोत्कीर्ण ज्ञायक एक स्वभाव वाला होने से एक हूँ **खलु** यह स्पष्ट है, **सुद्धो** कर्ता, कर्म, करण, सप्रदान, अपादान, अधिकरण इन षट्कारकीय विकल्पचक्र से रहित होने से शुद्ध हूँ, **णिम्ममओ** निर्मोह शुद्धात्मतत्त्व से विलक्षण ऐसे मोहोदयजनित क्रोधादि कषायचक्र के स्वामित्व का अभाव होने से ममत्वरहित हूँ, **णाणदसणसमग्गो** प्रत्यक्ष प्रतिभासमय विशुद्धज्ञानदर्शन से समग्र (अखड, अभेद) परिपूर्ण हूँ। इस प्रकार मैं गुणविशिष्ट पदार्थ विशेष हूँ, **तम्हि ठिदो** उस कहे हुए लक्षण वाले स्वभाव में, शुद्धात्मस्वभाव में स्थित हूँ, **तच्चित्तो** सहजानद एक लक्षणवाले सुखरूप समरसी भाव से (अनुभूति से) तन्मय होकर **सव्वे एदे खय णेमि** निरास्रव परमात्म पदार्थ से भिन्न उन सभी क्रोधादिभावों के विनाश (क्षय) को प्राप्त होता हूँ। (याने शुद्धात्मानुभूति से क्रोधादि आस्रवभावों का नाश करता हूँ अथवा **शुद्धात्मानुभूति से क्रोधादि आस्रवभावों से निवृत्त होता हूँ**)।

अथ यस्मिन्नेव काले स्वसवेदनज्ञान तस्मिन्नेव काले रागाद्यास्रवनिवृत्तिरिति समानकालत्व दर्शयति-

जीवणिबद्धा एदे अधुव अणिच्चा तहा असरणा य। (७४)

दुक्खा दुक्खफला त्ति य णादूण णिवत्तदे तेहि।।७९।।

एदे जीवणिबद्धा एते क्रोधाद्यास्रवा जीवेन सह निबद्धा सवद्धा औपाधिका। न पुन निरुपाधि-स्फटिक वच्छुद्धजीवस्वभावा। **अधुव** विद्युच्चमत्कारवदध्रुवा अतीवक्षणिका। ध्रुव शुद्धजीव एव। **अणिच्चा** शीतोष्णज्वरावेशवदध्रुवापेक्षया क्रमेण स्थिरत्व न गच्छन्तीत्यनित्या विनश्वरा। नित्यश्चिच्चमत्कारमात्रशुद्धजीव एव। **तहा असरणा य** तथा तेनैव प्रकारेण तीव्रकामोद्रेकवत् त्रातु धर्तुं रक्षितु न शक्यत इत्यशरणा सशरणो निर्विकारबोधस्वरूप शुद्धजीव एव। **दुक्खा** आकुलत्वोत्पादकत्वाद् दु खानि भवन्ति कामक्रोधाद्यस्रवा। अनाकुलत्व-लक्षणत्वात्पारमार्थिकसुखस्वरूपशुद्धजीव एव। **दुक्खफला त्ति य** आगामिनारकादिदु खफलकारणत्वाद् दु खफला खल्वास्रवा। वास्तवसुखफलस्वरूपशुद्धजीव एव। **णादूण णिवत्तदे तेहि** इति भेदविज्ञानानतरमेव इत्थभूतान्मिथ्यात्व-रागाद्यास्रवान् ज्ञात्वास्रवेभ्यो यस्मिन्नेव क्षणे मेघपटलरहितादित्यवन्निवर्त्तते तस्मिन्नेव क्षणे ज्ञानी भवतीति भेदज्ञानेन सहास्रवनिवृत्ते समानकालत्व सिद्धमिति।।

भावार्थ - छद्मस्थ जीवों का चेतनोपयोग शुद्ध पारिणामिकभाव के साथ तन्मय होने से उसकी (स्वानुभूति से) स्वभाव में प्रवृत्ति होती है। यह क्षयोपशमरूप चेतनोपयोग क्रमवर्तिवाला होने से स्वभाव में प्रवृत्ति करते ही उसी समय रागादिभावों से निवृत्ति अपने आप हो जाती है। इसलिये शुद्धात्मानुभव में अतींद्रिय आनद है।।७८।।

अब **जिस समय में ही स्वसवेदन ज्ञान (स्वानुभूति) होता है उस समय में ही रागादि आस्रवों से निवृत्ति होती है**, इस तरह समानकालपना को (समकालत्व को) दिखाते हैं -

गाथार्थ - **(एदे)** ये आस्रव **(जीवणिबद्धा)** जीव के साथ निबद्ध हैं **(अधुव)** अध्रुव हैं **(तम्हा)** और **(अणिच्चा)** अनित्य हैं **(य)** और **(असरणा)** अशरण हैं **(दुक्खा)** दु खरूप हैं **(य)** और **(दुक्खफला)** जिनका फल दु ख ही है **(त्ति णादूण)** ऐसा जानकर ज्ञानी पुरुष **(तेहि)** उनसे **(णिवत्तदे)** निवृत्ति करता है।

टीकार्थ - **एदे जीवणिवद्धा** ये क्रोधादि आस्रवभाव जीव के साथ निबद्ध हैं, सवद्ध हैं, औपाधिक हैं। और निरुपाधि स्फटिक की तरह जो शुद्धजीव का स्वभाव है, उस शुद्ध जीवस्वभाव स्वरूप वे क्रोधादि आस्रवभाव नहीं हैं। **अधुवा** वे क्रोधादि आस्रवभाव बिजली के चमत्कार के समान अध्रुव, अतीव क्षणिक, हैं। शुद्ध जीवस्वभाव ध्रुव ही है। **अणिच्चा** शीतोष्ण ज्वर के वेग के समान वे क्रोधादि आस्रवभाव अध्रुवता की अपेक्षा से क्रम से स्थिर (एक से) रहने वाले नहीं हैं, (कभी कम कभी अधिक होते हैं, स्थिरता को प्राप्त नहीं होते) इस तरह अनित्य, विनश्वर हैं, चितूचमत्कारमात्र शुद्ध जीव स्वभाव ही नित्य है। **तहा असरणा य** उसी प्रकार वे क्रोधादि आस्रवभाव तीव्र काम-उद्रेक के समान नियंत्रित करने के (धारण करने के) लिये शक्य नहीं हो सकते, इसलिये अशरण हैं, किन्तु निर्विकार बोधस्वरूप शुद्ध जीवस्वभाव ही शरणस्वरूप है।

ननु पुण्यपापादिसप्तपदार्थाना पीठाकाव्याख्यान क्रियत इति पूर्वम् प्रतिज्ञा कृता भवद्भि व्याख्यान पुन अज्ञानिसज्ञानिजीवस्वरूपमुख्यत्वेन कृत पुण्यपापादिसप्तपदार्थाना पीठिकाव्याख्यान् कथ घटत इति ? तन्न। जीवाजीवौ यदि नित्यमेकातेनापरिणामिनौ भवतस्तदा द्वावेव पदार्थौ जीवाजीवाविति। यदि च एकातेन परिणामिनौ तन्मयौ भवतस्तदैक एव पदार्थ । किंतु कथचित्परिणामिनौ भवत । कथचित्कोऽर्थ ? यद्यपि जीव शुद्धनिश्चयनयेन स्वरूप न त्यजति तथापि व्यवहारेण कर्मोदयवशाद्रागाद्युपाधिपरिणाम गृह्णाति। यद्यपि रागाद्युपाधिपरिणाम गृह्णाति तथापि स्वरूप न त्यजति स्फटिकवत्। तत्रैव कथचित्परिणामित्वे सति अज्ञानी वहिरात्मा मिथ्यादृष्टिर्जीवो विषय-कषायरूपाशुभोपयोगपरिणाम करोति। कदाचित्पुनश्चिदानन्दैकस्वभाव शुद्धात्मान त्यक्त्वा भोगाकाक्षानिदानस्वरूप शुभोपयोगपरिणाम च करोति। तदा काले द्रव्यभावरूपाणा पुण्यपापास्रववधपदार्थाना कर्तृत्व घटते। नत्र ये भावरूपा पुण्यपापादयस्ते जीवपरिणामा ये द्रव्यरूपास्ते चाजीवपरिणामा इति।

दुक्खा वे कामक्रोधादि आस्रवभाव आकुलता उत्पन्न करने वाले होने से अनेक प्रकार के दु ख ही हैं, किन्तु शुद्धजीवस्वभाव अनाकुलत्व लक्षण वाला होने से परमार्थिक सुखस्वरूप ही है। **दुक्खफला त्ति य** वे क्रोधादि आस्रवभाव आगामी (भविष्यकाल) में होने वाले नारकादि दु खफल के कारण होने से दु खफलस्वरूप हैं, किन्तु शुद्धजीवस्वभाव ही वास्तव में सुखफलस्वरूप है। **णादूण णिवत्तिदे तेहि** इसके वाद भेदविज्ञान को **(शुद्धात्मानभव को)** और उन मिथ्यात्व रागादि आस्रवभावों को जानकर उसी समय उन आस्रवभावों से निवृत्त हो जाता है, जैसे जिस समय मेघपटल दूर होता है उसी समय सूरज का प्रकाश फैल जाता है, वैसे ही **जिस समय भेदज्ञान से (शुद्धात्मानुभव से) ज्ञानी होता है उसी समय साथ में रहने वाले आस्रवभावों से निवृत्त हो जाता है।** इस प्रकार स्वानुभूति और मिथ्यात्व क्रोधादि आस्रवों से निवृत्ति, एक ही समय में (समकाल में) होती है, यह सिद्ध हुआ।

शका - इस प्रकरण के पूर्व में आपने प्रतिज्ञा तो यह की थी कि, अव पुण्यपापादि सात पदार्थों की पीठिका का व्याख्यान किया जाता है, और यहाँ व्याख्यान में सम्यग्ज्ञानी और अज्ञानी जीव का स्वरूप मुख्यता से कहा गया है तो यहाँ पुण्यपापादि सात पदार्थों की पीठिका का व्याख्यान कैसे घटित होता है ?

समाधान - यहाँ पुण्यपापादि सात पदार्थो की पीठिका का व्याख्यान नहीं हुआ, ऐसा कहना ठीक नहीं है। क्योंकि यदि जीव और अजीव नित्य एकात से अपरिणामी ही हों परिणमनशील नहीं हों तव तो दो ही पदार्थ ठहरे, और यदि एकात से (सर्वथा) परिणामी हैं, तन्मय होकर रहते हैं, तो जीव और अजीव (दो भिन्न पदार्थ न रहकर) एक ही पदार्थ होगा। इसलिये जीव और अजीव कथचित् परिणमनशील हैं।

शका - **कथचित् का क्या अर्थ है ?**

समाधान- यद्यपि जीव शुद्धनिश्चयनय से अपना स्वभाव (स्वरूप) नहीं छोडता है तथापि व्यवहारनय से कर्मोदयवश से (कर्मोदय के सानिध्य में) रागादि उपाधि परिणाम को ग्रहण करता है। यद्यपि रागादि उपाधि परिणाम को ग्रहण करता है तथापि अपने स्वरूप को नहीं छोडता है, जैसे स्फटिक लालवर्ण के पुष्प के सानिध्य में सयोगजदृष्टि से लाल दिखता है तो भी स्वभाव को न छोडने से स्वच्छ है, लाल नहीं है। इसलिये कथचित् परिणामी है।

य पुन सम्यग्दृष्टिरतरात्मा सज्ञानी जीव स मुख्यवृत्त्या निश्चयरत्नत्रयलक्षणशुद्धोपयोगवलेन निश्चयचारित्राविनाभाविवीतरागसम्यग्दृष्टिर्भूत्वा निर्विकल्पसमाधिरूपपरिणामपरिणति करोति तदा तेन परिणामेन सवरनिर्जरामोक्षपदार्थाना द्रव्यभावरूपाणा कर्त्ता भवति। कदाचित्पुन निर्विकल्पसमाधिपरिणामाभावे सति विषयकषाय-वचनार्थं शुद्धात्मभावनासाधनार्थं वा वहिर्वुद्धया (हेयवुद्धया) ख्यातिपूजालाभभोगाकाक्षानिदानवधरहित सन् शुद्धात्म-लक्षणार्हत्सिद्धशुद्धात्माराधकप्रतिपादकसाधकाचार्योपाध्यायसाधूना गुणस्मरणादिरूप शुभोपयोगपरिणाम च करोति।

अस्मिन्नर्थे दृष्टातमाहु । यथा कश्चिद्देवदत्त स्वकीयदेशातरस्थित स्त्रीनिमित्त तत्समीपागतपुरुषाणा सन्मान करोति, वार्त्ता पृच्छति, तत्स्त्रीनिमित्त तेषा स्वीकार स्नेहदानादिक च करोति। तथा सम्यग्दृष्टिरपि शुद्धात्मस्वरूपोप-लब्धिनिमित्त शुद्धात्माराधकप्रतिपादकाचार्योपाध्यायसाधूना गुणस्मरण दानादिक च स्वय शुद्धात्माराधनारहित सन् करोति। एवमज्ञानिसज्ञानिजीवस्वरूपव्याख्याने कृते सति पुण्यपापादिसप्तपदार्था जीवपुद्गलसयोगपरिणामनिर्वृत्ता इति पीठिकाव्याख्यान घटते। नास्ति विरोध । एव सज्ञानिजीवव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथाचतुष्टय गतम्। इति पुण्यपापादिसप्तपदार्थपीठिकाधिकारे गाथाषट्केन प्रथमातराधिकारो व्याख्यात ।।७९।।

वहाँ इस प्रकार कथचित् परिणामित्व होने से अज्ञानी वहिरात्मा मिथ्यादृष्टि जीव विषयकषायरूप अशुभोपयोग परिणाम को करता हे। कदाचित् पुन चिदानद एक स्वभाव वाले शुद्धात्मा को छोडकर, भोगाकाक्षा निदान स्वरूप शुभोपयोग परिणाम को करता है। उसी काल में द्रव्य और भाव रूप पुण्यपापमय आस्रववधपदार्थों का कर्तृत्व ठहरता है। वहाँ जो भावरूप पुण्यपापादि हैं, वे जीव परिणाम हैं और जो द्रव्यरूप पुण्यपापादि हैं, वे अजीव परिणाम हें।

और जो सम्यग्दृष्टि अतरात्मा सम्यग्ज्ञानी जीव है, वह मुख्यवृत्ति से निश्चयरत्नत्रयलक्षण वाले शुद्धोपयोग के वल से निश्चयचारित्र का अविनाभावी वीतरागसम्यग्दृष्टि होकर निर्विकल्प समाधिरूप परिणाम - परिणति करता है, तब उसी परिणाम से द्रव्य और भावरूप सवर, निजरा और मोक्ष पदार्थों का कता होता है।

और कदाचित् निर्विकल्प समाधिपरिणाम का अभाव होने से (आगम भाषा से) विषयकषायों से बचने के लिए अथवा (अध्यात्मभाषा से) शुद्धात्मानुभव की साधना के लिए वहिर्वुद्धि से (विकल्पभाव से अथवा विकल्पभावों को हेय मानते हुए भी छद्मस्थ होने से वह सम्यग्दृष्टि विकल्पभाव से) ख्यातिपूजालाभभोगाकाक्षा-निदानवधरहित भाव वाला होते हुए शुद्धात्मा के लक्षणवाले अर्हन्त सिद्ध और शुद्धात्मा के आराधक और शुद्धात्मा के प्रतिपादन करने वाले व उसी शुद्धात्मा की साधना करने वाले आचार्य, उपाध्याय और साधु के गुणस्मरणादिरूप (द्रव्य, गुण और पर्याय व अविभाग प्रतिच्छेद का विचार) शुभोपयोग परिणाम करता है। इसी वात को बताने के लिये दृष्टान्त कहते हैं। जैसे कोई एक देवदत्त पुरुष-जिसकी स्त्री देशातर में है, उस स्त्री का समाचार जानने के लिये उसके ग्राम से आये हुए लोगों का सन्मान करता है, उसकी वात पूछता है और उनको अपनाकर व उनसे प्रेम दिखलाकार उनको दानादिक भी देता है, यह उसका सारा बर्ताव केवल स्त्री का परिचय प्राप्त करने के निमित्त होता है।

अत पर यथाक्रमणैकादश गाथा पर्यन्त पुनरपि सज्ञानी जीवस्य विशेष व्याख्यान करोति। तत्रेकादशगाथासु मध्ये जीव कर्त्ता मृत्तिकाकलशमिवोपादानरूपेण निश्चयेन कर्म नोकर्म च न करोतीति जानन् सन् शुद्धात्मान स्वसवेदनज्ञानेन जानाति य स ज्ञानी भवतीति कथनरूपेण **'कम्मस्स य परिणाम'** इत्यादि प्रथमगाथा। तत पर पुण्यपापादिपरिणामान् व्यवहारेण करोति निश्चयेन न करोतीति मुख्यत्वेन सूत्रमेकम्। अथ कर्मत्व स्वपरिणामत्व सुखदु खादि कर्मफल चात्मा जानन्नप्युदयागत परद्रव्य न करोतीति प्रतिपादनरूपेण **'ण वि परिणमदि'** इत्यादि गाथात्रयम्। तदनतर पुद्गलोऽपि वर्णादि स्वपरिणामस्यैव कर्ता न च ज्ञानादिर्जीवपरिणामस्येति कथनरूपेण **'ण वि परिणमदि'** इत्यादि सूत्रमेकम्। अत पर जीवपुद्गलयोरन्योन्यनिमित्तकर्तृत्वेऽपि सति परस्परोपादानकर्तृत्व नास्तीति कथनमुख्यतया **'जीवपरिणाम'** इत्यादि गाथात्रयम्। तदनतर निश्चयेन जीवस्य स्वपरिणामैरेव सह कर्तृकर्मभावो भोक्तृभोग्यभावश्चेति प्रतिपादनरूपेण **'णिच्छयणयस्स'** इत्यादि सूत्रमेकम्। ततश्च व्यवहारेण जीव पुद्गलकर्मणा कर्त्ता भोक्ता चेति कथनरूपेण **'ववहारस्स दु'** इत्यादि सूत्रमेकम्। एव ज्ञानिजीवस्य विशेषव्याख्यानमुख्यत्वेनैकादश-गाथाभिर्द्वितीयस्थले समुदायपातनिका। तद्यथा -

---

वैसे ही सम्यग्दृष्टि (ज्ञानी) जीव भी शुद्धात्मस्वरूप की उपलब्धि के लिये शुद्धात्मा के अनुभव वाले (आराधक) व प्रतिपादक ऐसे आचार्य उपाध्याय व साधु है उनका गुणस्मरण दान सन्मान आदि करता है। उसी तरह जो स्वय अभी शुद्धात्मा की आराधना से रहित है वह भी शुद्धात्मानुभूति की उपलब्धि के लिये शुद्धात्मा के आराधक व प्रतिपादक ऐसे आचार्य, उपाध्याय, साधु हैं उनके गुणों का स्मरण, दान सन्मान आदि करता है।

इस प्रकार अज्ञानी और सम्यग्ज्ञानी जीव के स्वरूप का व्याख्यान करते समय पुण्यपापादि सप्तपदार्थ जीव और पुद्गल के सयोग परिणाम से निर्वृत्त हैं, ऐसा पीठिका का व्याख्यान घटता है। इसमें विरोध नही है। इस प्रकार सम्यग्ज्ञानी जीव के व्याख्यान की मुख्यता से ४ गाथायें हो गईं। इस प्रकार पुण्यपापादि सप्तपदार्थपीठिका अधिकार में छह गाथाओं द्वारा प्रथम अतर आधिकार का व्याख्यान हो गया।।७९।।

इसके आगे क्रम से ११ गाथापर्यन्त, फिर से सम्यग्ज्ञानी जीव का विशेष व्याख्यान करते हैं। वहाँ ११ गाथाओं में जैसे उपादानरूप से मिट्टी कलश का कर्ता है उसी तरह निश्चय से जीव कर्म और नोकर्म का कर्ता नहीं है, ऐसा जानने वाला होकर **जो निजस्वभाव शुद्धआत्मा को स्वसवेदनज्ञान से (शुद्धात्मानुभूति से) जानता है, वह ज्ञानी होता है** इस कथन रूप से **'कम्मस्स य परिणाम'** इत्यादि रूप प्रथम गाथा है। उसके बाद व्यवहार से पुण्यपापादि परिणामों को करता है, निश्चय से पुण्यपापादि परिणामो का कर्ता नहीं है, इसकी मुख्यता से एक गाथा है। अब इसके आगे कर्मत्व को, स्वपरिणाम को और सुखदु खादि कर्मफल को आत्मा जानता हुआ भी उदयागत परद्रव्य को नहीं करता है, ऐसे प्रतिपादनरूप से **'ण वि परिणमदि'** इत्यादि तीन गाथायें हैं। तदनतर पुद्गल भी वर्णादि स्वपरिणाम का ही कर्ता है, ज्ञानादि जीवपरिणाम का कर्ता नहीं है, इस कथन रूप से **'ण वि परिणमदि'** इत्यादि एक गाथा है। इसके बाद जीव-पुद्गल का अन्योन्य निमित्तकर्तृत्व होते हुए भी (याने जीवपुद्गल का सांनिध्य देखकर परस्पर में निमित्त का आरोप किया जाता है तो भी) परस्पर में उपादानरूप से कर्तृत्व नहीं है, इस कथन की मुख्यता से **'जीवपरिणाम'** इत्यादि तीन गाथायें हैं।

अथ कथमात्मा ज्ञानीभूतो लक्ष्यत इति प्रश्ने प्रत्युत्तर ददाति -

कम्मस्स य परिणाम णोकम्मस्स य तहेव परिणाम। (७९)
ण करेदि एदमादा जो जाणदि सो हवदि णाणी।।८०।।

कम्मस्स य परिणाम णोकम्मस्स य तहेव परिणाम ण करेदि एदमादा जो जाणदि यथा मृत्तिकाकलशमुपादानरूपेण, करोति तथा कर्मण नोकमर्णश्च परिणाम पुद्गलेनोपादानकारणभूतेन क्रियमाण न करोत्यात्मेति यो जानाति **सो हवदि णाणी** स निश्चयशुद्धात्मान परमसमाधिवलेन भावयन्सन् ज्ञानी भवति। इति ज्ञानीभूत जीवलक्षणकथनरूपेण गाथा गता।।८०।।

अथ पुण्यपापादिपरिणामान् व्यवहारेण करोतीति प्ररूपयति -

कत्ता आदा भणिदो ण य कत्ता केण सो उवाएण।
धम्मादी परिणामे जो जाणदि सो हवदि णाणी।।८१।।

तदनतर निश्चय से जीव का स्वपरिणाम के साथ ही कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्यभाव है, इस प्रकार के प्रतिपादनरूप से **'णिच्छयणयस्स'** इत्यादि एक गाथा है। इसके वाद व्यवहार से जीव पुद्गल कर्मो का कर्ता भोक्ता है, ऐसे कथनरूप से **'ववहारस्स दु'** इत्यादि एक गाथा है। इस प्रकार ज्ञानी जीव के विशेष व्याख्यान की मुख्यता से ११ गाथाओं द्वारा द्वितीय स्थल में समुदायपातनिका है।

अव यह आत्मा ज्ञानी हुआ है, यह कैसे जाना जाता है ? ऐसा प्रश्न पूछने पर उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - **(जो)** जो **(आदा)** आत्मा **(एद)** इस **(कम्मस्स)** कर्म के **(परिणामं य)** परिणाम को **(तहेव य)** ओर उसी भाति **(णोकम्मस्स परिणाम)** नोकर्म के परिणाम को **(ण करेदि)** नहीं करता है **(जाणदि)** किन्तु जानता हे। **(सो)** वह **(णाणी)** ज्ञानी **(हवदि)** है।

टीकार्थ - **कम्मस्स परिणाम णोकम्मस्स य तहेव परिणाम ण करेदि जो जाणदि** जैसे मिट्टी कलश को उपादान रूप से करती है, उसी प्रकार कर्म के और नोकर्म के परिणाम को पुद्गल उपादान कारण होकर करता है, वैसे आत्मा कर्म के और नोकर्म के परिणाम को नहीं करता हे, ऐसा जो जानता है **सो हवदि णाणी** वह निश्चयशुद्धात्मा को परमसमाधि के वल से अनुभव करके ज्ञानी होता है (याने शुद्धात्मा का अनुभव करने वाला ज्ञानी है)। इस तरह ज्ञानी हुए जीव के लक्षण के कथन रूप से गाथा हो गयी।।८०।।

अव व्यवहार से आत्मा पुण्यपापादि परिणामों का कर्ता है, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(केण सो उवाएण)** किसी एक उपाय से (व्यवहारनय से) **(आदा)** आत्मा **(धम्मादी परिणामे)** पुण्यादि परिणामों का **(कत्ता)** कर्ता है (य) और **(केण सो उवाएण)** किसी एक उपाय से (निश्चयनय से) **(आदा)** आत्मा **(धम्मादि परिणामे)** पुण्यादि परिणामों का **(कत्ता ण)** कर्ता नहीं है, **(भणिदो)** ऐसा कहा गया है, इस प्रकार **(जो)** जो **(जाणदि)** जानता है, **(सो)** वह **(णाणी)** ज्ञानी **(हवदि)** है।

कर्ता आत्मा भणित न च कर्ता केन स उपायेन। धर्मादीन् परिणामान् य जानाति स भवति ज्ञानी। **कत्ता आदा भणिदो** कर्तात्मा भणित ।**ण य कत्ता सो** न च कर्ता भवति स आत्मा।**केण उवायेण** केनाप्युपायेननयविभागेन। केन नयविभागेनेति चेत् ? निश्चयेन अकर्ता व्यवहारेण कर्तेति। कान् ? **धम्मादी परिणामे** पुण्यपापादिकर्मजनितोपाधिपरिणामान्। **जो जाणदि सो हवदि णाणी** ख्यातिपूजालाभादिसमस्तरागादिविकल्पोपाधिरहितसमाधौ स्थित्वा यो जानाति स ज्ञानी भवति। इति निश्चयव्यवहारनयाभ्यामकर्तृत्वकर्तृत्वकथनरूपेण गाथा गता।।८१।।

अथ पुद्गलकर्म जानतो जीवस्य पुद्गलेन सह तादात्म्यसम्बन्धो नास्तीति निरूपयति -

ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए। (७६)
णाणी जाणतो वि हु पुग्गलकम्मं अणेयविहं।।८२।।

टीकार्थ - **केण उवाएण** किसी एक नय से (व्यवहारनय से) **आदा कत्ता भणिदो धम्मादी परिणामे** आत्मा पुण्यादि परिणामों का कर्ता है, और **ण य कत्ता सो** किसी एक नय से (निश्चयनय से) आत्मा पुण्यादि परिणामों का कर्ता नही है, यह जो जानता है वह ज्ञानी है।

शका - कौन से नय से आत्मा पुण्यादि परिणामों का कर्ता है और अकर्ता है ?

समाधान - निश्चयनय से कर्मजनित उपाधिरूप पुण्यपापादि परिणामों का अकर्ता है और व्यवहारनय से कर्मजनित उपाधिरूप पुण्यपापादि परिणामों का कर्ता है। **जो जाणदि सो हवदि णाणी** ख्यातिपूजालाभादि समस्त रागादि विकल्प की उपाधि से रहित समाधि में लीन होकर (स्वानुभव में ठहरकर) जो पुण्यपापादि परिणामों को कर्मजनित जानता है, वह ज्ञानी है। इस तरह निश्चय व्यवहारनय से कर्तृत्वाकर्तृत्व के कथन रूप से गाथा हो गयी।।८१।।

अव **पुद्गलकर्म को जानते हुए जीव का पुद्गल के साथ तादात्म्यसबध नहीं है,** ऐसा निरूपण करते हैं-

गाथार्थ - **(णाणी)** ज्ञानी **(पुग्गलकम्म)** पुद्गलकर्म को **(अणेयविह)** अनेक प्रकार का है ऐसा **(जाणतो वि)** जानता हुआ भी **(हु)** निश्चय से **(परदव्वपज्जाये)** पर द्रव्य की पर्याय मे उसस्वरूप **(ण परिणमदि)** परिणमन नहीं करता, **(ण वि गिण्हदि)** उसका ग्रहण भी नहीं करता और **(उप्पज्जदि ण)** उस स्वरूप उत्पन्न भी नहीं होता।(इस प्रकार पुद्गलकर्म के साथ कर्तृ-कर्मभाव नहीं है)

टीकार्थ - **पुग्गलकम्म अणेयविह** कर्मवर्गणायोग्य पुद्गलद्रव्य द्वारा उपादान कारण होकर किये जाने वाले पुद्गल कर्म, मूलप्रकृति और उत्तरप्रकृति के भेद से अनेक प्रकार का है। **जाणतो वि हु** ज्ञानी उनको विशिष्ट भेदविज्ञान से स्पष्ट जानते हुए भी **णाणी** सहजानद एक स्वभाव निजशुद्धात्मा को और रागादि आस्रवभावों को जानने वाला भेदविज्ञानी आत्मा **ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** उस पूर्वोक्त परद्रव्यपर्यायरूप कर्मस्वरूप निश्चय से परिणमन नहीं करता, तादात्म्यरूप होकर ग्रहण नहीं करता और उस आकार द्वारा उत्पन्न नहीं होता। जैसे मृत्तिका उपादानरूप से घटरूप परिणत होती है, मृत्तिका ही घट से तादात्म्यरूप होकर घट को ग्रहण करती है, और मृत्तिका ही घट के आकाररूप उत्पन्न होती है (याने घट आकार से रची जाती है)।

पुग्गलकम्म अणेयविह कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्येणोपादानकारणभूतेन क्रियमाण पुद्गलकर्मानेकविध मूलोत्तरप्रकृतिभेदभिन्न। जाणतो वि हु विशिष्टभेदज्ञानेन जानन्नपि हु स्फुट। स क कर्ता ? णाणी सहजानन्दैक-स्वभावनिजशुद्धात्मरागाद्यास्रवयोर्भेदज्ञानी। ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए तत्पूर्वोक्त परद्रव्यपर्यायरूप कर्म निश्चयेन मृत्तिकाकलशरूपेणेव न परिणमति न तादात्म्यरूपतया गृह्णाति न च तदाकारेणोत्पद्यते। कस्मादितिचेत् ? मृत्तिका कलशयोरिव तेन पुद्गल कर्मणा सह तादात्म्यसम्बन्धाभावात्। तत एतदायाति पुद्गलकर्म जानतो जीवस्य पुद्गलेन सह निश्चयेन कर्तृकर्मभावो नास्तीति।।८२।।

अथ स्वपरिणाम सकल्पविकल्परूप जानतो जीवस्य तत्परिणामनिमित्तेनोदयागतकर्मणा सह तादात्म्य-सबधो नास्तीति दर्शयति -

ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए। (७७)
णाणी जाणतो वि हु सगपरिणाम अणेयविह।।८३।।

शका - आत्मा पुद्गलकर्मस्वरूप क्यों परिणमन नहीं करता, पुद्गलकर्म को तादात्म्यरूप से क्यों नहीं ग्रहण करता ओर पुद्गलकर्म स्वरूप से क्यों उत्पन्न (रचना) नहीं होता ?

समाधान - क्योंकि जैसे मृत्तिका और कलश में तादात्म्य सबध है, वैसे चेतनमय आत्मा और अचेतनमय पुद्गलकर्म में तादात्म्य सबध नहीं है। इसलिये यह सिद्ध हुआ कि, पुद्गलकर्म को जाननेवाले जीव का पुद्गलकर्म के साथ निश्चय से कर्तृकर्मसबध (कर्त्तृकर्मभाव) नहीं है।।८२।।

अब अपने सकल्पविकल्परूप परिणाम को जानते हुए (भी) जीव का उस परिणाम के निमित्त से उद्यागत (भाव) कर्म के साथ तादात्म्य सबध नहीं है, यह दिखाते हैं -

गाथार्थ - **(णाणी)** ज्ञानी **(सगपरिणाम)** अपने परिणाम को **(अणेयविह)** अनक प्रकार का है ऐसा **(जाणतो वि)** जानता हुआ भी **(हु)** निश्चय से **(परदव्वपज्जाए)** परद्रव्य की पर्याय में **(ण वि परिणमदि)** न तो उस रूप परिणमन करता है **(ण गिण्हदि)** न उसको ग्रहण करता है और **(उप्पज्जदि ण)** न उस रूप उपजता हे (इसलिये सकल्पविकल्प के साथ कर्ताकर्म भाव नहीं है)।

टीकार्थ - **सग परिणाम अणेय** विह क्षायोपशमिक सकल्प-विकल्प रूप स्वत से उपादान कारण होकर किये जाने वाले स्वपरिणाम अनेकविध हे उनको निर्विकार स्वसवेदनवाला ज्ञानीजीव स्वपर के विशिष्ट भेदविज्ञान से जानता हुआ भी **ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** उसके पूर्वोक्त स्वकीय परिणाम के निमित्त से उदयागत पुद्गलकर्मपर्यायरूप परिणमन शुद्ध निश्चयनय से नहीं करता है तादात्म्यरूप होकर उसको ग्रहण नहीं करता ओर उस पर्यायरूप से उत्पन्न नहीं होता। जैसे मृत्तिका उपादानरूप से घटरूप परिणत होती है, मृत्तिका ही घट से तादात्म्यरूप होकर घट को ग्रहण करती है और मिट्टी ही घट के आकार रूप से उत्पन्न होती है क्योंकि मिट्टी का घट के साथ तादात्म्य (उपादान-उपादेय) सबध है। लेकिन सकल्प-विकल्प के साथ, (पुद्गलकर्म के साथ) जीव का तादात्म्य सबध नहीं हे। इसलिये यह सिद्ध हुआ कि स्वकीय क्षायोपशमिक परिणाम के निमित्त से उदयागत कर्म को जानता हुआ भी जीव का उस सकल्प-विकल्प के साथ शुद्धनिश्चयनय से कर्तृकर्मभाव नहीं है।।८३।।

सगपरिणाम अणेयविह क्षायोपशमिक सकल्पविकल्परूप स्वेनात्मनोपादानकारणभूतेन क्रियमाण स्वपरिणाममनेकविध। **णाणी जाणतो वि हु** निर्विकारस्वसवेदनज्ञानी जीव स्वपरमात्मनो विशिष्टभेदज्ञानेन जानन्नपि हु स्फुट। **णवि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** तस्य पूर्वोक्तस्वकीयपारणामस्य निमित्तभूतमुदयागत पुद्गलकर्मपर्यायरूप मृत्तिकाकलशरूपेणेव शुद्धनिश्चयनयेन न परिणमति न तन्मयत्वेन गृह्णाति न तत्पर्यायेणोत्पद्यते च। कस्मात् ? मृत्तिकाकलशयोरिव तेन पुद्गलकर्मणा सह परस्परोपादानकारणाभावादिति। एतावता किमुक्त भवति ? स्वकीयक्षायोपशमिकपरिणामनिमित्तमुदयागत कर्म जानतोऽपि जीवस्य तेन सह निश्चयेन कर्तृकर्मभावो नास्तीति।।८३।।

अथ पुद्गलकर्मफल जानतो जीवस्य पुद्गलकर्मफलनिमित्तेन द्रव्यकर्मणा सह निश्चयेन कर्तृकर्मभावो नास्तीति कथयते -

णवि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए। (७८)
णाणी जाणतो वि हु पुग्गलकम्मफलमणत।।८४।।

अब **पुद्गलकर्मफल को** जानते **हुये जीव का पुद्गलकर्मफल के निमित्तभूत द्रव्यकर्म के साथ निश्चयनय से कर्तृकर्मभाव नहीं है,** ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(णाणी)** ज्ञानी **(अणत)** अनत प्रकार के **(पुग्गलकम्मफल)** पुद्गल कर्म के फलों को **(जाणतो वि)** जानता हुआ प्रवृत्त होता है तो भी **(हु)** निश्चय से **(परदव्वपज्जाए)** पर द्रव्य की पर्याय रूप **(ण वि परिणमदि)** परिणमन नहीं करता है **(ण गिण्हदि)** उसको ग्रहण नहीं करता है **(ण उप्पज्जदि)** और उस रूप में उपजता भी नहीं है। (इस प्रकार परद्रव्य के फल के साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है)

टीकार्थ - **पुग्गलकम्मफलमणत** उदयागत द्रव्यकर्म से उपादान कारणभूत होकर किये जाने वाले सुखदु खरूप शक्तिअपेक्षा से अनत प्रकार के कर्मफल को **णाणी जाणतो विहु** वीतराग शुद्धात्मसवित्ति समुत्पन्न सुखामृतरस तृप्त ऐसा भेदज्ञानी निर्मल विवेक भेदज्ञान से (शुद्धात्मानुभूति से) स्पष्ट जानते हुये भी **ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** वर्तमान सुखदु खरूप शक्तिअपेक्षा से निमित्तभूत उदयागत परपर्यायरूप पुद्गलकर्म को शुद्धनिश्चयनय से प्राप्त (परिणत) नहीं होता है, तन्मय होकर (उसको) ग्रहण नहीं करता है और उस पर्यायरूप से उत्पन्न नहीं होता हे, जैसे मृत्तिका घटरूप को प्राप्त (परिणत) होती है, तन्मय होकर घटरूप को ग्रहण करती हे और घटपर्यायरूप से उत्पन्न होती है, क्योंकि घट और मिट्टि में जैसा तादात्म्यसवध है, वेसा पुद्गलकम का और जीव का तादात्म्यसवध नहीं है। और कुछ विशेष कहते हैं -

शका - यदि **ज्ञानी जीव** पुद्गलद्रव्यकर्मरूप से नहीं परिणमता, उसे ग्रहण नहीं करता और उसरूप उत्पन्न नहीं होता, तो **क्या करता है ?**

समाधान - मिथ्यात्व विषय कषाय ख्याति पूजा लाभ और भोगाकाक्षारूप निदान बध शल्यादि विभाव परिणाम के कर्तृत्व भोक्तृत्व के विकल्प से रहित ऐसे आत्मा का जल से पूर्ण भरे हुए कलश की तरह चिदानन्द एकस्वभाव से भरितावस्था वाले **शुद्धात्मा का निर्विकल्पसमाधि में ध्यान (अनुभव) करता है।** ऐसा भावार्थ है।

पुग्गलकम्मफलमणत उदयागतद्रव्यकर्मणोपादानकारणभूतेन क्रियमाण सुखदु खरूपशक्त्यपेक्षयानतकर्मफल **णाणी जाणतो वि हु** वीतरागशुद्धात्मसवित्तिसमुत्पन्नसुखामृतरसतृप्तो भेदज्ञानी निर्मलविवेकभेदज्ञानेन जानन्नपि हि स्फुट । **ण परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** वर्तमानसुखदु खरूप शक्त्यपेक्षानिमित्तमुदयागत परपर्यायरूप पुद्गलकर्म मृत्तिकाकलशरूपेणेव शुद्धनयेन न परिणमति न तन्मयत्वेन गृह्णाति न तत्पर्यायेणोत्पद्यते च। कस्मादिति चेत् ? मृत्तिकाकलशयोरिव तेन द्रव्यकर्मणा सह तादात्म्यलक्षणसवधाभावादिति।

किच विशेष - यदि पुद्गलद्रव्यकर्मरूपेण न परिणमति न गृह्णाति न तदाकारेणोत्पद्यते तर्हि कि करोति ज्ञानी जीव ? मिथ्यात्वविषयकषायख्यातिपूजालाभभोगाकाक्षारूपनिदानबधशल्यादिविभावपरिणामकर्तृत्वभोक्तृत्वविकल्पशून्य पूर्णकलशवच्चिदानन्दैकस्वभावेन भरितावस्थ **शुद्धात्मान निर्विकल्पसमाधौ ध्यायतीति भावार्थ** । एवमात्मा निश्चयेन द्रव्यकर्मादिक परद्रव्य न परिणमतीत्यादिव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथात्रय गतम्।।८४।।

अथ जीवपरिणाम, स्वपरिणाम, स्वपरिणामफल च जडस्वभात्वादजानत पुद्गलस्य निश्चयेन जीवेन सह कर्तृकर्मभावो नास्तीति प्रतिपादयति -

ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए। (७९)
पुग्गलदव्व पि तहा परिणमदि सएहि भावेहि।।८५।।

इस प्रकार आत्मा निश्चयनय से द्रव्यकर्मादिस्वरूप परद्रव्य के रूप में नहीं परिणमता है, तन्मय होकर उसको ग्रहण नहीं करता हे ओर उस पर्यायरूप उत्पन्न नहीं होता है, ऐसे व्याख्यान की मुख्यता से तीन गाथायें हो गईं।।८४।।

अव जीवपरिणाम को, स्वपरिणाम को और स्वपरिणाम के फल को न जानते हुये जडस्वभावी पुद्गल का निश्चयनय से जीव के साथ कर्तृकर्मभाव नहीं है, ऐसा प्रतिपादन करते हैं -

गाथार्थ - **(पुग्गलदव्व पि)** पुद्गलद्रव्य भी **(परदव्वपज्जाए)** परद्रव्य की पर्याय में **(तहा)** उस रूप में **(ण वि परिणमदि)** परिणमन नहीं करता है **(ण गिण्हदि)** ग्रहण नहीं करता हे **(ण उप्पज्जदि)** उत्पन्न नहीं होता है क्योंकि **(सएहि)** वह अपने **(भावेहि)** भावों से ही **(परिणमदि)** परिणमन करता है।

टीकार्थ - **ण वि परिणमदि गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए** जैसे जीव निश्चयनय से अनतसुखादिस्वरूप को छोडकर पुद्गलद्रव्यरूप से परिणमन नहीं करता है, तन्मय होकर उसको ग्रहण नहीं करता है और उसकी पर्यायरूप से उत्पन्न नहीं होता है। **पुद्गलदव्व पि तहा** उसी प्रकार मृत्तिका कलश की तरह पुद्गलद्रव्य भी स्वय अतर्व्यापक होकर चिदानन्द एकलक्षणवाले जीव के स्वरूप से परिणमन नहीं करता है, तन्मय होकर जीवस्वरूप को ग्रहण नहीं करता हे, और जीव की पर्याय के स्वरूप से उत्पन्न नहीं होता है।

शका - तो फिर पुद्गल द्रव्य क्या करता है ?

समाधान - **परिणमदि सएहि भावेहि** स्वकीय वर्णादि स्वभावभूत गुण धर्म परिणामों द्वारा पुद्गलद्रव्य परिणमन करता है।

णवि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए यथा जीवो निश्चयेनानतसुखादिस्वरूप त्यक्त्वा पुद्‌गलद्रव्यरूपेण न परिणमति न च तन्मयत्वेन गृह्णाति न तत्पर्यायेणोत्पद्यते। **पुग्गलदव्व पि तहा** तथा पुद्‌गलद्रव्यमपि स्वयमतर्व्यापक भूत्वा मृत्तिका द्रव्य कलशरूपेणेव चिदानन्दैकलक्षणजीवस्वरूपेण न परिणमति न च जीवस्वरूप तन्मयत्वेन गृह्णाति न च जीवपर्यायेणोत्पद्यते। तर्हि कि करोति ? **परिणमदि सएहि भावेहि** परिणमदि स्वकीयैर्वर्णादिस्वभावै परिणामैर्गुणैर्धर्मैरिति। कस्मादिति चेत् ? मृत्तिकाकलशयोरिव जीवेन सह तादात्म्य-लक्षणसबधाभावादिति। एव पुद्‌गलद्रव्यमपि जीवेन सह न परिणमतीत्यादिव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथा गता।।८५।।

अथ यद्यपि जीवपुद्‌गलपरिणामयोरन्योन्यनिमित्तमात्रत्वमस्ति तथापि निश्चयनयेन तयोर्न कर्तृकर्मभाव इत्यावेदयति-

जीवपरिणामहेदु कम्मत्त पुग्गला परिणमंति। (८०)
पुग्गलकम्मणिमित्त तहेव जीवो वि परिणमदि।।८६।।
ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्म तहेव जीवगुणे। (८१)
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणाम जाण दोण्ह पि।।८७।।
एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण। (८२)
पुग्गलकम्मकदाण ण दु कत्ता सव्वभावाण।।८८।।

शका - कैसे परिणमन करता है ?

समाधान - जैसे मिट्‌टी और कलश में तादात्म्यसबध है, वैसे जीव के साथ पुद्‌गल का तादात्म्यसबध नहीं है।

इस तरह पुद्‌गल द्रव्य भी जीव के साथ परिणमन नहीं करता है, उसको ग्रहण नहीं करता है और उसरूप उत्पन्न नहीं होता है, इस व्याख्यान की मुख्यता से गाथा हो गई।।८५।।

अव जीव के परिणाम में और पुद्‌गल के परिणाम में परस्पर निमित्तमात्रपना है, तथापि **निश्चयनय से दोनों का परस्पर में कर्ताकर्मभाव नहीं है,** ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(पुग्गला)** पुद्‌गल **(जीवपरिणामहेदु)** जीव के परिणाम को निमित्त मात्र करके **(कम्मत्त)** कर्मरूप में **(परिणमति)** परिणमित होते हैं **(तहेव)** उसी तरह **(जीवो वि)** जीव भी **(पुग्गलकम्मणिमित्त)** पुद्‌गलकर्म को निमित्त मात्र करके **(परिणमदि)** परिणमन करता है।

(जीवो) जीव **(कम्मगुणे)** कर्म के गुणों को **(ण वि कुव्वदि)** नहीं करता है **(तहेव)** उसी तरह **(कम्म)** कर्म **(जीवगुणे)** जीव के गुणों को नहीं करता है, **(दु)** परन्तु **(अण्णोण्णणिमित्तेण)** परस्पर को निमित्त मात्र करके **(दोण्हपि)** दोनों के **(परिणाम)** परिणाम होते हैं **(जाण)** ऐसा जानो।

(एदेण) इस **(कारणेण दु)** कारण से **(आदा)** आत्मा **(सएण)** अपने ही **(भावेण)** भाव से **(कत्ता)** कर्ता (कहा जाता) है **(दु)** लेकिन **(पुग्गलकम्मकदाण)** पुद्‌गलकर्म द्वारा किये गये **(सव्वभावाण)** सब भावों का **(कत्ता ण)** कर्ता नहीं है।

जीवपरिणामहेदु कम्मत्त पुग्गला परिणमति यथा कुभकारनिमित्तेन मृत्तिका घटरूपेण परिणमति तथा जीवसबधिमिथ्यात्वरागादिपरिणामहेतु लब्ध्वा कर्मवर्गणायोग्य पुद्गलद्रव्य कर्मत्वेन परिणमति। **पुग्गलकम्मणिमित्त तहेव जीवो** विं परिणमदि यथैव च घटनिमित्तेन एव घट करोमीति कुभकार परिणमति तथैवोदयागतपुद्गलकर्महेतु लब्ध्वा जीवोऽपि निर्विकारचिच्चमत्कारपरिणतिमलभमान सन् मिथ्यात्वरागादिविभावेन परिणमतीति। अथ **णवि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो** यद्यपि परस्परनिमित्तेन परिणमति तथापि निश्चयनयेन जीवो वर्णादिपुद्गलकर्मगुणान्न करोति। **कम्म तहेव जीवगुणे** कर्म च तथैवानतज्ञानादिजीवगुणान्न करोति। **अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणाम जाण दोण्हपि** यद्यप्युपादानरूपेण न करोति तथाप्यन्योन्यनिमित्तेन घटकुभकारयोरिव परिणाम जानीहि द्वयोरपि जीवपुद्गलयोरिति। अथ **एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण** एतेन कारणेन पूर्वसूत्रद्वयव्याख्यानरूपेण तु निर्मलात्मानुभूतिलक्षणपरिणामेन शुद्धोपादानकारणभूतेनाव्याबाधानतसुखादिशुद्धभावाना कर्ता। तद्विलक्षणेनाशुद्धोपादान-कारणभूतेन रागाद्यशुद्धभावाना कर्त्ता भवत्यात्मा। कथ ? यथा मृत्तिकाकलशस्येति **पुग्गलकम्मकदाण ण दु कत्ता सव्वभावाण** पुद्गलद्रव्यकर्मकृताना न तु कर्ता सर्वभावाना ज्ञानावरणादिपुद्गलकर्मपर्यायाणामिति। एव जीवपुद्गल परस्परनिमित्तकारणव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथात्रय गतम्।।८६, ८७, ८८।।

टीकार्थ - **जीवपरिणामहेदु कम्मत्त पुग्गला परिणमति** जैसे कुभकार के परिणाम को निमित्त मात्र करके मिट्टी घडे के रूप में परिणमन करती है, उसी प्रकार जीवसबधी मिथ्यात्व रागादि परिणामों का निमित्त पाकर कर्मवर्गणायोग्य पुद्गलद्रव्य भी कर्मरूप से परिणमन करता है। **पुग्गल कम्मणिमित्त तहेव जीवो वि परिणमदि** और जैसे घटको निमित्त मात्र करके 'यह घट मैं करता हूॅ' ऐसी कुभकार परिणति करता है। उसी प्रकार ही निर्विकार चिच्चमत्कार परिणति जिसको प्राप्त नहीं है, ऐसा जीव भी उदयागत कर्मपुद्गल का निमित्त पाकर मिथ्यात्व रागादि विभाव रूप से परिणमन करता है।

णवि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो यद्यपि परस्पर को निमित्त मात्र करके परिणति होती है, तथापि शुद्धनिश्चयनय से जीव पुद्गलकर्म के वर्णादि गुणों को नहीं करता है **कम्म तहेव जीवगुणे** और उसी प्रकार पुद्गलकर्म जीव के अनतज्ञानादि गुणों को नहीं करता है। **अण्णोण्ण णिमित्तेण दु परिणाम जाण दोण्हपि** यद्यपि उपादान रूप से नहीं करता है तो भी परस्पर को निमित्त मात्र करके घट और कुभकार के परिणाम की तरह जीव और पुद्गल दोनों का परिणाम होता है, ऐसा जानो।

एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण इस कारण से पूर्व में दो गाथाओं द्वारा जो वताया गया है उस रूप निर्मल आत्मानुभूति लक्षणवाले परिणाम से (याने) शुद्ध उपादान कारण से अव्यावाध, अनतसुखादि शुद्धभावों का यह आत्मा कर्ता है। उसके विपरीत अशुद्ध उपादान कारण से रागादि अशुद्धभावों का यह आत्मा कर्ता है।

शका - यह आत्मा किसका कर्ता है ?

समाधान - जैसे मिट्टी घट का कर्ता है उसी तरह निर्मलात्मानुभव करने वाला आत्मा शुद्ध भावों का कर्ता है। **पुग्गल कम्मकदाण ण दु कत्ता सव्वभावाण** किन्तु पुद्गलकर्म से किये हुए जो ज्ञानावरणादि पुद्गल कर्मपर्यायरूप सव भाव हैं उनका कर्ता आत्मा नहीं है।

अथ तत एतदायाति जीवस्य स्वपरिणामैरेव सह निश्चयनयेन कर्तृकर्मभावो भोक्तृभोग्यभावश्च भवति -

णिच्छयणयस्स एव आदा अप्पाणमेव हि करेदि। (८३)
वेदयदि पुणो त चेव जाण अत्ता दु अत्ताण।।८९।।

णिच्छयणयस्स एव आदा अप्पाणमेव हि करेदि यथा यद्यपि समीरो निमित्त भवति तथापि निश्चयनयेन पारावार एव कल्लोलान् करोति परिणमति च। एव यद्यपि द्रव्यकर्मोदयासद्भावसद्भावात् शुद्धाशुद्धभावयोर्निमित्त भवति तथापि निश्चयेन निर्विकारपरमस्वसवेदनज्ञानपरिणत केवलज्ञानादिशुद्धभावान् तथैवाशुद्धपरिणतस्तु सासारिक-सुखदु खाद्यशुद्धभावाश्चोपादानरूपेणात्मैव करोति। अत्र परिणामाना परिणमनमेव कर्तृत्व ज्ञानव्यमिति। न केवल करोति **वेदयदि पुणो त चेव जाण अत्ता दु अत्ताण** वेदयत्यनुभवति भुक्ते परिणमति पुनश्च स्वशुद्धात्मभावनोत्थसुखरूपेण शुद्धोपादानेन तदेव शुद्धात्मानमशुद्धोपादानेनाशुद्धात्मान च। स क कर्ता ? आत्मेति जानीहि। एव निश्चयकर्तृत्व-भोक्तृत्वव्याख्यानरूपेण गाथा गता।।८९।।

इस प्रकार जीव और पुद्गल के परस्पर निमित्त मात्र कारण के व्याख्यान की मुख्यता से तीन गाथायें पूर्ण हो गईं।।८६, ८७, ८८।।

इसलिये यह सिद्ध हुआ कि **निश्चयनय से जीव का स्वपरिणामों के साथ ही कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्यभाव** है-

गाथार्थ - **(एव)** इस प्रकार (पूर्वोक्त) **(णिच्छयणयस्स)** निश्चयनय से **(आदा)** आत्मा **(अप्पाणमेव हि)** अपने को ही **(करेदि)** करता है **(दु पुणो)** और फिर **(अत्ता)** वह आत्मा **(त चेव अत्ताण)** अपने को ही **(वेदयदि)** भोगता है **(जाण)** यह जानो।

टीकार्थ - **णिच्छयणयस्स एव आदा अप्पाणमेव हि करेदि** जैसे समुद्र में तरगों के उत्पन्न होते समय यद्यपि पवन निमित्त मात्र है तथापि निश्चयनय से समुद्र ही तरगों को उत्पन्न करता है और समुद्र ही तरग रूप परिणमन करता हे। इसी प्रकार यद्यपि द्रव्यकर्म के उदय का असद्भाव और द्रव्यकर्म के उदय का सद्भाव शुद्ध-अशुद्धभावों के होने में निमित्त है, तथापि शुद्धनिश्चयनय से निर्विकार परम स्वसवेदनज्ञान से परिणत आत्मा ही केवलज्ञानादि शुद्धभावों को करता है और उसी तरह अशुद्धनिश्चयनय से अशुद्ध उपादानरूप आत्मा ही अशुद्ध उपादान से सासारिक सुखदु खादि अशुद्धभावों को करता है। यहॉ परिणामों के परिणमन का ही कर्तृत्व जानना चाहिए। इस तरह केवल कर्ता ही नहीं है **वेदयदि पुणो त चेव जाण अत्ता दु अत्ताण** तो भोक्ता भी है। जैसे आत्मा स्वशुद्धात्मभावना से उत्पन्न सुखरूप शुद्धोपादान से शुद्धात्मा को (स्वभाव को) भोगता है उसी तरह आत्मा अशुद्धोपादान से अशुद्धात्मा को (पर्याय को) भोगता है। उसका कर्ता आत्मा है, ऐसा जानो। इस प्रकार निश्चयकर्तृत्वभोक्तृत्व के व्याख्यान करने वाली गाथा पूर्ण हुई।।८९।।

अथ लोकव्यवहार दर्शयति -

ववहारस्स दु आदा पुग्गलकम्म करेदि अणेयविह। (८४)
त चेव य वेदयदे[1] पुग्गलकम्म अणेयविह।।९०।।

ववहारस्स दु आदा पुग्गलकम्म करेदि अणेयविह यथा लोके यद्यपि मृत्पिड उपादानकारण तथापि कुभकारो घट करोति तत्फल च जलधारणमूल्यादिक भुक्त इति लोकानामनादिरूढोरित्त व्यवहार। तथा यद्यपि कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्यमुपादानकारणभूत तथापि व्यवहारनयस्याभिप्रायेणात्मा पुद्गलकर्मानेकविध मूलोत्तरप्रकृतिभेदभिन्न करोति। **त चेव य वेदयदे पुग्गलकम्म अणेयविह** तथैव च तदेवोदयागत पुद्गलकर्मानेकविध इष्टानिष्टपचेन्द्रियविषयरूपेण वेदयति अनुभवति इत्यज्ञानिना निर्विषयस्वशुद्धात्मोपलभसजातसुखामृतरसास्वादरहितानामनादिरूढोऽस्ति व्यवहार। एव व्यवहारेण सुखदु खकर्तृत्वभोक्तृत्वकथनमुख्यतया गाथा गता। इति ज्ञानिजीवस्य विशेषव्याख्यानरूपेणैकादशगाथा-भिर्द्वितीयातराधिकारो व्याख्यात।।९०।।

अब लोकव्यवहार को दिखाते हैं -

गाथार्थ - (दु) परतु (ववहारस्स) व्यवहारनय से (आदा) आत्मा (अणेयविह पुग्गलकम्म) अनेक विध पुद्गलकर्म को (करेदि) करता है (य) और (त च पुग्गलकम्म अणेयविह एव) उस अनेक-विधपुद्गलकर्मफल को और अनेकविध पुद्गलकर्म को (वेदयदे) भोगता है।

टीकार्थ - **ववहारस्स दु आदा पुग्गल कम्म करेदि अणेय विह** जैसे लोक में यद्यपि उपादान कारण से मिट्टी का पिंड घट को करता है और इस घटरूप फल को मिट्टी ही भोगती है, तथापि कुभकार घट करता है, और जल आदि धारण करना, मूल्य लेना आदि घट के फल को कुभकार भोगता है, इस तरह अनादिकाल से लौकिक लोगों का रूढ व्यवहार है।

उसी तरह यद्यपि कर्मवर्गणायोग्य पुद्गलद्रव्य उपादान कारणरूप से कर्ता होकर अनेकविध मूल और उत्तर प्रकृति के भेद से अनेक प्रकार के पुद्गल कर्म को करता है तथापि व्यवहारनय से आत्मा अनेक विध पुद्गलकर्म को करता है **त चेव य वेदयदे पुग्गलकम्म अणेयविह** और उसी प्रकार ही उसके उदयागत मूलोत्तर प्रकृति के भेदरूप अनेविध पुद्गलकर्म को उसके उदय में होने वाले पचेन्द्रियविषयरूप इष्टानिष्टविकल्प को आत्मा वेदता है, अनुभवता है। इस तरह अनादिकाल से निर्विकल्प स्वशुद्धात्मा की उपलब्धि से प्राप्त होने वाले सुखामृतरसास्वाद से रहित ऐसे अज्ञानी लोगों का रूढ व्यवहार है।

इस प्रकार व्यवहारनय की मुख्यता से सुखदु ख के कर्तृत्व-भोक्तृत्व का कथन करने वाली गाथा पूर्ण हो गई।

भावार्थ - व्यवहारनय से आत्मा द्रव्यकर्मों का और विकल्पों का और उनके फलों का कर्ता भोक्ता है ऐसा कहते हैं, लेकिन शुद्ध निश्चयनय से आत्मा अपने शुद्धभावों का ही कर्ता-भोक्ता है।

इस प्रकार ज्ञानी जीव का विशेष कथन करने वाली ११ गाथाओं द्वारा द्वितीय अतराधिकार का व्याख्यान हो गया।।९०।।

---

१ पाठान्तर - तं चेव पुणो वेयइ

अत पर पञ्चविशतिगाथापर्यंत द्विक्रियावादिनिराकरणरूपेण व्याख्यान करोति। तत्र चेतनाचेतनयोरेकोपादानकर्तृत्व द्विक्रियावादित्वमुच्यते तस्य सक्षेपव्याख्यानरूपेण **'जदिपुग्गलकम्ममिण'** इत्यादि गाथाद्वय भवति। तद्विवरणद्वादशगाथासु मध्ये **'पुग्गलकम्मणिमित'** इत्यादि गाथाक्रमेण प्रथमगाथाषट्क स्वतत्रम्। तदनतरमज्ञानिज्ञानिजीवकर्तृत्वाकर्तृत्व मुख्यतया **'परमप्पाण कुव्वदि'** इत्यादि द्वितीयषट्कम्। अत पर तस्यैव द्विक्रियावादिन पुनरपि विशेषव्याख्यानार्थमुपसहाररूपेणैकादशगाथा भवति। तत्रैकादशगाथासु मध्ये व्यवहारनयमुख्यत्वेन **'ववहारस्स दु'** इत्यादि गाथात्रयम्। तदनतर निश्चयनयमुख्यतया **'जो पुग्गलदव्वाण'** इत्यादिसूत्रचतुष्टयम्। ततश्च द्रव्यकर्मणामुपचारकर्तृत्वमुख्यत्वेन **'जीव हि हेदुभूदे'** इत्यादि सूत्रचतुष्टयमिति समुदायेन पचविशतिगाथाभिस्तृतीयस्थले समुदायपातनिका। तद्यथा -

अथेद पूर्वोक्त कर्मकर्तृत्वभोक्तृत्वनयविभागव्याख्यान कर्मतापन्नमनेकातेन सम्मतमप्येकातनयेन मन्यते। कि मन्यते ? भावकर्मवन्निश्चयेन द्रव्यकर्मापि करोतीति चेतनाचेतनकार्ययोरेकोपादानकर्तृत्वलक्षण द्विक्रियावादित्व स्यात्। तान् द्विक्रियावादिनो दूषयति -

जदि पुग्गलकम्ममिण कुव्वदि त चेव वेदयदि आदा। (८५)
दोकिरियावादित्तं पसजदि सम्म[१] जिणावमद।।९१।।

इसके बाद २५ गाथापर्यन्त द्विक्रियावादि के निराकरण के रूप से कथन करते हैं। वहॉ चेतन और अचेतन दोनों की क्रिया का एक उपादान कर्ता है, ऐसा माननेवाले को द्विक्रियावादी कहते हैं। उसका सक्षेप में कथन करने वाली **'जदि पुग्गलकम्ममिण'** इत्यादि दो गाथायें हैं। उसका विवरण करने वाली १२ गाथाओं में से **'पुग्गलकम्मणिमित्त'** इत्यादि गाथाक्रम से प्रथम ६ गाथायें स्वतत्र हैं। उसके बाद अज्ञानी-ज्ञानीजीव के कर्तृत्व-अकर्तृत्व की मुख्यता से **'परमप्पाण कुव्वदि'** इत्यादि दूसरी ६ गाथायें हैं। फिर उसके बाद उन ही द्विक्रियावादियों का विशेष व्याख्यान करने के लिये उपसहाररूप से १२ गाथायें हैं। वहॉ ११ गाथाओं में व्यवहारनय की मुख्यता से **'ववहारस्स दु'** इत्यादि तीन गाथायें हैं। तदनतर निश्चयनय की मुख्यता से **जो पुग्गलदव्वाण** इत्यादि चार गाथायें हैं। उसके बाद द्रव्यकर्म के उपचार कर्तृत्व की मुख्यता से **'जीव हि हेदुभूदे'** इत्यादि चार गाथायें हैं। इस प्रकार कुल २५ गाथाओं के द्वारा तृतीय स्थल में यह समुदाय पातनिका है।

अब जो पहले कहा गया कर्मकर्तृत्व-भोक्तृत्व के नयविभाग का कथन है वह अनेकात की दृष्टि से सम्मत है, किन्तु कुछ लोग एकातनय से ऐसा मानते हैं कि निश्चयनय से आत्मा भावकर्म की तरह द्रव्यकर्म को भी करता है। ऐसा मानने से **चेतन का कार्य और अचेतन का कार्य इन दोनों कार्यों का कर्ता एक ही उपादान कारण है, वही कर्तृत्व का लक्षण है** - इस तरह द्विक्रियावादित्व आता है। उन द्विक्रियावादियों की मान्यता को दूषित बतलाते हैं -

गाथार्थ - **(जदि)** यदि **(आदा)** आत्मा **(इण)** इस **(पुग्गलकम्म)** पुद्गलकर्म को **(कुव्वदि)** करता है **(च)** ओर **(त एव)** उसको ही **(वेदयदि)** भोगता (अनुभवता) है तो **(दोकिरियावादित्त)** दोक्रियावादित्व का **(पसजदि)** प्रसग आता है, और **(सम्म जिणावमद)** उसका सम्यक्पना वास्तव में जिनमत को मान्य नहीं है।

---

[१] पाठान्तर - किरियावदिरित्तो पसज्जदे सो जिणावमद

जदि पुग्गलकम्ममिण कुव्वदि त चेव वेदयदि आदा यदि चेत्पुद्गलकर्मोदयमुपादानरूपेण करोति तदेव च पुनरुपादानरूपेण वेदयत्यनुभवत्यात्मा। **दोकिरियावादित्त पसजदि** तदा चेतनाचेतनक्रियाद्वयस्योपादानकर्तृत्वरूपेण द्विक्रियावादित्व प्रसजति प्राप्नोति। अथवा **दो किरियाविदिरित्तो पसज्जदे** सो तत्र पाठातरे द्वाभ्या चेतनाचेतनक्रियाभ्यामव्यतिरिक्तोऽभिन्न प्रसजति प्राप्नोति स पुरुष। **सम्म जिणावमद** तच्च व्याख्यान जिनाना सम्यगसमतम्। यश्चेद व्याख्यान मन्यते स निजशुद्धात्मोपादेयरुचिरूप निर्विकारचिच्चमत्कारमात्रलक्षण शुद्धोपादानकारणोत्पन्न निश्चयसम्यक्त्वमलभमानो मिथ्यादृष्टिर्भवतीति ।।९१।।

अथ कुतो द्विक्रियावादी मिथ्यादृष्टिर्भवतीति प्रश्ने प्रत्युत्तर प्रयच्छन्तमेवार्थम् प्रकारातरेण दृढयति-

जम्हा दु अत्तभावं पुग्गलभाव च दो वि कुव्वति। (८६)
तेण दु मिच्छादिट्ठी दो किरियावादिणो होंति।।९२।।

टीकार्थ - **जदि पुग्गल कम्ममिण कुव्वदि त च वेदयदि आदा** यदि आत्मा उपादानरूप से पुद्गलकर्मों के उदय को करता है और आत्मा उपादानरूप से उन पुद्गलकर्मों को ही भोगता है। **दो किरियावादित्त पसजदि** तो चेतन की क्रिया और अचेतन की क्रिया इस तरह इन दोनों की क्रिया का उपादानरूप से कर्तृत्व करने वाला है, ऐसा द्विक्रियावादित्व का (दोष) प्राप्त होता है (प्रसग आता है)। दूसरे पाठ की अपेक्षा से **दो किरिया विदिरित्तो पसज्जदे** चेतन की क्रिया, और अचेतन की क्रिया इन दोनों से आत्मा अव्यतिरिक्त अभिन्न-ठहरता है (एक हो जाता है)। **सम्म जिणावमद** और वह कथन सम्यक् है ऐसा - वास्तव में जिनभगवान को मान्य नहीं है। और जो यह द्विक्रियावादित्व (एक उपादन द्रव्य से दो क्रियायें) मानता है वह स्वभाव शुद्धात्मा की उपादेयरुचिरूप, निर्विकार चिच्चमत्कारमात्र लक्षणरूप शुद्धउपादान कारण से उत्पन्न होने वाले निश्चयसम्यक्त्व को प्राप्त नहीं होता हुआ मिथ्यादृष्टि होता है।।९१।।

अब द्विक्रियावादी मिथ्यादृष्टि क्यों होता है, ऐसा प्रश्न पूछनेवाले को द्विक्रियावादी मिथ्यादृष्टि ही होता है, यही बात दूसरे प्रकार से दृढ करते हैं -

गाथार्थ - (जम्हा दु) जिस कारण से, आत्मा के द्वारा (अत्तभाव) आत्मा का भाव (च) और (पुग्गलभाव) पुद्गल का भाव (दो वि) ये दोनों भी कार्य (कुव्वति) किये जाते हैं (तेण दु) लेकिन उस मान्यता से (दोकिरियावादिणो) वे दो क्रियाओं का एक द्रव्य को कर्ता कहने वाले (मिच्छादिट्ठी) मिथ्यादृष्टि (होंति) होते हैं।

टीकार्थ - **जम्हा दु अत्तभाव पुग्गलभाव च दो वि कुव्वति** जिस कारण से चैतन्यमय आत्मकार्य और अचेतनमय जडस्वरूप पुद्गलकार्य, इन दोनों कार्यों को एक उपादान से करता है, ऐसा (जो) मानते हैं। **तेण दु मिच्छादिट्ठी दो किरियावादिणो होंति** इसलिये एकद्रव्य से चेतन और अचेतन ऐसी दो क्रिया माननेवाले लोग मिथ्यादृष्टि हैं।

जम्हा दु अत्तभाव पुग्गलभाव च दो वि कुव्वति यस्मादात्मभाव चिद्रूप पुद्गलभाव चाचेतन जडस्वरूप द्वयमप्युपादानरूपेण कुर्वन्ति। **तेण दु मिच्छादिट्ठी दोकिरियावादिणो होंति** ततस्तेन कारणेन चेतनाचेतन-क्रियाद्वयवादिन पुरुषा मिथ्यादृष्टयो भवतीति। तथाहि-यथा कुभकार स्वकीयपरिणाममुपादानरूपेण करोति तथा घटमपि यद्युपादानरूपेण करोति तदा कुभकारस्याचेतनत्व घटरूपत्व प्राप्नोति। घटस्य वा चेतनत्व कुभकाररूपत्व च प्राप्नोतीति। तथा जीवोऽपि यद्युपादानरूपेण पुद्गलद्रव्यकर्मम् करोति तदा जीवस्याचेतनपुद्गलद्रव्यत्व प्राप्नोति। पुद्गलकर्मणो वा चिद्रूप जीवत्व प्राप्नोति।

किच-शुभाशुभ कर्म कुर्वेऽहमिति महाहकाररूप तमो मिथ्याज्ञानिना न नश्यति। तर्हि केषा नश्यतीति चेत्? विषयसुखानुभवानदवर्जिते वीतरागस्वसवेदनवेद्ये भूतार्थनयेनैकत्वव्यवस्थापिते चिदानन्दैकस्वभावे शुद्धपरमात्मद्रव्ये स्थितानामेव समस्त शुभाशुभपरभावशून्येन निर्विकल्पसमाधिलक्षणेन शुद्धोपयोगभावनावलेन सज्ञानिनामेव विलय विनाश गच्छति। तस्मिन्महाहकारविकल्पजाले नष्टे सति पुनरपि वधो न भवतीति ज्ञात्वा बहिर्द्रव्यविषये इद करोमीद न करोमीति दुराग्रह त्यक्त्वा रागादिविकल्पजालशून्ये पूर्णकलशवच्चिदानदैकस्वभावेन भरितावस्थे स्वकीय-परमात्मनि निरतर भावना कर्तव्येति भावार्थ । इति द्विक्रियावादिसक्षेपव्याख्यानमुख्यत्वेन गाथाद्वय गतम् ।।९२।।

जैसे - कुभकार उपादानरूप से स्वकीयपरिणाम करता है वैसे कुभकार खुद उपादान रूप से घट को भी करता है। यदि ऐसा मान लिया जाय तो कुम्हार को रूपत्व, अचेतनत्व और घटरूपत्व प्राप्त होता है अथवा घट को चेतनत्व और कुभकारत्व प्राप्त होता है। उसी प्रकार जीव भी यदि उपादानरूप से पुद्गल द्रव्यकर्म को करता है तब जीव को अचेतनत्व, पुद्गलद्रव्यत्व प्राप्त होता है। अथवा पुदगलकर्म को चेतनत्व, जीवत्व प्राप्त होता है। कुछ और कहते हैं - शुभ और अशुभ कर्म को मैं करता हूँ, ऐसा मिथ्याज्ञानियों का महाअहकाररूप अज्ञान अधकार नष्ट नहीं होता है।

शका - **तो किन लोगों का अज्ञान अधकार नष्ट होता है ?**

समाधान - **अध्यात्मभाषा से**	**आगमभाषा से**
(१) वीतराग स्वसवेदन के अनुभवरूप भूतार्थनय से एकत्व स्थापनरूप चिदानद एक स्वभावरूप शुद्ध परमात्म द्रव्य में स्थित होनेवालों के ही निर्विकल्प समाधिलक्षणरूप शुद्धोपयोग की भावभासना के वल से सज्ञानियों का ही अज्ञानअधकार नष्ट होता है।	(१) विषयसुखानुभवानद से रहित अवस्था में स्थित सम्यग्ज्ञानियों का सव शुभाशुभपरभाव से रहित होने से अज्ञान अधकार नष्ट होता है।
(२) वहाँ विकल्पजाल नष्ट होने से फिर वध नहीं होता है ऐसा जानकर पूर्ण कलश की भरितावस्था के समान चिदानद एक स्वभाव से स्वकीय परमात्मा में (स्वस्वभाव सिद्ध में) निरतर स्वानुभव करना चाहिए।	(२) वहाँ महाहकार नष्ट होने से फिर वध नहीं होता है ऐसा जानकर वहिर्द्रव्यविषय में "यह मैं करता हूँ, यह मैं नहीं करता हूँ," यह दुराग्रह छोडकर रागादिविकल्पजाल से रहित आत्मा की निरतर भावना करनी चाहिये।

अथ तस्यैव विशेषव्याख्यान करोति -

पुग्गलकम्मणिमित्त जह आदा कुणदि अप्पणो भाव।
पुग्गलकम्मणिमित्त तह वेददि अप्पणो भाव।।९३।।

पुग्गलकम्मणिमित्त जह आदा कुणदि अप्पणो भाव उदयागत द्रव्यकर्मनिमित्त कृत्वा यथात्मा निर्विकारस्वसवित्तिपरिणामशून्य सन् करोत्यात्मन सवधिन सुखदु खादिभाव परिणामम्। **पुग्गलकम्मणिमित्त तह वेददि अप्पणो भाव** तथैवोदयागतद्रव्यकर्मनिमित्त लब्ध्वा स्वशुद्धात्मभावनोत्थवास्तवसुखास्वादमवेदयन्सन् तमेव कर्मोदयजनितस्वकीयरागादिभाव वेदयत्यनुभवति। न च द्रव्यकर्मरूपपरभावमित्यभिप्राय ।।९३।।

अथ चिद्रूपानात्मभावानात्मा करोति तथैवाचिद्रूपान् द्रव्यकर्मादिपरभावान् पर पुद्गल करोतीत्याख्याति-

मिच्छत्त पुण दुविह जीवमजीव तहेव अण्णाण। (८७)
अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा।।९४।।

मिच्छत्त पुण दुविह जीवमजीव मिथ्यात्व पुनर्द्विविध जीवस्वभावमजीवस्वभाव च। **तहेव अण्णाण अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा** तथैव चाज्ञानमविरतिर्योगो मोह क्रोधादयोऽमी भावा पर्याया जीवरूपा अजीवरूपाश्च भवति मयूरमुकुरदवत्। तद्यथा -

---

ऐसा भावार्थ है। इस प्रकार द्विक्रियावादियों का कथन करने वाली दो गाथायें पूर्ण हो गई।।९२।।

अव उसका ही विशेष व्याख्यान करते हैं -

गाथार्थ - **(जह)** जिस प्रकार **(पुग्गलकम्मणिमित्त)** पुद्गलकर्म के निमित्त के सानिध्य में **(आदा)** आत्मा **(अप्पणो भाव)** अपने भाव को **(कुणदि)** करता है **(तह)** उसी प्रकार **(पुग्गलकम्मणिमित्त)** पुद्गलकर्म के निमित्त के सानिध्य में **(आदा)** आत्मा **(अप्पणो भाव)** अपने भाव को **(वेददि)** भोगता (अनुभवता) है।

टीकार्थ - **पुग्गलकम्मणिमित्त जह आदा कुणदि अप्पणोभाव** उदयागत द्रव्यकर्म को निमित्तमात्र करके जैसे निर्विकार स्वानुभूति से रहित होता हुआ आत्मा अपने सवधी सुखदु खादि भावस्वरूप परिणाम करता है। **पुग्गलकम्मणिमित्त तह वेददि अप्पणो भाव** उसी प्रकार उदयागत द्रव्यकर्म का निमित्त पाकर स्वशुद्धात्मानुभव से उत्पन्न वास्तविक सुखस्वाद की अनुभूति से रहित होने वाला आत्मा उस ही कर्मोदयजनित स्वकीयरागादिभाव को अनुभवता है, द्रव्यकर्मरूप परकीय भाव को नहीं करता है और नहीं अनुभवता है ऐसा अभिप्राय है।।९३।।

अव **आत्मा चिद्रूप आत्मभावों को करता है,** उस प्रकार ही **परपुद्गलद्रव्य अचैतन्यमय द्रव्यकर्मादि परभावों को करता है,** ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(पुण)** और पीछे की ता वृ ९२ गाथा में जो **(मिच्छत्त)** मिथ्यात्व कहा गया था वह **(दुविह)** दो प्रकार का है - **(जीव अजीव)** (१) जीव मिथ्यात्व, (२) अजीव मिथ्यात्व **(तहेव)** और उसी प्रकार **(अण्णाण)** अज्ञान **(अविरदि)** अविरति **(जोगो)** योग **(मोहो)** मोह **(कोहादीया)** क्रोधादि कषाय **(इमे भावा)** ये सभी भाव जीव और अजीव के भेद से दो-दो प्रकार के हैं।

यथा मयूरेण भाव्यमाना अनुभूयमाना नीलपीताद्याकारविशेषा मयूरशरीराकारपरिणता मयूर एव चेतना एव, तथा निर्मलात्मानुभूतिच्युतजीवेन भाव्यमाना अनुभूयमाना सुखदुःखादिविकल्पा जीव एवाशुद्धनिश्चयेन चेतना एव। यथा च मुकुरदेन स्वच्छतारूपेण भाव्यमाना प्रकाशमानमुखप्रतिविवादिविकारा मुकुरद एव अचेतना एव तथा कर्मवर्गणायोग्यपुद्गलद्रव्येणोपादानभूतेन क्रियमाणा ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्मपर्याया पुद्गल एव अचेतना एवेति।।९४।।

अथ कतिविधौ जीवाजीवाविति पृष्टे प्रत्युत्तरमाह -

पुग्गलकम्म मिच्छ जोगो अविरदि अणाणमज्जीव। (८८)
उवओगो अण्णाण अविरदि मिच्छत्त जीवो दु।।९५।।

पुग्गलकम्म मिच्छ जोगो अविरदि अणाणमज्जीव पुद्गलकर्मरूप मिथ्यात्व योगोऽविरतिरज्ञानमित्यजीव। **उवओगो अण्णाण अविरदि मिच्छत्त जीवो दु** उपयोगरूपो भावरूप शुद्धात्मादितत्त्वभावविषये विपरीतपरिच्छित्तिविकार-परिणामो जीवस्याज्ञान निर्विकारस्वसवित्तिविपरीताव्रतपरिणामविकारोऽविरति।

टीकार्थ - मिच्छत्त पुण दविह जीवमजीव तहेव अण्णाण अविरदि जोगो मोहो कोहादीया इमे भावा मयूर और दर्पण की तरह मिथ्यात्व भी जीवस्वभाव और अजीव स्वभाव वाला दो प्रकार का है, तथा ये अज्ञान, अविरति, योग, मोह और क्रोधादिकषायभाव जीवस्वभाव और अजीवस्वभाव ऐसे दो-दो प्रकार के हैं।

जैसे दर्पण के सामने मयूर है। मयूर के द्वारा पैदा किये हुए, अनुभव में आने वाले नील पीतादि आकारविशेष जो कि मयूर के शरीर के आकार रूप परिणत हो रहे हैं वे मयूर ही हैं, चेतनमय ही हैं, वैसे ही निर्मल आत्मानुभूति से च्युत हुए जीव के द्वारा उत्पन्न किये हुए अनुभव में आने वाले सुखदुःखादि विकल्परूप जो भाव हैं, वे अशुद्धनिश्चयनय से जीवरूप ही हैं, चेतनमय ही हैं। और जैसे स्वच्छतारूप दर्पण के द्वारा उत्पन्न किये हुए (दर्पण में) प्रकाशमान मुख आदि का प्रतिबिबादि विकारभाव दर्पणमयी हैं दर्पण ही हैं, अतएव अचेतन ही हैं उसी प्रकार उपादानभूत कर्मवर्गणायोग्य पुद्गलद्रव्य के द्वारा किये हुए ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्मरूप पर्यायें तो पुद्गलमय ही हैं अतएव अचेतन ही हैं।।९४।।

अव **कितने प्रकार के जीव और अजीव हैं** ? ऐसा पूछने पर उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - **(मिच्छ)** जो मिथ्यात्व **(जोगो)** योग **(अविरदि)** अविरति **(अण्णाण)** अज्ञान **(अज्जीव)** ये अजीव हैं वे तो **(पुग्गलकम्म)** पुद्गल कर्म हैं **(दु)** और **(अण्णाण)** जो अज्ञान **(अविरदि)** अविरति **(मिच्छत्त)** मिथ्यात्व **(जीवो)** ये जीव हैं वे तो **(उवओगो)** उपयोग हैं।

टीकार्थ - पुग्गलकम्म मिच्छ जोगो अविरदि अणाणमज्जीव पुद्गलकर्मरूप मिथ्यात्व, योग, अविरति ओर अज्ञान ये अजीव हैं। **उवओगो अण्णाण अविरदि मिच्छत जीवो दु** उपयोगरूप भाव जो शुद्धात्मादि तत्त्व के विषय में विपरीत जानकारीरूप विकारमय परिणाम है वह जीव का अज्ञान है, जो निर्विकार स्वानुभूति से विपरीत अव्रत विकारी परिणाम है वह जीव अविरति है। शुद्ध जीवादि पदार्थ के विषय में विपरीत अभिनिवेशरूप जो उपयोग की विकारमय विपरीत श्रद्धा है वह जीव मिथ्यात्व है, ये भाव जीव हैं।

विपरीताभिनिवेशोपयोगविकाररूप शुद्धजीवादिपदार्थविषये विपरीतश्रद्धान मिथ्यात्वमिति जीव । जीव इति कोऽर्थ ? जीवरूपा भावप्रत्यया इति।।९५।।

अथ शुद्धचैतन्यस्वभावजीवस्य कथ मिथ्यादर्शनादिविकारो जात इति चेत् -

उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्स। (८९)
मिच्छत्त अण्णाण अविरदि भावो य णादव्वो।।९६।।

उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि उपयोगलक्षणत्वादुपयोग आत्मा तस्य सवधित्वेऽनादिसतानापेक्षया त्रय परिणामा ज्ञातव्या । कथभूतस्य तस्य ? **मोहजुत्तस्स** मोहयुक्तस्य। के ते परिणामा ? **मिच्छत्त अण्णाण अविरदि भावो य णादव्वो** मिथ्यात्वमज्ञानमविरतिभावश्चेति ज्ञातव्य इति। तथाहि-यद्यपि शुद्धनिश्चयनयेन शुद्धवुद्धैकस्वभावो जीवस्तथाप्यनादिमोहनीयादिकर्मवधवशान्मिथ्यात्वाज्ञानाविरतिरूपास्त्रय परिणामविकारा सभवन्ति। तत्र शुद्धजीवस्वरूपमुपादेय मिथ्यात्वादिविकारपरिणामा हेया इति भावार्थ ।।९६।।

अथात्मनो मिथ्यात्वादित्रिविधपरिणामविकारस्य कर्तृत्वमुपदिशति -

एदेसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरजणो भावो। (९०)
ज सो करेदि भाव उवओगो तस्स सो कत्ता।।९७।।

शका - जीव यानि क्या ?

समाधान - ये जीवरूप भावप्रत्यय हैं।।९५।।

अव, **शुद्धचैतन्य स्वभाव वाले जीव को मिथ्यादर्शनादि विकार कैसे उत्पन्न हुए** ? यह वतलाते हैं -

गाथार्थ - **(उवओगस्स)** उपयोग के **(अणाई)** अनादि से **(मोहजुत्तस्स)** मोहयुक्त होने से **(मिच्छत्त)** मिथ्यात्व **(अण्णाण)** अज्ञान **(य)** और **(अविरदिभावो)** अविरतिभाव **(तिण्णि परिणामा)** ये तीन परिणाम हैं, ऐसा **(णादव्वो)** जानना चाहिये।

टीकार्थ - **उवओगस्य अणाई परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्य** उपयोग लक्षण होने से उपयोगरूप आत्मा है। उस मोहयुक्त आत्मा के अनादिकाल की सतान अपेक्षारूप सवधिपना होने से तीन परिणाम जानने चाहिये। **मिच्छत्त अण्णाण अविरदभावो य णादव्वो** वे परिणाम मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति हैं, ऐसा जानना चाहिये। यद्यपि शुद्धनिश्चयनय से शुद्धवुद्ध एक स्वभाव वाला जीव है, तथापि अनादि से मोहनीयादि कर्मबध के वश होने से मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति ये तीन विभाव परिणाम होते हैं। तो भी यहाँ शुद्धजीव स्वभाव ही उपादेय है और मिथ्यात्वादि विभाव परिणाम हेय हैं, ऐसा भावार्थ है।।९६।।

अव आत्मा को मिथ्यात्वादि त्रिविध विभावपरिणाम का कर्तृत्व है, यह कहते हैं -

गाथार्थ - **(एदेसु)** मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति इन तीनों में **(तिविहो)** जो त्रिविध **(उवओगो)** उपयोग है **(सो)** वह **(शुद्धनय से)** **(सुद्धो)** शुद्ध **(णिरजणो)** निरजन **(भावो)** एक भाव है **(य)** और **(अशुद्धनय से)** **(उवओगो)** उपयोग **(ज भाव)** जिस भाव को **(करेदि)** करता है **(सो)** वह उपयोग **(तस्स)** उस भाव का **(कत्ता)** कर्ता है।

वत्थु पडुच्च ज पुण अज्झवसाण तु होदि जीवाण वाह्यवस्तु चेतनाचेतन पचेंद्रियविषयभूत प्रतीत्य आश्रित्य जीवाना तत्प्रसिद्ध रागाद्यध्यवसान भवति। **ण हि वत्थुदो दु बधो** न हि वस्तुन सकाशाद्वधो भवति। तर्हि केन वध ? **अज्झवसाणेण बधोत्ति** वीतरागपरमात्मतत्त्वभिन्नेन रागाद्यध्यवसानेन वधो भवति। वस्तुन सकाशाद्बधो कथ न भवतीति चेत् ? अन्वयव्यतिरेकाभ्या व्यभिचारात्।

गाथार्थ - (एव) पहले हिंसा का अध्यवसान कहा था उसके समान (अलिए) असत्य में (अदत्ते) चोरी में (अबभचेरे) अब्रह्मचर्य में (चेव) और (परिग्गहे) परिग्रह में (ज) जो (अज्झवसाण) अध्यवसान (कीरदि) किया जाता है (तेण दु) उससे ही (पाव) पाप (बज्झदे) वन्ध होता है।

(तह वि य) और उसी प्रकार (सच्चे) सत्य में (दत्ते) अचौर्य में (वभे) ब्रह्मचर्य में (चेव) और (अपरिग्गहत्तणे) अपरिग्रह में (ज) जो (अज्झवसाण) अध्यवसान (कीरदि) किया जाता है (तेण दु) उससे ही (पुण्ण) पुण्य (बज्झदे) वध होता है।

टीकार्थ - इस प्रकार असत्य, चौर्य, अब्रह्मचर्य और परिग्रह में जो अध्यवसान भाव किया जाता है उससे पाप का बध होता है। यह प्रथम गाथा का अर्थ हुआ। और सत्य अचौर्य, ब्रह्मचर्य तथा अपरिग्रह में जो अध्यवसान भाव किया जाता है, उससे पुण्य का बध होता है। इस प्रकार अव्रत और व्रत इनके विषय में पाप और पुण्य का बध होता है, यह कथन करनेवाली दो गाथायें पूर्ण हुई।। २७६, २७७।।

अब इसके आगे परिणामों की मुख्यता से इन्हीं दो गाथाओं का १३ गाथाओं से विशेष वर्णन करते हैं। यहाँ कहते हैं कि, वाह्य वस्तु रागादि परिणामों के होने के लिए कारण है, और रागादि परिणाम बध का कारण है -

गाथार्थ - (पुण) और (वत्थु पडुच्च) वस्तु का अवलवन करके (जीवाण) जीवों के (ज अज्झवसाण) जो अध्यवसान (होदि) होता है (तु) तो भी (वत्थुदो) वस्तु से (ण हि बधो) बध नहीं होता है (दु) लेकिन वास्तव में (अज्झवसाणेण) अध्यवसान से ही (बधोत्ति) वध होता है।

---

[1] पाठान्तर - य

दुक्खिदसुहिदे जीवे करेमि बधेमि तह विमोचेमि दु खितसुखितान् जीवान् करोमि, वध्नामि (वधयामि), तथा विमोचयामि। **जा एसा तुज्झ मदी णिरत्थया सा हु दे मिच्छा** या एपा तव मति सा निरर्थिका निष्प्रयोजना **हु** स्फुट। **दे** अहो तत कारणात् मिथ्या वितथा व्यलीका भवति। कस्मात् ? इति चेत्, भवदीयाध्यवसाने सत्यपि परजीवाना सातासातोदयाभावात् सुखदु खाभाव स्वकीयशुद्धाशुद्धाध्यवसानाभावात् बधो मोक्षाभावश्चेति।।२७९।।

अथ कस्मादध्यवसान स्वार्थक्रियाकारि न भवतीति चेत् -

अज्झवसाणणिमित्त जीवा बज्झति कम्मणा जदि हि। (२६७)
मुच्चंति मोक्खमग्गे ठिदा य ते कि करोसि तुम।।२८०।।

अज्झवसाणणिमित्त जीवा बज्झति कम्मणा जदि हि मिथ्यात्वरागादिस्वकीयाध्यवसाननिमित्त कृत्वा ते जीवा नियचयेन कर्मणा वध्यन्ते इति चेत् ? **मुच्वति मोक्खमग्गे ठिदा य ते** शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धान-ज्ञानानुचरणरूपनिश्चयरत्नत्रयलक्षणे मोक्षमार्गे स्थिता पुनर्मुच्यते यदि चेत्ते जीवा। **कि करोसि तुम** तर्हि कि करोषि त्व हे दुरात्मन्! न किमपीति, त्वदीयाध्यवसान स्वार्थक्रियाकारि न भवति।।२८०।।

स्वकीय अशुद्ध शुद्धाध्यवसान का अभाव होने से वध और मोक्ष का अभाव होता है। (आपके अध्यवसानभाव करने पर भी यदि उन जीवों का अध्यवसानभाव न होने पर वे बद्ध नहीं होते हैं या मुक्त नहीं होते हैं और आपके अध्यवसान भाव न करने पर भी यदि उन जीवों का राग सहित अध्यवसानभाव है, तो वे बद्ध होते हैं या उन जीवों का वीतरागभाव है तो वे मुक्त होते हैं।)।।२७९।।

अब, **अध्यवसान स्वार्थक्रियाकारी क्यों नहीं है** ? इसका उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - **(जदि हि)** यदि वास्तव में **(अज्झवसाणणिमित्त)** अध्यवसान के निमित्त से **(जीवा)** जीव **(कम्मणा)** कर्मो से **(बज्झति)** बधते हैं **(य)** और **(मोक्खमग्गे)** मोक्षमार्ग में **(ठिदा)** स्थित **(ते)** वे **(मुच्वंति)** कर्मो से मुक्त होते हैं तो **(तुम)** तू **(कि करोसि)** क्या करता ? (अर्थात् तेरे अध्यवसान से दूसरे की कुछ भी अर्थक्रिया नहीं हुई।)

टीकार्थ - यदि अपने मिथ्यात्व-रागादि अध्यवसान को निमित्त करके वे जीव अशुद्ध निश्चयनय से भाव कर्मो से बाधे जाते हैं। और यदि शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूप निश्चय रत्नत्रय लक्षणवाले मोक्षमार्ग में जो जीव स्थित हैं वे कर्मो से मुक्त होते हैं, तो फिर, हे दुरात्मन् ! तू उनका क्या कर सकता है? तू उन जीवों का कुछ भी नहीं कर सकता है। इसलिये तेरा अध्यवसान कुछ भी स्वार्थक्रियाकारी नहीं है।।२८०।।

अब, जीव स्वकीय पापोदय से दु खी होते हैं और तुम्हारे अध्यवसानभाव से वे दु खी नहीं होते हैं, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(जदि)** यदि **(सत्ता)** जीव **(कम्मेण)** अपने कर्मो से **(दुहिदा)** दु खी होते हैं **(तु)** तो मैं **(सत्ते)** जीवों को **(कायेण)** शरीर से **(दुक्खवेमिय)** दु खी करता हूँ **(एव)** इस प्रकार से तू **(ज मदि)** जो बुद्धि **(कुणसि)** करता है **(सव्वावि एस मिच्छा)** वह सब विकल्पमय बुद्धि भी मिथ्या है।

अथ दु खिता जीवा स्वकीयपापोदयेन भवति न च भवदीय परिणामेनेति -

कायेण दुक्खवेमिय सत्ते एवं तु ज मदि कुणसि।
सव्वावि एस मिच्छा दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।२८१।।

वाचाए दुक्खवेमिय सत्ते एव तु ज मदि कुणसि।
सव्वावि एस मिच्छा दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।२८२।।

मणसाए दुक्खवेमिय सत्ते एव तु ज मदि कुणसि।
सव्वावि एस मिच्छा दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।२८३।।

सच्छेण दुक्खवेमिय सत्ते एव तु जं मदि कुणसि।
सव्वावि एस मिच्छा दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।२८४।।

कायेण इत्यादि स्वकीयपापोदयेन जीवा दु खिता भवति यदि चेत्? तेषा जीवाना स्वकीयपापकर्मोदयाभावे भवतो किमपि कर्तुं नायाति इति हेतो । मनोवचनकायै शस्त्रैश्च जीवान् दु खितान् करोमि इति रे दुरात्मन्! त्वदीया मतिर्मिथ्या ! पर किंतु स्वस्वभावच्युतो भूत्वा त्व पापमेव वध्नासि इति।।२८१ से २८४।।

अथ सुखिता अपि निश्चयेन स्वकीयशुभकर्मोदये सति भवतीति कथयति -

(जदि) यदि (सत्ता) जीव (कम्मेण) अपने कर्मो से (दुहिदा) दु खी होते हैं (तु) तो मैं (सत्ते) जीवों को (वाचाए) वचन से (दुक्खवेमिय) दु खी करता हूँ (एव) इस प्रकार से तू (ज मदि) जो वुद्धि-विकल्प (कुणसि) करता है (सव्वावि एस मिच्छा) वह सब बुद्धि भी मिथ्या है।

(जदि) यदि (सत्ता) जीव (कम्मेण) अपने कर्मों से (दुहिदा) दु खी होते हैं (तु) तो मैं (सत्ते) जीवों को (मणसाए) मन से (दुक्खवेमिय) दु खी करता हूँ (एव) इस प्रकार से तू (ज मदि) जो वुद्धि (कुणसि) करता है (सव्वावि एस मिच्छा) वह सव वुद्धि भी मिथ्या है।

(जदि) यदि (सत्ता) जीव (कम्मेण) अपने कर्मों से (दुहिदा) दु खी होते हैं (तु) तो मैं (सच्छेण) शस्त्रों से (सत्ते) जीवों को (दुक्खवेमिय) दु खी करता हूँ (एव) इस प्रकार से तू (ज मदि) जो वुद्धि (कुणसि) करता है (सव्वावि एस मिच्छा) वह सब बुद्धि भी मिथ्या है।

टीकार्थ - यदि जीव स्वकीय पापोदय से दु खी होते हैं तो उन जीवों के स्वकीय पापोदय के अभाव में आपको कुछ भी करने को नहीं आता है, यह कारण है। तो हे दुरात्मन्! 'मैं मन वचन काय से और शस्त्रों से जीवों को दु खी करता हूँ,' यह तेरी बुद्धि मिथ्या है। लेकिन तू स्वस्वभाव से (स्वानुभव से), च्युत होकर पाप को ही बाधता है।।२८१ से २८४।।

अब, अशुद्ध निश्चयनय से स्वकीय शुभकर्मोदय होने पर जीव सुखी होते हैं, ऐसा कहते हैं -

कायेण च वाचा वा मणेण सुहिदे करेमि सत्ते त्ति।
एव पि हवदि मिच्छा सुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।२८५।।

स्वकीयकर्मोदयेन जीवा यदि चेत् सुखिता भवति, न च त्वदीयपरिणामेन तर्हि मनोवचनकायैर्जीवान् सुखितानह करोमि इति भवदीया मतिर्मिथ्या। एव तवाध्यवसान स्वार्थक न भवति। पर किंतु निरुपरागपरमचिज्ज्योति स्वभावे स्वशुद्धात्मतत्त्वमश्रद्दधान, तथैवाजानन् अभावयश्च तेन शुभपरिणामेन पुण्यमेव वध्नाति इत्यर्थ।।२८५।।

अथ स्वस्वभावप्रतिपक्षभूतेन च रागाद्यध्यवसानेन मोहित सन्नय जीव समस्तमपि परद्रव्यमात्मनि नियोजयति इत्युपदिशति -

सव्वे करेदि जीवो अज्झवसाणेण तिरियणेरइए। (२६८)
देवमणुये य सव्वे पुण्ण पाव च णेयविह।।२८६।।
धम्माधम्म च तहा जीवाजीवे अलोगलोग च। (२६९)
सव्वे करेदि जीवो अज्झवसाणेण अप्पाण।।२८७।।

गाथार्थ - (जदि) यदि (सत्ता) जीव (कम्मेण) अपने कर्मों से (सुहिदा) सुखी होते हैं (त्ति) तो फिर मैं (कायेण च वाचा वा मणेण) मन अथवा वचन अथवा काया से (सत्ते) जीवों को (सुहिदे) सुखी (करेमि) करता हूँ (एव पि मिच्छा) ऐसी वुद्धि भी मिथ्या (हवदि) है।

टीकार्थ - यदि जीव स्वकीय कर्मोदय से सुखी होते हैं, और तेरे परिणाम से सुखी नहीं होते हैं, तो फिर "मैं मन-वचन-काय के द्वारा जीवों को सुखी करता हूँ," यह आपकी मति मिथ्या है। इस प्रकार तेरा अध्यवसान स्वार्थक्रियाकारी नहीं है। किन्तु निरुपराग परम चेतन्य ज्योति स्वभावमय शुद्धात्मतत्त्व का श्रद्धान न होने से, वैसा ही ज्ञान न होने से और वैसा ही अनुभव न करने से उस शुभ परिणाम से पुण्य ही वाधता है।। २८५।।

अव, स्वस्वभाव से प्रतिपक्षभूत रागादि अध्यवसान से मोहित होकर यह जीव सभी परद्रव्यों को अपने आत्मा में (अपने स्वभावमय) मानता है, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - (जीवो) जीव (अज्झवसाणेण) अध्यवसान से (तिरियणेरइए) तिर्यंच, नारक (य) और (देवमणुये) देव, मनुष्य (सव्वे) इन सव पर्यायरूप (च) और (णेयविह पुण्ण पाव) अनेक प्रकार के पुण्य पापों को अपने (करेदि) करता है।

(तहा च) और उसी प्रकार (जीवो) जीव (अज्झवसाणेण) अध्यवसान से (धम्माधम्म) धर्म-अधर्म (जीवाजीवे) जीव-अजीव (च अलोगलोग) अलोक और लोक (सव्वे) इन सभी को (अप्पाण) आत्मस्वरूप (करेदि) करता है।

टीकार्थ - उदयागत नरकगति आदि कर्म के वश से नारक, तिर्यंच, मनुष्य, देव, पाप और पुण्यरूप कर्मजनित भावों को अपने आत्म स्वभावरूप - आत्मा से सवधरूप मानता है।

उदयागतनरकगत्यादिकर्मवशेन नारकतिर्यङ्मनुष्यदेवपापपुण्यरूपान् कर्मजनितभावान् आत्मान करोति आत्मन सवधात्करोति। निर्विकारपरमात्मतत्त्वज्ञानाद् भ्रष्ट सन् नारकोऽहमित्यादिरूपेण, उदयागतकर्मजनितविभावपरिणामान् आत्मनि योजयतीत्यर्थ । धर्माधर्मास्तिकायजीवाजीवलोकालोकज्ञेयपदार्थान् अध्यवसानेन तत्परिच्छित्तिविकल्पेनात्मान करोति, आत्मन सवधात् करोतीत्यभिप्राय ।

कि च, यथा घटाकारपरिणत ज्ञान घट इत्युपचारणोच्यते तथा धर्मास्तिकायादिज्ञेयपदार्थविषये धर्मोऽयमित्यादि योऽसौ परिच्छित्तिरूपो विकल्प सोऽप्युपचारेण धर्मास्तिकायादिर्भण्यते। कथ ? इति चेत्, धर्मास्तिकायादिविषयत्वात्। स्वस्वभावच्युतो भूत्वा यदा धर्मास्तिकायोयमित्यादिविकल्प करोति तदा तस्मिन् विकल्पे कृते सति धर्मास्तिकायादिरप्युपचारेण कृतो भवति इति।।२८६, २८७।।

अथ निश्चयेन परद्रव्याद्भिन्नोऽपि यस्य मोहस्य प्रभावात् आत्मान परद्रव्ये योजयति स मोहो येषा नास्ति त एव तपोधना इति प्रकाशयति -

एदाणि णत्थि जेसि अज्झवसाणाणि एवमादीणि। (२७०)
ते असुहेण सुहेण य कम्मेण मुणी ण लिप्पति।।२८८।।

एदाणि णत्थि जेसि अज्झवसाणाणि एवमादीणि एतान्येवमादीनि पूर्वोक्तानि शुभाशुभाध्यवसानानि कर्मबधनिमित्तभूतानि न सति येषा **ते असुहेण सुहेण य कम्मेण मुणी ण लिप्पति** त एव मुनीश्वरा शुभाशुभकर्मणा न लिप्यन्ते।

निर्विकार परमात्म तत्त्व के अनुभव से भ्रष्ट होकर "में नारकी हूँ," इत्यादिरूप से उदयागत कर्मजनित विभाव परिणामों को अपने आत्मा के स्वभाव में योजता (मानता) है। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, जीव, अजीव, लोक, अलोक आदि ज्ञेयपदार्थो को और उनकी जानकारीरूप विकल्पों को अध्यवसान से अपने आत्म स्वभावमय मानता है। जैसे घटाकार परिणत ज्ञान को उपचार से 'घट' ऐसा कहते हैं, वेसे धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, जीव, अजीव, आकाश आदि ज्ञेयपदार्थो के विपय मे "यह धर्मद्रव्य है" इत्यादि ज्ञानरूप विकल्प को भी उपचार से धर्मास्तिकाय आदि कहते हैं, क्योंकि यह विकल्प धर्मास्तिकाय आदि को विषय करनेवाला है। स्वस्वभाव से (स्वानुभव से) च्युत होकर जव "यह धर्मास्तिकाय हे" इत्यादि विकल्प करता है, तव वह विकल्प करते समय उपचार से उनको धर्मास्तिकायादि ऐसा कहते हैं।।२८६,२८७।।

अव, निश्चयनय से आत्मा परद्रव्यों से भिन्न हे, तो भी जिस मोह के प्रभाव से आत्मा को परद्रव्य में योजता है (मानता है), वह **मोहभाव जिनको नहीं है वे ही तपोधन हैं,** ऐसा दिखाते हैं -

गाथार्थ - (**एदाणि**) ये पूर्व में कहे गये अध्यवसान (**एवमादीणि**) तथा इसी तरह के अन्य भी (**अज्झवसाणाणि**) अध्यवसान (**जेसि**) जिनके (**णत्थि**) नहीं हैं (**ते मुणी**) वे मुनि (**असुहेण**) अशुभ (**य**) और (**सुहेण**) शुभ (**कम्मेण**) कर्म से (**ण लिप्पति**) लिप्त नहीं होते हैं।

टीकार्थ - ये पहले बताये गये और इसी प्रकार के अन्य भी कर्मबध के निमित्तभूत शुभाशुभ अध्यवसानभाव जिनके नहीं हैं, वे ही मुनीश्वर शुभाशुभ कर्म से लिप्त नहीं होते हैं।

कि च विस्तर, शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूप निश्चयरत्नत्रयलक्षण भेदविज्ञान यदा न भवति तदाह जीवान् हिनस्मीत्यादि हिसाध्यवसान, नारकोहमित्यादि कर्मोदयाध्यवसान, धर्मास्तिकायोयमित्यादि ज्ञेय पदार्थाध्यवसान च निर्विकल्पशुद्धात्मन सकाशाद्भिन्न न जानातीति। तदजानन् हिसाध्यवसानविकल्पेन सहात्मानमभेदेन श्रद्दधाति, जानाति, अनुचरति च ततो मिथ्यादृष्टिर्भवति मिथ्याज्ञानी भवति मिथ्याचारित्री भवति। तत कर्मबन्ध स्यात्। यदा पुन पूर्वोक्तभेदविज्ञान भवति तदा सम्यग्दृष्टिर्भवति सम्यग्ज्ञानी भवति सम्यक्चारित्री भवति तत कर्मबन्धो न भवतीति भावार्थ ।।२८८।।

कियत काल परभावानात्मनि योजयतीति चेत्,

जा सकप्पवियप्पो ता कम्म कुणदि असुहसुहजणय।
अप्पसरूवा रिद्धी जाव ण हियए परिप्फुरइ।।२८९।।

यावत्काल वहिर्विषये देहपुत्रकलत्रादौ ममेतिरूप सकल्प करोति अभ्यतरे हर्षविषादरूप विकल्प च करोति तावत्कालमनतज्ञानादिसमृद्धिरूपमात्मन हृदये न जानाति। यावत्कालमित्थभूत आत्मा हृदये न परिस्फुरति तावत्काल शुभाशुभजनक कर्म करोतीत्यर्थ ।।२८९।।

इसका स्पष्टीकरण यह है कि, शुद्धात्म सम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूप निश्चय रत्नत्रय लक्षण वाला भेदज्ञान जब नहीं होता है तब 'मैं जीवों को मारता हूँ' इत्यादि हिसात्मक अध्यवसान को, 'मैं नारकी हूँ' इत्यादि कर्मोदयजनित अध्यवसान को, और 'यह धर्मास्तिकाय है' इत्यादि ज्ञेयपदार्थ के अध्यवसान को निर्विकल्प स्वभावशुद्धात्मा से भिन्न नहीं जानता है। उसे न जाननेवाला हिसाध्यवसान आदि विकल्प के साथ अपने आत्मस्वभाव को अभेद करके श्रद्धान करता है, जानता हे, और आचरण करता है, इसलिये वह जीव मिथ्यादृष्टि है, मिथ्याज्ञानी है और मिथ्याचारित्री है। इसलिये उसे कर्मवध होता है। जव पूर्वोक्त हिसादि अध्यवसान को अपने आत्मस्वभाव से भिन्न जाननेवाला ऐसा भेदविज्ञान होता है, तव वह जीव (चतुर्थादिगुणस्थानवर्ती) सम्यग्दृष्टि, सम्यग्ज्ञानी और सम्यक्चारित्रवाला होता है, इसलिये उस भेदज्ञानी को कर्मवध नहीं होता है, ऐसा भावार्थ है।।२८८।।

यह जीव परभावों को अपने आत्म स्वभाव में कब तक योजता (मानता) है ? इसका कथन करते हैं -

गाथार्थ - **(जा)** जब तक **(सकप्पवियप्पो)** सकल्प-विकल्प हैं तव तक **(अप्पसरूवारिद्धी)** आत्मस्वभावमय ऋद्धि (स्वात्मानुभूति) **(हियए)** हृदय में **(ण परिप्फुरइ)** प्रगट नहीं होती है **(जाव)** जव तक स्वानुभूति प्रकट नहीं होती है **(ता)** तब तक वह जीव **(असुहसुहजणय)** अशुभ शुभ जनक **(कम्म)** कर्म **(कुणदि)** करता है।

टीकार्थ - जव तक देह-पुत्र-कलत्र आदि बाह्यविषयों में "ये सव मेरे हैं" ऐसा ममत्वभावमय सकल्प करता है और अभ्यतर में (अतरग में) "हर्षविषादरूप" विकल्प करता है तव तक अनतज्ञानादि समृद्धिमय आत्मस्वभाव को हृदय में नहीं जानता है। जव तक इस प्रकार स्वात्मानुभव हृदय में प्रगट नहीं होता है, तव तक शुभाशुभजनक कर्म करता है।।२८९।।

अथाध्यवसानस्य नाममालामाह -

बुद्धी ववसाओवि य अज्झवसाण मदी य विण्णाण। (२७१)
एक्कट्ठमेव सव्व चित्त भावो य परिणामो।।२९०।।

बोधन वुद्धि, व्यवसन व्यवसाय, अध्यवसानमध्यवसाय, मनन पर्यालोचन मतिश्च, विज्ञायते अनेनेति विज्ञान, चितन चित्त, भवन भाव, परिणमन परिणाम, इति शब्दभेदेपि नार्थभेद, किंतु सर्वोऽपि समभिरूढनयापेक्षयाऽध्यवसानार्थम् एव। कथ ? इति चेत्, यथेंद्र शक्र पुरदर इति। एव व्रते पुण्य, अव्रतै पापमिति कथनेन सूत्रद्वय पूर्वमेव व्याख्यात तस्यैव सूत्रद्वयस्य विशेषविवरणार्थं वाह्य वस्तु रागाद्यध्यवसानकारण रागाद्यध्यवसान तु बधकारणमिति कथनमुख्यत्वेन त्रयोदशगाथा गता, इति समुदायेन पचदशसूत्रैश्च चतुर्थ स्थल समाप्तम्।।२९०।।

अत परमभेदरत्नत्रयात्मकनिर्विकल्पसमाधिरूपेण निश्चयनयेन विकल्पात्मकव्यवहारनयो हि वाध्यत इति कथनमुख्यत्वेन गाथाषट्कपर्यंत व्याख्यान करोति -

एव ववहारणओ पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण। (२७२)
णिच्छयणयसल्लीणा[१] मुणिणो पावति णिव्वाण।।२९१।।

एव ववहारणओ पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण एव पूर्वोक्त प्रकारेण परद्रव्याश्रितत्वाद् व्यवहारनय प्रतिषिद्ध इति जानीहि। केन कर्तृभूतेन ? शुद्धात्मद्रव्याश्रितनिश्चयनयेन। कस्मात् ? **णिच्छयणयसल्लीणा मुणिणो पावति णिव्वाण** निश्चयनयमालीना आश्रिता स्थिता सतो मुनयो निर्वाण लभते यत कारणादिति।

अव, अध्यवसान शब्द के पर्यायवाची नाम कहते हैं -

गाथार्थ - (**बुद्धी**) वुद्धि (**ववसाओ वि य**) व्यवसाय ओर (**अज्झवसाण**) अध्यवसान (**मदी**) मति (**य**) और (**विण्णाण**) विज्ञान (**चित्त**) चित्त (**भावो**) भाव (**य**) ओर (**परिणामो**) परिणाम (**सव्व**) ये सव (**एक्कट्ठमेव**) एकार्थ ही हैं, नाम भेद है, इनका अर्थ भिन्न नहीं है।

टीकार्थ - वोधन याने जाननमात्र सो **बुद्धि**, व्यवसन अर्थात् जाननेमात्र के रूप में क्रिया सो **व्यवसाय**, अध्यवसान याने समझ लेना सो **अध्यवसाय**, मनन अर्थात् पर्यालोचन करना सो **मति**, विज्ञान अर्थात् जिसके द्वारा विशेष को जाने सो **विज्ञान**, चिन्तन याने चितवन (स्मरण) करना वह **चित्त**, भवन याने चेतना का होना सो **भाव**, परिणमन याने चेतना का परिणमन सो **परिणाम**, इस प्रकार शव्दभेद है तो भी अर्थभेद नहीं हे। किन्तु समभिरूढनय की अपेक्षा से सभी शव्दों का अर्थ **अध्यवसान** ऐसा ही है। जेसे इद्र, शक्र, पुरदर एकार्थ वाचक हें।

इस प्रकार व्रतों से पुण्य, अव्रतों से पाप होता है-ऐसा जो पूर्व में दो गाथाओं के द्वारा कहा गया था, उन दोनों गाथाओं का ही विशेष विवरण करने के लिये वाह्यवस्तु रागादि अध्यवसान का कारण है और रागादि अध्यवसान वध का कारण है, इस कथन की मुख्यता से १३ गाथायें पूर्ण हुई। इस प्रकार समुदाय रूप से १५ गाथाओं के द्वारा चतुर्थ स्थल का कथन समाप्त हुआ।।२९०।।

---

[१] पाठान्तर - णिच्छयणयासिदा

किं च, यद्यपि प्राथमिकापेक्षया प्रारम्भप्रस्तावे सविकल्पावस्थाया निश्चयसाधकत्त्वाद् व्यवहारनय सप्रयोजनस्तथापि विशुद्धज्ञान दर्शनलक्षणे शुद्धात्मनि स्थिताना निष्प्रयोजन इति भावार्थ । कथ निष्प्रयोजन ? इति चेत्, कर्मभिरमुच्यमानेना-भव्येनाप्याश्रियमाणत्वात् ।। २९१ ।।

वदसमिदीगुत्तीओ सीलतव जिणवरेहि पण्णत्त। (२७३)
कुव्वतो वि अभव्वो अण्णाणी मिच्छदिट्ठी दु ।।२९२।।

वदसमिदीगुत्तीओ सीलतव जिणवरेहि पण्णत्त व्रतसमितिगुप्तिशीलतपश्चरणादिक जिनवरै प्रज्ञप्त कथित। **कुव्वतो वि अभव्वो अण्णाणी मिच्छदिट्ठीओ** मदमिथ्यात्वमदकषायोदये सति कुर्वन्नप्यभव्यो जीवस्त्वज्ञानी भवति मिथ्यादृष्टिश्च भवति। कस्मात् ? इति चेत्, मिथ्यात्वादिसप्तप्रकृत्युपशमक्षयोपशमक्षयाभावात् शुद्धात्मोपादेयश्रद्धाना-भावात् इति।।२९२।।

इसके आगे, अभेदरत्नत्रयात्मक निर्विकल्पसमाधिरूप निश्चयनय से विकल्पात्मक व्यवहारनय का निषेध किया जाता है, इस कथन की मुख्यता से छ गाथाओं तक व्याख्यान करते हैं -

गाथार्थ - (एव) इस प्रकार (**वदहारणओ**) व्यवहारनय (**णिच्छयणयेण**) निश्चयनय से (**पडिसिद्धो**) निषिद्ध (**जाण**) जानो और (**णिच्छयणयसल्लीणा**) निश्चयनय में लीन रहनेवाले (**मुणिणो**) मुनि (**णिव्वाण**) निर्वाण (**पावति**) प्राप्त करते हैं।

टीकार्थ - इस प्रकार जो पहले कहा गया है उससे परद्रव्य के आश्रित होने से व्यवहारनय निषिद्ध है, ऐसा जानो।

शका - किसके द्वारा व्यवहारनय निषिद्ध है ?

समाधान - स्वशुद्धात्मद्रव्य आश्रित निश्चयनय से परद्रव्य को आश्रय करनेवाला विकल्पात्मक व्यवहारनय निषिद्ध है।

शका - क्यों ?

समाधान - निश्चयनय में लीन रहनेवाले (निश्चयनय के विषय का आश्रय करनेवाले) मुनि निर्वाण प्राप्त करते हैं (और व्यवहारनय का आश्रय करने से विकल्प होता है इस कारण से निश्चयनय से व्यवहारनय का निषेध किया जाता है।)

और विशेष यह है कि, यद्यपि प्राथमिक अपेक्षा से याने (मिथ्यादृष्टि अथवा सविकल्प भूमिका की अपेक्षा से) प्रारभ की सविकल्प अवस्था में (शुद्ध द्रव्य का, द्रव्य-गुण-पर्याय का ज्ञान होने के लिये) निश्चय का साधक होने से व्यवहारनय सप्रयोजन है, तथापि विशुद्धज्ञानदर्शन लक्षणवाले शुद्धात्मा में स्थित होनेवाले को (स्वानुभव करने के लिये) व्यवहारनय निष्प्रयोजन है। ऐसा भावार्थ है।

शका - व्यवहारनय निष्प्रयोजन कैसे है ?

समाधान - कर्मों से बद्ध रहनेवाले अभव्य जीव के द्वारा भी व्यवहारनय का आश्रय किया जाता है। (लेकिन निश्चयनय का आश्रय न कर पाने से स्वशुद्धात्मानुभव नहीं होता है। इसलिये व्यवहारनय का आश्रय करनेवाले का मोक्षमार्ग शुरु नहीं होता है और उसे मोक्ष प्राप्त नहीं होता है)।। २९१ ।।

अथ तस्यैकादशागश्रुतज्ञानमस्ति कथमज्ञानी ? इति चेत् -

मोक्खं असद्दहंतो अभवियसत्तो दु जो अधीयेज्ज। (२७४)
पाठो ण करेदि गुणं असद्दहंतस्स णाणं तु।।२९३।।

मोक्ख असद्दहतो अभवियसत्तो दु जो अधीयेज्ज मोक्षमश्रद्दधान सन्नभव्यजीवो यद्यपि ख्यातिपूजालाभार्थमेकादशागश्रुताध्ययन कुर्यात्। **पाठो ण करेदि गुण** तथापि तस्य शास्त्रपाठ शुद्धात्मपरिज्ञानरूप गुण न करोति। कि कुर्वन्तस्तस्य ? **असद्दहंतस्स णाण तु** अश्रद्दधतोऽरोचमानस्य। किम् ? ज्ञानम्। कोऽर्थ ? शुद्धात्मसम्यक्श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूपेण निर्विकल्पसमाधिना प्राप्य गम्य शुद्धात्मस्वरूपमिति। कस्मान्न श्रद्धत्ते ? दर्शनचारित्रमोहनीयोपशमक्षयोपशमक्षयाभावात्। तदपि कस्मात् ? अभव्यत्वादिति भावार्थ ।।२९३।।

गाथार्थ :- **(अभव्वो दु अण्णाणी)** अभव्य अथवा अज्ञानीभव्य-स्वानुभव रहित जीव **(वदसमिदीगुत्तीओ सीलतव)** व्रत, समिति, गुप्ति, शील और तपश्चरण को **(कुव्वतो वि)** करता हुआ भी **(मिच्छदिट्ठी)** मिथ्यादृष्टि रहता है ऐसा **(जिणवरेहि)** जिनवरों ने **(पण्णत्त)** कहा है।

टीकार्थ - मिथ्यात्व का मद उदय तथा कषाय का मद उदय होने पर जिनवरों के द्वारा कहे हुए व्रत, समिति, गुप्ति, शील, तपश्चरण आदि (व्यवहार) को करनेवाला अभव्यजीव अथवा भव्यजीव अज्ञानी और मिथ्यादृष्टि ही रहता है।

शका - अभव्यजीव अथवा अज्ञानी भव्यजीव व्रतादिक का (व्यवहारनय का) आश्रय करते हुए भी मिथ्यादृष्टि क्यों रहता है ?

समाधान - आगमभाषा से	अध्यात्मभाषा से
अभव्यजीव अथवा अज्ञानी भव्यजीव व्यवहार का (व्रतादिक का) आश्रय करते हुए भी मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम, क्षमोपशम, क्षय न होने से मिथ्यादृष्टि रहता है।	अभव्य जीव अथवा अज्ञानी भव्यजीव स्वशुद्धात्म स्वभाव उपादेय है ऐसा श्रद्धान (अर्थात् स्वशुद्धात्म स्वभाव का आश्रय) न करने से मिथ्यादृष्टि रहता है।।२९२।।

अब, अभव्यजीव को अथवा अज्ञानी भव्यजीव को ११ अग का श्रुतज्ञान होता है, तो वह अज्ञानी कैसे? उसका उत्तर कहते हैं -

गाथार्थ - **(जो)** जो **(अभवियसत्तो)** अभव्य जीव **(अधीयेज्ज)** शास्त्र का पाठ भी करता है **(तु)** किन्तु **(मोक्ख)** मोक्षस्वरूप अपने शुद्ध स्वभाव का **(असद्दहतो)** श्रद्धान अनुभव व प्रतीति नहीं करता है **(दु)** इसलिये **(णाण असद्दहतस्स)** ज्ञान का श्रद्धान नहीं करने वाले उस अभव्यजीव का अथवा अज्ञानी भव्यजीव का **(पाठो)** शास्त्र का अभ्यास **(गुण ण करेदि)** लाभदायक नहीं होता है अर्थात् उसको स्वानुभव नहीं होता है।

टीकार्थ - मोक्ष स्वरूप अपने शुद्ध स्वभाव का श्रद्धान न करनेवाला अभव्यजीव यद्यपि ख्याति, पूजा, लाभ आदि के लिये ११ अग श्रुत का अभ्यास करे तो भी उसका शास्त्राध्ययन शुद्धात्म परिज्ञान स्वरूप (स्वानुभव स्वरूप) गुण को नहीं करता है।

अथ तस्य पुण्यरूपधर्मादिश्रद्धानमस्तीति चेत् -

सद्दहदि य पत्तेदि य रोचेदि य तह पुणो वि फासेदि य। (२७५)
धम्मं भोगणिमित्तं ण हु सो कम्मक्खयणिमित्तं।।२९४।।

सद्दहदि य श्रद्धत्ते च **पत्तेदि य** ज्ञानरूपेण प्रत्येति च प्रतीति परिच्छित्ति करोति **रोचेदि य** विशेषश्रद्धानरूपेण रोचते च। **तह पुणो वि फासेदि य** तथा पुन स्पृशति च अनुष्ठानरूपेण। कम् ? **धम्मं भोगणिमित्तं** अहमिद्रादि-पदवीकारणत्वादिति मत्वा भोगाकाक्षारूपेण पुण्यरूपधर्म। **ण हु सो कम्मक्खयणिमित्तं** न च कर्मक्षयनिमित्त, शुद्धात्मसवित्तिलक्षण निश्चयधर्ममिति।।२९४।।

शका - क्या करने से (अभव्य अथवा अज्ञानी भव्य) जीव को स्वानुभव प्राप्त नही होता ?

समाधान - अभव्यजीव (अथवा अज्ञानी भव्यजीव भी जब तक) अश्रद्धान करता है (याने स्वप्रतीति, स्वानुभूति नहीं करता है।)

शका - किसकी प्रतीति नहीं करता है ?

समाधान - ज्ञान की प्रतीति अथवा अनुभूति नही करता है।

शका - कौन से ज्ञान की प्रतीति अथवा अनुभूति नही करता है ?

समाधान - (अध्यात्म भाषा से) ज्ञान की प्रतीति (ज्ञान की अनुभूति) याने शुद्धात्म सम्यक् श्रद्धान-ज्ञान-अनुष्ठानरूप निर्विकल्प समाधि से (स्वानुभव से) प्राप्य-गम्य होने वाले शुद्धात्म स्वभाव की प्रतीति न करने से ११ अग ९ पूर्व तक का शास्त्रअध्ययन कार्यकारी (लाभदायक) नही होता है।

शका - क्यों श्रद्धा नहीं करता है ?

समाधान - उस अध्ययन से दर्शनमोहनीय-चारित्रमोहनीय का उपशम, क्षयोपशम, क्षय नहीं करता है।

शका - क्यों ?

समाधान - अभव्यजीव होने से (अपने स्वभाव की प्रतीति करने का पुरुषार्थ कभी भी नहीं करने से) उसको शास्त्रअध्ययन का लाभ नहीं होता है। (उसी तरह भव्यजीव भी यदि शास्त्रअध्ययन करता है लेकिन अपने स्वभाव की प्रतीति अथवा अनुभूति करने का जब तक पुरुषार्थ नहीं करता है तब तक उस शास्त्र अध्ययन का लाभ नहीं होता है) ऐसा भावार्थ है।।२९३।।

अब, उस अभव्य को पुण्यरूपधर्म आदि का श्रद्धान है, तो उसको श्रद्धान नहीं है, ऐसा आपने कैसे कहा ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - **(सो)** वह जीव **(धम्मं)** धर्म का **(सद्दहदि य)** श्रद्धान भी करता है **(पत्तेदि य)** प्रतीति भी करता है और **(रोचेदि य)** रुचि करता है **(तह)** तथा **(फासेदि य)** स्पर्श-अनुष्ठान करता है **(पुणो वि)** तो भी वह **(भोगणिमित्तं)** ससारभोग-पचेंद्रिय के विषयभोग के लिये करता है, **(हु)** वास्तव में **(कम्मक्खयणिमित्तं)** कर्म का क्षय करने के लिये **(ण)** नहीं करता है।

अथ कीदृशौ तौ प्रतिषेध्यप्रतिषेधकौ व्यवहारनिश्चयनयाविति चेत् ?

आयारादी णाण जीवादी दसणं च विण्णेय। (२७६)
छज्जीवाण रक्खा[१] भणदि चरित्तं तु ववहारो।।२९५।।
आदा खु मज्झ णाणं आदा मे दसण चरित्त च। (२७७)
आदा पच्चक्खाण आदा मे सवेरो जोगो।।२९६।।

टीकार्थ - वह जीव धर्म का श्रद्धान करता है ओर ज्ञानरूप से प्रतीति करता है - जानता है और विशेषरूप से श्रद्धानरूप रुचि भी करता है तथा अनुष्ठानरूप से स्पर्श भी करता है। उस धर्म से अहमिन्द्र इत्यादि पद प्राप्त होंगे, यह मानकर भोगाकाक्षारूप से पुण्यरूप धर्म का श्रद्धान, प्रतीति, रुचि और आचरण करता है, लेकिन वास्तव में आगमभाषा से कर्म के क्षय के लिये, अर्थात् अध्यात्मभाषा से शुद्धात्मानुभव वाले निश्चय धर्म की श्रद्धा, प्रतीति, रुचि, अनुभूति नहीं करता है। इसलिये उसको सच्ची निश्चय धर्म की श्रद्धा नहीं है।।२९४।।

अब व्यवहारनय प्रतिषेध्य और निश्चयनय प्रतिषेधक किस तरह है ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं -

गाथार्थ .- **(आयारादी णाण)** आचारागादि शास्त्र का पढना ज्ञान है **(जीवादी दसण)** जीवादि नव पदार्थो का श्रद्धान दर्शन है **(च)** और **(छज्जीवाण)** छ काय के जीवों की **(रक्खा)** रक्षा **(चरित्त)** चारित्र है **(विण्णेय)** इस तरह के जानने को **(ववहारो भणदि)** व्यवहारनय कहते हैं।

(तु) लेकिन **(खु)** निश्चय से **(मज्झ आदा)** मेरा आत्मा ही **(णाण)** ज्ञान है **(मे आदा)** मेरा आत्मा ही **(दसण)** दर्शन है **(च चरित्त)** और मेरा आत्मा ही चारित्र हे **(आदा)** मेरा आत्मा ही **(पच्चक्खाण)** प्रत्याख्यान है **(मे आदा)** मेरा आत्मा ही **(सवरो जोगो)** सवर और योग है।

टीकार्थ - आचाराग, सूत्रकृताग आदि ११ अगरूप जो शब्द शास्त्र है (उसका जानना ज्ञान हे) वह ज्ञान का आश्रय होने के कारण व्यवहार से सम्यग्ज्ञान है। जीवादि नवपदार्थ श्रद्धान का विषय हे उनका सम्यक्त्व के लिये आश्रय करने से वे सम्यक्त्व को निमित्त हैं, इसलिये व्यवहार से (उपचार से) वह सम्यक्त्व है। और छह काय के जीवों की रक्षा करना चारित्र है, उस चारित्र का आश्रय करने से उस हेतु से वह आचरण व्यवहार से चारित्र है। इस तरह **इसमें पराश्रितपना होने से उसे व्यवहार मोक्षमार्ग (उपचार मोक्षमार्ग) कहा गया है।**

निश्चयनय से अपने स्वभावमय शुद्धात्मा का आश्रय करने से याने अपने स्वभावमय शुद्धात्मा को निमित्त करने से जो ज्ञान होता है वह शुद्धात्मा ही मेरा सम्यग्ज्ञान है। निश्चयनय से दर्शन में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा का आश्रय होने से (दर्शन में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा को निमित्त करने से) वह शुद्धात्मा ही सम्यग्दर्शन है। और निश्चयनय से चारित्र में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा का आश्रय करने से (चारित्र में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा को निमित्त करने से) वह शुद्धात्मा ही सम्यक्चारित्र है। निश्चयनय से प्रत्याख्यान में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा का आश्रय करने से (याने रागादि परित्याग लक्षणरूप प्रत्याख्यान मे शुद्धात्मा कारण होने से) वह शुद्धात्मा ही प्रत्याख्यान है।

---

[१] पाठान्तर - छज्जीवणिकं च तहा

आयारादी णाणं आचारसूत्रकृतमित्यादि एकादशागशब्दशास्त्र ज्ञानस्याश्रयत्वात्कारणत्वाद् व्यवहारेण ज्ञान भवति। **जीवादी दसण च विण्णेय** जीवादिनवपदार्थ श्रद्धानविषय सम्यक्त्वाश्रयत्वान्निमित्तत्वाद् व्यवहारेण सम्यक्त्व भवति। **छज्जीवाण रक्खा भणदि चरित्त तु ववहारो** षट्जीवनिकायरक्षाचारित्राश्रयत्वात् हेतुत्वाद् व्यवहारेण चारित्र भवति। एव **पराश्रितत्वेन व्यवहारमोक्षमार्ग प्रोक्त इति। आदा खु मज्झ णाण** स्वशुद्धात्मा ज्ञानस्याश्रयत्वान्निमित्तत्वान्निश्चयनयेन मम सम्यग्ज्ञान भवति। **आदा मे दसण** शुद्धात्मा सम्यग्दर्शनस्याश्रयत्वात् कारणत्वात् निश्चयेन मम सम्यग्दर्शन भवति। **चरित्त च** शुद्धात्मा चारित्रस्याश्रयत्वाद्धेतुत्वात् निश्चयेन सम्यक्चारित्र भवति। **आदा पच्चक्खाण** शुद्धात्मारागादिपरित्यागलक्षणस्य प्रत्याख्यानस्याश्रयत्वात्कारणात्वात् निश्चयेन प्रत्याख्यान भवति। **आदा मे सवरो** शुद्धात्मा स्वरूपोपलब्धिबलेन हर्षविषादादिनिरोधलक्षणसवरस्याश्रयत्वान्निश्चयेन सवरो भवति। **जोगो** शुद्धात्मा शुभाशुभचितानिरोधलक्षणपरमध्यानशब्दवाच्ययोगस्याश्रयत्वाद्धेतुत्वात् परमयोगो भवतीति। **शुद्धात्माश्रितत्वेन निश्चय मोक्षमार्गो ज्ञातव्य** । एव व्यवहारनिश्चयमोक्षमार्गस्वरूप कथितम्।

स्वरूप (स्वानुभव की) उपलब्धि के बल से हर्ष-विषादादि निरोध लक्षणरूप सवर में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा का आश्रय करने से निश्चयनय से शुद्धात्मा ही सवर है। शुद्धोपयोग के (स्वानुभव के) बल से शुभाशुभ चिता निरोध लक्षणरूप **परम ध्यान** शब्द से कहे जाने वाले योग में अपने स्वभावमय शुद्धात्मा का आश्रय करने से निश्चयनय से शुद्धात्मा ही परम योग है। इस तरह **वहाँ निज शुद्धात्म स्वभाव का आश्रय होने से इसको निश्चय मोक्षमार्ग जानना चाहिये।**

इस प्रकार व्यवहार मोक्षमार्ग का और निश्चय मोक्षमार्ग का स्वरूप कहा गया है। वहाँ निश्चय प्रतिषेधक (निषेध करने वाला) है और व्यवहार प्रतिषेध्य (निषेध करने योग्य) है।

शका - निश्चय मोक्षमार्ग निषेध करने वाला (भूतार्थ) है और व्यवहार मोक्षमार्ग निषेध्य (अभूतार्थ) है, ऐसा क्यों ?

समाधान - निश्चय मोक्षमार्ग में रहनेवाले जीवों को नियम से मोक्ष होता है और व्यवहार मोक्षमार्ग में रहनेवाले जीवों को मोक्ष होगा अथवा नहीं होगा।

शका - ''व्यवहार मोक्षमार्ग वाले जीवों को मोक्ष होगा अथवा व्यवहार मोक्षमार्ग वालों को मोक्ष नहीं होगा,'' ऐसा क्यों ? निश्चयनय से ही मोक्षमार्ग कैसे होता है ?

समाधान - **आगम भाषा से**

१ यदि मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम, क्षयोपशम, क्षय करता है तो उसको मोक्ष (मोक्षमार्ग) होता है।

२ और - यदि मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशम, क्षयोपशम, क्षय नहीं करता है तो मोक्ष (मोक्षमार्ग) नहीं होता है।

अध्यात्म भाषा से

१ यदि शुद्धात्म स्वभाव को उपादेय करके स्वानुभव करता है, तो उसको मोक्ष (मोक्षमार्ग) होता है।

२ और - यदि शुद्धात्म स्वभाव को उपादेय करके स्वानुभव नहीं करता है तो उसको मोक्ष (मोक्षमार्ग) नही होता है।

तत्रनिश्चय प्रतिषेधको भवति, व्यवहारस्तु प्रतिषेध्य इति। कस्मादिति चेत्, ? **निश्चयमोक्षमार्गे स्थिताना नियमेन मोक्षो भवति,** व्यवहार मोक्षमार्गे स्थिताना तु भवति न भवति च। कथ भवति न भवति ? इति चेत्, यदि मिथ्यात्वादि सप्तप्रकृत्युपशमक्षयोपशमक्षयात्सकाशाच्छुद्धात्मानमुपादेय कृत्वा वर्तते तदा मोक्षो भवति। यदि पुन सप्त प्रकृत्युपशमाद्यभावे शुद्धात्मानमुपादेय कृत्वा न वर्तते तदा मोक्षो न भवति। तदपि कस्मात् ? सप्तप्रकृत्युपशमाद्यभावे सति अनतज्ञानादिगुणस्वरूपमात्मानुपादेय कृत्वा न वर्तते न श्रद्धत्ते येन कारणात्। यस्तु तादृशमात्मानमुपादेय कृत्वा श्रद्धत्ते तस्य सप्तप्रकृत्युपशमादिक विद्यते स तु भव्यो भवति। यस्य पुन पूर्वोक्त शुद्धात्मा स्वरूपमुपादेय नास्ति, तस्य सप्तप्रकृत्युपशमादिक न विद्यते इति ज्ञातव्य मिथ्यादृष्टिरसौ। तेन कारणेनाभव्यजीवस्य मिथ्यात्वादिसप्तप्रकृत्युपशमादिक कदाचिदपि न सभवति इति भावार्थ।

कि च, निर्विकल्पसमाधिरूपे निश्चये स्थित्वा व्यवहारस्त्याज्य, कि तु तस्या त्रिगुप्तावस्थाया व्यवहार स्वयमेव नास्तीति तात्पर्यार्थ। एव निश्चयनयेन व्यवहार प्रतिषिद्ध इति कथनरूपेण षट्सूत्रै पचम स्थल गतम्।। २९५, २९६।।

शका - वह भी क्यों ?

समाधान - व्यवहार मोक्षमार्ग में रहनेवाला जीव ११ अग का शास्त्र ज्ञान, नव पदार्थो की श्रद्धा और जीवों की रक्षा करने का चारित्र पालन करता है और -

आगमभाषा से	अध्यात्मभाषा से
१ यदि ७ प्रकृतियों का उपशम, क्षयोपशम, क्षय नहीं करता है तो मोक्षमार्ग नहीं होता है।	१ अनतज्ञानादि गुण स्वरूप स्वस्वभाव शुद्धात्मा का उपादेय करके स्वानुभव नहीं करता है, तो मोक्षमार्ग नही होता है।
२ इस तरह जो इन सात प्रकृतियों का उपशम या क्षयोपशम या क्षय करके सम्यक्त्व प्राप्त करता है, वह भव्य है।	२ इस तरह जो अपने स्वभाव शुद्धात्मा को उपादेय करके स्वानुभव करता है, वह भव्य है।
३ और जिसके सात प्रकृतियों का उपशम, क्षयोपशम, क्षय नहीं होता है, वह मिथ्यादृष्टि है (फिर वह भव्य हो तो भी मिथ्यादृष्टि है)	३ और जिसको स्वस्वभाव शुद्धात्मा उपादेय नहीं है (स्वानुभव नहीं करता है) वह मिथ्यादृष्टि है। (फिर वह भव्य हो तो भी मिथ्यादृष्टि है।)

इस कारण से अभव्य जीव के मिथ्यात्वादि सात प्रकृतियों का उपशमादिक कभी भी नहीं होता है (अभव्य जीव कभी भी स्वानुभव नहीं करता है)। ऐसा भावार्थ है।

इसलिये निर्विकल्प समाधि (स्वानुभूति) वाले निश्चय में रहकर व्यवहार त्यागने योग्य (अभूतार्थ) है। किन्तु त्रिगुप्ति अवस्था में (स्वानुभव में) व्यवहार (विकल्प) स्वयमेव नहीं रहता है, ऐसा तात्पर्यार्थ है।

इस प्रकार निश्चयनय से व्यवहारनय निषिद्ध है यह कथन करने वाली छह गाथाओं के द्वारा पचम स्थल पूर्ण हुआ।। २९५, २९६।।

अथाहारविषये सरसविरसमानापमानादिचितारूपरागद्वेषकारणाभावादाहारग्रहणकृतो ज्ञानिना वधो नास्ति, इति कथयति -

आधाकम्मादीया पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा। (२८६)
कह ते कुव्वदि णाणी परदव्वगुणा हु जे णिच्चं।।२९७।।
आधाकम्मादीया पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा।
कहमणुमण्णदि अण्णेण कीरमाणा परस्स गुणा।।२९८।।

स्वय पाकेनोत्पन्न आहार अध कर्मशब्देनोच्यते तत्प्रभृति व्याख्यान करोति - अध कर्माद्या ये इमे दोषा, कथभूता ? शुद्धात्मन सकाशात्परस्याभिन्नस्याहाररूपपुद्गलद्रव्यस्य गुणा । पुनरपि कथभूता ? तस्यैवाहारपुद्गलस्य पचनपाचनादिक्रियारूपा । तान्निश्चयेन कथ करोति ज्ञानीति प्रथम गाथार्थ । अनुमोदयति वा कथमिति द्वितीय गाथार्थ । परेण गृहस्थेन क्रियमाणान्, न कथमपि। कस्मात् ? निर्विकल्पसमाधौ सति आहारविषये मनोवचनकायकृत-कारितानुमननाभावात्। इत्यध कर्मव्याख्यानरूपेण गाथाद्वय गतम्।। २९७, २९८।।

अब, आहार लेने के विषय में सरस-विरस, मान-अपमान आदि चितारूप राग-द्वेष के कारण का अभाव होने से आहार ग्रहण करते हुए भी सम्यग्ज्ञानियों को वध नहीं है, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(आधाकम्मादीया)** अध कर्म आदि **(जे इमे)** जो ये **(पुग्गलदव्वस्स)** पुद्गल द्रव्य के **(दोसा)** दोष हैं **(ते)** उनको **(णाणी)** सम्यग्ज्ञानी **(कह)** कैसे **(कुव्वदि)** कर सकता है ? **(हु जे)** क्योंकि **(जे)** ये **(णिच्चं)** सदा ही **(परदव्वगुणा)** पुद्गल द्रव्य के परद्रव्य के गुण हैं।

(आधाकम्मादीया) अध कर्म आदि **(जे इमे दोसा)** जो ये दोष हैं वे **(अण्णेण)** दूसरे के द्वारा **(कीरमाणा)** किये हुए **(परस्स गुणा)** दूसरे के गुण हैं तो वह उनकी **(कहमणुमण्णदि)** अनुमोदना कैसे कर सकता है ?

टीकार्थ - स्वय अपने बनाने से सपन्न हुआ आहार 'अध कर्म' शब्द से कहा जाता है। ये अध कर्म आदि जो दोष हैं, वे शुद्धात्मा से भिन्न हैं और वे दोष पुद्गलमय आहार से अभिन्न हैं क्योंकि ये पुद्गल द्रव्य के गुण हैं, और उस ही पुद्गल द्रव्य की पकने-पकाने आदि क्रियारूप होते हैं, इसलिये निश्चयनय से सम्यग्ज्ञानी उन्हें कैसे कर सकता है ? यह प्रथम गाथा का अर्थ हुआ।

इस प्रकार गृहस्थ द्वारा किये हुए अध कर्मादि की सम्यग्ज्ञानी कैसे अनुमोदना कर सकता है ? याने सम्यग्ज्ञानी कृत, कारित, अनुमोदन किसी भी प्रकार से नहीं कर सकता है। क्योंकि निर्विकल्प समाधि में (स्वानुभव के समय में) आहार विषयक मन-वचन-काय, कृत-कारित-अनुमोदना का अभाव है। इस प्रकार अध कर्म का व्याख्यान करने वाली दो गाथायें पूर्ण हुई।। २९७, २९८।।

आहार ग्रहण करने से पहले उस पात्र को निमित्त करके जो कुछ अन्नपान सम्पन्न किया जाता है उसको औपदेशिक (औद्देशिक) दोष कहते हैं, उस औपदेशिक (औद्देशिक) दोष के साथ उसी अध कर्म दोष का फिर से दो गाथाओं द्वारा कथन करते हैं -

आहारग्रहणात्पूर्वम् तस्य पात्रस्य निमित्त यत्किमप्यशनपानादिक कृत तदौपदेशिक भण्यते तेनौपदेशिकेन सह तदेवाध कर्म पुनरपि गाथाद्वयेन कथ्यते -

आधाकम्म उद्देसिय च पोग्गलमय इम दव्व। (२८७)
कह त मम होदि कद जं णिच्चमचेदण वुत्तं।।२९९।।
आधाकम्म उद्देसिय च पोग्गलमय इम दव्व।
कह त मम कारविद ज णिच्चमचेदण वुत्त।।३००।।

अध कर्मौपदेशिक च पुद्गलमयमेदद् द्रव्य। कथम् तन्मम कारित यन्नित्यमचेतनमुक्तम्। यदिदमाहारकपुद्गल-द्रव्यमध कर्मरूपमौपदेशिक च चेतनशुद्धात्मद्रव्यपृथक्त्वेन नित्यमेवाचेतन भणित तत्कथ मया कृत भवति कारित वा कथ भवति ? न कथमपि। कस्माद्धेतो ? निश्चयरत्नत्रयलक्षणभेदज्ञाने सति आहारविपये मनोवचनकायकृतकारितानु-मननाभावात्। इत्यौपदेशिकव्याख्यानमुख्यत्वेन च गाथाद्वय गतम्। अयमत्राभिप्राय पश्चात्पूर्वसम्प्रतिकाले वा योग्याहारादिविषये मनोवचनकायकृतकारितानुमतरूपैर्नवभिर्विकल्पै शुद्धास्तेपा परकृताहारादिविपये वधो नास्ति। **यदि पुन परकीयपरिणामेन बधो भवति तर्हि क्वापिकाले निर्वाण नास्ति।** तथा चोक्त -

णवकोडिकम्मसुद्धो पच्छापुरदो य सपदियकाले।
परसुहदु.खणिमित्त बज्झदि जदि णत्थि णिव्वाणम्।।

एव ज्ञानिनामाहारग्रहणकृतो वधो नास्तीति व्याख्यानमुख्यत्वेन सूत्रचतुष्टयेन षष्ठस्थल गतम्।।२९९,३००।।

गाथार्थ - **(इम)** यह **(आधाकम्म)** अध कर्म **(च उद्देसिय)** और औद्देशिक **(पोग्गलमय दव्व)** पुद्गलमय द्रव्य है **(ज)** जो **(णिच्च)** सदा ही **(अचेदण)** अचेतन **(वुत्त)** कहा गया है **(त)** वह **(मम कद)** मेरे द्वारा किया हुआ **(कह होदि)** कैसे हो सकता है ?

(इम) यह **(आधाकम्म च उद्देसिय)** अध कर्म और औद्देशिक **(पोग्गलमय दव्व)** पुद्गलमय द्रव्य है **(ज)** जो **(णिच्च)** सदा ही **(अचेदण)** अचेतन **(वुत्त)** कहा गया है **(त)** वह **(मम)** मेरे द्वारा **(कारविद)** कारित (कराया गया) भी **(कह)** कैसे हो सकता है ?

टीकार्थ - जो अध कर्मरूप और औद्देशिकरूप आहार पुद्गलमय द्रव्य है, वह चेतनमय शुद्धात्मा द्रव्य से भिन्न होने से वह नित्य ही अचेतन कहा गया है। वह मेरे द्वारा कृत, कारित कैसे हो सकता है ? याने वह आहार मेरे द्वारा कृत, कारित कभी भी नहीं है, क्योंकि निश्चयरत्नत्रय लक्षणरूप भेदज्ञान (स्वानुभूति) होने से आहार के विषय में मन-वचन-काय और कृत-कारित-अनुमोदना इनका अभाव है। इस प्रकार औद्देशिक कथन की मुख्यता से दो गाथायें पूर्ण हुई।

इसका अभिप्राय यह है कि पूर्व, पश्चात् अथवा वर्तमान काल में योग्य आहार आदि के विषय में मन-वचन-काय, कृत-कारित और अनुमोदना इनके नव प्रकार के विकल्पों से रहित ऐसे जो शुद्ध (सम्यग्ज्ञानी) हैं उन सम्यग्ज्ञानी जीवों को परकृत आहारादि के विषय में बंध नहीं होता है। **और यदि परकीय परिणाम से बंध होता है तो किसी भी काल में निर्वाण नहीं हो सकता है।**

अथ रागाद्य किलकर्मवन्ध कारण भणिता, तेषा पुन कि कारणम् ? इति पृष्टे प्रत्युत्तरमाह -

जह फलिहमणी सुद्धो ण सय परिणमदि रागमादीहि। (२७८)
राइज्जदि अण्णेहि दु सो रत्तादीहि दव्वेहि।।३०१।।
एव णाणी सुद्धो ण सय परिणमदि रागमादीहि। (२७९)
राइज्जदि अण्णेहि दु सो रागादीहि दोसेहि।।३०२।।

यथा स्फटिकमणिर्विशुद्धो वहिरूपाधि विना स्वय रागादिभावेन न परिणमति पश्चात् स एव रज्यते, कै? जपापुष्पादिवहिर्भूतान्यद्रव्यैरिति दृष्टातो गत। एवमनेन दृष्टातेन ज्ञानी शुद्धो भवन् स्वय निरूपाधिचिच्चमत्कारस्वभावेन कृत्वा जपापुष्पस्थानीयकर्मोदयरूपपरोपाधि विना रागादिविभावैर्न परिणमति पश्चात्सहजस्वच्छभावच्युत सन् स एव रज्यते। कै? अन्यै कर्मोदयनिमित्तै रागादिदोषै परिणामैरिति, तेन ज्ञायते कर्मोदयजनिता रागादयो न तु ज्ञानिजीवजनिता इति दार्ष्टान्तो गत।।३०१, ३०२।।

उसी प्रकार कहा गया है कि, **'णवकोडी'** आदि-अर्थात् पूर्व, पश्चात् और वर्तमान काल में मन-वचन-काय, कृत-कारित-अनुमोदनारूप नव कोटी से जो शुद्ध है, ऐसा जीव यदि दूसरों के सुख-दु ख को निमित्त करके कर्मों से वधता है तो किसी को निर्वाण प्राप्त नहीं हो सकता है। इस प्रकार ज्ञानियों को आहार ग्रहण करते हुए भी वध नहीं है, इस कथन की मुख्यता से ४ गाथाओं में यह छट्ठा स्थल पूर्ण हुआ।।२९९, ३००।।

अव, कर्मवध के कारण रागादि हैं, तो फिर उन रागादि भावों का क्या कारण है ? ऐसा प्रश्न पूछने पर उत्तर देते हैं -

गाथार्थ - (**जह**) जैसे (**सुद्धो फलिहमणी**) शुद्ध स्वभाव वाली स्फटिकमणि (**रागमादीहि**) ललाई आदि रगरूप (**सय**) स्वय (**ण परिणमदि**) परिणत नहीं होती है (**दु**) परन्तु (**सो**) वह स्फटिकमणि (**अण्णेहि रत्तादीहि दव्वेहि**) दूसरे लाल, काले आदि द्रव्यों से (वर्णवाले द्रव्यों के सानिध्य में) (**राइज्जदि**) ललाई आदि रग स्वरूप परिणत होती है।

(**एव**) इसी प्रकार (**णाणी सुद्धो**) ज्ञानी शुद्ध है (**सो**) वह (**रागमादीहि**) रागादि भावों से (**सय**) स्वय (**ण परिणमदि**) नहीं परिणमता है (**दु**) लेकिन (**सो**) वह (**अण्णेहि रागादीहि दोसेहि**) अन्य रागादि दोषों से (**राइज्जदि**) रागादि विकारीभावमय किया जाता है।

टीकार्थ - जैसे स्फटिकमणि विशुद्ध है, वह वाह्य उपाधि के विना स्वय रागादिभाव से नहीं परिणमती है। वह जपापुष्प आदि वर्णवाले वाह्य द्रव्यों के द्वारा रगरूप परिणमन की जाती है। यह दृष्टात है।

इस दृष्टात के समान ज्ञानी शुद्ध होता हुआ स्वय उपाधि रहित चैतन्य चमत्कार स्वभाव के कारण जपापुष्प स्थानीय कर्मोदयरूप परोपाधि के विना रागादि विभावों के द्वारा स्वय परिणमन नहीं करता है। पश्चात् जीव सहज शुद्धस्वभाव से च्युत होकर अन्य कर्मोदय निमित्तजन्य रागादि दोषवाले परिणामों से विकारी किया जाता है (विकारी हो जाता है)।

इससे यह सिद्ध होता है कि, रागादि भाव कर्मोदय जनित हैं, ज्ञानी जीव जनित नहीं हैं। इस प्रकार यह दार्ष्टान्त पूर्ण हुआ।।३०१, ३०२।।

एव चिदानन्दैकलक्षण स्वस्वभाव जानन् ज्ञानी रागादीन्न करोति ततो नवतररागाद्युत्पत्तिकारण भूतकर्मणा कर्ता न भवतीति कथयति -

ण वि रागदोसमोह कुव्वदि णाणी कसायभाव वा। (२८०)
सयमप्पणो ण सो तेण कारगो तेसि भावाण।।३०३।।

ण वि रागदोसमोह कुव्वदि णाणी कसायभाव वा ज्ञानी न करोति। कान् ? रागादिदोपरहित-शुद्धात्मस्वभावात्पृथग्भूतान् रागद्वेपमोहान् क्रोधादिकषायभाव वा। कथ न करोति ? **सय** स्वय शुद्धात्मभावेन कर्मोदय सहकारिकारण विना। कस्य सवधित्वेन ? **अप्पणो** आत्मन । **ण सो तेण कारगो तेसि भावाण** तेन कारणेन स तत्त्वज्ञानी तेषा रागादिभावाना कर्ता न भवतीति।।३०३।।

अज्ञानी जीव शुद्ध स्वभावमात्मानमजानन् रागादीन् करोति तत स भाविरागादिजनकनवतरकर्मणा कर्ता भवतीत्युपदिशति -

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा। (२८१)
तेहि दु परिणममाणो[१] रागादी बधदि पुणो वि।।३०४।।

इस प्रकार चिदानद-एक लक्षणवाले अपने स्वभाव को जाननेवाला ज्ञानी रागादि विकारीभाव नहीं करता है। इसलिये वह ज्ञानी नूतन रागादि के उत्पत्ति के कारणभूत कर्मो का कर्ता नहीं होता है, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - (**णाणी**) ज्ञानी (**रागदोसमोह**) राग-द्वेप-मोह को (**वा कसायभाव**) या कपायभाव को (**सय**) स्वय (**अप्पणो**) निजरूप (**ण वि कुव्वदि**) नही करता हे (**तेण**) इसलिये (**सो**) वह ज्ञानी (**तेसि भावाण**) उन रागादि भावों का (**कारगो ण**) कर्ता नही है।

टीकार्थ - रागादि दोष रहित शुद्धात्म स्वभाव से भिन्न जो राग-द्वेप-मोह अथवा क्रोधादि-कपाय भाव हैं उनको ज्ञानी नही करता हे।

शका - ज्ञानी रागादि कषाय भावों को कैसे नहीं करता हे ?

समाधान - ज्ञानी अपने आत्मा के स्वय-शुद्धात्म भाव से कर्मोदय के सहकारी कारण के विना कपाय भाव नहीं करता है।

इसलिये वह तत्त्वज्ञानी (सम्यग्ज्ञानी चतुर्थादिगुणस्थानवर्ती) जीव उन रागादि भावों का कर्ता नहीं है।

(निगोद से लेकर सिद्धजीव तक के सभी जीवों का स्वभाव कपायरहित (विकार रहित) है। यह वचन शुद्ध निश्चयनय से हे। इसलिये सभी जीव शुद्ध निश्चयनय से स्वभाव दृष्टि से कषाय रहित हैं। इसको ज्ञानी जानता हे, इसलिये चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती जीव कपाय भाव का कर्ता नही है।)।।३०३।।

अपने शुद्ध स्वभाव आत्मा को न जाननवाला अज्ञानी (मिथ्यात्व-सासादान-मिश्र गुणस्थानवर्ती) जीव रागादि विकारों भावों को करता है, इसलिये वह अज्ञानी भावि रागादि जनक नूतन कर्मो का कर्ता है, ऐसा दिखाते हैं -

---

[१] पाठान्तर - परिणमनो

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा रागद्वेपकषायरूपे द्रव्यकर्मण्युदयागते सति स्वस्वभावच्युतस्य तदुदयनिमित्तेन ये जीवगतरागादिभावाः परिणामा भवति। **तेहि दु परिणममाणो रागादी बधदि पुणो वि** ते कृत्वा रागादिरहमित्यभेदेनाहमिति प्रत्ययेन कृत्वा परिणमन् सन् पुनरपि भाविरागादिपरिणामोत्पादकानि द्रव्यकर्माणि वध्नाति ततस्तेषा रागादीनामज्ञानी जीव कर्ता भवतीति।।३०४।।

तमेवार्थम् दृढयति -

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा। (२८२)
तेहि दु[1] परिणमतो रागादी बधदे चेदा।।३०५।।

पूर्व गाथायामह रागादीत्यभेदेन परिणमन् सन् तानि रागादिभावोत्पादकानि नवतरद्रव्यकर्माणि वध्नातीत्युक्त। अत्र तु शुद्धात्मभावनारहितत्वेन मदीयो राग इति सवधेन परिणमन् सन् तानि नवतरद्रव्यकर्माणि वध्नाति, इति विशेष ।

गाथार्थ - **(रायम्हि य)** राग के होने पर **(दोसम्हि य)** द्वेष के होने पर, **(कसायकम्मेसु चेव)** और कषाय कर्मो के होने पर ही **(जे भावा)** जो रागादि भाव होते हें **(तेहि दु)** उनरूप **(परिणममाणो)** परिणमन करनेवाला अज्ञानी **(रागादी)** रागादि को **(पुणो वि)** बार-वार **(बधदि)** वॉधता है।

टीकार्थ - राग-द्वेष कषायरूप द्रव्यकर्मो के उदय होने पर उसी समय जीव अपने शुद्ध स्वभाव से च्युत होकर उस उदय के निमित्त मात्र से जीवगत रागादिभाव (विकारी परिणाम) होते हैं।

उन प्रत्ययों के द्वारा किए हुए **रागादिरूप मैं हूँ,** इस प्रकार की अभेद से प्रतीति करके परिणमन करनेवाला फिर से भावि रागादिरूप परिणामों के उत्पादक द्रव्य कर्मो को वाधता है, इसलिये उन रागादिकों का वह अज्ञानी (मिथ्यात्व-सासादान- मिश्र गुणस्थानवर्ती) जीव कर्ता होता है।।३०४।।

उस ही अर्थ को दृढ करते हैं -

गाथार्थ - **(रायम्हि य)** राग के होने पर, **(दोसम्हि य)** द्वेष के होने पर **(कसायकम्मेसु चेव)** और कषाय कर्मो के होने पर ही **(जे भावा)** जो रागादि परिणाम होते हैं **(तेहि दु)** उनरूप **(परिणमतो)** परिणमन करता हुआ **(चेदा)** आत्मा **(रागादी)** रागादिकों को **(बधदे)** वाधता है।

टीकार्थ - पूर्व गाथा में **"मैं रागादि हूँ,"** इस तरह अभेद से परिणमन करता हुआ रागादिभावों को उत्पन्न करनेवाले नूतन द्रव्य कर्मो को बाधता है, ऐसा कहा गया है। यहॉ शुद्धात्म भावना (स्वानुभव) से रहितपना से **"रागभाव मेरा है"** इस प्रकार राग के साथ सवध करता हुआ नूतन द्रव्यकर्मो को वाधता है। इसका विशेष यह है कि, जहा मोह-राग-द्वेष इनका कथन करते हैं वहॉ **मोह शब्द से दर्शन मोह है,** जो मिथ्यात्व सम्यग्मिथ्यात्व सम्यक्त्व प्रकृति जनक है, ऐसा जानना चाहिये, और रागद्वेष शब्द से क्रोधादिकषायोत्पादक चारित्र मोह है, ऐसा जानना चाहिये। (पिछली गाथा में राग के प्रति एकत्व वुद्धि को और इस गाथा में राग के प्रति ममत्वबुद्धि को बध का कारण बताया है। यह विशेष वात है।)

---

[1] पाठान्तर - ते मम दु

किच विस्तर - यत्र मोहरागद्वेषा व्याख्यायते तत्र **मोह शब्देन दर्शनमोह., मिथ्यात्वादिजनक इति ज्ञातव्य,** रागद्वेषशब्देन तु क्रोधादिकषायोत्पादकश्चारित्रमोहो ज्ञातव्य । अत्राह शिष्य - मोहशब्देन तु मिथ्यात्वादिजनको दर्शनमोहो भवतु दोषो नास्ति, रागद्वेष शब्देन चारित्रमोह इति कथ भण्यते ? इति पूर्वपक्षे परिहार ददाति -

कषायवेदनीयाभिधानचारित्रमोहमध्ये क्रोधमानौ द्वेषागौ द्वेषोत्पादकत्वात्, मायालोभौ रागागौ रागजनकत्वात्, नोकषायवेदनीयसज्ञचारित्रमोहमध्ये स्त्रीपुन्नपुसकवेदत्रयहास्यरतय पचनोकषाया रागागा रागोत्पादकत्वात्, अरतिशोकभयजुगुप्सासज्ञा चत्वारो द्वेषागा द्वेषोत्पादकत्वात्, इत्यनेनाभिप्रायेण **मोहशब्देन दर्शनमोहो मिथ्यात्व भण्यते,** रागद्वेषशब्देन पुनश्चारित्रमोह इति सर्वत्र ज्ञातव्यम्। एव **कर्मबधकारण रागादय, रागादीना च कारण निश्चयेन कर्मोदयो, न च ज्ञानी जीव** इति व्याख्यानमुख्यत्वेन सप्तमस्थले गाथापचक गतम्।।३०५।।

शिष्य पूछता है कि - मोह शब्द से मिथ्यात्वादिजनक दर्शनमोह है यह ठीक है, इसमें दोष नहीं, लेकिन रागद्वेष शब्द से चारित्रमोह है, यह कैसे कहते हो ?

समाधान - कषाय वेदनीय नामक चारित्रमोह में क्रोध और मान ये दोनों द्वेष के अग हैं क्योंकि वे द्वेष के उत्पादक हैं, माया और लोभ ये राग के अग हैं क्योंकि वे राग के उत्पादक हैं। नोकषाय वेदनीय चारित्रमोह में स्त्री, पु, नपुसक ये तीन वेद और हास्य, रति मिलकर ये पाँच नोकषाय राग के अग हैं क्योंकि वे राग के उत्पादक हैं, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा ये चार नोकषाय द्वेष के अग हैं, क्योंकि वे द्वेष के उत्पादक हैं।

इस अभिप्राय से **मोह शब्द से मिथ्यात्व को दर्शनमोह कहते हैं,** और रागद्वेष शब्द से चारित्रमोह कहते हें, ऐसा सर्वत्र जानना चाहिये। इस प्रकार कर्मबध के कारण रागादि हैं और निश्चय से रागादिकों का कारण कर्मोदय है, ज्ञानी जीव रागादिकों का कारण नहीं है और ज्ञानी जीव कर्मवध का कारण नहीं है। इस कथन की मुख्यता से पॉच गाथायें सप्तमस्थल में पूर्ण हुई।

भावार्थ - स्वभाव से च्युत (स्वानुभव से च्युत मिथ्यात्व-सासादन-मिश्रगुणस्थानवर्ती) जीव **"मै रागी हूँ"** इस प्रकार अभेद मानकर परिणमन करते हैं, इसलिये रागभाव के और कर्म के कर्ता हैं। और स्वानुभव वाले चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती जीव अपने स्वभाव को रागदि से भिन्न जानते हैं, इसलिये रागादि के और कर्म के कर्ता नहीं हैं।।३०५।।

अब, सम्यग्ज्ञानी (चतुर्थादि गुणस्थानवर्ती) जीव रागादि भावों का अकर्ता कैसे है? ऐसा प्रश्न पूछने पर उत्तर कहते हैं -

गाथार्थ - **(अप्पडिकमण)** अप्रतिक्रमण **(दुविह)** दो प्रकार का है **(तहेव)** उसी प्रकार **(अपच्चक्खाण)** अप्रत्याख्यान दो प्रकार का **(विण्णेय)** जानना चाहिये **(एदेणुवदेसेण दु)** इस उपदेश से **(चेदा)** आत्मा **(अकारगो)** अकारक **(वण्णिदो)** कहा गया है।

(अप्पडिकमण) अप्रतिक्रमण **(दव्वे भावे)** द्रव्य और भावरूप **(दुविह)** दो प्रकार का है **(अपच्चक्खाण पि)** अप्रत्याख्यान भी द्रव्य और भाव रूप दो प्रकार का है **(एदेणुवदेसेण दु)** इस उपदेश से **(चेदा)** आत्मा **(अकारगो)** अकारक **(वण्णिदो)** कहा गया है।

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा रागद्वेषकषायरूपे द्रव्यकर्मण्युदयागते सति स्वस्वभावच्युतस्य तदुदयनिमित्तेन ये जीवगतरागादिभावाः परिणामा भवति। **तेहि दु परिणममाणो रागादी बधदि पुणो वि** ते कृत्वा रागादिरहमित्यभेदेनाहमिति प्रत्ययेन कृत्वा परिणमन् सन् पुनरपि भाविरागादिपरिणामोत्पादकानि द्रव्यकर्माणि वध्नाति ततस्तेषा रागादीनामज्ञानी जीव कर्ता भवतीति।।३०४।।

तमेवार्थम् दृढयति -

रायम्हि य दोसम्हि य कसायकम्मेसु चेव जे भावा। (२८२)
तेहि दु[1] परिणमतो रागादी बधदे चेदा।।३०५।।

पूर्व गाथायामह रागादीत्यभेदेन परिणमन् सन् तानि रागादिभावोत्पादकानि नवतरद्रव्यकर्माणि वध्नातीत्युक्त। अत्र तु शुद्धात्मभावनारहितत्वेन मदीयो राग इति सवधेन परिणमन् सन् तानि नवतरद्रव्यकर्माणि वध्नाति, इति विशेष ।

गाथार्थ - **(रायम्हि य)** राग के होने पर **(दोसम्हि य)** द्वेष के होने पर, **(कसायकम्मेसु चेव)** और कषाय कर्मो के होने पर ही **(जे भावा)** जो रागादि भाव होते हैं **(तेहि दु)** उनरूप **(परिणममाणो)** परिणमन करनेवाला अज्ञानी **(रागादी)** रागादि को **(पुणो वि)** वार-वार **(बधदि)** वॉधता है।

टीकार्थ - राग-द्वेष कषायरूप द्रव्यकर्मो के उदय होने पर उसी समय जीव अपने शुद्ध स्वभाव से च्युत होकर उस उदय के निमित्त मात्र से जीवगत रागादिभाव (विकारी परिणाम) होते हैं।

उन प्रत्ययों के द्वारा किए हुए **रागादिरूप मैं हूँ**, इस प्रकार की अभेद से प्रतीति करके परिणमन करनेवाला फिर से भावि रागादिरूप परिणामों के उत्पादक द्रव्य कर्मो को वाधता है, इसलिये उन रागादिकों का वह अज्ञानी (मिथ्यात्व-सासादान- मिश्र गुणस्थानवर्ती) जीव कर्ता होता है।।३०४।।

उस ही अर्थ को दृढ करते हैं -

गाथार्थ - **(रायम्हि य)** राग के होने पर, **(दोसम्हि य)** द्वेष के होने पर **(कसायकम्मेसु चेव)** और कषाय कर्मो के होने पर ही **(जे भावा)** जो रागादि परिणाम होते हैं **(तेहि दु)** उनरूप **(परिणमतो)** परिणमन करता हुआ **(चेदा)** आत्मा **(रागादी)** रागादिकों को **(बधदे)** वाधता है।

टीकार्थ - पूर्व गाथा में **"मैं रागादि हूँ,"** इस तरह अभेद से परिणमन करता हुआ रागादिभावों को उत्पन्न करनेवाले नूतन द्रव्य कर्मो को बाधता है, ऐसा कहा गया है। यहॉ शुद्धात्म भावना (स्वानुभव) से रहितपना से **"रागभाव मेरा है"** इस प्रकार राग के साथ सवध करता हुआ नूतन द्रव्यकर्मो को वाधता है। इसका विशेष यह है कि, जहा मोह-राग-द्वेष इनका कथन करते हैं वहॉ **मोह शब्द से दर्शन मोह** है, जो मिथ्यात्व सम्यग्मिथ्यात्व सम्यक्त्व प्रकृति जनक है, ऐसा जानना चाहिये, और रागद्वेष शब्द से क्रोधादिकषायोत्पादक चारित्र मोह है, ऐसा जानना चाहिये। (पिछली गाथा में राग के प्रति एकत्व वुद्धि को और इस गाथा में राग के प्रति ममत्वबुद्धि को बध का कारण बताया है। यह विशेष वात है।)

---

[1] पाठान्तर - ते मम दु

किच विस्तर - यत्र मोहरागद्वेषा व्याख्यायते तत्र **मोह शब्देन दर्शनमोह, मिथ्यात्वादिजनक इति** ज्ञातव्य, रागद्वेषशब्देन तु क्रोधादिकषायोत्पादकश्चारित्रमोहो ज्ञातव्य । अत्राह शिष्य - मोहशब्देन तु मिथ्यात्वादिजनको दर्शनमोहो भवतु दोषो नास्ति, रागद्वेष शब्देन चारित्रमोह इति कथ भण्यते ? इति पूर्वपक्षे परिहार ददाति -

कषायवेदनीयाभिधानचारित्रमोहमध्ये क्रोधमानौ द्वेषागौ द्वेषोत्पादकत्वात्, मायालोभौ रागागौ रागजनकत्वात्, नोकषायवेदनीयसज्ञचारित्रमोहमध्ये स्त्रीपुन्नपुसकवेदत्रयहास्यरतय पचनोकषाया रागागा रागोत्पादकत्वात्, अरतिशोकभयजुगुप्सासज्ञा चत्वारो द्वेषागा द्वेषोत्पादकत्वात्, इत्यनेनाभिप्रायेण **मोहशब्देन दर्शनमोहो मिथ्यात्व भण्यते,** रागद्वेषशब्देन पुनश्चारित्रमोह इति सर्वत्र ज्ञातव्यम्। एव **कर्मबधकारण रागादय., रागादीना च कारण निश्चयेन कर्मोदयो, न च ज्ञानी जीव** इति व्याख्यानमुख्यत्वेन सप्तमस्थले गाथापचक गतम्।। ३०५।।

शिष्य पूछता है कि - मोह शब्द से मिथ्यात्वादिजनक दर्शनमोह है यह ठीक है, इसमें दोष नहीं, लेकिन रागद्वेष शब्द से चारित्रमोह है, यह कैसे कहते हो ?

समाधान - कषाय वेदनीय नामक चारित्रमोह में क्रोध और मान ये दोनों द्वेष के अग हैं क्योंकि वे द्वेष के उत्पादक हैं, माया और लोभ ये राग के अग हैं क्योंकि वे राग के उत्पादक हैं। नोकषाय वेदनीय चारित्रमोह में स्त्री, पु, नपुसक ये तीन वेद और हास्य, रति मिलकर ये पॉच नोकषाय राग के अग हैं क्योंकि वे राग के उत्पादक हैं, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा ये चार नोकषाय द्वेष के अग हैं, क्योंकि वे द्वेष के उत्पादक हैं।

इस अभिप्राय से **मोह शब्द से मिथ्यात्व को दर्शनमोह कहते हैं,** और रागद्वेष शब्द से चारित्रमोह कहते हैं, ऐसा सर्वत्र जानना चाहिये। इस प्रकार कर्मबध के कारण रागादि हैं और निश्चय से रागादिकों का कारण कर्मोदय है, ज्ञानी जीव रागादिकों का कारण नहीं है और ज्ञानी जीव कर्मवध का कारण नहीं है। इस कथन की मुख्यता से पॉच गाथायें सप्तमस्थल में पूर्ण हुई।

तत स्थित-शुद्धपारिणामिकभावविषये या भावना तद्रूप यदौपशमिकादिभावत्रय तत्समस्तरागादिरहितत्वेन शुद्धोपादानकारणात्वान्मोक्षकारण भवति, न च शुद्धपारिणामिक। यस्तु शक्तिरूपो मोक्ष स शुद्धपारिणामिके पूर्वमेव तिष्ठति। अय तु व्यक्तिरूपमोक्षविचारो वर्तते। तथा चोक्त सिद्धाते-**'निष्क्रिय शुद्धपारिणामिक'**।

निष्क्रिय इति कोऽर्थ ? वधकारणभूता या क्रिया रागादिपरिणति, तद्रूपो न भवति। मोक्षकारणभूता च क्रिया शुद्धभावनापरिणतिस्तद्रूपश्च न भवति। ततो ज्ञायते **शुद्धपारिणामिकभावो ध्येयरूपो भवति ध्यानरूपो न भवति**। कस्मात् ? ध्यानस्य विनश्वरत्वात्। तथा योगींद्रदेवरप्युक्त -

ण वि उप्पजज्इ ण वि मरइ बधु ण मोक्खु करेइ।
जिउ परमत्थे जोइया जिणवरु एउँ भणेइ[1]।

होता है, उसी तरह शुद्धपारिणामिकभाव का भी नाश हो जायेगा, लेकिन शुद्धपारिणामिकभाव का नाश तो नहीं होता हे (क्योंकि शुद्धपारिणामिकभाव ध्रुव होने से उस शुद्धपारिणामिकभाव का नाश नहीं होता है)।

इसलिये यह सिद्ध (निश्चित) हुआ कि,

अध्यात्मभाषा	आगमभाषा
शुद्ध पारिणामिक भाव के विषय की जो भावना (भावभासना अथवा स्वानुभूति पर्याय) तद्रूप (स्वभावरूप परिणति) होती है, वह पर्याय समस्त रागादिरहितपने से - शुद्ध उपादानरूप कारण होने से मोक्ष का कारण है।	जो औपशमिक सम्यक्त्व या क्षायोपशमिक सम्यक्त्व या क्षायिक सम्यक्त्वभाव है (सम्यक्त्व भाव) वह भाव मोक्ष का कारण है।

शुद्धपारिणामिकभाव अपरिणामी होने से मोक्ष का कारण नहीं है।

जो शक्तिरूप मोक्ष है वह शुद्धपारिणामिक में पहले ही स्थित है लेकिन यह व्यक्तिरूप (प्रगटरूप) मोक्ष का विचार चल रहा है। इसी तरह सिद्धात ग्रथ में कहा है कि, **'निष्क्रिय शुद्धपारिणामिक'** याने शुद्धपारिणामिक भाव निष्क्रिय है।

शका - यहाँ शुद्धपारिणामिक भाव को **निष्क्रिय** ऐसा किस अर्थ से कहा है ?

समाधान - वध के कारणभूत जो क्रिया-रागादिपरिणति है वह शुद्धपारिणामिकभाव के साथ तादात्म्यरूप नहीं होता है। और (उसी तरह) मोक्ष के कारणभूत जो क्रिया याने शुद्धभावनापरिणति (शुद्धात्मानुभूति पर्याय) है वह भी शुद्धपारिणामिकभाव के साथ तादात्म्यरूप नहीं होती है (क्योंकि शुद्धात्मानुभृति पर्याय अनित्य है)।

इसलिये यह जाना जाता है कि, शुद्धपारिणामिकभाव ध्येयरूप (ध्यान करने के लिये योग्य विपय) है, ध्यानरूप (ध्यानपर्याय अथवा स्वानुभूतिपर्याय) नहीं है।

---

१ [illegible] ६८।

किंच विवक्षितैकदेशशुद्धनयाश्रितेयं भावना निर्विकारस्वसंवेदनलक्षणभेदक्षायोपशमिकज्ञानत्वेन यद्यप्येकदेशव्यक्तिरूपा भवति तथापि **ध्याता पुरुषः यदेव सकलनिरावरणमखंडैकप्रत्यक्षप्रतिभासमयमविनश्वरं शुद्धपारिणामिकपरमभावलक्षणं निजपरमात्मद्रव्यं तदेवाहमिति भावयति** न च खंडज्ञानरूपमिति भावार्थः। इदं तु व्याख्यानं परस्परसापेक्षागमाध्यात्मनयद्वयाभिप्रायस्याविरोधेनैव कथितं सिध्यतीति ज्ञातव्यं विवेकिभिः।

शंका - शुद्धपारिणामिकभाव ध्यानरूप (स्वानुभूतिपर्याय रूप) क्यों नहीं होता है ?

समाधान - ध्यानपर्याय (स्वानुभूतिपर्याय) विनाश होनेवाली होने से, शुद्धपारिणामिकभाव ध्यानरूप (स्वानुभूतिपर्यायरूप) नहीं होता है। उसी तरह परमात्मप्रकाश में गाथा ६८ में श्री योगींदुदेव कहते हैं कि,

"ण वि उप्पज्जइ ण वि मरइ बंधु ण मोक्खु करेइ। जिउ परमत्थे जोइया, जिणवर एउँ भणेइ"।।६८।।

अर्थात् - हे योगी ! परमार्थ से (शुद्धनिश्चयनय से) यह जीव न उपजता (जन्मता) है, न मरता है, न बंधता है, न मोक्ष प्राप्त करता है, ऐसा श्री जिनवर भगवान कहते हैं।

और विशेष कहते हैं कि, विवक्षित एकदेशशुद्धनय के आश्रित यह भावना (भावभासना अथवा स्वानुभूति) निर्विकार स्वसंवेदनलक्षण क्षायोपशमिकज्ञान रूप होने से यद्यपि एकदेश व्यक्तिरूप (प्रकटरूप) है तो भी ध्याता पुरुष ऐसा भाता है -

"जो सकलनिरावरण अखंड-एक-प्रत्यक्षप्रतिभासमय अविनश्वरशुद्धपारिणामिक परमभाव लक्षणवाला निजपरमात्मद्रव्य है वही मैं हूँ," ऐसी भावभासना (अनुभूति) करता है, किन्तु खंडज्ञानरूप मैं नहीं हूँ। ऐसा भावार्थ है।

यह सब कथन आगम का अभिप्राय और अध्यात्म का अभिप्राय तथा दोनों नयों में परस्पर सापेक्षता है, विरोध ही नहीं है, यह सिद्ध करने के लिये किया है, ऐसा विवेकी लोगों को जानना चाहिये।

भावार्थ - इस विवेचन से श्री जयसेनाचार्य जी ने यह दिखाया है कि, शुद्धोपयोग से (स्वानुभूति से अथवा निर्विकल्पसमाधि से) ही चतुर्थादि गुणस्थान प्रगट होते हैं। उस शुद्धोपयोग को निश्चयसम्यक्त्व, अथवा अभेदरत्नत्रय आदि कहा जाता है।

यहाँ ध्यान, ध्याता और ध्येय का सूक्ष्म विवेचन किया है। पर्याय एक समयवर्ती होती है। ध्यानपर्याय भी एक समयवर्ती है। ध्यानपर्याय भी अनित्य है। ध्यान का विषय (स्वानुभूति में जो विषय है वह विषय) परमशुद्ध-पारिणामिकभाव निजात्मद्रव्य है। परमशुद्धपारिणामिकभाव नित्य है। परमशुद्धपारिणामिकभाव अपरिणामी है। भेदरत्नत्रय अथवा खंडज्ञान स्वानुभूति का विषय नहीं है।

卐 卐 卐 卐 卐

चार्ट नं. १०

ज्ञान के प्रामाण्य की उत्पत्ति

ज्ञानपर्याय-सम्यग्ज्ञान | विषय

(यह मैं एकत्वविभक्तनिजध्रुव - चिदानदात्मा हूँ।) (यह मेरा ज्ञान सच्चा ही है।)

'घ' अविभागप्रतिच्छेदों का समूह

क्षणिकउपादानज्ञानपर्याय - सामान्यसामग्री

'ख' अविभागप्रतिच्छेदों का समूह

क्षणिकउपादानज्ञानपर्याय - विशेषसामग्री प्रामाण्य

एकत्वविभक्त निजध्रुव चिदानदात्मा

यहाँ 'घ' से 'ख' अन्य है, इसलिये प्रामाण्य की उत्पत्ति परत है।

यहाँ 'ढ' से 'ज' अन्य है, इसलिये अप्रामाण्य की उत्पत्ति परत है।

चार्ट न. ५

ज्ञान के प्रामाण्य की ज्ञप्ति

अभ्यस्त विषय में स्वत (अर्थात् उस ही क्षण में) होती है।

अनभ्यस्त विषय में परत (अर्थात् उस क्षण से अन्य क्षण में) होती है।

सर्वविशुद्धज्ञान अधिकार

(समयसार चूलिका)

(२)

अत पर जीवादिनवाधिकारेषु जीवस्य कर्तृत्वभोक्तृत्वादिस्वरूप यथास्थान निश्चयव्यवहारनयविभागेन सामान्येन यत्पूर्वम् सूचित, तस्यैव विशेषविवरणार्थं **'लोगस्स कुणदि विण्हू'** इत्यादि गाथामादिं कृत्वा पाठक्रमेण षडधिकनवतिगाथापर्यंत चूलिकाव्याख्यान करोति। चूलिकाशब्दस्यार्थ कथ्यते, तथाहि - विशेषव्याख्यान, उक्तानुक्तव्याख्यान, उक्तानुक्तसकीर्णव्याख्यान चेति त्रिधा चूलिकाशब्दस्यार्थो ज्ञातव्य । तत्र षण्णवतिगाथासु मध्ये विष्णोर्देवादिपर्यायकर्तृत्वनिराकरणमुख्यत्वेन **'लोगस्स कुणदि विण्हू'** इत्यादि गाथासप्तक च भवति। तदनतर अन्य कर्ता, भुक्ते चान्य इत्येकातनिषेधरूपेण बौद्धमतानुसारिशिष्यसबोधनार्थम् **'केहि दु पज्जयेहि'** इत्यादि सूत्रचतुष्टय। अत पर साख्यमतानुसारिशिष्य प्रति एकातेन जीवस्य भावमिथ्यात्वाकर्तृत्वनिराकरणार्थम् **'मिच्छत्ता जदि पयडी'** इत्यादि सूत्रपचकम्। तत पर ज्ञानाज्ञानसुखदु खादिभावान् कर्मैवैकातेन करोति न चात्मेति पुनरपि साख्यमतनिराकरणार्थम् **'कम्मेहि अण्णाणी दु'** इत्यादि त्रयोदशसूत्राणि।

इसके आगे जीवादि नौ अधिकारों में जीव के कर्तापन, भोक्तापन आदि के स्वरूप का यथास्थान निश्चयनय और व्यवहारनय के विभाग द्वारा सामान्य से जो पूर्व में कहा गया है, उसका ही विशेष वर्णन करने के लिये **'लोगस्स कुणदि विण्हू'** इत्यादि गाथा से शुरु करके पाठक्रम से ९६ गाथाओं तक चूलिका का व्याख्यान करते हैं। चूलिका शब्द का अर्थ कहते हैं (१) विशेष व्याख्यान, (२) कहे हुये और न कहे हुये का व्याख्यान तथा (३) कहा हुआ और न कहा हुआ से मिश्रित व्याख्यान, इस तरह तीन प्रकार से व्याख्यान करना यह चूलिका शब्द का अर्थ जानना चाहिये।

वहॉ ९६ गाथाओं में पहले सात गाथाओं में **देवादि पर्यायों का विष्णु कर्ता नहीं है;** इसकी मुख्यता से **'लोगस्स कुणदि विण्हू'** इत्यादि ७ गाथायें हैं। **इसके बाद अन्यकर्ता है;** और अन्य भोक्ता है इस प्रकार के एकात का निषेध करते हुये बौद्धमत के अनुसार मान्यतावाले शिष्यों को सबोधन करने के लिये **'केहि दु पज्जयेहि'** इत्यादि ४ गाथायें हैं। इसके आगे एकात से जीव के **भावमिथ्यात्व का अकर्तृत्व** माननेवाले साख्यमतानुसारी शिष्य के मत का निराकरण करने के लिये **'मिच्छत्ता जदि पयडी'** इत्यादि ५ गाथायें हैं। इसके आगे **ज्ञान-अज्ञान सुख-दु खादि भावों को एकात से कर्म ही करते** हैं और उनको आत्मा नहीं करता, ऐसी मान्यतावाले साख्यमतानुसारी शिष्य के मत का निराकरण करने के लिये **'कम्मेहि दु अण्णाणी'** इत्यादि १३ गाथायें हैं।

अथानतर कोऽपि प्राथमिकशिष्य शव्दादिपचेन्द्रियविपयाणा विनाश कर्तुं वाछति किनु मनसि स्थितस्य विपयानुरागस्य घात करोमीति विशेपविवेक न जानाति तस्य सवोधनार्थम् 'दसणणाणचारित्त' इत्यादि सूत्रसप्तकम्। तदनतर यथा सुवर्णकारादिशिल्पी कुडलादि कर्म हरतकुट्टकाद्युपकरणै करोति तत्फन मृल्यादिकं भुक्ते च तथापि तन्मयो न भवति। तथा जीवोऽपि द्रव्यकर्म करोति भुक्ते च तथापि तन्मयो न भवतीत्यादिप्रतिपादनरूपेण 'जह सिप्पियो दु' इत्यादि गाथासप्तकम्। तत पर यद्यपि श्वेतमृत्तिका व्यवहारेण कुड्यादिक श्वेत करोति तथापि निश्चयेन तन्मयो न भवति। तथा जीवोऽपि व्यवहारेण ज्ञेयभृत च (द्रव्यमृत च) द्रव्यमेव जानाति पश्यति परिहरति श्रद्धाति च तथापि निश्चयेन तन्मयो न भवति इति ब्रह्माद्वैतमतानुसारिशिष्य सवोधनार्थम् 'जह सेडिया' इत्यादि सूत्रदशकम्।

तत पर शुद्धात्मभावनारूपनिश्चयप्रतिक्रमण - निश्चयप्रत्याख्यान - निश्चयालोचना निश्चयचारित्रव्याख्यान-मुख्यत्वेन 'कम्म ज पुव्वकद' इत्यादि सूत्रचतुष्टयम्। तदनतर रागद्वेपोत्पत्ति विपयेऽज्ञानरूपस्वकीयवुद्धिरूपदोप एव कारण न चाचेतनशव्दादिविपया इति कथनार्थं 'णिदिद सथुद वयणाणि' इत्यादि गाथादशकम्। अत पर उदयागत कर्म वेदयमानो मदीयमिद मया कृत च मन्यते स्वस्थभावशृन्य सुखितो दु खितश्च भवति य स पुनरप्यष्टविध कर्म दु खवीज वध्नातीति प्रतिपादनमुख्यत्वेन 'वेदतो कम्मफल' इत्यादि गाथात्रयम्।

इसके वाद कोई प्राथमिक शिष्य शव्द आदि पचेंद्रियों के विपयों को नष्ट करना चाहता है लेकिन मन में स्थितरहने वाले विषयानुराग का घात करना चाहिये, ऐसे भेदज्ञान को नहीं जानता है, उसको सवोधन करने के लिये 'दसणणाणचरित्त' इत्यादि ७ गाथायें हैं। तदनतर जैसे स्वर्णकारादि शिल्पकार हथोडे आदि उपकरणों के द्वारा कुण्डल आदि वनाता है, उनसे जो फल मिलता है, उन मृल्य आदि को भोगता है किन्तु सुवर्णादि से तन्मय नहीं होता है, वैसे जीव भी द्रव्यकर्म करता है और उसको भोगता है तथापि उनसे तन्मय नहीं होता है, इत्यादि का प्रतिपादन करने वाली 'जह सिप्पियो दु' इत्यादि ७ गाथायें हैं। उसके आगे व्रह्माद्वैतमतानुसारी शिष्य को सवोधन करने के लिये 'जह सेडिया' इत्यादि १० गाथायें हैं। (उसमें कहते हैं कि, यद्यपि सफेद मिट्टी भीत आदि को सफेद करती है तथापि निश्चयनय से वह उससे तन्मय नहीं होती है, वैसे जाव भी व्यवहारनय से ज्ञेयमृत द्रव्य को जानता है, देखता है, दूर करता है, और श्रद्धा करता है तथापि निश्चयनय से उससे तन्मय नही होता है)।

इसके आगे शुद्धात्मभावनावाला निश्चयप्रतिक्रमण, निश्चयप्रत्याख्यान, निश्चयआलोचना और निश्चयचारित्र इनका कथन करने की मुख्यता से 'कम्म ज पुव्वकद' इत्यादि ४ गाथायें हैं। तदनतर रागद्वेष की उत्पत्ति के विषय में अज्ञानरूप अपना बुद्धिरूप दोष ही कारण है और अचेतन शव्दादिविषय रागद्वेष की उत्पत्ति के कारण नहीं हैं, इस कथन के लिये 'णिदिद सथुदि वयणाणि' इत्यादि १० गाथायें हैं। इसके आगे उदयागत कर्म को भोगनेवाला जो मानता है कि "यह मेरा है, यह मैंने किया है", और जो स्वस्थभाव से शून्य होकर सुखी और दु खी होता है वह फिर से दु ख के वीज वाले आठे प्रकार के कर्म वाधता है, यह कथन करने की मुख्यता से 'वेदतो कम्मफल' इत्यादि तीन गाथायें हैं।

तदनतर आचारसूत्रकृतादि द्रव्यश्रुतेन्द्रियविषयद्रव्यकर्म धर्माधर्माकाशकाला शुद्धनिश्चयेन रागादयोऽपि शुद्धजीवस्वरूप न भवतीति व्याख्यानमुख्यत्वेन **'सत्थ णाण ण हवदि'** इत्यादि पचदश सूत्राणि। तत पर यस्य शुद्धनयस्याभिप्रायेणात्मा मूर्तिरहितस्तस्याभिप्रायेण कर्मनोकर्माहाररहित इति व्याख्यानरूपेण **'अत्ता जस्स अमुत्तो'** इत्यादि गाथात्रयम्। तदनतर देहाश्रितद्रव्यलिग निर्विकल्पसमाधिलक्षणभावलिगरहितयतीना मुक्तिकारण न भवति भावलिगसहिताना पुन सहकारिकारण भवतीति व्याख्यानमुख्यत्वेन **'पाखडी लिगाणि य'** इत्यादि सूत्रसप्तकम्। पुनश्च समयप्राभृताध्ययनफलकथनरूपेण ग्रथसमाप्त्यर्थम् **'जो समयपाहुडमिण'** इत्यादि सूत्रमेक कथयतीति त्रयोदशभिरतराधिकारै समयसारचूलिकाधिकारे समुदायपातनिका।

इदानीं त्रयोदशाधिकाराणा यथाक्रमेण विशेषव्याख्यान क्रियते। तद्यथा - अथ एकातेनात्मान कर्तार ये मन्यते तेषामज्ञानिजनवन्मोक्षो नास्तीत्युपदिशति -

लोगस्स कुणदि विण्हू सुरणारयतिरियमाणुसे सत्ते। (३२१) आ.ख्या.
समणाण पि य अप्पा जदि कुव्वदि छव्विहे काए।। ३४२।। ता.वृ.

इसके वाद आचाराग, सूत्रकृताग आदि द्रव्यश्रुत, इद्रियो के विषय, द्रव्यकर्म, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाश, कालद्रव्य और **रागादिविभाव ये सब भी शुद्धनिश्चयनय से शुद्धजीवस्वरूप नहीं हैं,** इस कथन की मुख्यता से **'सत्थ णाण ण हवदि'** इत्यादि १५ गाथायें हैं। इसके वाद जिस शुद्धनय के अभिप्राय से आत्मा अमूर्त्त हे उसी शुद्धनय के अभिप्राय से आत्मा कर्म-नोकर्मरहित है, इस कथन की मुख्यता से **'अत्ता जस्स अमुत्तो'** इत्यादि तीन गाथायें हैं। उसके वाद निर्विकल्पसमाधि लक्षणवाले **भावलिग से रहित यतियों का देहाश्रित द्रव्यलिग मोक्ष का कारण नहीं** है और भावलिगसहित यतियों का द्रव्यलिग सहकारी कारण है, इस कथन की मुख्यता से **'पाखडी लिगाणि य'** इत्यादि ७ गाथायें हैं। इसके आगे इस समयप्राभृतग्रथ के अध्ययन का फल कहते हुए इस ग्रथ को समाप्त करने के लिये **'जो समयपाहुडमिण'** इत्यादि एक गाथा है। इस प्रकार १३ अतर अधिकारों से समयसार की चूलिका अधिकार की यह समुदायपातनिका है।

अव १३ अधिकारों का यथाक्रम से विशेष व्याख्यान किया जाता है। हॉ, **जो एकात से आत्मा को कर्ता मानते हैं उनको अज्ञानीजन की तरह मोक्ष नहीं है,** ऐसा उपदेश देते हैं

गाथार्थ - **(लोगस्स)** लौकिकजनों के मतानुसार **(विण्हू)** विष्णु **(सुरणारयतिरियमाणुसे सत्ते)** देव, नारक, तिर्यंच, मनुष्य प्राणियों को **(कुणदि)** करता है **(य)** और इसी तरह **(जदि)** यदि **(समणाण पि)** मुनियों के मत में भी **(अप्पा)** आत्मा **(छव्विहे काए)** छह काय के जीवों को **(कुव्वदि)** करता हे।

तो **(लोगसमणाणमेव)** लोक और यतियों के मत में **(सिद्धत पडि)** सिद्धात की दृष्टि से **(विसेसो)** भेद **(ण दिस्सदि)** नहीं दिखता है। **(लोगस्स)** लोक के मत में **(विण्हू)** विष्णु **(कुणदि)** करता है **(समणाण)** यतियों के मत में **(अप्पओ)** आत्मा **(कुणदि)** करता है।

(एव) इस तरह **(सदेवमणुआसुरे लोगे)** देव, मनुष्य और असुर लोग **(णिच्च कुव्वताणं)** नित्य करते-कर्ता हुए **(समणलोयाण दोण्हपि)** यति और लोग इन दोनों में से **(कोवि)** कोई भी **(मोक्खो)** मुक्त हुआ **(ण दीसदि)** नहीं दिखता है।

लोगसमणाणमेव सिद्धत पडि ण दिस्सदि विसेसो। (३२२)
लोगस्स कुणदि विण्हू समणाण अप्पओ कुणदि।।३४३।।
एव ण कोवि मोक्खो दीसदि दोण्ह पि समणलोयाण। (३२३)
णिच्च कुव्वताण सदेव मणुआसुरे लोगे।।३४४।।

लोगस्स कुणदि विण्हू सुरणारयतिरियमाणुसे सत्ते लोकस्य मते विष्णु करोति। कान् ? सुरनारकतिर्यङ्मानुषान् सत्वान्। **समणाण पि य अप्पा जदि कुव्वदि छव्विहे काए** श्रमणाना मते पुनरात्मा करोति यदि चेत्। कान् ? षट्जीवनिकायानिति। **लोगसमणाणमेव सिद्धत पडि ण दिस्सदि विसेसो** एव पूर्वोक्तप्रकारेण सिद्धात प्रति, आगम प्रति न दृश्यते कोऽपि विशेष । कयो सवधी ? लोकश्रमणयो, कस्मात् ? इति चेत्, **लोगस्स कुणदि विण्हू समणाण (पि) अप्पओ कुणदि** लोकमते विष्णुनामा कोऽपि परकल्पितपुरुषविशेष करोति। श्रमणाना मते पुनरात्मा करोति, तत्र विष्णुसज्ञा श्रमणमते चात्मसज्ञा, नास्ति विप्रतिपत्तिर्न चार्थे। **एव ण कोवि मोक्खो दीसदि दोण्ह पि समणलोयाण** एव कर्तृत्वे सति को दोष ? मोक्ष कोऽपि न दृश्यते। कयो ? लोकश्रमणयो । किंविशिष्टयो ? **णिच्च कुव्वताण सदेव मणुयासुरे लोगे** नित्य सर्वकाल कर्मम् कुर्वन्तो । क्व ? लोके। कथभूते? देवमनुष्यासुरसहिते।

किच - रागद्वेषमोहरूपेण परिणमनमेव कर्तृत्वमुच्यते। तत्र रागद्वेषमोहपरिणमने सति शुद्धस्वभावात्मतत्त्व सम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूपनिश्चयरत्नत्रयात्मकमोक्षमार्गाच्च्यवन भवति ततश्च मोक्षो न भवतीति भावार्थ । एव पूर्वपक्षरूपेण गाथात्रय गतम्।।३४२, ३४३, ३४४।।

टीकार्थ - लोकिक जनों के मत में देव, नारक, तिर्यंच और मनुष्य प्राणियों को विष्णु करता है और इसी तरह यदि श्रमणों के मत में भी आत्मा छहकाय के जीवों को करता है, तो लोगों के और श्रमणों के मत में सिद्धात की दृष्टि से भेद-अन्तर नहीं दीखता है, क्योंकि लोगों के मत में विष्णु नाम का कोई परिकल्पित पुरुष विशेष कर्ता है और श्रमणों के मत में आत्मा कर्ता है। वहाँ विष्णु सज्ञा है और श्रमणों के मत में आत्मा सज्ञा है। विष्णु और आत्मा सज्ञा में अर्थ से भेद नहीं, प्रतीति में भेद नहीं, नाम भेद है।

शका - **इस प्रकार कर्तृत्व मानने में क्या दोष है ?**

समाधान - इस जगत में नित्य कर्मकर्तृत्व माननेवाले देव, मनुष्य, असुर सहित श्रमण इनमें से कोई भी मुक्त हुआ दिखाई नहीं देता है।

इसका स्पष्टीकरण यह है कि, **राग-द्वेष-मोहमय परिणमन करना ही कर्तृत्व कहलाता है।**

वहाँ राग-द्वेष-मोहमय परिणमन करते समय शुद्धस्वभावात्मतत्त्व का सम्यक्श्रद्धानज्ञानानुचरणरूप निश्चयरत्नत्रयात्मक मोक्षमार्ग से च्यवन (दूर होना) होता है। इसलिये मोक्ष नहीं होता है, यह भावार्थ है।

इस प्रकार पूर्वपक्ष का (पूर्वपक्ष और उसके सक्षेपरूप उत्तर का) कथन करने वाली तीन गाथायें पूर्ण हुई।।३४२, ३४३, ३४४।।

अथोत्तर निश्चयेनात्मन पुद्गलद्रव्येण सह कर्तृकर्मसबधो नास्ति कथ कर्ता भविष्यतीति कथयति-

ववहारभासिदेण दु परदव्वं मम भणति विदिदच्छा। (३२४)
जाणति णिच्छयेण दु ण य इह परमाणुमित्त मम किचि।।३४५।।
जह को वि णरो जपदि अम्हाण गामविसयणपुररट्ठ[1]। (३२५)
ण य होंति ताणि तस्स दु भणदि य मोहेण सो अप्पा।।३४६।।
एमेव मिच्छदिट्ठी णाणी णिस्ससय हवदि एसो। (३२६)
जो परदव्व मम इदि जाणतो अप्पय कुणदि।।३४७।।
तम्हा ण ममेत्ति णच्चा दोण्ह वि एदाण कत्तिववसाओ। (३२७)
परदव्वे जाणतो जाणिज्जो दिट्ठिरहिदाण।।३४८।।

अब पूर्वपक्ष के उत्तर में (विशेष) कथन करते हैं कि, **निश्चयनय से आत्मा का पुद्गलद्रव्य के साथ कर्ता-कर्म सबध नहीं है** तब आत्मा कैसे कर्ता होगा ?

गाथार्थ - (**विदिदच्छा**) ज्ञानी जन (**ववहारभासिदेण**) व्यवहारनय से (**परदव्व**) परद्रव्य (**मम**) मेरा है ऐसा (**भणति**) कहते हैं (**दु**) तो भी (**णिच्छयेण**) निश्चयनय से (**जाणति दु**) जानते हैं कि (**इह**) इस जगत में (**परमाणुमित्त मम किचि य**) परमाणुमात्र भी कोई मेरा (**ण**) नहीं है।

(**जह**) जैसे (**को वि णरो**) कोई मनुष्य (**जपदि दु**) कहता है कि यह (**अम्हाण**) हमारा (**गामविसयणयपुररट्ठ**) ग्राम, जनपद, नगर और राष्ट्र है (**दु**) कितु (**ताणि**) वे ग्रामादिक (**तस्स**) उसके (**ण य होंति**) नहीं हैं (**य**) और (**सो अप्पा**) वह आत्मा (**मोहेण भणदि**) मोह से ऐसा कहता है।

(**एमेव**) इसी प्रकार (**जो णाणी**) जो जीव (**परदव्व मम**) परद्रव्य मेरा है (**इदि जाणतो**) ऐसा अनुभवता हुआ (**अप्पय**) परद्रव्य को आत्मस्वरूप (**कुणदि**) करता है (**एसो**) वह जीव (**णिस्ससय**) नि सशय (**मिच्छदिट्ठी**) मिथ्यादृष्टि (**हवदि**) होता है।

(**तम्हा**) इस कारण से (**ण ममेत्ति**) ये परद्रव्य मेरे नहीं हैं यह (**णच्चा**) जानकर (**एदाण दोण्ह वि**) लोक और श्रमण इन दोनों के (**परदव्वे**) परद्रव्य में (**कत्तिववसाओ**) कर्तृत्व के व्यवसाय को (**जाणतो**) जानते हुये (**जाणिज्जो**) समझो कि यह व्यवसाय (**दिट्ठिरहिदाण**) सम्यग्दृष्टिरहितवालों का - मिथ्यादृष्टियों का है।

टीकार्थ - **ज्ञानी-तत्ववेदी** व्यवहारनय से कहते हैं कि, परद्रव्य मेरा है किन्तु निश्चयनय से जानते हैं कि, इस जगत का परमाणु मात्र भी परद्रव्य मेरा नहीं है। जैसे कोई पुरुष कहता है कि, ग्राम, जनपद, नगर, देश और राष्ट्र हमारा है लेकिन वे ग्राम, नगर आदि उसके नहीं हैं, तो भी वह मोह से ग्रामादिक को 'मेरे हैं' ऐसा कहता है। यह दृष्टात है। अव दार्ष्टांत कहते हैं - इस प्रकार पूर्वोक्त दृष्टात से आत्मा व्यवहारमूढ होकर यदि परद्रव्य को अपना निजस्वरूप कहता है तव मिथ्यात्व को प्राप्त होकर मिथ्यादृष्टि होता है यह निश्चित है, इसमें सदेह नहीं करना चाहिये।

---

[1] पाठान्तर - णयररट्ठ

ववहारभासिदेण दु परदव्व मम भणति विदिदच्छा परद्रव्य मम भणति। के ते ? विदितार्था - ज्ञातार्था तत्त्ववेदिन । केन कृत्वा भणति ? व्यवहारभापितेन व्यवहारनयेन। **जाणति णिच्छयेण दु ण य इह परमाणुमित्त मम किंचि** निश्चयेन पुनर्जाननि। कि ? न चेह परद्रव्य परमाणुमात्रमपि ममेति। **जह कोवि णरो जपदि अम्हाण गामविसयणपुरट्ठ** यथा नाम स्फुटमहो वा कश्चित्पुरुपो जल्पति। कि जल्पति ? वृत्यावृतो ग्राम देशाभिधानो विषय, नगराभिधान पुर देशैकदेशसज्ञ राष्ट्रमस्माकमिति। **ण य होंति ताणि तस्स दु भणदि य मोहेण सो अप्पा** न च तानि तस्य भवति राजकीयनगरादीनि तथाप्यसौ मोहेन ब्रूते मदीय ग्रामादिकमिति दृष्टात । अथ दार्ष्टांत एव पूर्वोक्तदृष्टातेन ज्ञानी व्यवहारमूढो भूत्वा यदि परद्रव्यमात्मीय भणति तदा मिथ्यात्व प्राप्त सन् मिथ्यादृष्टिर्भवति निस्सशय निश्चितम्। सदेहो न कर्तव्य इति।

तम्हा इत्यादि। **तम्हा** तस्मात् परकीयग्रामादिदृष्टातेन स्वानुभूतिभावनाच्युत सन् योऽसौ परद्रव्य व्यवहारेणात्मीय करोति स मिथ्यादृष्टिर्भवतीति भणित पूर्वम्। तम्मात्कारणाज्ज्ञायते **दोण्ह वि एदाण कत्तिववसाओ** परद्रव्ये तयो पूर्वोक्तलौकिकजैनयो आत्मा परद्रव्य करोतीत्यनेन रूपेण योऽसौ परद्रव्यविपये कर्तृत्वव्यवसाय । कि कृत्वा ? पूर्वम् **ण ममेति णच्चा** निर्विकारस्वपरपरिच्छित्तिज्ञानेन परद्रव्य मम सबधि न भवति इति ज्ञात्वा।

इसलिये परकीय ग्रामादि के दृष्टात से जो आत्मा स्वानुभूति से च्युत होकर व्यवहार से कहे हुये "परद्रव्य मेरे हैं," इनको अपना निजस्वरूप मानता है, वह मिथ्यादृष्टि है, ऐसा पहले कहा गया है।

इस कारण से जाना जाता है कि, परद्रव्य के बारे में पूर्वोक्त लौकिक लोग और व्यवहारमोहित जैनलोग इन दोनों के मत में आत्मा परद्रव्य का कर्ता है।

इस प्रकार से परद्रव्य में जो कर्तृत्वभावना है, कोई तीसरा तटस्थ पुरुष निर्विकार स्वपरपरिच्छित्तिरूप ज्ञान से परद्रव्य मेरा सबधी नहीं है इसको जानकर, लौकिकलोग और जैन लोगों का परद्रव्य के बारे में होने वाले उस कर्तृत्व के अध्यवसाय को जानो।

शका - वह उस अध्यवसाय को कैसा जानता है ?

समाधान - वीतराग सम्यक्त्ववाली जो निश्चयदृष्टि है, उस **निश्चयदृष्टि से रहितवालों** का यह **अध्यवसायभाव है,** ऐसा सम्यग्ज्ञानी जानता है।

शका - ज्ञानी होकर व्यवहार से परद्रव्य को निजस्वरूप कहने वाला अज्ञानी कैसे होता है ?

समाधान - जैसे म्लेच्छों को समझाने के लिये म्लेच्छभाषा का ही उपयोग किया जाता है वैसे प्राथमिक जीवों को सबोधन करने के लिये उस काल में ही व्यवहारनय का अनुसरण करना चाहिये। लेकिन प्राथमिक जीवो के प्रतिबोधनकाल को छोडकर अन्य काल में भी यदि कोई ज्ञानी जीव कतकफल के समान आत्मा को शुद्ध करनेवाले शुद्धनय से च्युत होकर यदि परद्रव्य को अपना निजस्वरूप मानता है, तो उस समय ही वह मिथ्यादृष्टि होता है।

जाणंतो जाणिज्जो दिट्ठिरहिदाण इम लौकिकजैनयो परद्रव्ये कर्तृत्वव्यवसाय अन्य कोऽपि तृतीयतटस्थ पुरुषो जानन् सन् जानीयात्। स कथभूत जानीयात् ? वीतरागसम्यक्त्वसज्ञा या तु निश्चयदृष्टिस्तद्रहिताना व्यवसायोऽयमिति। ज्ञानी भूत्वा व्यवहारेण परद्रव्यमात्मीय वदन् सन् कथमज्ञानी भवतीति चेत् ? व्यवहारो हि म्लेच्छाना म्लेच्छभाषेव प्राथमिकजनसबोधनार्थं काल एवानुसर्तव्य प्राथमिकजनप्रतिबोधनकाल विहाय कतकफलवदात्मशुद्धिकारकात् शुद्धनयाच्च्युतो भूत्वा यदि परद्रव्यमात्मीय करोति तदा मिथ्यादृष्टिर्भवति।

कि च विशेष - लोकाना मते विष्णु करोतीति यदुक्त पूर्वम् तल्लोकव्यवहारापेक्षया भणितम्। न चानादिभूतस्य देवमनुष्यादिभृतलोकस्य विष्णुर्वा ब्रह्मा वा महेश्वरो वा कोऽपि कर्तास्ति। कथमिति चेत् ? सर्वोऽपि लोकस्तावदेकेंद्रियादिर्जीवैर्भृतस्तिष्ठति। तेषा च जीवाना निश्चयनयेन विष्णुपर्यायेण ब्रह्मपर्यायेण महेश्वरपर्यायेण जिनपर्यायेण च परिणमनशक्तिरस्ति तेन कारणेनात्मैव विष्णु, आत्मेव ब्रह्मा, आत्मैव महेश्वर, आत्मैव जिन। तदपि कथमिति चेत् ?

कोऽपि जीव पूर्वम् मनुष्यभवे जिनरूप गृहीत्वा भोगाकाक्षानिदानबधेन पापानुबधि पुण्य कृत्वा स्वर्गे समुत्पद्य तस्मादागत्य मनुष्यभवे त्रिखडाधिपतिरर्द्धचक्रवर्ती भवति तस्य विष्णुसज्ञा न चापर कोऽपि लोकस्य कर्ता विष्णुरस्ति इति।

तथा चापर कोऽपि जीवो जिनदीक्षा गृहीत्वा रत्नत्रयाराधनया पापानुबधिपुण्योपार्जन कृत्वा विद्यानुवादसज्ञ दशमपूर्वम् पठित्वा चारित्रमोहोदयेन तपश्चरणच्युतो भूत्वा हुण्डावसर्पिणीकालप्रभावेन विद्याबलेन लोकस्याह कर्तेत्यादि चमत्कारमुत्पाद्य मूढजनाना विस्मय कृत्वा महेश्वरो भवति न सर्वावसर्पिणीषु।

इसका स्पष्टीकरण यह है कि, लोगों के मत में विष्णु करता है ऐसा जो पहले कहा गया वह लोकव्यवहार की अपेक्षा से कहा गया है, किन्तु अनादिस्वरूप इस देव-मनुष्यादि प्राणियों से भरे हुये लोक का विष्णु अथवा ब्रह्मा अथवा महेश्वर अथवा अन्य कोई भी कर्ता नहीं है। क्योंकि सब लोक ही एकेंद्रियादि जीवों से भरा हुआ है। और उन जीवों की निश्चयनय से विष्णुपर्यायरूप, ब्रह्मापर्यायरूप, महेश्वरपर्यायरूप और जिनपर्यायरूप परिणमन करने की शक्ति है, इस कारण से आत्मा ही विष्णु है, आत्मा ही ब्रह्मा है, आत्मा ही महेश्वर है, और आत्मा ही जिन है।

शका - वह भी कैसे ?

समाधान - कोई जीव पूर्व मनुष्यभव में जिनरूप (मुनिव्रत) ग्रहण करके भोगाकाक्षानिदानबध से पापानुबंधिपुण्य करके स्वर्ग में उत्पन्न हुआ, वहाँ से मनुष्यभव में आकर तीन खडों का अधिपति- अर्द्धचक्रवर्ती होता है, उसको विष्णु सज्ञा है, अन्य दूसरा कोई लोक का कर्ता विष्णु नहीं है।

उसी तरह अन्य दूसरा कोई जीव जिनदीक्षा ग्रहण करके रत्नत्रय की आराधना से पापानुबंधिपुण्य प्राप्त करके विद्यानुवादनामवाले दशवें पूर्व तक पढकर चारित्रमोह के उदय से तपश्चरण से भ्रष्ट होकर **हुण्डावसर्पिणी काल के प्रभाव से,** विद्या के बल से **"लोक का मैं कर्ता हूँ"** इत्यादि चमत्कार प्रगट करके मूढ-अज्ञानी लोगों को आश्चर्य पैदा करके **महेश्वर** होता है।

सा च हुण्डावसर्पिणीसख्यातीतोत्सर्पिण्यवसर्पिणीषु गतासु समुपयाति। तथा चोक्त -

सखातीदवसप्पिणि गयासु हुण्डावसप्पिणी एइ। परसमयह उप्पत्ती तहि जिणवर एव पभणेइ।।१।।

न चान्य कोऽपि जगत्कर्त्ता महेश्वराभिधान पुरुषविशेषोऽस्ति इति।

तथा चापर कोऽपि पुरुषो विशिष्टतपश्चरण कृत्वा पश्चात्तपप्रभावेन स्त्रीविषयनिमित्त चतुर्मुखो भवति तस्य ब्रम्हा सज्ञा। न चान्य कोऽपि जगत कर्ता व्यापकैकरूपो ब्रह्माभिधानोऽस्ति।

तथैवापर कोऽपि दर्शनविशुद्धिविनयसपन्नतेत्यादि षोडशभावना कृत्वा देवेंद्रादिविनिर्मितपचमहाकल्याणपूजायोग्य तीर्थकरपुण्य समुपार्ज्यम् जिनेश्वराभिधानो वीतरागसर्वज्ञो भवतीति वस्तुस्वरूप ज्ञातव्यम्। एव यद्येकातेन कर्ता भवति तदा मोक्षाभाव इति विष्णुदृष्टातेन गाथात्रयेण पूर्वपक्ष कृत्वा गाथाचतुष्टयेन परिहारव्याख्यानमिति प्रथमस्थले सूत्रसप्तक गतम्।।३४५ से ३४८।।

अथ द्रव्यार्थिकनयेन य एव कर्म करोति स एव भुक्ते। पर्यायार्थिकनयेन पुनरन्य करोत्यन्यो भुक्ते इति च योऽसौ मन्यते स सम्यग्दृष्टिर्भवति इति प्रतिपादयति -

केहिचि दु पज्जयेहि विणस्सदे णेव केहिचि दु जीवो। (३४५)
जम्हा तम्हा कुव्वदि सो वा अण्णो व णेयतो।।३४९।।
केहिचि दु पज्जयेहि विणस्सदे णेव केहिचि दु जीवो। (३४६)
जम्हा तम्हा वेददि सो वा अण्णो व णेयतो ।।३५०।।

यह सभी अवसर्पिणी कालों में नहीं होता है, किन्तु हुण्डावसर्पिणी में होता है जो कि असख्यात उत्सर्पिणी और असख्यात अवसर्पिणी कालों के वीत जाने पर ही आया करता है। जैसा कि कहा गया है - "सखातीदवसप्पिणी" इत्यादि, अर्थात् - **असख्यात अवसर्पिणी कालों के बीत जाने पर एक हुण्डावसर्पिणी काल आता है, जिसमें जैनेतर मतों की भी उत्पत्ति होती है ऐसा जिनेंद्र देव कहते हैं।** अन्य और कोई जगत का कर्ता महेश्वर नामवाला पुरुषविशेष नहीं है।

इसी तरह अन्य कोई जीव विशिष्ट तपश्चरण करने के वाद तप के प्रभाव से स्त्रीविषयक निमित्त पाकर चतुर्मुख होता है उसको **ब्रह्मा** सज्ञा है। और अन्य कोई जगत को करनेवाला व्यापक एकरूपवाला ब्रह्मा नाम का कोई कर्ता नहीं है।

इसी प्रकार अन्य कोई दर्शनविशुद्धि, विनयसपन्नता आदि १६ भावनाओं को करके देवेंद्रादि के द्वारा विनिर्मित पचमहाकल्याणपूजायोग्य तीर्थङ्कर पुण्य को प्राप्त कर **जिनेश्वर** नामवाला वीतराग सर्वज्ञ होता है। ऐसा वस्तुस्वरूप जानना चाहिये।

इस प्रकार यदि एकात से आत्मा को कर्ता मान लिया जाय तो मोक्ष का अभाव ठहरता है। इसी तरह विष्णु के दृष्टात के द्वारा तीन गाथाओं में पूर्वपक्ष करके उसका परिहार चार गाथाओं के द्वारा किया गया है। इस तरह कथन करनेवाली ७ गाथायें प्रथमस्थल में पूर्ण हुई।।३४५ से ३४८।।

केहिचिदु पज्जयेहि विणस्सदे णेव केहिचि दु जीवो कैश्चित्पर्यायै पर्यायार्थिकनयविभागैर्देव-मनुष्यादिरूपैर्विनश्यति जीव । न नश्यति कैश्चिद्द्रव्यार्थिकनयविभागै ।**जम्हा** यस्मादेव नित्यानित्यस्वभाव जीवस्वरूप **तम्हा** तस्मात्कारणात्। **कुव्वदि सो वा** द्रव्यार्थिकनयेन स एव कर्म करोति। स एव क ? इति चेत्, यो भुक्ते। **अण्णो** वा पर्यायार्थिकनयेन पुनरन्यो वा। **णेयतो** न चैकातोऽस्ति। एव कर्तृत्वमुख्यत्वेन प्रथमगाथा गता।

केहिचि दु पज्जयेहि विणस्सदे णेव केहिचि दु जीवो कैश्चित् पर्यायै पर्यायार्थिकनयविभागै देवमनुष्यादिरूपैर्विनश्यति जीव न नश्यति कैश्चिद्द्रव्यार्थिकनयविभागै । **जम्हा** यस्मादेव नित्यानित्यस्वभाव जीवस्वरूपम्। **तम्हा** तस्मात्कारणात्।**वेददि सो वा** निजशुद्धात्मभावनोत्थसुखामृतरसास्वादमलभमान स एव कर्मफल वेदयत्यनुभवति। स एव क ? इति चेत्, येन पूर्वकृत कर्म। **अण्णो वा** पर्यायार्थिकनयेन पुनरन्यो वा। **णेयतो** न चैकातोऽस्ति। एव भोक्तृत्वमुख्यत्वेन द्वितीयगाथा गता।

कि च, येन मनुष्यभवे शुभाशुभ कर्म कृत स एव जीवो द्रव्यार्थिकनयेन देवलोके नरके वा भुक्ते पर्यायार्थिकनयेन पुनस्तद्भवापेक्षया बालकाले कृत यौवनादिपर्यायान्तरे भुक्ते। अति सक्षेपेण अतर्मुहूर्तान्तरे च भुक्ते। भवातरापेक्षया तु मनुष्यपर्यायेण कृत देवादिपर्यायेण भुक्ते इति भावार्थ । एव गाथाद्वयेनानेकातव्यवस्थापनारूपेण स्वपक्षसिद्धि कृता।। ३४९, ३५०।।

अब द्रव्यार्थिकनय से जो ही करता है वह ही भोगता है। और पर्यायार्थिकनय से अन्य करता है और अन्य ही भोगता हे, इस प्रकार जो मानता है, वह सम्यग्दृष्टि हे ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - (**जम्हा**) जिस कारण (**जीवो**) जीव (**केहिचि दु पज्जयेहि**) कितनी ही पर्यायों से (**विणस्सदे**) नष्ट होता है (**केहिचि दु**) और कितनी ही पर्यायों से (**णेव**) नष्ट नहीं होता है (**तम्हा**) इसलिये (**सो वा अण्णो व कुव्वदि**) वह ही करता है अथवा अन्य करता है (**णेयतो**) एकात नहीं हे (स्याद्वाद है)।

(**जम्हा**) जिस कारण (**जीवो**) जीव (**केहिचि दु पज्जयेहि**) कितनी ही पर्यायों से (**विणस्सदे**) नष्ट होता हे (**केहिचि दु**) कितनी ही पर्यायों से (**णेव**) नष्ट नहीं होता (**तम्हा**) इसलिये (**सो वा अण्णो व वेददि**) वह जीव भोगता है अथवा अन्य भोगता है (**णेयतो**) एकात नहीं हे (स्याद्वाद है)।

टीकार्थ - पर्यायार्थिक नयविभाग से देव-मनुष्यादिरूप कितनी ही पर्यायों से जीव नष्ट होता है, और द्रव्यार्थिक नयविभाग से कितनी ही पर्यायों से जीव नष्ट नहीं होता है, जिस कारण से जीव का स्वरूप नित्यानित्य स्वभाववाला है। इसलिये द्रव्यार्थिकनय से जो ही कर्म भोगता है, वह ही करता है। और पर्यायार्थिकनय से एक कर्म करता है, दूसरा भोगता है, इसमें एकात नहीं है। इस प्रकार कर्तृत्व की मुख्यता से प्रथम गाथा पूर्ण हुई।

पर्यायार्थिक नयविभागों से देव-मनुष्यादिरूप कितनी ही पर्यायों से जीव नष्ट होता है, और द्रव्यार्थिक नयविभागों से कितनी ही पर्यायों से जीव नष्ट नहीं होता है। जिस कारण से जीव का स्वरूप नित्यानित्य स्वभाव वाला है, इसलिये जिसको निजशुद्धात्मभावना से (स्वानुभव से) उत्पन्न सुखामृतरस का स्वाद प्राप्त नहीं होता है, वह ही कर्मफल को अनुभवता (भोगता) है।

अथैकातेन य एव करोति स एव भुक्ते, अथवान्य करोत्यन्यो भुक्ते इति यो वदति स मिथ्यादृष्टिरित्युपदिशति-

जो चेव कुणदि सो चेव[1] वेदगो जस्स एस सिद्धतो। (३४७)
सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।। ३५१ ।।
अण्णो करेदि अण्णो परिभुजदि जस्स एस सिद्धतो। (३४८)
सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।। ३५२ ।।

जो चेव कुणदि सो चेव वेदगो जस्स एस सिद्धतो य एव जीव शुभाशुभ कर्म करोति स एव चैकातेन भुक्ते न पुनरन्य यस्यैष सिद्धात आगम ।**सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो** स जीवो मिथ्यादृष्टिरनार्हतो ज्ञातव्य । कथ मिथ्यादृष्टि ? इति चेत्, यदैकातेन नित्यकूटस्थोऽपरिणामी टकोत्कीर्ण साख्यमतवत् तदा येन *मनुष्यभवेन नरकगतियोग्य पापकर्मकृत स्वर्गगतियोग्य पुण्यकर्मकृत तस्य जीवस्य नरके स्वर्गे वा गमन न प्राप्नोति।*

याने जिसने पहले कर्म किये थे वही जीव कर्मफल को अनुभवता (भोगता) है। और पर्यायार्थिकनय से एक कर्म करता है, अन्य कर्म का फल भोगता है, इसमें एकात नहीं है। इस प्रकार भोक्तृत्व की मुख्यता से दूसरी गाथा पूर्ण हुई।

इसका स्पष्टीकरण यह है कि, द्रव्यार्थिकनय से जो जीव मनुष्यभव में शुभाशुभ कर्म करता है वह ही जीव स्वर्ग में अथवा नरकादि में उस कर्म का फल भोगता है। और पर्यायार्थिकनय से उस ही भव की अपेक्षा से बालकाल में किये हुये कर्म का फल यौवनादि अन्य पर्याय में भोगता है। और अति सक्षेप से कहा जाय तो अतर्मुहूर्त के बाद भोगता है। किन्तु भवातर की अपेक्षा से मनुष्यपर्याय में किया हुआ कर्म देवादिपर्याय में भोगता है। यह भावार्थ है।

इस तरह अनेकात की व्यवस्थापनारूप से स्वपक्ष की सिद्धि करनेवाली दो गाथायें पूर्ण हुई।। ३४९, ३५० ।।

अब एकात से जो करता है वही भोगता है अथवा एकात से अन्य करता है और दूसरा अन्य भोगता है, इस तरह जो एकात से कहता है वह मिथ्यादृष्टि है, ऐसा कहते हैं -

गाथार्थ - **(जो चेव कुणदि)** जो जीव करता है **(सो चेव वेदको)** वह ही भोगता है **(जस्स)** जिसका **(एस सिद्धतो)** ऐसा एकात से सिद्धात है **(सो जीवो)** वह जीव **(मिच्छादिट्ठी)** मिथ्यादृष्टि **(अणारिहदो)** अर्हत के मत को न मानने वाला **(णादव्वो)** जानना चाहिये।

(अण्णो करेदि) कोई अन्य करता है **(अण्णो परिभुजदि)** कोई अन्य भोगता है **(जस्स)** जिसका **(एस सिद्धतो)** ऐसा एकात से सिद्धात है **(सो जीवो)** वह जीव **(मिच्छादिट्ठी)** मिथ्यादृष्टि **(अणारिहदो)** अर्हत के मत को न मानने वाला है **(णादव्वो)** ऐसा जानना चाहिये।

टीकार्थ - जिसका एकात से ऐसा सिद्धात है कि जो शुभ या अशुभ कर्म करता है वही उसके फल को भोगता है और दूसरा नहीं, वह जीव मिथ्यादृष्टि, अर्हत के मत को न माननेवाला है ऐसा जानना चाहिये।

---

[1] पाठान्तर - जो चेव कुणदि सो चिय ण वेदए ।

तथा शुद्धात्मानुष्ठानेन मोक्षश्च कुत ? नित्यैकातत्वादिति **अण्णो करेदि अण्णो परिभुजदि जस्स एस सिद्धतो** अन्य करोति कर्म भुक्ते चान्य, यद्यैकातेन ब्रूते। **सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो** तदा येन मनुष्यभवे पुण्यकर्म कृत पापकर्म कृत मोक्षार्थमू शुद्धात्मभावनानुष्ठान च, तस्य पुण्यकर्मणो देवलोकेऽन्य कोऽपि भोक्ता प्राप्नोति न च स जीव। नरकेऽपि तथैव। केवलज्ञानादिव्यक्तिरूप मोक्ष चान्य कोऽपि लभते। ततश्च पुण्यपापमोक्षानुष्ठान वृथेति बौद्धमतदूषण, इति गाथाद्वयेन नित्यैकातक्षणिकैकातमत निराकृतम्। एव द्वितीयस्थले सूत्रचतुष्टय गतम्।। ३५१, ३५२।।

अथ यद्यपि शुद्धनयेन शुद्धबुद्धैकस्वभावत्वात् कर्मणामकर्ता जीवस्तथाप्यशुद्धनयेन रागादिभावकर्मणा स एव कर्ता न च पुद्गल इत्याख्याति। अथ गाथापचकेन प्रत्येक गाथापूर्वार्द्धेन साख्यमतानुसारिशिष्य प्रति पूर्वपक्ष उत्तरार्द्धेन परिहार इति ज्ञातव्य -

मिच्छत्ता जदि पयडी मिच्छादिट्ठी करेदि अप्पाण। (३२८)
तम्हा अचेदणा दे पयडी णणु कारगो पत्तो।। ३५३।।
सम्मत्ता जदि पयडी सम्मादिट्ठी करेदि अप्पाणं।
तम्हा अचेदणा दे पयडी णणु कारगो पत्तो।। ३५४।।

शका - वह मिथ्यादृष्टि क्यों है ?

समाधान - यदि साख्यमत के समान एकात से जीव को नित्य कूटस्थ टकोत्कीर्ण अपरिणामी माना जाय तो जिस जीव ने मनुष्यभव में नरकगतियोग्य पापकर्म अथवा स्वर्गगतियोग्य पुण्यकर्म किया उस जीव का नरक में अथवा स्वर्ग में गमन नहीं होगा। उसी तरह नित्य एकात मानने से शुद्धात्मानुष्ठान से मोक्ष भी कैसे होगा ? अन्य (एक) कर्म करता है और अन्य (दूसरा) उस कर्म का फल भोगता है, ऐसा यदि एकात से कहता है तब जिसने मनुष्यभव में पुण्यकर्म किया अथवा पापकर्म किया अथवा मोक्ष के लिये शुद्धात्मभावना का अनुष्ठान किया उसके पुण्यकर्म का फल देवलोक में अन्य दूसरा कोई भोगेगा, वह ही जीव नहीं भोग सकता है। उसी तरह पापकर्म का फल नरक में अन्य दूसरा कोई भोगेगा, वह ही जीव नहीं भोग सकता है, और अन्य दूसरा कोई केवलज्ञानादि व्यक्तिरूप मोक्ष को प्राप्त करेगा। इसलिये पुण्य-पाप-मोक्ष का अनुष्ठान वृथा ठहरेगा। इस तरह बौद्धमत को दूषण दिया है।

इस तरह इन दो गाथाओं के द्वारा नित्य एकात और क्षणिक एकात मत का निराकरण किया है। इस तरह द्वितीयस्थल में चार गाथायें पूर्ण हुई।। ३५१, ३५२।।

अब, यद्यपि शुद्धनिश्चयनय से शुद्ध-बुद्ध-एकस्वभाव होने से जीव कर्मो का अकर्ता है तथापि अशुद्धनिश्चयनय से रागादि भावकर्मों का वह ही जीव कर्ता है, और पुद्गलद्रव्य जीव के रागादि भावकर्मों का कर्ता नहीं है, ऐसा कहते हैं। यहाँ पॉच गाथाओं में से प्रत्येक गाथा के पूर्वार्द्ध में साख्यमतानुसारि शिष्य का पूर्वपक्ष और प्रत्येक गाथा के उत्तरार्द्ध में उसका परिहार है, ऐसा जानना चाहिये -

अहवा एसो जीवो पुग्गलदव्वस्स कुणदि मिच्छत्त। (३२९)
तम्हा पुग्गलदव्व मिच्छादिट्ठी ण पुण जीवो।।३५५।।
अह जीवो पयडी विय[१] पुग्गलदव्व कुणति मिच्छत्त। (३३०)
तम्हा दोवि कद त दोण्हि वि भुजंति तस्स फल।।३५६।।
अह ण पयडी ण जीवो पुग्गलदव्व करेदि मिच्छत्त। (३३१)
तम्हा पुग्गलदव्व मिच्छत्त त तु ण हु मिच्छा।।३५७।।

मिच्छत्ता जदि पयडी मिच्छादिट्ठी करेदि अप्पाण द्रव्यमिथ्यात्वप्रकृति कर्त्री यद्यात्मान स्वयमपरिणामिन हठान्मिथ्यादृष्टि करोति। तम्हा अचेदणादे पयडी णणु कारगो पत्तो तस्मात्कारणादचेतना तु या द्रव्यमिथ्यात्वप्रकृति सा तव मते नन्वहो भावमिथ्यात्वस्य कर्त्री प्राप्ता जीवश्चैकातेनाकर्ता प्राप्त। ततश्च कर्मवधाभाव, कर्मवधाभावे ससाराभाव। स च प्रत्यक्षविरोध।

गाथार्थ - (जदि) यदि (मिच्छत्ता पयडी) मोहनीयकर्म की मिथ्यात्वप्रकृति (अप्पाण) आत्मा को (मिच्छादिट्ठी) मिथ्यादृष्टि (करेदि) करती है (तम्हा) तो इस मान्यता से (दे) तेरे मतानुसार (अचेदणा पयडी) अचेतन प्रकृति (णणु) निश्चय ही (कारगो पत्तो) मिथ्यात्वभाव की कर्ता हो गयी, किन्तु ऐसा नहीं वन सकता।

(जदि) यदि (सम्मत्ता पयडी) मोहनीय कर्म की सम्यक्त्वप्रकृति (अप्पाण) आत्मा को (सम्मादिट्ठी) सम्यग्दृष्टि (करेदि) करती है (तम्हा) तो इस मान्यता से (दे) तेरे मत के अनुसार (अचेदणा पयडी) अचेतन प्रकृति (णणु) निश्चय से (कारगो पत्तो) सम्यक्त्व भाव की कर्ता हो जाय, किन्तु ऐसा भी नहीं वन सकता।

(अहवा) अथवा (एसो जीवो) यह जीव (पुग्गलदव्वस्स) पुद्‌गलद्रव्य के (मिच्छत्त) मिथ्यात्व को (कुणदि) करता है (तम्हा) तो ऐसा मानने से (पुग्गलदव्व) पुद्‌गलद्रव्य (मिच्छादिट्ठी) मिथ्यादृष्टि सिद्ध हुआ (ण पुण जीवो) और जीव मिथ्यादृष्टि नहीं ठहरा, किन्तु ऐसा भी नहा वन सकता।

(अह) अथवा (जीवो) जीव (य) तथा (पयडी वि) प्रकृति भी (पुग्गलदव्व) पुद्‌गलद्रव्य को (मिच्छत्त) मिथ्यात्वरूप (कुणति) करते हैं (तम्हा) तो ऐसा मानने से (दोवि कदत) दोनों के द्वारा किये हुये (तस्स फल) मिथ्यात्व फल को (दोण्हि वि) वे दोनों भी (भुजति) भोगेंगे, किन्तु ऐसा भी नहा वन सकता।

(अह) अथवा (ण पयडी) न तो प्रकृति ही और (ण जीवो) न जीव ही (पुग्गलदव्व) पुद्‌गलद्रव्य को (मिच्छत्त) मिथ्यात्वरूप (करेदि) करता है (तम्हा) तो ऐसा मानने से (पुग्गलदव्व) पुद्‌गलद्रव्य को (मिच्छत्त) मिथ्यात्वभाव का प्रसग आयेगा (त तु ण हु मिच्छा) क्या वह वास्तव में मिथ्या नहीं है ?

टीकार्थ - यदि स्वय परिणमन न करने वाले आत्मा को द्रव्यमिथ्यात्व प्रकृति हठ से मिथ्यादृष्टि करती है, तब हे जीव। (निश्चयाभासी अथवा साख्यमतानुसागी जो) तेरे मत से तो अचेतन द्रव्यमिथ्यात्व नाम की प्रकृति है वह ही भावमिथ्यात्व की कर्त्री हो गयी। जीव तो फिर सर्वथा अकर्ता ही होगा। इसलिये जीव को कर्मवध का अभाव होगा, और कर्मवध के अभाव में ससार का अभाव होगा और यह तो प्रत्यक्ष से विरुद्ध है।

---

१ पाठान्तर - अह जीवो पयडी तह।

सम्मत्ता जदि पयडी सम्मादिट्ठी करेदि अप्पाण सम्यक्त्वप्रकृति कर्त्री यद्यात्मान स्वयमपरिणामिन सम्यग्दृष्टि करोति। **तम्हा अचेदणा दे पयडी णणु कारगो पत्तो** तस्मात्कारणात् अचेतना प्रकृति । **दे** तव मते नन्वहो कर्त्री प्राप्ता जीवश्चैकातेन सम्यक्त्वपरिणामस्याकर्तेति ततश्च वेदकसम्यक्त्वाभावो, वेदकसम्यक्त्वाभावे क्षायिकसम्यक्त्वाभाव ततश्च मोक्षाभाव । स च प्रत्यक्षविरोध आगमविरोधश्च।

अत्राह शिष्य - प्रकृतिस्तावत्कर्मविशेष स च सम्यक्त्वमिथ्यात्वतदुभयरूपस्य त्रिविधदर्शनमोहस्य सम्यक्त्वाख्य प्रथमविकल्प स च कर्मविशेष कथ सम्यक्त्व भवति ? सम्यक्त्व तु निर्विकारसदानन्दैकलक्षणपरमात्मतत्त्वादिश्रद्धानरूपो मोक्षवीजहेतुर्भव्यजीवपरिणाम इति। परिहारमाह-सम्यक्त्वप्रकृतिस्तु कर्मविशेषो भवति तथापि यथा निर्विषीकृत विष मरण न करोति तथा शुद्धात्माभिमुखपरिणामेन मत्रस्थानीयविशुद्धिविशेषमात्रेण, विनाशितमिथ्यात्वशक्ति सन् क्षायोपशमिकादिलब्धिपचकजनितप्रथमौपशमिकसम्यक्त्वानतरोत्पन्नवेदकसम्यक्त्वस्वभाव तत्त्वार्थश्रद्धानरूप जीवपरिणाम न हति तेन कारणेनोपचारेण सम्यक्त्वहेतुत्वात्कर्मविशेषोऽपि सम्यक्त्व भण्यते स च तीर्थकरनामकर्मवत् परपरया मुक्तिकारण भवतीति नास्ति विरोध ।

यदि स्वय अपरिणमन करनेवाले आत्मा को सम्यक्त्वप्रकृति कर्त्री होकर सम्यग्दृष्टि करती है तब हे भव्य! यह अचेतन प्रकृति कर्त्री हो गयी, और एकात से जीव सम्यक्त्व परिणाम का अकर्ता हो गया, और इससे वेदकसम्यक्त्व का अभाव हो जायेगा, और वेदकसम्यक्त्व के अभाव में क्षायिक सम्यक्त्व का अभाव हो जायेगा, ओर इससे मोक्ष के अभाव का प्रसग आता है। वह प्रत्यक्ष से विरुद्ध है और आगम से भी विरुद्ध है।

शका - शिष्य पूछता है - सम्यक्त्वप्रकृति तो कर्म का भेद है जो कि सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व के भेद से ३ प्रकार के होनेवाले दर्शनमोहनीय का प्रथम भेद है। वह सम्यग्दर्शन कैसे हो सकता हे ? क्योंकि सम्यक्त्व तो भव्यजीव का निर्विकार सदानद एकलक्षण वाले परमात्मतत्त्व आदि का श्रद्धानरूप परिणाम है और मोक्षवीजहेतू है ?

समाधान - यद्यपि सम्यक्त्वप्रकृति कर्म का भेद है तथापि निर्विष किया हुआ विष जैसे मारने वाला नहीं होता है वैसे ही मत्रस्थानीय विशुद्धिविशेष -

अध्यात्मभाषा से

शुद्धात्मा के अभिमुख पारिणाम के द्वारा मिथ्यात्वशक्ति का नाश होकर प्रथमोपशम सम्यक्त्व के वाद होनेवाला वेदक सम्यक्त्व होता है, जीव के उस परिणाम का सम्यक्त्वप्रकृति घात नहीं करती है।

आगमभाषा से

क्षायोपशमिकादि पॉचलब्धिजनित प्रथमोपशम सम्यक्त्व के बाद होनेवाला वेदकसम्यक्त्व उत्पन्न होता है, उस स्वभाव तत्वार्थ श्रद्धानरूप जीव परिणाम का वेदकसम्यक्त्व प्रकृति घात नहीं करती है। इसलिये उपचार से सम्यक्त्व का हेतु होने से कर्मविशेष है तो भी सम्यक्त्व कहा जाता है और वह नामकर्म की तीर्थकर प्रकृति की तरह परपरा से मुक्ति का कारण है इसमें विरोध नहीं है।

अहवा एसो जीवो पुग्गलदव्वस्य कुणदि मिच्छत्त अथवा पूर्वदूषणभयादेष प्रत्यक्षीभूतो जीव , द्रव्यकर्मरूपस्य पुद्गलद्रव्यस्य शुद्धात्मतत्त्वादिषु विपरीताभिनिवेशजनक भावमिथ्यात्व करोति, न पुन स्वय भावमिथ्यात्वरूपेण परिणमति इति मतम्। **तम्हा पुग्गलदव्व मिच्छादिट्ठी ण पुण जीवो** तर्हिएकातेन पुद्गलद्रव्य मिथ्यादृष्टिर्न पुनर्जीव । कर्मवध तस्यैव, ससारोऽपि तस्यैव, न च जीवस्य। स च प्रत्यक्षविरोध इति।

अह जीवो पयडी विय पुग्गलदव्व कुणति मिच्छत्त अथ पूर्वदूपणभयाज्जीव प्रकृतिरपि पुद्गलद्रव्य कर्मतापन्न भावमिथ्यात्व कुरुत इति मत। **तम्हा दोवि कदत** तस्मात्कारणाज्जीवपुद्गलाभ्यामुपादानकारणभूताभ्या कृत तन्मिथ्यात्व। **दोण्हिवि भुजति तस्स फल** तर्हि द्वौ जीवपुद्गलौ तस्य फल भुजाते ततश्चाचेतनाया प्रकृतेरपि भोक्तृत्व प्राप्त स च प्रत्यक्षविरोध इति। **अह ण पयडी ण जीवो पुग्गलदव्व करेदि मिच्छत्त** अथ मत न प्रकृति करोति न च जीव एव एकातेन। कि ? पुद्गलद्रव्य कर्मतापन्न। कथभूत न करोति ? मिथ्यात्व भावमिथ्यात्वरूपम्। **तम्हा पुग्गलदव्व मिच्छत्त त तु ण हु मिच्छा** तर्हि यदुक्त पूर्वसूत्रे '**अहवा एसो जीवो पुग्गलदव्वस्स कुणदि मिच्छत्त**' तद्वचन तु पुन हु स्फुट। कि मिथ्या न भवति ? अपि तु भवत्येव।

किच, यद्यपि शुद्धनिश्चयेन शुद्धो जीवस्तथापि पर्यायार्थिकनयेन कथचित्परिणामित्वे सत्यनादिकर्मोदय-वशाद्रागाद्युपाधिपरिणाम गृह्णाति स्फटिकवत्। यदि पुनरेकातेनापरिणामी भवति तदोपाधिपरिणामो न घटते।

अथवा यदि पूर्वोक्त दूषण के भय से यह प्रत्यक्षीभूत जीव द्रव्यकर्मरूप पुद्गलद्रव्य के शुद्धात्म-तत्त्वादिक में विपरीत अभिनिवेश पैदा करनेवाले भावमिथ्यात्व को करता है, लेकिन स्वय भावमिथ्यात्वरूप परिणमन नहीं करता है, ऐसा माना जाय तो फिर एकात से वह पुद्गलद्रव्य ही मिथ्यादृष्टि होगा और जीव मिथ्यादृष्टि नहीं होगा। पुद्गल द्रव्यकर्म में ही द्रव्यकर्म का बध होगा और द्रव्यकर्म का ही ससार होगा और जीव को कर्मवध और ससार-दु ख नहीं होगा। और यह तो प्रत्यक्ष से विरुद्ध है।

अव पूर्व दृपण के भय से जीव और प्रकृति दोनों भी पुद्गल द्रव्य कर्म को भावमिथ्यात्वरूप करते हैं, ऐसा माना जाय तो इस कारण से उपादान कारणभूत उन जीव और पुद्गल दोनों के द्वारा वह भावमिथ्यात्व किया है ऐसा होगा। तो फिर उस मिथ्यात्व के फल को जीव और पुद्गल दानों भी भोगें, इससे अचेतनमय प्रकृति को भी भोक्तापना प्राप्त होगा। और वह तो प्रत्यक्ष से विरुद्ध है।

यदि ऐसा माना जाय कि एकात से न तो प्रकृति ही करती है और न अकेला जीव ही इस द्रव्य कर्म को भावमिथ्यात्वरूप करता है, तो फिर जो पहले सूत्र में '**अहवा एसो जीवो पुग्गलदव्वस्स कुणदि मिच्छत्त**' वह वचन निश्चितरूप से क्या मिथ्या नहीं है ? अपितु मिथ्या ही है।

इसका स्पर्ष्टीकरण यह है कि यद्यपि शुद्धनिश्चयनय से जीव शुद्ध है तथापि पर्यायार्थिकनय से कथंचित् परिणामीपना होने से, अनादि से कर्मोदय के वश होने से स्फटिक पाषाण के समान रागादि विभाव परिणाम को ग्रहण करता है। यदि एकान्त से पर्यायार्थिकनय से जीव अपरिणामी है तो विभाव परिणाम घटित नहीं होता।

जपापुष्पोपाधिपरिणमनशक्तौ सत्या स्फटिके जपापुष्पमुपाधि जनयति न च काष्टादौ। कस्मादिति चेत्? तदुपाधिपरिणमनशक्त्यभावात् इति। एव यदि द्रव्यमिथ्यात्वप्रकृति कर्त्री एकातेन यदि भावमिथ्यात्व करोति तदा जीवो भावमिथ्यात्वस्य कर्ता न भवति। भावमिथ्यात्वाभावे कर्मणो बधाभाव ततश्च ससाराभाव स च प्रत्यक्षविरोध । इत्यादि व्याख्यानरूपेण तृतीयस्थले गाथापचक गतम्।।३५३ से ३५७।।

अथ ज्ञानाज्ञानसुखदु खादिकर्मैकातेन कर्मैव करोति न चात्मेति साख्यमतानुसारिणो वदति तान्प्रति पुनरपि नयविभागेनात्मन कथचित्कर्तृत्व व्यवस्थापयति - तत्र त्रयोदशगाथासु मध्ये कर्मैवैकातेन कर्तृ भवति इति कथनमुख्यत्वेन **'कम्मेहि दु अण्णाणी'** इत्यादि सूत्रचतुष्टयम्। तत पर साख्यमतेऽप्येव भणितमास्ते - इति सवाददर्शनार्थम् ब्रह्मचर्यस्थापनमुख्यत्वेन **'पुरुसित्थियाहिलासी'** इत्यादि गाथाद्वयम्। अहिसास्थापनमुख्यत्वेन **'जम्हा घादेदि पर'** इत्यादि गाथाद्वयम्। प्रकृतेरेव कर्तृत्व न चात्मन इत्येकातनिराकरणार्थम् तस्यैव गाथाचतुष्टयस्यैव दूषणोपसहाररूपेण **'एव सखुवदेस'** इत्यादि गाथैका इति सूत्रपचकसमुदायेन द्वितीयमतरस्थलम्। तदनतर आत्मा कर्म न करोति कर्मजनितभावाश्च कित्वात्मान करोतीत्येकगाथाया पूर्वपक्षो गाथात्रयेण परिहार इति समुदायेन **'अहवा मण्णसि मज्झ'** इत्यादि सूत्रचतुष्टय। एव चतुरतराधिकारे स्थलत्रयेण समुदायपातनिका तद्यथा -

---

स्फटिक पाषाण में जपापुष्प की उपाधिरूप परिणमन करने की शक्ति होने से स्फटिक में जपापुष्प के सांनिध्य में उपाधि उत्पन्न होती है, लेकिन काष्ठादिक में उस ही जपापुष्प के सानिध्य में उपाधि उत्पन्न नहीं होती है, क्योंकि काष्ठादिक में उस उपाधिरूप परिणमन करने की शक्ति नहीं है। इस प्रकार यदि द्रव्यमिथ्यात्व प्रकृति कर्त्री बनकर एकात से भावमिथ्यात्व को करती है, तब जीव भावमिथ्यात्व का कर्ता नहीं होता है। भावमिथ्यात्व के अभाव में कर्मो के बध का अभाव होगा और इससे जीव के ससार के अभाव का प्रसग आयेगा। और वह तो प्रत्यक्ष से विरुद्ध है। इत्यादि का कथन करनेवाली तीसरे स्थल में पाच गाथायें पूर्ण हुई।।३५३ से ३५७।।

अब, ज्ञान-अज्ञान सुख-दु ख आदि कर्म को एकात से कर्म ही करता है, आत्मा नहीं करता है, ऐसा साख्यमतवाले कहते हैं। उन्हीं के प्रति नयविभाग से यह सिद्ध करते हैं कि यह जीव कथचित् कर्ता है। यहाँ १३ गाथाओं में से **'कम्मेहि दु अण्णाणी'** इत्यादि पाठक्रम से ४ गाथाओं में कर्म ही एकात से कर्ता है, इस कथन की मुख्यता है। इसके आगे साख्यमत में भी ऐसा कहा गया है, इस प्रकार सवाद बताते हुए ब्रह्मचर्य की स्थापना की मुख्यता से **'पुरुसित्थियाहिलासी'** इत्यादि दो गाथायें हैं। अहिसा की स्थापना की मुख्यता से **'जम्हा घादेदि पर'** इत्यादि दो गाथायें हैं। प्रकृति ही कर्ता है, आत्मा कर्ता नहीं है, इस एकात का निराकरण करने के लिये उस ही ४ गाथाओं के ही दिखाये हुए दूषण का ही कथन करनेवाली उपसहाररूप **'एवं संखुवदेसं'** इत्यादि एक गाथा है। इस तरह द्वितीय स्थल में यह समुदायरूप ५ गाथायें हैं। तदनतर आत्मा कर्म नहीं करता है और आत्मा कर्मजनित भावों का कर्ता नहीं है, कितु आत्मा आत्मा को करता है, इस तरह एक गाथा में पूर्व पक्ष और ३ गाथाओं से उसका परिहार किया है। इस तरह समुदायरूप **'अहवा मण्णसि मज्झ'** इत्यादि ४ गाथायें हैं। इस प्रकार चौथे अतरअधिकार में ३ स्थलों से यह समुदाय पातनिका है।

कम्मेहि दु अण्णाणी किज्जदि णाणी तहेव कम्मेहि। (३३२)
कम्मेहि सुवाविज्जदि जग्गाविज्जदि तहेव कम्मेहि।।३५८।।
कम्मेहि सुहाविज्जदि दुक्खाविज्जदि तहेव कम्मेहि। (३३३)
कम्मेहि य मिच्छत्त णिज्जदि णिज्जदि असजम चेव।।३५९।।
कम्मेहि भमाडिज्जदि उड्ढमहो चावि तिरियलोय च। (३३४)
कम्मेहि चेव किज्जदि सुहासुह जेत्तिय किचि।।३६०।।
जम्हा कम्म कुव्वदि कम्म देदि हरदि त्ति ज किचि। (३३५)
तम्हा उ सव्वजीवा अकारगा होंति आवण्णा।।३६१।।
पुरिसित्थियाहिलासी इत्थीकम्म च पुरिसमहिलसदि। (३३६)
एसा आयरियपरपरागदा एरिसी दु सुदी।।३६२।।

गाथार्थ - जीव (कम्मेहि दु) कर्मों से (अण्णाणी) अज्ञानी (किज्जदि) किया जाता है (तहेव) उसी प्रकार (कम्मेहि) कर्मों से (णाणी) ज्ञानी होता है (कम्मेहि) कर्मों से (सुवाविज्जदि) सुलाया जाता है (तहेव) उसी प्रकार (कम्मेहि) कर्मों से (जग्गाविज्जदि) जगाया जाता है।

(कम्मेहि) कर्मों से (सुहाविज्जदि) सुखी किया जाता हे (तहेव) उसी प्रकार (कम्मेहि) कर्मों से (दुक्खाविज्जदि) दु खी किया जाता है (य) और (कम्मेहि) कर्मों से (मिच्छत्त) मिथ्यात्व को (णिज्जदि) प्राप्त किया जाता है। (चेव) तथा (असजम) असयम को (णिज्जदि) प्राप्त किया जाता है।

(कम्मेहि) कर्मों से (उड्ढमहो चावि तिरियलोय य भमाडिज्जदि) जीव उर्ध्वलोक, तथा अधोलोक ओर तिर्यग्लोक में भ्रमाया जाता है (च कम्मेहि एव) और कर्मो से ही (जित्तिय किचि सुहासुह किज्जदि) जो कुछ शुभाशुभ है वह किया जाता है।

(जम्हा) क्योंकि (कम्म) कर्म (कुव्वदि) करता है (कम्म) कर्म (देदि) देता है (त्ति ज किचि) इस प्रकार जो कुछ है उसे कर्म ही (हरदि) हरता है (तम्हा उ) इसलिये (सव्वजीवा) सभी जीव (अकारगा आवण्णा होंति) अकर्ता सिद्ध होते हैं।

(पुरिसित्थियाहिलासी) पुरुष वेदकर्म स्त्री की अभिलापा करता है (च) और (इत्थीकम्म) स्त्री वेदकर्म (पुरिसमहिलसदि) पुरुष की अभिलाषा करता है (एसा आयरियपरपरागदा) यह आचार्य परपरा से आई हुई (एरिसी दु सुदी) ऐसी श्रुति है।

(तम्हा) इस मान्यतानुसार (तुम्हमुवदेसे) तुम्हारे उपदेश में-मत में (को वि जीवो) कोई भी जीव (अबभचारी) अब्रह्मचारी (ण) नहीं है (जम्हा) क्योंकि (कम्म चेव हि) कर्म ही (कम्म अहिलसदि) कर्म को चाहता है (इदि भणिय) ऐसा कहा है।

(जम्हा) क्योंकि (पर घादेदि) दूसरे को मारता है (य) और (परेण घादिज्जदे) पर के द्वारा मारा जाता है (सा पयडी) वह प्रकृति ही है (एदेणच्छेण किर) इसी अर्थ में (परघादणामे त्ति भण्णदि) परघात नामा प्रकृति हे ऐसा कहोगे।

तम्हा ण को वि जीवो अबंभचारी दु तुम्हमुवदेसे[1]। (३३७)
जम्हा कम्म चेव हि कम्म अहिलसदि इदि भणिय[2]।।३६३।।
जम्हा घादेदि पर परेण घादिज्जदे य सा पयडी। (३३८)
एदेणच्छेण दु किर भण्णदि परघादणामे त्ति।।३६४।।
तम्हा ण को वि जीवो वघादगो अत्थि तुम्ह उवदेसे। (३३९)
जम्हा कम्म चेव हि कम्म घादेदि इदि भणिय[2]।।३६५।।
एवं सखुवदेस जे दु परूविति एरिस समणा। (३४०)
तेसि पयडी कुव्वदि अप्पा य अकारगा सव्वे ।।३६६।।
अहवा मण्णसि मज्झ अप्पा अप्पाणमप्पणो कुणदि। (३४१)
एसो मिच्छसहावो तुम्ह एव मुणंतस्स।। ३६७।।
अप्पा णिच्चाऽसखेज्जपदेसो देसिदो दु समयम्मि। (३४२)
ण वि सो सक्कदि तत्तो हीणो अहिओ व कादु जे।।३६८।।

(तम्हा) इस कारण से (तुम्ह उवदेसे) तुम्हारे उपदेश में-मत में (को वि जीवो) कोई भी जीव (वघादगो) उपघात करने वाला (ण अत्थि) नहीं है (जम्हा) क्योंकि (कम्म चेव हि) कर्म ही निश्चय से (कम्म घादेदि) कर्म को मारता है (इति भणिय) ऐसा कहा है।

(एव दु) इस प्रकार (जे समणा) जो श्रमण (एरिस सखुवदेस) ऐसा साख्यमत का उपदेश (परूविति) प्ररूपण करते हैं। (तेसि) उनके मत में (पयडी) प्रकृति ही (कुव्वदि) करती है (य) और (सव्वे अप्पा) जीव सब (अकारगा) अकारक हैं ऐसा सिद्ध होता है।

(अहवा) अथवा (मण्णसि) ऐसा मानो कि (मज्झ अप्पा) मेरा आत्मा (अप्पणो अप्पाण) अपने आत्मा को (कुणदि) करता है (एव मुणतस्स तुम्ह) ऐसा मानने वाला तेरा (एसो मिच्छसहावो) यह मिथ्यात्व भाव है।

क्योंकि (समयम्मि दु) परमागम में (अप्पा) आत्मा (णिच्चा असखेज्जपदेसो) नित्य असख्यात प्रदेशवाला (देसिदो) कहा गया है (जे सो) जो वह आत्मा (तत्तो हीणो व अहिओ) उससे हीन अथवा अधिक (कादु ण वि सक्कदि) नहीं किया जा सकता है।

(वित्थरदो) विस्तार की अपेक्षा (जीवस्स जीवरूव) जीव का जीवरूप (हि) निश्चय से (लोगमित्त) लोकमात्र (जाण) जानो (तत्तो) उससे (सो) आत्मा (कि हीणो व अहिओ दव्व कद भणसि) हीन अथवा अधिक द्रव्यमय किया ऐसा तू कैसे कहता है ?

(अह) अथवा (जाणगो दु भावो) ज्ञायकभाव तो (णाणसहावेण) ज्ञानस्वभाव से (अत्थि) स्थित है (देदि मद) तेरा ऐसा मत है (तु) तो (तम्हा) इससे (अप्पा सय) आत्मा स्वय (अप्पणो अप्पय) अपने आत्मा को (णवि कुणदि) नहीं करता है (सम्मतमेव) यह सिद्ध हुआ।

---

१ पाठान्तर - अम्ह उवदेसे । २ ज भणिदं ।

जीवस्स जीवरूव वित्थरदो जाण लोगमित्त हि। (३४३)
तत्तो सो किं हीणो अहिओ व कद भणसि[1] दव्व।।३६९।।
अह जाणगो दु भावो णाणसहावेण अत्थि दे दि मद। (३४४)
तम्हा णवि अप्पा अप्पय तु सयमप्पणो कुणदि।।३७०।।

कर्मभिरज्ञानी क्रियते जीव एकातेन तथैव च ज्ञानी क्रियते कर्मभि । स्वाप निद्रा नीयते जागरण तथैवेति प्रथमगाथा गता। कर्मभि सुखीक्रियते दु खीक्रियते तथैव च कर्मभि । कर्मभिश्च मिथ्यात्व नीयते तथैवासयम चेवैकातेन द्वितीयगाथा गता। कर्मभिश्चैवोर्ध्वाधस्तिर्यग्लोक च भ्राम्यते कर्मभिश्चैव क्रियते शुभाशुभ यदन्यदपि किचिदिति तृतीयगाथा गता।

यस्मादेव भणित कर्मेव करोति कर्मेव ददाति कर्मेव हरति यत्किचिच्छुभाशुभ तस्मादेकातेन सर्वे जीवा अकारका प्राप्ता, ततश्च कर्माभाव कर्माभावे ससाराभाव स च प्रत्यक्षविरोध - इति कर्मेकातकर्तृत्वदूषणमुख्यत्वेन सूत्रचतुष्टय गतम्। कर्मेव करोत्येकातेनेति पूर्वोक्तमर्थं श्रीकुदकुदाचार्यदेव साख्यमतसवाद दर्शयित्वा पुनरपि समर्थयति। वय ब्रूमो द्वेषेणैव न। भवदीयमतेऽपि भणितमास्ते पुवेदाख्य कर्म कर्तृ स्त्रीवेदकर्माभिलाप करोति, स्त्रीवेदाख्य कर्म पुवेदकर्माभिलषत्येकातेन, न च जीव । **एवमाचार्यपरपराया समागता श्रुतिरीदृशी।**

